"वेदपरिचय" परीक्षाका पाठ्य-पुस्तक ।

वेद-परिचय

(तृतीय भाग)

लेखक
श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
स्वाध्याय-मण्डल, औन्ध, (जि० सातारा)

द्वितीय संस्करण

संवत् २००५; शक १८७०; सन् १९४८

'वेद-परिचय-परीक्षा

के संपूर्ण

पाठ्य-पुस्तक

इस तीसरे भागसे 'वेद-परिचय' परीक्षाके संपूर्ण पाठ्य-पुस्तक पाठकोंके पास पहुंचते हैं। जो पाठक इन तीनों भागोंमें दिये ३०० मंत्रोंका विवरणसहित अध्ययन करेंगे, वे इस परीक्षाके लिये अपना निवेदनपत्र दे सकते हैं। जो इस परीक्षामें उत्तीर्ण होंगे, वे 'वेद-परिचित' उपाधिको प्राप्त कर सकते हैं। इस परीक्षाके नियम तथा नमूनेके प्रश्न इस पुस्तकके अन्तमें दिये हैं।

इस परीक्षामें उत्तीर्ण होनेवालेही इससे अगली 'वेद-प्रवेश' की परीक्षाके लिये योग्य समझे जायेंगे। 'वेद-प्रवेश' का पाठ्य-पुस्तक तैयार हो चुका है।

आशा है कि पाठक इस तरह अध्ययन करके वेदके धर्मको जाननेका यत्न करेंगे।

औंध (जि० सातारा)

निवेदक

श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,

संचालक, स्वाध्याय-मण्डल, औंध.

मुद्रक और प्रकाशक - श्री० व० श्री० सातवळेकर B A.

भारत-मुद्रणालय, औंध, (जि० सातारा)

वेद-परिचय

संस्कृत

तृतीय भाग

प्राणकी विद्या

(अथर्व० ११।४।१-२६)

(ऋषिः— भार्गवो वैदर्भिः । देवता— प्राणः । छन्दः– अनुष्टुप्;
१ शङ्कुमती; ८ पथ्यापङ्क्तिः; १४ निचृत्; १५ भुरिक्,
२० अनुष्टुब्गर्भा त्रिष्टुप्; २१ मध्ये-ज्योतिर्जगती;
२२ त्रिष्टुप्; २६ बृहतीगर्भा ।)

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे ।
यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्त्सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥१॥

पदानि– प्राणाय । नमः । यस्य । सर्वम् । इदम् । वशे ॥ यः । भूतः । सर्वस्य । ईश्वरः । यस्मिन् । सर्वम् । प्रतिऽस्थितम् ॥१॥

(यस्य वशे) जिसके अधीन (इदं सर्वं) यह सब जगत् है, उस (प्राणाय नमः) प्राणके लिये मेरा नमस्कार है । (यः सर्वस्य ईश्वरः) जो प्राण सबका ईश्वर (भूतः) है और (यस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठितं) जिसमें सब कुछ रहा है ॥१॥

नमस्ते प्राण क्रन्दाय नमस्ते स्तनयित्नवे ।
नमस्ते प्राण विद्युते नमस्ते प्राण वर्षते ॥२॥

पदानि- नमः । ते । प्राण । क्रन्दाय । नमः । ते । स्तनयित्नवे ॥ नमः । ते । प्राण । विऽद्युते । नमः । ते । प्राण । वर्षते ॥२॥

हे प्राण ! (क्रन्दाय ते नम) गर्जना करनेवाले तुझको नमस्कार है, (स्तनयित्नवे) मेघोंमें नाद करनेवाले तुझको नमस्कार है । हे प्राण ! (वि-द्युते) चमकनेवाले तुझको नमस्कार है और हे प्राण ! (वर्षते) वृष्टि करनेवाले तुझको नमस्कार है ॥२॥

यत् प्राण स्तनयित्नुनाऽभिक्रन्दत्योषधीः ।
प्र वीयन्ते गर्भान्दधतेऽथो बह्वीर्वि जायन्ते ॥३॥

पदानि- यत् । प्राणः । स्तनयित्नुना । अभिऽक्रन्दति । ओषधीः ॥ प्र । वीयन्ते । गर्भान् । दधते । अथो इति । बह्वीः । वि । जायन्ते ॥३॥

हे प्राण ! (यत् स्तनयित्नुना ओषधी अभिक्रन्दति) जब तू मेघोंके द्वारा औषधियोंके सम्मुख बडी गर्जना करता है, तब औषधियां (प्र वीयन्ते) तेजस्वी होतीं हैं, (गर्भान् दधते) गर्भ धारण करतीं हैं और (अथो बह्वी वि जायन्ते) बहुत प्रकारसे विस्तारको प्राप्त होतीं हैं ॥३॥

यत् प्राण ऋतावागतेऽभिक्रन्दत्योषधीः ।
सर्वं तदा प्र मोदते यत्किं च भूम्यामधि ॥४॥

पदानि- यत् । प्राणः । ऋतौ । आऽगते । अभिऽक्रन्दति । ओषधीः ॥ सर्वम् । तदा । प्र । मोदते । यत् । किम् । च । भूम्याम् । अधि ॥४॥

हे प्राण ! (ऋतौ आगते) वर्षाऋतुके आतेही जब तू (ओषधी अभिक्रन्दति) औषधियोंके उद्देश्यसे गर्जना करने लगता है, (तदा यत् किं

च भूम्यां अधि तत् सर्वं प्र मोदते) तब जो कुछ भी भूमिपर होता है, वह आनंदित होता है ॥४॥

यदा प्राणो अभ्यवर्षीद्वर्षेण पृथिवीं महीम्।
पशवस्तत्प्र मोदन्ते महो वै नो भविष्यति ॥५॥

पदानि— यदा। प्राणः। अभिऽअवर्षीत्। वर्षेण। पृथिवीम्। महीम्॥ पशवः। तत्। प्र। मोदन्ते। महः। वै। नः। भविष्यति ॥५॥

(यदा प्राणः) जब प्राण (वर्षेण महीं पृथिवीं अभ्यवर्षीत्) वृष्टिद्वारा इस बडी भूमिपर वर्षा करता है, (तत् पशवः प्र मोदन्ते) तब सब पशु हर्षित होते हैं [और समझते हैं कि] निश्चयसे अब (नः वै महः भविष्यति) हम सबकी वृद्धि होगी ॥५॥

अभिवृष्टा ओषधयः प्राणेन समवादिरन्।
आयुर्वै नः प्रातीतरः सर्वा नः सुरभीरकः ॥६॥

पदानि— अभिऽवृष्टाः। ओषधयः। प्राणेन। सम्। अवादिरन्। आयुः। वै। नः। प्र। अतीतरः। सर्वाः। नः। सुरभीः। अकः ॥६॥

(अभिवृष्टाः ओषधयः) औषधियोंपर वृष्टि होनेके पश्चात् औषधियां (प्राणेन समवादिरन्) प्राणके साथ भाषण करतीं हैं कि, हे प्राण! (नः आयुः वै प्रातीतरः) तूने हमारी आयु बढा दी है और हम सबको (सुरभीः) सुगंधियुक्त (अकः) किया है ॥६॥

नमस्ते अस्त्वायते नमो अस्तु परायते।
नमस्ते प्राण तिष्ठत आसीनायोत ते नमः ॥७॥

पदानि- नर्मः। ते। अस्तु। आऽयते। नर्मः। अस्तु। पराऽयते॥ नर्मः। ते। प्राण। तिष्ठते। आसीनाय। उत। ते। नर्मः ॥७॥

(आयते ते नमः अस्तु) आगमन करनेवाले प्राणके लिये नमस्कार है, (परायते नम अस्तु) गमन करनेवाले प्राणके लिये नमस्कार है। हे प्राण ! (तिष्ठते) स्थिर रहनेवाले और (आसीनाय ते नम) बैठनेवाले प्राणके लिये नमस्कार है ॥७॥

नर्मस्ते प्राण प्राणते नमो अस्त्वपानते।
पराचीनाय ते नमः प्रतीचीनाय ते नमः
सर्वस्मै त इदं नर्मः ॥८॥

पदानि- नर्मः। ते। प्राण। प्राणते। नर्मः। अस्तु। अपानते॥ पराचीनाय। ते। नर्मः। प्रतीचीनाय। ते। नर्मः। सर्वस्मै। ते। इदम्। नर्मः ॥८॥

हे प्राण ! (प्राणते ते नम.) जीवनका कार्य करनेवाले तुझे नमस्कार है, (अपानते ते नम) अपानका कार्य करनेवाले तेरे लिये नमस्कार है। (पराचीनाय ते नम.) आगे बढनेवाले और (प्रतीचीनाय ते नम) पीछे हटनेवाले प्राणके लिये नमस्कार है। (सर्वस्मै ते इद नम.) सब कार्य करनेवाले तेरे लिये यह मेरा नमस्कार है ॥८॥

या ते प्राण प्रिया तनूर्यो ते प्राण प्रेयसी।
अथो यद्भेषजं तव तस्य नो धेहि जीवसे ॥९॥

पदानि- या। ते। प्राण। प्रिया। तनूः। यो इति। ते। प्राण। प्रेयसी॥ अथो इति। यत्। भेषजम्। तव। तस्य। नः। धेहि। जीवसे ॥९॥

हे प्राण! (या ते प्रिया तनूः) जो तेरा प्राणमय प्रिय शरीर है, (या ते प्रेयसी) और जो तेरे प्राणापानरूप प्रिय भाग हैं, तथा (अथो यत् तव भेषजं) जो तेरा औषध है, वह (जीवसे नः धेहि) दीर्घ जीवनके लिये हमें दो ॥९॥

प्राणः प्रजा अनु वस्ते पिता पुत्रमिव प्रियम्।
प्राणो ह सर्वस्येश्वरो यच्च प्राणति यच्च न ॥१०॥

पदानि– प्राणः। प्रऽजाः। अनु। वस्ते। पिता। पुत्रम्ऽइव। प्रियम् ॥ प्राणः। ह। सर्वस्य। ईश्वरः। यत्। च। प्राणति। यत्। च। न ॥१०॥

(पिता प्रियं पुत्रं इव) जिस प्रकार पिता प्रिय पुत्रके साथ रहता है, उस प्रकार (प्राणः प्रजाः अनु वस्ते) प्राण सब प्रजाओंके साथ रहता है। (यत् प्राणति) जो प्राण धारण करते हैं और (यत् च न) जो प्राण नहीं धारण करते, (प्राणः सर्वस्य ईश्वरः) प्राणही उन सबका ईश्वर है ॥१०॥

प्राणो मृत्युः प्राणस्तक्मा प्राणं देवा उपासते।
प्राणो ह सत्यवादिनमुत्तमे लोक आ दधत् ॥११॥

पदानि– प्राणः। मृत्युः। प्राणः। तक्मा। प्राणम्। देवाः। उप। आसते ॥ प्राणः। ह। सत्यऽवादिनम्। उत्ऽतमे। लोके। आ। दधत् ॥११॥

(प्राणः मृत्युः) प्राणही मृत्यु है और (प्राणः तक्माः) प्राणही जीवनकी शक्ति है। इसलिये (प्राणं देवाः उपासते) सब देव प्राणकी उपासना करते हैं। (प्राणः ह सत्यवादिनं) क्योंकि सत्यवादीको प्राणही (उत्तमे लोके आ दधत्) उत्तम लोकमें पोषण करता है ॥११॥

प्राणो विराट् प्राणो देष्ट्री प्राणं सर्व उपासते।
प्राणो ह सूर्यश्चन्द्रमाः प्राणमाहुः प्रजापतिम् ॥१२॥

पदानि- प्राणः। विऽराट्। प्राणः। देष्ट्री। प्राणम्। सर्वे। उप। आसते॥ प्राणः। ह। सूर्यः। चन्द्रमाः। प्राणम्। आहुः। प्रजाऽपतिम्॥१२॥

प्राण (वि-राज्) विशेष तेजस्वी है और प्राणही (देष्ट्री) सबका प्रेरक है, इसलिये (प्राणं सर्वे उपासते) प्राणकीही सब उपासना करते हैं। (प्राण ह) प्राणही सूर्य और चन्द्रमा है और प्रजापति भी (प्राण आहुः) प्राणकोही कहते हैं॥१२॥

प्राणापानौ व्रीहियवावनड्वान् प्राण उच्यते।
यवे ह प्राण आहितोऽपानो व्रीहिरुच्यते॥१३॥

पदानि- प्राणापानौ। व्रीहिऽयवौ। अनड्वान्। प्राणः। उच्यते॥ यवे। ह। प्राणः। आऽहितः। अपानः। व्रीहिः। उच्यते॥१३॥

(प्राणापानौ व्रीहियवौ) प्राण और अपानही चावल और जौ हैं। (अनड्वान्) बैलही (प्राण उच्यते) मुख्य प्राण है। (यवे ह प्राण आहित) जौमें प्राण रखा है और (व्रीहि अपान उच्यते) चावल अपानको कहते हैं॥१३॥

अपानति प्राणति पुरुषो गर्भे अन्तरा।
यदा त्वं प्राण जिन्वस्यथ स जायते पुनः॥१४॥

पदानि- अप। अनति। प्र। अनति। पुरुषः। गर्भे। अन्तरा॥ यदा। त्वम्। प्राण। जिन्वसि। अथ। सः। जायते। पुनः॥१४॥

(पुरुषः गर्भे अन्तरा) जीव गर्भके अन्दर (प्राणति अपानति) प्राण

और अपानके व्यापार करता है। हे प्राण! जब तू (जिन्वसि) प्रेरणा करता है, तब वह (अथ सः पुनः जायते) जीव पुनः उत्पन्न होता है ॥१४॥

प्राणमाहुर्मातरिश्वानं वातो ह प्राण उच्यते।
प्राणे ह भूतं भव्यं च प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥१५॥

पदानि– प्राणम्। आहुः। मातरिश्वानम्। वातः। ह। प्राणः। उच्यते॥ प्राणे। ह। भूतम्। भव्यम्। च। प्राणे। सर्वम्। प्रतिऽस्थितम् ॥१५॥

(प्राणं मातरिश्वानं आहुः) प्राणको मातरिश्वा कहते हैं और (वातः ह प्राणः उच्यते) वायुका नामही प्राण है। (भूतं भव्यं सर्वं च ह प्राणे) भूत, भविष्य और सब कुछ वर्तमान कालमें जो है, वह सब प्राणमें (प्रतिष्ठितं) ही रहता है ॥१५॥

आथर्वणीराङ्गिरसीर्दैवीर्मनुष्यजा उत।
ओषधयः प्र जायन्ते यदा त्वं प्राण जिन्वसि ॥१६॥

पदानि– आथर्वणीः। आङ्गिरसीः। दैवीः। मनुष्यऽजाः। उत॥ ओषधयः। प्र। जायन्ते। यदा। त्वम्। प्राण। जिन्वसि ॥१६॥

हे प्राण! (यदा) जबतक तू (जिन्वसि) प्रेरणा करता है, तबतक-ही आथर्वणी, आंगिरसी, दैवी और मनुष्यकृत (ओषधयः) औषधियाँ (प्र जायन्ते) फल देतीं हैं ॥१६॥

यदा प्राणो अभ्यवर्षीद्वर्षेण पृथिवीं महीम्।
ओषधयः प्र जायन्तेऽथो याः काश्च वीरुधः ॥१७॥

पदानि– यदा। प्राणः। अभिऽअवर्षीत्। वर्षेण। पृथिवीम्। महीम्॥ ओषधयः। प्र। जायन्ते। अथो इति।

याः। काः। च। वीरुधः ॥१७॥

(यदा प्राण महीं पृथिवीं अभ्यवर्षीत्) जब प्राण इस बडी पृथ्वीपर वृष्टि करता है, तब (ओषधय. वीरुध. या का च प्र जायन्ते) औषधियाँ और वनस्पतियाँ, जो कुछ भी यहां हैं, वे सब बढ जाती हैं ॥१७

यस्ते प्राणेदं वेद यस्मिंश्चासि प्रतिष्ठितः।
सर्वे तस्मै बलिं हरानमुष्मिँल्लोक उत्तमे ॥१८॥

पदानि– यः। ते। प्राण। इदम्। वेद। यस्मिन्। च। असि। प्रतिऽस्थितः॥ सर्वे। तस्मै। बलिम्। हरान्। अमुष्मिन्। लोके। उत्ऽतमे ॥१८॥

हे प्राण! (य ते इद वेद) जो मनुष्य तेरी इस शक्तिको जानता है और (यस्मिन् प्रतिष्ठित असि) जिस मनुष्यमें तू प्रतिष्ठित होता है, (तस्मै सर्वे अमुष्मिन् लोके बलिं हरान्) उसके लिये उस उत्तम लोकमें सबही प्रकारका समर्पण करते हैं ॥१८॥

यथा प्राण बलिहृतस्तुभ्यं सर्वाः प्रजा इमाः।
एवा तस्मै बलिं हरान्यस्त्वा शृणवत्सुश्रवः ॥१९॥

पदानि– यथा। प्राण। बलिऽहृतः। तुभ्यम्। सर्वाः। प्रऽजाः। इमाः॥ एव। तस्मै। बलिम्। हरान्। यः। त्वा। शृणवत्। सुऽश्रवः ॥१९॥

हे प्राण! (यथा) जिस प्रकार ये (तुभ्य सर्वा प्रजा बलिहृत) सब प्रजाजन तेरा सत्कार करते हैं कि, (य) जो (सु-श्रव) उत्तम यशस्वी है और (त्वा) तेरा सामर्थ्य (शृणवत्) सुनता है, (तस्मै बलिं हरान्) उसके लिये भी अर्पण कर देते हैं ॥१९॥

अन्तर्गर्भश्चरति देवतास्वाभूतो भूतः स उ जायते पुनः।
स भूतो भव्यं भविष्यत्पिता पुत्रं प्र विवेशा शचीभिः॥२०

पदानि– अन्तः। गर्भः। चरति। देवतासु। आऽभूतः। भूतः। सः। ऊं इति। जायते। पुनः॥ सः। भूतः। भव्यम्। भविष्यत्। पिता। पुत्रम्। प्र। विवेश। शचीभिः ॥२०॥

(देवतासु आभूतः) इंद्रियादिकोंमें जो प्राण है, वही (अन्तः-गर्भः चरति) गर्भके अन्दर चलता है। जो (भूतः) पहिले हुआ था, (सः उ) वही (पुनः जायते) फिर उत्पन्न होता है। जो (भूतः) पहिले हुआ था, (सः) वही (भव्यं भविष्यत्) अब होता है और आगे भी होगा। (पिता) पिता (शचीभिः) अपनी सब शक्तियोंके साथ (पुत्रं प्र विवेश) पुत्रमें प्रविष्ट होता है ॥२०॥

एकं पादं नोत्खिदति सलिलाद्धंस उच्चरन्।
यदङ्ग स तमुत्खिदेन्नैवाद्य न श्वः स्यान्न रात्री
नाहः स्यान्न व्युच्छेत् कदा चन ॥२१॥

पदानि– एकम्। पादम्। न। उत्। खिदति। सलिलात्। हंसः। उत्ऽचरन्॥ यत्। अङ्ग। सः। तम्। उत्ऽखिदेत्। न। एव। अद्य। न। श्वः। स्यात्। न। रात्री। न। अहः। स्यात्। न। वि। उच्छेत्। कदा। चन ॥२१॥

(सलिलात् हंस उच्चरन्) जलसे ऊपर उठता हुआ हंस, (एकं पादं न उत्खिदति) एक पांवको उठाता नहीं। (अंग) हे प्रिय ! (यत् स तं उत्खिदेत्) यदि वह उस पांवको उठावेगा, (न एव अद्य स्यात्, न श्वः, न रात्रीः, न अहः स्यात्, न व्युच्छेत् कदा चन) तो आज, कल, रात्रि, दिन, प्रकाश और अंधेरा कुछ भी नहीं होगा ॥२१॥

अष्टाचक्रं वर्तत एकनेमि सहस्राक्षरं प्र पुरो नि पश्चा।
अर्धेन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं कतमः स केतुः॥२२

पदानि- अष्टाऽचक्रम् । वर्तते । एकऽनेमि । सहस्रऽ-अक्षरम् । प्र । पुरः । नि । पश्चा ॥ अर्धेन । विश्वम् । भुवनम् । जजान । यत् । अस्य । अर्धम् । कतमः । सः । केतुः ॥२२॥

(अष्टाचक्र) आठ चक्रोंसे युक्त, (सहस्राक्षर) सहस्राक्षर-चक्रमें व्यक्त और (एकनेमि वर्तते) जिसका एक नेमि है, ऐसा यह प्राणचक्र (प्र पुर नि पश्चा) आगे और पीछे चलता है। (अर्धेन विश्व भुवन जजान) आधे भागसे सब भुवनोंको उत्पन्न करके (यत् अस्य अर्ध) जो इसका आधा भाग शेष रहा है, (कतम स केतु) वह भला किसका चिह्न है? ॥२२॥

यो अस्य विश्वजन्मन ईशे विश्वस्य चेष्टतः ।
अन्येषु क्षिप्रधन्वने तस्मैं प्राण नमोऽस्तु ते ॥२३॥

पदानि- यः । अस्य । विश्वऽजन्मनः । ईशे । विश्वस्य । चेष्टतः ॥ अन्येषु । क्षिप्रऽधन्वने । तस्मै । प्राण । नमः । अस्तु । ते ॥२३॥

हे प्राण ! (अस्य विश्व-जन्मन) सबको जन्म देनेवाले और (विश्वस्य चेष्टत) हलचल करनेवाले इस सबका (य ईशे) जो ईश है, (अन्येषु) उस सब अन्योंमें (क्षिप्र-धन्वने नमः) शीघ्र गतिवाले तेरे लिये नमन है ॥२३॥

यो अस्य सर्वजन्मन ईशे सर्वस्य चेष्टतः ।
अतन्द्रो ब्रह्मणा धीरः प्राणो माऽनु तिष्ठतु ॥२४॥

पदानि- यः । अस्य । सर्वऽजन्मनः । ईशे । सर्वस्य । चेष्टतः ॥ अतन्द्रः । ब्रह्मणा । धीरः । प्राणः । मा । अनु । तिष्ठतु ॥२४॥

(य. अस्य सर्वजन्मन) जन्म धारण करनेवाले और (चेष्टत सर्वस्य)

हलचल करनेवाले सबका जो (ईशे) स्वामी है, वह धैर्यमय प्राण (अतन्द्रः) आलस्यरहित होकर (ब्रह्मणा धीरः) आत्मशक्तिसे धैर्ययुक्त होता हुआ मेरा प्राण (मा) मेरे पास (अनु तिष्ठतु) सदा रहे ॥२४॥

ऊर्ध्वः सुप्तेषु जागार ननु तिर्यङ् नि पद्यते ।
न सुप्तमस्य सुप्तेष्वनु शुश्राव कश्चन ॥२५॥

पदानि— ऊर्ध्वः । सुप्तेषु । जागार । ननु । तिर्यङ् । नि । पद्यते॥ न । सुप्तम् । अस्य । सुप्तेषु । अनु । शुश्राव । कः । चन २५

(सुप्तेषु) सब सो जानेपर भी यह प्राण (ऊर्ध्वः) खडा रहकर (जागार) जागता है, (ननु तिर्यङ् नि पद्यते) कभी तिरछा गिरता नहीं। (सुप्तेषु अस्य सुप्तं) सबके सो जानेपर इसका सोना (कश्चन न अनु शुश्राव) किसीने भी सुना नहीं है ॥२५॥

प्राण मा मत्पर्यावृतो न मदन्यो भविष्यसि ।
अपां गर्भमिव जीवसे प्राण बध्नामि त्वा मयि ॥२६॥

पदानि— प्राण । मा । मत् । परिऽआवृतः । न । मत् । अन्यः । भविष्यसि ॥ अपाम् । गर्भम्ऽइव । जीवसे । प्राण । बध्नामि । त्वा । मयि ॥२६॥

हे प्राण ! (मत् मा पर्यावृतः) मुझसे पृथक् न होओ । (न मत् अन्यः भविष्यसि) मुझसे दूर न होओ। (अपां गर्भं इव) पानीके गर्भके समान, हे प्राण ! (जीवसे मयि त्वा बध्नामि) जीवनके लिये मेरे अन्दर तुझको बांधता हूं। ॥ २६ ॥

॥ प्राण-सूक्त समाप्त ॥

प्राणका महत्त्व

प्राणकी जो विद्या होती है, उसको " प्राण-विद्या " कहते हैं। मनुष्योंके लिये सब अन्य विद्याओंकी अपेक्षा प्राणविद्याकी अत्यन्त आवश्यकता है। मनुष्यके शरीरमें भौतिक और अभौतिक अनेक शक्तियाँ

हैं। इन सब शक्तियोंमें प्राणशक्तिका महत्व सर्वोपरि है। सब अन्य शक्तियोंका अस्त होनेपर भी इस शरीरमें प्राणशक्ति कार्य करती है, परन्तु प्राणका अस्त होनेपर कोई अन्य शक्ति कार्य करनेके लिये रह नहीं सकती। इससे प्राणका महत्व स्वय स्पष्ट हो सकता है।

इस सूक्तके प्रथम मत्रमें 'प्राण' शब्दसे परमेश्वरकी विश्वव्यापक जीवनशक्ति (Cosmic life energy) कही है। इस परमात्माकी जीवनशक्तिके अधीन यह सब ससार है, इसीके आधारसे यह रहा है और इसीसे सब ससारका नियमन भी हो रहा है। समष्टि-दृष्टिसे सर्वत्र प्राणका राज्य है। व्यष्टि-दृष्टिसे प्रत्येक शरीरमें भी प्राणकाही आधिपत्य है। प्राणिमात्रके प्रत्येक शरीरमें जो जो इंद्रियादिक शक्तियाँ हैं, तथा विभिन्न अवयव और इंद्रिय हैं, सबही प्राणके वशमें हैं। प्राणके अधीनही सब शरीर है। शरीरमें प्राणही सब इंद्रियों और अवयवोंका ईश्वर है, क्योंकि उसीके आधारसे सब शरीर प्रतिष्ठाको प्राप्त हुआ है। प्राणके विना इस शरीरकी स्थितिही नहीं हो सकती। अर्थात् प्राणके वश और बलिष्ठ होनेसे सब शरीर सुदृढ और नीरोग हो सकता है और प्राणके निर्बल होनेसे सब शरीर निर्बल हो जाता है। इसलिये प्राणको स्वाधीन करनेकी आवश्यकता है।

अपने शरीरमें श्वास-उच्छ्वासरूप प्राण चल रहा है और जन्मसे मृत्युपर्यंत यह कार्य करता रहता है। सब इंद्रिय और अवयव मर जानेके पश्चात् भी कुछ देरतक प्राण कार्य करता है, इसलिये सबमें प्राणही मुख्य है और वह सबका आधार भी है। अपने प्राणको केवल साधारण श्वासरूपही समझना नहीं चाहिये, परन्तु उसको श्रेष्ठ दिव्य शक्तिका अंश समझना उचित है। मनकी इच्छाशक्तिसे प्रेरित प्राण सबही शरीरका आरोग्य सपादन करनेमें समर्थ होता है, इस दृष्टिसे प्राणका महत्व सब शरीरमें अधिक है। इसके महत्वको समझना और सदा मनमें धारण करना चाहिये। " अपने प्राणके अधीन मेरा सब शरीर है। प्राणके कारण यह स्थिर रहा है और उसकी सब हलचल प्राणकी प्रेरणासे होती है। इस प्रकारके प्राणकी मैं उपासना करूंगा और उसको अपने अधीन

करूंगा। प्राणायामसे उसको प्रसन्न करूंगा और वशीभूत प्राणसे अपनी इच्छानुरूप अपने शरीरमें कार्य करूंगा।" यह भावना मनमें धारण करके अपनी प्राणकी शक्तिका चिन्तन उसकी शक्ति बढानेके लिये करना चाहिये।

यह प्राण जैसा शरीरमें है वैसा बाहिर भी है। इस विषयमें द्वितीय मंत्र देखनेयोग्य है। इस द्वितीय मंत्रमें केवल गरजनेवाले मेघोंका नाम 'क्रन्द' है, बडी गर्जना और विद्युत्पात जिनसे होता है, उन मेघोंका नाम 'स्तनयित्नु' है, जिनसे बिजली बहुत चमकती है, उनको 'विद्युत्' कहते हैं और वृष्टि करनेवाले मेघोंका नाम है 'वर्षत्।' ये सब मेघ अन्तरिक्षमें प्राणवायुको धारण करते हैं और वृष्टिद्वारा वह प्राण भूमंडलपर आता है और वृक्षवनस्पतियोंमें संचारित होता है। तृतीय मंत्रमें कहा है कि, अन्तरिक्ष-स्थानका प्राण वृष्टिद्वारा औषधि-वनस्पतियोंमें आकर वनस्पतियोंका विस्तार करता है। प्राणकी यह शक्ति प्रत्यक्ष देखनेयोग्य है।

वृष्टिद्वारा प्राप्त होनेवाले प्राणसे न केवल वृक्षवनस्पतियाँ प्रफुल्लित होतीं हैं, परंतु अन्य जीवजंतु और प्राणी भी बडे हर्षित होते हैं। मनुष्य भी इसका स्वयं अनुभव करते हैं। यह तृतीय मंत्रका कथन है।

अन्तरिक्षस्थ प्राणका कार्य इस प्रकार ४-५ मंत्रमें पाठक देखें और जगत्में इस प्राणका महत्त्व कितना है, इसका अनुभव करें। पहले मंत्रमें प्राणका सामान्य स्वरूप वर्णन किया है, उसकी अन्तरिक्षस्थानीय एक विभूति यहाँ बता दी है। अब इसीकी वैयक्तिक विभूति ७-८ मंत्रमें बताई है।

प्राणायाम-विधि।

श्वासके साथ प्राणका अन्दर गमन होता है और उच्छ्वासके साथ बाहर आना होता है। प्राणायामके पूरक और रेचकका बोध "आयत्, परायत्' इन दो शब्दोंसे होता है। स्थिर 'तिष्ठत्' रहनेवाले प्राणसे कुंभकका बोध होता है। और बाह्य कुंभकका ज्ञान 'आसीन' पदसे होता है। (१) पूरक, (२) कुंभक, (३) रेचक, और (४) बाह्य कुंभक ये प्राणायामके चार भाग हैं। ये चारों मिलकर परिपूर्ण प्राणायाम होता है। इनका वर्णन इस मंत्रमें "(१) आयत्, (२) तिष्ठत्, (३) परायत्, (४) आसीन" इन चार शब्दोंसे हुआ है। जो अंदर

आनेवाला प्राण होता है, उसको " आयत् प्राण " कहा जाता है। यही पूरक प्राणायाम है। आनेजानेकी गतिका निरोध करके प्राणको अन्दर स्थिर किया जाता है, उसको " तिष्ठन् प्राण " कहते हैं, यही कुंभक अथवा अंत कुंभक प्राणायाम होता है। जो अंदरसे बाहर जाता है उसको " परायत् प्राण " कहते हैं। यही रेचक प्राणायाम है। सब प्राण रेचक-द्वारा बाहर निकालनेके पश्चात् उसको बाहरही बिठलाना ' आसीन प्राण " द्वारा होता है, यही बाह्य कुंभक है। प्राणायामके ये चार भाग हैं। इन चारोंके अभ्याससे प्राण वशमें होता है। यही इस प्राणदेवताकी प्रसन्नता करनेका उपाय है और यही प्राणोपासनाका विधि है।

प्राण नाम उसका है कि जो नासिकाद्वारा छातीमें पहुंचता है। अपान उसका नाम है कि जो नाभिके निम्न देशसे गुदाके द्वारतक कार्य करता है। इन्हींकि दो अन्य नाम ' प्राचीन ' और ' प्रतीचीन ' प्राण हैं। प्राणके स्वाधीन रखनेका तात्पर्य प्राण और अपानको स्वाधीन करना है। अपानकी स्वाधीनतासे मलमूत्रोत्सर्ग उत्तम प्रकारसे होता है और प्राणकी स्वाधीनता से रुधिरकी शुद्धि होती है। इस प्रकार दोनोंके वशीभूत होनेसे शरीरकी नीरोगता सिद्ध होती है। इस प्रकारकी प्राणकी स्वाधीनता होनेसे प्राणके अधीन सब शरीर है, इसका अनुभव होता है। इसी उद्देश्यसे मन्त्र कहता है कि, 'सर्वस्मै त इद नम'' अर्थात् 'तू सब कुछ है, इसलिये तेरा सत्कार करता हूं।' शरीरका कोई भाग प्राणशक्तिके बिना कार्य नहीं कर सकता, इसलिये सब अवयवोंमें सब प्रकारका कार्य करनेवाले प्राणका सदाही सत्कार करना चाहिये। प्रत्येक मनुष्यको उचित है कि, वह अपने प्राणकी इस शक्तिका ध्यान करें, विश्वासपूर्वक इस शक्तिका स्मरण रखे, क्योंकि निज आरोग्यकी सिद्धि इसीपर निर्भर है। इस प्राणशक्तिका इतना महत्त्व है कि, इसकी विद्यमानतामेंही अन्य औषधियाँ, अन्य दवाइयाँ कार्य कर सकती हैं परन्तु इस शक्तिके निर्बल होनेपर कोई औषध कार्य नहीं कर सकता। प्राणही सब औषधियोंकी औषधि है, इस विषयमें नवम मन्त्र देखनेयोग्य है।

अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय ये पांच कोश हैं। इनको पांच शरीर भी कह सकते हैं। इन पांच शरीरोंमेंसे 'प्राणमय

शरीर ' का वर्णन इस मन्त्रमें किया है। 'प्रिया तनू' यह प्राणमय कोशही है। सबही इसपर प्रेम करते हैं, सब चाहते हैं कि यह प्राणमय शरीर सदा रहे। प्राण और अपान इस शरीरके दो प्रेममय कार्य हैं। प्राणसे शक्तिका संवर्धन होता है और अपानसे विषको दूर करके स्वास्थ्यका संरक्षण होता है। प्राणके अंदर एक प्रकारका 'भेषजं' अर्थात् औषध है, दोषोंको दूर करनेकी शक्तिका नाम (दोष-ध) औष-ध अथवा भेषज होता है। शरीरके सब दोष दूर करना और वहां शरीरमें आरोग्यकी स्थापना करना, यह पवित्र कार्य करना प्राणकाही धर्म है। प्राणका दूसरा नाम ' रुद्र ' है और रुद्र शब्दका अर्थ वैद्य भी होता है।

इस 'प्राणमें औषध है,' यह वेदका कथन है। इसपर अवश्य विश्वास रखना चाहिये, क्योंकि यह विश्वास अवास्तविक नहीं है, अपनी निज शक्तिपर विश्वास रखनेके समानही यह वास्तविक विश्वास है। **मानस-चिकित्साका यही मूल है**। पाठक इस दृष्टिसे इस मन्त्रका विचार करें। अपनी प्राणशक्तिसे अपनीही चिकित्सा की जा सकती है। '**मैं अपनी प्राणशक्तिसे अपने रोगोंका निवारण अवश्य करूंगा**, ' यह भाव यहां धारण करनेसे वडा लाभ होता है।

दशम मन्त्रमें ऐसा कहा है कि, जिस प्रकार पुत्रका संरक्षण करनेकी इच्छा पिता करता है, उसी प्रकार प्राण सबका रक्षण करना चाहता है। सब प्रजाओंके शरीरोंके नसनाडियोंमें जाकर, वहां रहकर सब प्रजाका संरक्षण यह प्राण करता है। न केवल प्राणधारण करनेवाले प्राणियोंका, परन्तु जो प्राणधारण नहीं करते हैं, ऐसे स्थावर पदार्थोंका भी रक्षण प्राणही करता है। अर्थात् कोई यह न समझे कि श्वासोच्छ्वास करनेवाले प्राणियोंमेंही प्राण है, परन्तु वृक्षवनस्पति, पत्थर आदि पदार्थोंमें भी प्राण है और इन सब पदार्थोंमें रहकर प्राण सबका संरक्षण करता है। प्राणको पिताके समान पूज्य समझना चाहिये और उसको सब पदार्थोंमें व्यापक जानना चाहिये।

शरीरसे प्राणके चले जानेसे मृत्यु होती है और जबतक शरीरमें प्राण कार्य करता है, तबतकही शरीरमें सामर्थ्य अथवा सहनशक्ति रहती है, यह ग्यारहवें मन्त्रका कथन है। इस प्रकार एकही प्राण जीवन और मृत्युका कर्ता होता है। देव शब्दसे इस मन्त्रमें इन्द्रियोंका ग्रहण होता है। सब इन्द्रियाँ प्राणकीही उपासना करतीं हैं, अर्थात् प्राणके साथ रहकर अपने अंदर बल प्राप्त करती हैं। जो इन्द्रिय प्राणके साथ रहकर बल प्राप्त करता है, वही कार्यक्षम होता है, परन्तु जो इन्द्रिय प्राणसे वियुक्त होता है, वह मर जाता है। यही प्राण उपासना और रुद्र-उपासना है। सब देवोंमें महादेवकी शक्ति कैसी कार्य करती है, इसका यहाँ अनुभव हो सकता है। प्राणही महादेव, रुद्र, शम्भु आदि नामोंसे बोधित होता है। व्यक्तिके शरीरमें प्राण ही उसकी विभूति है। सब जगत्में उसका स्वरूप विश्वव्यापक प्राणशक्तिही है। इस व्यापक प्राणशक्तिके आश्रयसे अग्नि, वायु, इन्द्र, सूर्य आदि देवता गण रहते हैं और अपना अपना कार्य करते हैं। व्यष्टिमें और समष्टिमें एकही नियम कार्य कर रहा है। व्यष्टिमें प्राणके साथ इन्द्रियाँ रहतीं हैं और समष्टिमें व्यापक प्राणशक्तिके साथ अग्नि आदि देव रहते हैं। दोनों स्थानोंमें दोनों प्रकारके देव प्राणकी उपासनासेही अपनी शक्ति प्राप्त करते हैं। तीसरे देव समाज और राष्ट्रमें विद्वान्, शूर आदि प्रकारके हैं, वे सत्यवादी, सत्यनिष्ठ, सत्यपरायण और सत्याग्रही बनकर प्राणायामद्वारा प्राणोपासना करते हैं। प्राणही इनको उत्तम लोकमें पहुँचाता है अर्थात् इनको श्रेष्ठ बनाता है। अर्थात् प्राणोपासनासे सबही श्रेष्ठ बनते हैं।

सत्यसे बल-प्राप्ति।

कई लोग यहा पूछेंगे कि 'सत्यवादिताका प्राण-उपासनाके साथ क्या संबंध है?' उत्तरमें निवेदन है कि सत्यसे मन पवित्र होता है और उसकी शक्ति बढती है। प्राणकी शक्तिके साथ मानसिक शक्तिका विकास होनेसे बडा लाभ होता है। प्राणायाममें प्राणकी शक्ति बढती है और

सत्यनिष्ठासे मनकी शक्ति विकसित होती है। इस प्रकार दोनों शक्तियोंका विकास होनेसे मनुष्यकी योग्यता असाधारण हो जाती है।

द्वादश मन्त्रका अब विचार कीजिये। प्राण विशेष तेजस्वी है। जबतक शरीरमें प्राण रहता है, तबतकही शरीरमें तेज होता है। प्राणके चले जानेसे शरीरका तेज नष्ट होता है। सब शरीरमें प्राणसेही प्रेरणा होती है। बोलना, हिलना, चलना आदि सब प्राणकी प्रेरणासेही होता है। अर्थात् शरीरमें तेज और प्रेरणा प्राणसे होती है। इसलिये सब प्राणिमात्र प्राणकीही उपासना करते हैं किंवा यों समझिये कि जबतक वे प्राणके साथ रहते हैं, तबतकही उनकी स्थिति होती है। जब वे प्राणका साहचर्य छोड देते हैं, तब उनका मृत्युही होता है। इच्छा न होनेपर भी सब प्राणी प्राणकीही उपासना कर रहे हैं। यदि मानसिक इच्छाके साथ प्राणोपासना की जायगी, तो निःसंदेह बडा लाभ हो सकता है। क्योंकि इस जीवनका जो वैभव है, वह प्राणसेही प्राप्त हुआ है। इसलिये अधिक वैभव प्राप्त करना है, तो प्रयत्नसे उसकीही उपासना करनी चाहिये। प्राणायामका यही फल है। इस जगत्में सूर्य, चन्द्र ये प्राणही हैं। सूर्यकिरणोंके द्वारा वायुमें प्राण रखा जाता है और चन्द्र अपने किरणोंसे औषधियोंमें प्राण रखता है। मेघ, विद्युत् आदि अपने अपने कार्यद्वारा जगत्को प्राण देही रहे हैं। अन्तमें प्राणोंका प्राण जो प्रजापति परमात्मा है, वही सच्चा प्राण है, क्योंकि जीवनकी सब प्राणशक्तिका वही एकमात्र आधार है। यही कारण है कि वेदमें प्रजापति परमात्माका नाम प्राणही है। अन्य पदार्थोंमें भी प्राण है, उसका वर्णन तेरहवें मन्त्रमें इस प्रकार किया है—

मुख्य प्राण एकही है, उसके बलसे शरीरमें प्राण और अपान कार्य करते हैं। इसी प्रकार खेतीमें बैलकी शक्ति मुख्य है, उसकी शक्तिसेही चावल और जौ आदि धान्य उत्पन्न होता है। वेदमें "अनड्वान्" यह बैलवाचक शब्द प्राणकाही वाचक है। समझो कि शरीररूपी खेतमें यह प्राणरूपी बैलही खेती करता है और यहांका किसान जीवात्मा है।

शरीर क्षेत्र है, जीवात्मा क्षेत्रज्ञ है, प्राण बैल है और जीवनव्यवहाररूप खेती यहाँ चल रही है। वेदमें अनड्वान् शब्दका अर्थ प्राण है, यह न समझनेके कारण कइयोंने अर्थका बड़ा अनर्थ किया है।

अनड्वान् दाधार पृथिवीमुत द्याम् ॥ (अथर्व० ४।११।१)

"प्राणका पृथिवी और द्युलोकको आधार है।" यह वास्तविक अर्थ न लेकर, बैलका पृथिवी और द्युलोकको आधार है, ऐसा भाव कइयोंने समझा है। यदि पाठक इस अनड्वान् सूक्तका अर्थ इस प्राणसूक्तके अर्थके साथ देखेंगे, तो उनको स्पष्ट पता लग जायगा कि, यहां अनड्वान् का अर्थ केवल बैलही नहीं है, प्रत्युत प्राण भी है। इसी कारण इस सूक्तमें प्राणका नाम अनड्वान् कहा है। यह प्राण है और चावल अपान है, यह कथन अलंकारिक है। धान्यमें प्राण और अपान अर्थात् प्राणकी संपूर्ण शक्तियाँ व्याप्त हैं, धान्यका योग्य सेवन करनेसे अपने शरीरमें प्राणादिक आते हैं और अपने शरीरके अवयव बनकर कार्य करते हैं।

गर्भके अन्दर रहनेवाला जीव भी वहाँही गर्भमें प्राण और अपानके व्यापार करता है। और इसीलिये वहां उसका जीवन होता है। जब जन्मके समय प्राण जन्म होनेयोग्य प्रेरणा करता है, तब उसको जन्म प्राप्त होता है। अर्थात् जन्मके अनुकूल प्रेरणा करना प्राणकेही अधीन है। इस चतुर्दश मंत्रमें "सः पुनः जायते" यह वाक्य पुनर्जन्मकी कल्पनाका मूल वेदमें बता रहा है। जीवात्मा पुन पुन जन्म धारण करता है, वह सब प्राणकी प्रेरणासे होता है, यह भाव इस मंत्रमें स्पष्ट है।

१५ वें मंत्रमें "मातरि-श्वा" शब्दका अर्थ 'माताके अन्दर रहनेवाला, माताके गर्भमें रहनेवाला' है। माताके गर्भमें प्राणरूप अवस्थामें जीव रहता है, इसलिये जीवका नाम 'मातरि-श्वा' है। गर्भमें इसकी स्थिति प्राणरूप होनेसे इसका नामही प्राण होता है। इस कारण प्राण और मातरिश्वा शब्द समान अर्थ बताते हैं।

'मातरिश्वा' का दूसरा अर्थ वायु है। वायु, वात आदि शब्द भी प्राणवाचकही हैं। क्योंकि वायुरूप प्राणही हम अन्दर लेते हैं और प्राण धारण कर रहे हैं। प्राणका विचार करनेसे ऐसा पता लगता है कि, उसके आधारसे भूत, भविष्य और वर्तमानका सबही जगत् रहता है। प्राणके आधारसे ही सब रहता है। प्राणके विना जगत्में किसी की भी स्थिति नहीं हो सकती। पूर्वजन्म, यह जन्म और पुनर्जन्म ये सब प्राणके कारण होते हैं। अर्थात् भूत, भविष्य और वर्तमान कालमें जो कर्मके संस्कार प्राणमें संचित होते हैं, उनके कारण यथायोग्य रीतिसे पुनर्जन्मादि होते हैं।

औषधियोंका उपयोग तबतकही होता है कि, जबतक प्राणकी शक्ति शरीरमें है। जब प्राणकी शक्ति शरीरसे अलग होने लगती है, तब किसी औषधियोंका कोई उपयोग नहीं होता। इसी सूक्तके मंत्र ९ में "प्राणही औषधि हैं कि जो जीवनकी हेतु है," ऐसा कहा है, उसका अनुसंधान इस १६ वें मंत्रके साथ करना उचित है।

इस मंत्रमें "(१) आथर्वणीः, (२) आंगिरसीः, (३) दैवीः और (४) मनुष्यजाः" ये चार नाम चार प्रकारकी चिकित्साओंके बोधक हैं। इसका विचार निम्न प्रकार है- (१) **मनुष्यजाः औषधयः** = मनुष्योंकी बनाई औषधियाँ, अर्थात् कषाय, चूर्ण, अवलेह, भस्म, कल्प आदि प्रकार जो वैद्यों, डाक्टरों और हकीमोंके बनाये होते हैं, उनका समावेश इनमें होता है। ये मानवी औषधियोंके प्रकार हैं। इससे श्रेष्ठ दैवी विधि है। (२) **दैवीः औषधयः** = आप्, तेज, वायु आदि देवोंके द्वारा जो चिकित्सा की जाती है, वह दैवी चिकित्सा है। जल-चिकित्सा, सौरचिकित्सा, वायुचिकित्सा, विद्युच्चिकित्सा आदि सब दैवी चिकित्साके प्रकार हैं। सूर्य, चन्द्र, वायु आदि देवताओंके साक्षात् संबंध से यह चिकित्सा होती है और आश्चर्यकारक गुण प्राप्त होता है, इसलिये इसकी योग्यता बडी है। इसके अतिरिक्त देवयज्ञ अर्थात् हवन आदि

द्वारा जो चिकित्सा होती है, उसका भी समावेश इसमें होता है। देवयज्ञद्वारा देवताओंकी प्रसन्नता करके, उन देवताओंके जो जो अंश अपने शरीरमें हैं, उनका आरोग्य संपादन करना कोई अस्वाभाविक प्रकार नहीं है। यह बात युक्तियुक्त और तर्कगम्य भी है। [३] आंगिरसी' औषधयः = अंगों, अवयवों और इन्द्रियोंमें एक प्रकारका रस रहता है, जिसके कारण हमारे अथवा प्राणियोंके शरीरकी स्थिति होती है। उस रसके द्वारा जो चिकित्सा होती है, वह आंगि-रस चिकित्सा कहलाती है। *मानसिक इच्छाशक्तिकी प्रबल प्रेरणासे इस रसका अंग-*प्रत्यंगोंमें संचार करानेसे रोगोंकी निवृत्ति होती है। मानसिक चित्तैकाग्र्यका इसमें विशेष सम्बन्ध है। रुग्ण अवयवको संबोधित करके नीरोगताके भावकी सूचना देना, तथा रोगीको निज अंगरस शक्तिकी प्रेरणा करनेके लिये उत्तेजित करना, इस विधिमें मुख्य है। निज आरोग्यके लिये बाह्य साधनोंकी निरपेक्षता इसमें होनेसे इसको आंगिरस-चिकित्सा अर्थात् अपने निज अंगोंके रसद्वारा होनेवाली चिकित्सा कहते हैं। (४) आथर्वणी औषधय = 'अ-थर्वा' नाम है योगीका। मनकी विविध वृत्तियोंका निरोध करनेवाला, चित्तवृत्तियोंको स्वाधीन रखनेवाला योगी अथर्वा कहलाता है। इस शब्दका अर्थ [अ-थर्वा] निश्चल, स्तब्ध, स्थिर, गतिहीन ऐसा है। स्थितप्रज्ञ, स्थिरबुद्धि, स्थितमति आदि शब्द इसका भाव बताते हैं। योगी लोक मंत्रप्रयोगसे जो चिकित्सा करते हैं, उसका नाम आथर्वणी चिकित्सा होता है। हृदयके प्रेमसे, परमेश्वरभक्तिसे, मानसशक्तिसे और आत्मविश्वाससे मंत्रसिद्धि होती है। यह आथर्वणी चिकित्सा सबसे श्रेष्ठ है, क्योंकि इसमें जो कार्य होता है, वह आत्माकी शक्तिसे होता है, इसलिये अन्य सब चिकित्साओंकी अपेक्षा इसकी श्रेष्ठता है, इसमें कोई संदेहही नहीं है। ये सब चिकित्साके प्रकार तबतक कार्य करते हैं कि जबतक प्राण शरीरमें रहना चाहता है। जब प्राण चले जाता है, तब कोई चिकित्सा फलदायक नहीं हो सकती। इस प्रकार प्राणका महत्व विशेष है।

प्राणकी वृष्टि।

जो मनुष्य प्राणकी शक्तिका वर्णन श्रद्धासे सुनता है, प्राणके बलको विश्वाससे जानता है, प्राणका बल प्राप्त करनेमें यशस्वी होता है और जिस मनुष्यमें प्राण उत्तम रीतिसे प्रतिष्ठित और स्थिर रहता है, उसकाही सब सत्कार करते हैं, उसकी स्थिति उत्तम लोकमें होती है और उसीका यश सर्वत्र फैलता है। प्राणायामद्वारा जो अपने प्राणको प्रसन्न और स्वाधीन करता है, उसका यश सब प्रकारसे बढता है। इस उन्नीसवें मंत्रमें 'बलि' शब्दका अर्थ सत्कार, पूजा, अर्पण, शक्ति-प्रदान आदि प्रकारका है। सब अन्य देव प्राणकोही पूजते हैं, इस बात-का अनुभव अपने शरीरमें भी आ सकता है। नेत्र, कर्ण, नासिका आदि सब अन्य देव प्राणकीही पूजा करते हैं। प्राणकी उपासनासेही प्राण की शक्ति उनमें प्रकट होती है। इसी प्रकार प्राणायामकी साधना करने-वाले योगीका सत्कार अन्य सज्जन करते हैं और उसके उपदेशसे प्राणो-पासनाका मार्ग जानकर स्वयं बलवान् बन सकते हैं। यही कारण है कि प्राणायाम करनेवाले योगीकी सर्वत्र प्रशंसा होती है।

बीसवें मंत्रमें कहा है कि सूर्य, चन्द्र, वायु आदि देवताओंके अंश मनुष्यादि प्राणियोंके शरीरमें रहते हैं। वेही आँख, नाक आदि अवयव किंवा इंद्रियोंके स्थानमें रहते हैं। इन देवताओंमें प्राणकी शक्ति व्याप्त है। यही व्यापक प्राण पूर्व देहको छोडकर दूसरे गर्भमें प्रविष्ट होता है। अर्थात् एक बार जन्म लेनेके पश्चात् पुनः जन्म लेता है। आत्मा-की शक्तियोंका नाम शची है। इंद्रकी धर्मपत्नीका नाम शची होता है। धर्मपत्नीका भाव यहाँ निज शक्तिही है। इंद्र जीवात्मा है और उस-की शक्तियाँ शची नामसे प्रसिद्ध हैं। पिताका अंश अपनी सब शक्तियों-के साथ पुत्रमें प्रविष्ट होता है। पिताके अंगों, अवयवों और इंद्रियोंके समानही पुत्रके कई अंग, अवयव और इंद्रिय होते हैं। स्वभाव तथा गुणधर्म भी कई अंशमें मिलते हैं। इस बातको देखनेसे पता लग

सकता है कि पिता अपनी शक्तियोंके साथ पुत्रमें किस प्रकार प्रविष्ट होता है। गृहस्थी लोगोंको इस बातका विशेष विचार करना चाहिये, क्योंकि प्रजा निर्माण करना उनकाही विषय है। माता-पिताके अच्छे और बुरे गुण-दोष सन्तानमें आते हैं, इसलिये मातापिताको स्वयं निर्दोष होकरही सन्तान उत्पन्न करनेका विचार करना चाहिये। अर्थात् दोषी मातापिताको सन्तान उत्पन्न करनेका अधिकार नहीं है।

इक्कीसवें मंत्रमें "हंस" नाम प्राणका है। श्वास अन्दर जानेके समय "स" का ध्वनि होता है और उच्छ्वास बाहेर आनेके समय "ह"का ध्वनि होता है। 'ह' और 'स' मिलकर "हंस" शब्द प्राणवाचक बनता है। उसीके अन्य रूप "अहं सः, सोऽहं" आदि उपासनाके लिये बनाये गये हैं। इनमें 'हंस' शब्दही मुख्य है। उलटा शब्द बनानेसे इसीका "सोऽहं" बन जाता है, अथवा 'हंस' के साथ 'ॐ' मिलानेसे 'सोऽहं' बन जाता है।

स—ह ह—स
ओ—म् म्—अओ [अ]
सोऽहं हंस

पाठक यहाँ दोनों प्रकारके रूप देख सकते हैं। साम्प्रदायिक झगडोंसे दूर रहकर मूल वैदिक कल्पनाको यदि पाठक देखेंगे, तो उनको बडा आश्चर्य प्रतीत होगा। 'ॐ' शब्द आत्माका वाचक है और 'हंस' शब्द प्राणका वाचक है। आत्माका प्राणके साथ इस प्रकारका संबंध है। आत्मा ब्रह्माका वाचक है और ब्रह्माका वाहन हंस है, इस पौराणिक रूपकमें आत्माका प्राणके साथका अखण्ड संबंधही वर्णन किया गया है। यह हंस मानस-सरोवरमें क्रीडा करता है। यहाँ प्राण भी हृदयरूपी अन्तःकरणस्थानीय मानस सरोवरमें क्रीडा कर रहा है। हृदयकमलमें जीवात्माका निवास सुप्रसिद्ध है। अर्थात् कमलासन ब्रह्मदेव और उसके वाहन हंसकी मूल वैदिक कल्पना इस प्रकार यहाँ स्पष्ट होती है—

ब्रह्मा, ब्रह्मदेव	आत्मा, जीवात्मा, ब्रह्म
हंस-वाहन	प्राण-वाहन
कमल-आसन	हृदय-कमल
मानस-सरोवर	अन्तःकरण [हृदय]
प्रेरक कर्ता देव	प्रेरक आत्मा

वेदमें हंसका वर्णन अनेक मंत्रोंमें आ गया है, उसका मूल आशय इस प्रकार देखना उचित है । वेदमें ' असौ अहं ' [वा० य० ४०।१७] कहा है । ' असु अर्थात् प्राणशक्तिके अन्दर रहनेवाला मैं आत्मा हूं ।' यह भाव उक्त मन्त्रका है । वही भाव उक्त स्थानमें है । प्राणके साथ आत्माका अवस्थान है । यह प्राणही ' हंस ' है, वह [सलिलं] हृदयके मानस-सरोवरमें क्रीडा करता है । श्वास लेनेके समय यह प्राण उस सरोवरमें गोता लगाता है और उच्छ्वास लेनेके समय ऊपर उडता है । यहाँ प्रश्न उत्पन्न होता है कि उच्छ्वासके समय प्राण बाहर आता है, तब प्राणी मरता क्यों नहीं ? पूर्ण उच्छ्वास लेकर श्वासको पूर्ण बाहर निकालनेपर भी मनुष्य नहीं मरता । इसका कारण इस मन्त्रमें बताया है । जिस प्रकार हंसपक्षी एक पाँव पानीमेंही रखकर दूसरा पाँव ऊपर उठाता है, उसी प्रकार प्राण ऊपर उठते समय अपना एक पाँव हृदयके रक्ताशयमें दृढतासे रखता है और दूसरे पाँवकोही बाहर उठाता है । कभी दूसरे पाँवको हिलाता नहीं । तात्पर्य, प्राण अपनी एक शक्तिको शरीरमें स्थिर रखता हुआ दूसरी शक्तिसे बाहर आकर कार्य करता है । इसलिये मनुष्य मरता नहीं । यदि यह अपने दूसरे पाँवको भी बाहर निकालेगा, तो आज-कल, दिन-रात, प्रकाश-अंधेरा आदि कुछ भी नहीं होगा, अर्थात् कोई प्राणी जीवित नहीं रह सकेगा । जीवनके पश्चात्‌ही कालका ज्ञान होता है । इस प्रकारका यह प्राणका संबंध है । प्रत्येक मनुष्यको उत्तम विचार करके इस संबंधका ज्ञान ठीक प्रकारसे प्राप्त करना चाहिये । ' हंस ' शब्दके साथ प्राण-उपासनाका प्रकार भी इस मन्त्रसे व्यक्त होता है । श्वासके साथ ' स ' कारका श्रवण और उच्छ्वासके साथ ' हं ' कारका

श्रवण करनेसे प्राण-उपासना होती है। इससे चित्तकी एकाग्रता शीघ्रही साध्य होती है। यही 'सो' अक्षरका श्रवण श्वासके साथ और 'ह' का श्रवण उच्छ्वासके साथ करनेसे 'हंस' काही जप बन जाता है। यह प्राण-उपासनाका प्रकार है। सांप्रदायिक लोगोंने इसपर विलक्षण और विभिन्न कल्पनाएँ रचीं हैं, परन्तु मूलकी ओर ध्यान देकर झगडोंसे दूर रहनाही हमको उचित है। अब इसका और वर्णन देखिये—

इस शरीरमें आठ चक्र हैं, जिनमें प्राण जाता है और विलक्षण कार्य करता है, यह बात २२ वें मन्त्रमें कही है। मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, सूर्य, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा और सहस्रार ये आठ चक्र हैं और क्रमश गुदासे लेकर सिरके ऊपरले भागतक आठ स्थान इन आठ चक्रोंके हैं। पीठके मेरुदण्डमें इनकी स्थिति है। इस प्रत्येक चक्रमें प्राण जाता है और अपने अपने नियत कार्य करता है। जो सज्जन प्राणायामका अभ्यास करते हैं, उनको अपना प्राण इस चक्रमें पहुँचा है, इस बातका अनुभव होता है और वहांकी स्थितिका भी पता लगता है। ऊपर मस्तिष्कमें सहस्रार चक्रका स्थान है। यही मस्तिष्कका मध्य और मुख्य भाग है। प्राणका एक केन्द्र हृदयमें है। इस प्रकार एक केंद्रके साथ आठ चक्रोंमें सहस्र आरोंके द्वारा आगे और पीछे चलनेवाला यह प्राणचक्र है। श्वास उच्छ्वास तथा प्राण अपान द्वारा प्राणचक्रकी आगे और पीछे गति होती है। पाठकोंको उचित है कि वे इन बातोंको जानने और अनुभव करनेका यत्न करें। प्राणका एक भाग शरीरकी शक्तियोंके साथ सम्बन्ध रखता है और दूसरा भाग आत्माकी शक्तिके साथ सम्बन्ध रखता है। शारीरिक शक्तिके साथ संबंध रखनेवाले प्राणके भागका ज्ञान प्राप्त करना बडा सुगम है, परन्तु आत्मिक शक्तिके साथ संबंध रखनेवाले प्राणके भागका ज्ञान प्राप्त करना बडा कठिन है। आधे भागके साथ सब भुवनको बनाता है, जो इसका दूसरा अर्थ है, वह किसका चिह्न है, अर्थात् उसका ज्ञान किससे हो सकता है? आत्माके ज्ञानके साथही उसका ज्ञान हो सकता है।

प्राण सबकाही ईश है, इस विषयमें पहलेही मन्त्रमें कहा है। सबमें

गतिमान् और सबमें मुख्य यह प्राण है । 'ब्रह्म अर्थात् आत्मशक्तिसे साथ रहनेवाला यह प्राण आलस्यरहित होकर और धैर्यके साथ कार्य करनेमें समर्थ बनकर मेरे शरीरमें अनुकूलताके साथ रहे ।' यह इच्छा उपासकको मनमें धारण करनी चाहिये । अन्य इंद्रियोंमें आलस्य होता है, परंतु प्राणमें आलस्य कभी नहीं होता; इसलिये प्राणका विशेषण ' अ-तंद्र ' अर्थात् आलस्यरहित ऐसा रखा है । यही भाव पचीसवें मन्त्रमें कहा है ।

सब इंद्रियाँ आराम लेतीं हैं, आलसी बनतीं हैं, सो जाती हैं और नीचे गिर जातीं हैं; परन्तु प्राणही रातदिन खडा रहकर जागता है अथवा मानों इस मंदिरका संरक्षण करनेके लिये खडा रहकर पहारा करता है। वह कभी सोता नहीं, कभी आराम नहीं करता और अपने कार्यसे कभी पीछे नहीं हटता । सब इंद्रियाँ सोती हैं, परन्तु इस प्राणका सोना कभी किसीने सुनाही नहीं । अर्थात् विश्राम न लेता हुआ, यह प्राण रातदिन शरीरमें कार्य करता है ।

इसीलिये प्राण-उपासना निरन्तर हो सकती है । देखिये, किसी आलंबनपर दृष्टि रखकर ध्यान करना हो, तो दृष्टि थक जाती है । दृष्टि थकनेपर उसकी उपासना नेत्रोंद्वारा नहीं हो सकती । इसी प्रकार अन्य इंद्रियाँ थकतीं हैं और विश्राम चाहती हैं, इसलिये अन्य इंद्रियोंके साथ उपासना निरन्तर नहीं हो सकती । परन्तु यह प्राण कभी थकता नहीं और कभी विश्राम नहीं लेता। इसलिये इसके साथ जो प्राण-उपासना की जाती है, वह निरंतर हो सकती है । विना रुकावट प्राणोपासना हो सकती है, इसलिये इसका अत्यंत महत्त्व है । अब उस सूक्तका अन्तिम मंत्र कहता है कि—

" हे प्राण ! मुझसे दूर न हो जाओ, दीर्घ कालतक मेरे अन्दर रहो, मैं दीर्घ जीवन व्यतीत करूंगा, मैं दीर्घ आयुसे युक्त होकर सौ वर्षसे भी अधिक जीवन व्यतीत करूंगा । इसलिये मुझसे पृथक् न होओ ! " यह भावना उपासकको मनमें धारण करनी चाहिये । अन्नमय मन है और आपोमय प्राण है । इसलिये प्राणको पानीका गर्भ कहा है। उपासकके मनमें

यह भावना स्थिर रहनी चाहिये कि "मैंने प्राणायामादिद्वारा अपने शरीर में प्राणको बांधकर रख दिया है। इसलिये यह प्राण कभी वियुक्त होकर दूर नहीं होगा। प्राणायामादि साधनों पर दृढ विश्वास रखकर, उन साधनोंके द्वारा मेरे शरीरमें प्राण स्थिर हुआ है।" ऐसा दृढ भाव चाहिये और कभी अकाल मृत्युका विचारतक मनमें नहीं आना चाहिये। आत्मापर विश्वास रखनेसे उक्त भावना दृढ हो जाती है। इस प्राणसूक्तमें निम्न भाव हैं-

प्राणसूक्तका सारांश।

[१] प्राणके अधीनही सब कुछ है, प्राणही सबका मुखिया है।

[२] प्राण पृथ्वीपर है, अन्तरिक्षमें है और द्युलोकमें है।

[३] द्युलोकका प्राण सूर्यकिरणों द्वारा पृथ्वीपर आता है, अंतरिक्षका प्राण वृष्टिद्वारा पृथ्वीपर पहुंचता है और पृथ्वीपरका प्राण यहाँ सदाही वायुरूपसे रहता है।

[४] अन्तरिक्षस्थ और द्युलोकस्थ प्राणसेही सबका जीवन है। इस प्राणकी प्राप्तिसे सबको आनन्द होता है।

[५] एकही प्राण व्यक्तिके शरीरमें प्राण-अपान आदि रूपमें परिणत होता है। शरीरके प्रत्येक अंग, अवयव और इंद्रियोंमें अर्थात् सर्वत्र प्राणही कार्य करता है।

[६] प्राणही सब औषधियोंकी औषधि है। प्राणके कारणही सब शरीरके दोष दूर होते हैं। प्राणकी अनुकूलता न होनेपर कोई औषध कार्य नहीं कर सकता और प्राणकी अनुकूलता होनेपर विना औषधि आरोग्य रह सकता है।

[७] प्राणही दीर्घ आयु देनेवाला है।

[८] प्राणही सबका पिता और पालक है और सर्वत्र व्यापक भी है।

[९] मृत्यु, रोग और बल ये सब प्राणके कारणही होते हैं। सब

इन्द्रिय प्राणके साथ रहनेपरही बल प्राप्त करते हैं। श्रेष्ठ पुरुष प्राणको वशमें करके बल प्राप्त कर सकते हैं। सत्यनिष्ठ पुरुष प्राणकी प्रसन्नतासे उत्तम योग्यता प्राप्त करते हैं।

[१०] प्राणके साथही सब देवताएँ हैं। सबको प्रेरणा करनेवाला प्राणही है।

[११] धान्यमें प्राण रहता है। वह भोजनके द्वारा शरीरमें जाकर शरीरका बल बढाता है।

[१२] गर्भमें भी प्राण कार्य करता है। प्राणकी प्रेरणासेही गर्भ बाहर आता है और बढता है।

[१३] प्राणके द्वाराही पिताके सब गुण, कर्म, स्वभाव और शक्तियाँ पुत्रमें आती हैं।

[१४] प्राणही हंस है और यह हृदयके मानस सरोवरमें क्रीडा करता है। जब यह चल जाता है, तब कुछ भी ज्ञान नहीं होता।

[१५] शरीरके आठ चक्रोंमें, मस्तिष्कमें तथा हृदयके केन्द्रमें भिन्न रूपसे प्राण रहता है। यह स्थूल शक्तिसे सब शरीरका धारण करता है और सूक्ष्म शक्तिसे आत्माके साथ गुप्त सम्बन्ध रखता है।

[१६] प्राणमें आलस्य और थकावट नहीं होती है। भीति और संकोच नहीं होता, क्योंकि इसका ब्रह्म अथवा आत्माके साथ सम्बन्ध है।

[१७] यह शरीरमें रहता हुआ खडा पहारा करता है। अन्य इंद्रियाँ थकती, शिथिल होती और सोतीं हैं, परन्तु यह कभी थकता नहीं और कभी विश्राम नहीं लेता। इसका विश्राम होनेपर मृत्युही होती है।

[१८] इसलिये सबको प्राणकी स्वाधीनता प्राप्त करनी चाहिये और उसकी शक्तिसे बलवान् होना चाहिये।

इस प्रकार इस सूक्तका भाव देखनेके पश्चात् वेदोंमें अन्यत्र प्राण-विषयक जो जो उपदेश है, उसका विचार करते हैं।

ऋग्वेदमें प्राणविषयक उपदेश।

ऋग्वेदमें प्राणविषयक निम्न मन्त्र हैं, उनको देखनेसे ऋग्वेदका इस विषयमें उपदेश ज्ञात हो सकता है—

प्राणाद्वायुरजायत ॥ (ऋ १०।९०।१३; अथर्व १९।६।७)

'परमेश्वरीय प्राण-शक्तिसे इस वायुकी उत्पत्ति हो गई है।' यह वायु हमारा पृथ्वीस्थानीय प्राण है। वायुके विना क्षणमात्र भी जीवित रहना कठिन है। सभी प्राणी इस वायुको चाहते हैं। परन्तु कोई यह न समझे कि यह वायुही वास्तविक प्राण है, क्योंकि परमेश्वरकी प्राणशक्तिसे इसकी उत्पत्ति है। यह वायु हमारे फेंफड़ोंके अन्दर जब जाती है, तब उसके साथ परमेश्वरकी प्राणशक्ति हमारे अन्दर जाती है और उससे हमारा जीवन होता है। यह भाव प्राणायामके समय मनमें धारण करना चाहिये। प्राणही आयु है, इस विषयमें निम्न मन्त्र देखिये—

आयुर्न प्राण। (ऋ० १।६६।१)

'प्राणही आयु है।' जबतक प्राण रहता है, तबतकही जीवन रहता है। इसलिये जो दीर्घ आयु चाहते हैं, उनको उचित है कि वे अपने प्राणको तथा प्राणके स्थानको बलवान् बनावें। प्राणका स्थान फेंफड़ोंमें होता है। फेंफड़े बलवान् करनेसे प्राणमें बल आ जाता है और उसके द्वारा दीर्घ आयु प्राप्त हो सकती है।

असु-नीति।

राजनीति, समाजनीति, गृहनीति इन शब्दोंके समान 'असु-नीति' शब्द है। राज्य चलानेका प्रकार राजनीतिसे व्यक्त होता है, इसी प्रकार 'असु' अर्थात् प्राणोंका व्यवहार करनेकी रीति 'असु नीति' शब्दसे व्यक्त होती है। Guide to life, Way to life अर्थात् 'जीवनका मार्ग' इस भावको 'असु-नीति' शब्द व्यक्त कर रहा है, यह प्रो० मोक्षमुलर, प्रो० रॉथ आदिका कथन सत्य है। देखिये—

अमुनीते पुनरस्मासु चक्षुः पुनः प्राणमिह नो धेहि भोगम्।
ज्योकपश्येम सूर्यमुच्चरन्तमनुमते मृळया नः स्वस्ति ॥
[ऋ० १०।५९।६]

"हे असुनीते । यहां हमारे अन्दर पुनः चक्षु, प्राण और भोग धारण करो । सूर्यका उदय हम दीर्घ कालतक देख सकें। हे अनुमते ! हम सबको सुखी करो और हमको स्वास्थ्यसे युक्त रखो ।"

'असुकी नीति' अर्थात् 'प्राण धारण करनेकी रीति' जब ज्ञात होती है, तब चक्षुकी शक्ति हीन होनेपर भी पुनः उत्तम दृष्टि प्राप्त की जा सकती है। प्राण जानेकी संभावना होनेपर भी पुनः प्राणकी स्थिरता की जा सकती है, भोग भोगनेकी अशक्यता होनेपर भी भोग भोगनेकी शक्यता हो सकती है। मृत्यु पास आनेके कारण सूर्य-दर्शन अशक्य होनेपर भी दीर्घ आयुष्यकी प्राप्ति होनेके पश्चात् पुनः सूर्यकी उपासना हो सकती है। 'प्राण-नीति' के अनुकूल गति रखनेसे यह सब कुछ हो सकता है, इसमें कोई संदेहही नहीं। तथा—

असुनीते मनो अस्मासु धारय जीवातवे सु प्रतिरा न आयुः।
रारन्धि नः सूर्यस्य सन्दृशि घृतेन त्वं तन्वं वर्धयस्व ॥
(ऋ० १०।५९।५)

"हे असुनीते ! हमारे अन्दर मनकी धारणा करो और हमारी आयु बड़ी दीर्घ करो। सूर्यका दर्शन हम करें। तू घीसे शरीर बढाओ।"

आयुष्य बढानेकी रीति इस मन्त्रमें वर्णन की है। पहली बात मनकी धारणाकी है। मनकी धारणा ऐसी दृढ और पक्की करनी चाहिये कि 'मैं योगसाधनादि द्वारा अवश्यही दीर्घ आयु प्राप्त करूंगा, तथा किसी कारण भी मेरी आयु क्षीण नहीं होगी।' इस प्रकार मनकी पक्की धारणा करनी चाहिये। मनकी दृढ शक्तिपरही और मनके दृढ विश्वासपरही सिद्धि अवलंबित होती है। सूर्यप्रकाशका दीर्घ आयुके साथका सम्बन्ध वेदमें सुप्रसिद्धही है। प्राणायाम आदि द्वारा जो मनुष्य प्राणका बल

बढाना चाहते हैं, उनको घी बहुत खाकर अपना शरीर पुष्ट रखना चाहिये। प्राणायाम बहुत करनेपर घी न खानेसे शरीर कृश होता है। इसलिये प्राणायाम करनेवालोंको उचित है कि, वे अपने भोजनमें घी अधिक सेवन करें।

इस प्रकार यह प्राणनीतिका शास्त्र है। पाठक इन मन्त्रोंका विचार करके दीर्घ आयु प्राप्त करनेके उपायोंका साधन प्राणायामादि द्वारा करें।

यजुर्वेदमें प्राणविषयक उपदेश।

प्राणकी वृद्धि।

प्राणका संवर्धन करनेके विषयमें वेदका उपदेश निम्न मन्त्रमें आ गया है—

प्राणस्त आप्यायताम्॥ (वा० य० ६।१५)

'तेरा प्राण संवर्धित हो।' प्राणकी शक्ति बढानेकी बडीही आवश्यकता है, क्योंकि प्राणकी शक्तिके साथही सब अवयवोंकी शक्ति सम्बन्ध रखती है, इसकी सूचना निम्न मन्त्र दे रहा है—

ऐन्द्रः प्राणो अंगे-अंगे निदीध्यदैन्द्र उदानो अंगे-अंगे निधीतः॥
(वा० य० ६।२६)

"(ऐन्द्र प्राण) आत्माकी शक्तिसे प्रेरित प्राण प्रत्येक अंगमें पहुंचा है, आत्माकी शक्तिसे प्रेरित उदान प्रत्येक अंगमें रखा है।"

इस प्रकार आवरिक शक्तिका वर्णन वेदने किया है। प्रत्येक अंगमें प्राण रहता है और वहाँ आत्माकी प्रेरणासे कार्य करता है। इस मंत्रके उपदेशसे यह सूचना मिलती है कि जिस अंग, अवयव अथवा इंद्रियमें प्राणकी शक्ति न्यून होगी, वहां आत्माकी प्रबल इच्छाशक्तिद्वारा प्राणकी शक्ति बढायी जा सकती है। पूर्व सूक्तोक्त यही 'आंगि-रस विद्या' है। अपने किस अंगमें प्राणकी न्यूनता है, इसको जानना और वहाँ अपनी आत्मिक इच्छाशक्तिद्वारा प्राणको पहुंचाना चाहिये। यही अपना

आरोग्य बढानेका उपाय है। वेदमें जो "आंगिरस विद्या" है, वह यही है। प्राणका रक्षण करनेके विषयमें निम्नलिखित मंत्र देखिये—

प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि। (वा०य०१४।८; १७)

"मेरे प्राण, अपान, व्यानका संरक्षण करो।" इनका संरक्षण करनेसेही ये प्राण सब शरीरका संरक्षण कर सकते हैं। तथा-

प्राणं ते शुन्धामि। (वा० य० ६।१४)
प्राणं मे तर्पयत। (वा० य० ६।३१)

'प्राणकी पवित्रता करता हूं। प्राणकी तृप्ति करो।' तृप्ति और पवित्रतासेही प्राणका संरक्षण होता है। अतृप्त इंद्रिय होनेसे मनुष्य भोगोंकी ओर जाता है और पतित होता है। इस प्रकार भोगोंमें फँसे हुए मनुष्य अपनी प्राणकी शक्ति व्यर्थ खो बैठते हैं। इसालिये प्राणका संवर्धन करनेवाले मनुष्योंको उचित है कि वे अपना जीवन पवित्रतासे और नित्य तृप्त वृत्तिसे व्यतीत करें। अपवित्रता और असंतुष्टता ये दो दोष प्राणकी शक्ति घटानेवाले हैं। शक्ति घटानेवाला कोई कार्य नहीं करना चाहिये, क्योंकि—

प्राणं न वीर्यं नसि। (वा० य० २१।४९)

'नाकमें प्राणशक्ति और वीर्य बढाओ।' प्राणशक्ति नासिकाके साथ सम्बन्ध रखती है और जब यह प्राणशक्ति बलवती होती है, तब वीर्य भी बढता है और स्थिर होता है। वीर्य और प्राण ये दोनों शक्तियाँ साथ साथ रहतीं हैं। शरीरमें वीर्य रहनेसे प्राण रहता है और प्राणके साथ वीर्य भी रहता है। एक-दूसरेके आश्रयसे रहनेवाली ये शक्तियाँ हैं। जो मनुष्य ब्रह्मचर्यकी रक्षा करके ऊर्ध्वरेता बनते हैं, उनका प्राण भी बलवान् हो जाता है और उनको आसानीसे प्राणायामकी सिद्धि होती है। तथा जो प्रारम्भसे प्राणायामका अभ्यास नियमपूर्वक करते हैं, उनका वीर्य स्थिर हो जाता है। यद्यपि किसी कारण वश प्रथम आयुमें किसीका ब्रह्मचर्य न रहा हो, तो भी वह नियमपूर्वक अनुष्ठानसे उत्तर आयुमें

प्राणसाधनसे अपने शरीरमें प्राणशक्तिका सवर्धन और वीर्यरक्षण कर सकता है। जिसका ब्रह्मचर्य आदि प्रारम्भसेही सिद्ध होता है, उसको शीघ्र और सहज सिद्धि होती है, परन्तु जिसको प्रारम्भसे सिद्ध नहीं होता, उसको यह बात प्रयत्नसे सिद्ध होती है। प्राणशक्तिके सवर्धनके उपायोंमें गायन भी एक उपाय है—

गायन और प्राणशक्ति।

साम प्राण प्रपद्ये। (वा० य० ३६।१)

'प्राणको लेकर सामकी शरण लेता हूं।' सामवेद गायन और उपासनाका वेद है। ईश-उपासना और ईशगुणोंके गायनसे प्राणका बल बढता है। केवल गानविद्यासे भी मनकी एकाग्रता और शांति प्राप्त होती है। इसलिये गायनसे दीर्घ आयु और आरोग्य प्राप्त कर सकते हैं। गायक लोग यदि दुर्व्यसनोंमें न फँसेगे, तो वे अन्योंकी अपेक्षा अधिक दीर्घ आयु और आरोग्य प्राप्त कर सकते हैं। गायनका आरोग्यके साथ अत्यन्त घनिष्ट सम्बन्ध है। उपासनाके साथ भी गायनका सम्बन्ध है। गायनसे उपासनामें मन अत्यन्त तल्लीन होता है और यही तल्लीनता प्राणशक्तिको प्रबल करनेवाली है। यह बात और है कि गायनका धंधा करनेवाले आजकलके स्त्री-पुरुषोंने अपना आचरण बहुतही गिरा दिया है। परन्तु यह दोष गायनका नहीं है, वह उन मनुष्योंका दोष है। तात्पर्य यह है कि, जो पाठक अपने प्राणको बलवान् करना चाहते हैं, वे सामगान अवश्य सीखें, अथवा साधारण गायन सीखकर उसका उपासनामें उपयोग करके मनकी तल्लीनता प्राप्त करें।

मयि प्राणापानौ। (वा० य० ३६।१)

'मेरे अन्दर प्राण और अपान बलवान् रहें।' यह इच्छा हरएक मनुष्य स्वभावतः धारण करताही है। परन्तु कभी कभी व्यवहार उस इच्छाके विरुद्ध करता है। जब इच्छाके अनुसार व्यवहार हो जायगा,

तब सिद्धिमें किसी प्रकारका विघ्न हो नहीं सकता। प्रस्तुत प्राणका प्रकरण चला है, इसका सम्बन्ध बाहरके शुद्ध वायुके साथ है और अंदरका सम्बन्ध नासिका आदि स्थानके साथ है। इसलिये कहा है—

वातं प्राणेन, अपानेन नासिके। (वा० य० २५।२)

'प्राणसे वायुकी प्रसन्नता और अपानसे नासिकाकी पूर्तता करनी चाहिये।' बाह्य शुद्ध और प्रसन्न वायुके साथ प्राण हमारे शरीरोंमें जाता है और नासिकाही उसका प्रवेश-द्वार है। बाह्य वायुकी प्रसन्नता और नासिकाकी शुद्धि अवश्य करनी चाहिये। नाककी मलिनता और अपवित्रताके कारण प्राणकी गतिमें रुकावट होती है। प्राणकी प्रतिष्ठाके लियेही हमारे सब प्रयत्न होने चाहिये, इसकी सूचना निम्न मंत्रोंसे मिलती है।

प्राणकी प्रतिष्ठा।

विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय॥
(वा० य० १३।१९; १४।१२; १५।६४)

विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ॥
(वा० य० १३।२४; १४।१४; १५।२८)

प्राणाय स्वाहाऽपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा॥
(वा० य० २२।२३; २३।१८)

'प्राण, अपान, व्यान, उदान आदि सब प्राणोंकी प्रतिष्ठा और उनका व्यवहार उत्तम रीतिसे होना चाहिये। सब प्राणोंको तेजस्वी करो। सब प्राणोंके लिये त्याग करो।'

प्रत्येक मनुष्यको उचित है कि वह यह देखे कि अपने आचरणसे अपने प्राणोंका बल बढ रहा है या घट रहा है; अपने प्राणोंकी प्रतिष्ठा बढ रही है या घट रही है; अपने प्राणोंके सबही व्यवहार उत्तम चल रहे हैं अथवा किसीमें कोई त्रुटि है; अपने प्राणोंका तेज बढ रहा है या घट

रहा है, इसका विचार करना हरएकका कर्तव्य है। क्योंकि इनका विचार करनेसेही हरएक जान सकता है कि, मैं अपना प्राणविषयक कर्तव्य ठीक प्रकार कर रहा हू, या नहीं। प्राणविषयक कर्तव्यका स्वरूप 'स्वाहा' शब्दद्वारा व्यक्त हो रहा है। सब अन्य इंद्रिय गौण हैं और प्राण मुख्य है, इसलिये अन्य इंद्रियोंके भोगोंका स्वाहाकार प्राणके संवर्धनके लिये होना चाहिये। अर्थात् इंद्रियोंके भोग भोगनेके लिये जो शक्ति खर्च हो रही है, उसका बहुतसा हिस्सा प्राणकी शक्ति बढानेके लिये खर्च होना चाहिये। मनुष्योंके सामान्य व्यवहारमें देखा जायगा तो प्रतीत होगा कि इंद्रियभोग भोगनेमें यदि शक्तिके १०० मेंसे ९९ भागका खर्च हो रहा है, तो प्राणसंवर्धनमें एक भाग भी खर्च नहीं होता है। मुख्य प्राणके लिये कुछ शक्ति नहीं खर्च होती, परन्तु गौण इंद्रियभोगके लियेही सब शक्तिका व्यय हो रहा है !! क्या यह आश्चर्य नहीं है ? वास्तवमें मुख्यके लिये अधिक और गौणके लिये कम व्यय होना चाहिये। वेदने यही कहा है कि, प्राणसंवर्धनके लिये अपनी शक्तिका स्वाहा करो। अपना समय, अपना प्रयत्न, अपना बल और अपने अन्य साधन प्राणसंवर्धनके लिये कितने खर्च किये जाते हैं और भोगोंके लिये कितने खर्च किये जाते हैं, इसका विचार कीजिये। मनुष्योंका उल्टा व्यवहार हो रहा है, इसलिये इस विषयमें सावधानता रखनी चाहिये। प्रतिदिनका ऐसा विभाग करना चाहिये कि, जिसमें बहुतसा हिस्सा प्राणवर्धनके कार्यके लिये समर्पित हो सके। देखिए—

राजा मे प्राण ॥ (वा० य० २०।५)

'मेरा प्राण राजा है।' सब शरीरका विचार कीजिये तो आपको पता लग जायगा कि सबका राजा प्राणही है। आप समझ लीजिये कि अपना प्राण सचमुच राजा है। जब आपके घरमें राजाही अतिथि होकर आता है, उस समय आप राजाकाही समुचित आदरातिथ्य करते हैं। उनके नौकरोंकी तरफ ध्यान अवश्य देते हैं, परन्तु राजाकी ओर जितना

ध्यान दिया जाता है, उतना ध्यान अन्योंके विषयमें नहीं दिया जाता। यही न्याय यहाँ है। इस शरीरमें प्राण नामक राजा अतिथि आता है और उसके अनुचर अन्य इंद्रियगण हैं। इसलिये प्राणकी सेवा-शुश्रूषा अधिक करनी चाहिये। क्योंकि वह ठीक रहा, तो अन्य अनुचर ठीक रह सकते हैं। परन्तु यदि राजा असंतुष्ट होकर चला गया, तो एक भी अनुचर आपकी सहायता नहीं कर सकेगा।

आजकल इंद्रियोंके भोग बढानेमें सब लोग लगे हैं और प्राणकी शक्ति बढानेका ख्याल कोई नहीं करता!!! इसलिये प्राण अप्रसन्न होकर शीघ्र-ही इस शरीरको छोड देता है। जब प्राण छोडने लगता है, तब अन्य इंद्रियशक्तियाँ भी उसके साथ इस शरीरको छोड देती हैं। यही अल्पायुता-का कारण है। परन्तु इसका विचार बहुतही थोडे लोक प्रारंभसे करते हैं। तात्पर्य इंद्रियभोग भोगनेके लिये शक्ति कम खर्च करनी चाहिये, इसका संयमही करना चाहिये और जो बल होगा, उसको अर्पण करके प्राणकी शक्ति बढानेमें पराकाष्ठा करनी चाहिये। अपने प्राणको बुरे कार्योंमें समर्पित करनेसे बडीही हानि होती है। कितने दुर्व्यसन और कितने कुकर्म हैं कि जिनमें लोग अपने प्राण अर्पण करनेके लिये आनंदसे प्रवृत्त होते हैं!! वास्तवमें सत्कर्मके साथही अपने प्राणोंको जोडना चाहिये। देखिये वेद कहता है—

सत्कर्म और प्राण।

आयुर्यज्ञेन कल्पतां, प्राणो यज्ञेन कल्पतां ॥
[वा० य० ९।२१; १८।२९; १२।३३]

प्राणश्च मेऽपानश्च मे व्यानश्च मे असुश्च मे........
यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥ [वा० य० १८।२]

प्राणश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् ॥ [वा० य० १८।२२]

'मेरी आयु यज्ञसे बढे, मेरा प्राण यज्ञसे समर्थ हो। मेरा प्राण, अपान,

व्यान और साधारण प्राण यज्ञद्वारा बलवान् बने। मेरा प्राण यज्ञके लिये समर्पित हो।'

यज्ञका अर्थ सत्कर्म है। जिस कर्मके साथ बड़ोंका सत्कार होता है, विरोध हटकर सबमें एकताकी वृद्धि होती है और परस्पर उपकार होता है, वह यज्ञ हुआ करता है। यज्ञ अनेक प्रकारके हैं, परन्तु सूत्ररूपसे सब यज्ञोंका तत्व उक्त प्रकारकाही है। इसलिये यज्ञके साथ प्राणका संबंध आनेसे प्राणमें बल बढने लगता है। स्वार्थ तथा क्षुद्रगर्जोंके कर्मोंमें लगे रहनेसे प्राणशक्तिका संकोच होता है और जनताके हितके व्यापक कर्म करनेमें प्रवृत्त होनेसे प्राणकी शक्ति विकसित होती है। आशा है कि, पाठक इस प्रकारके शुभ कर्मोंमें अपने आपको समर्पित करके अपने प्राण को विशाल करेंगे। वेदमें अग्नि आदि देवताओंका जहाँ वर्णन आया है, वहाँ उनके प्राणरक्षक गुणका भी वर्णन किया है। क्योंकि जो देवता प्राण रक्षक होगा, उसकीही उपासना करनी चाहिये। देखिये—

प्राणदाता अग्नि।

प्राणदा अपानदा व्यानदा वर्चोदा वरिवोदाः ॥(वा०य० १७।१५)
प्राणपा मे अपानपाश्चक्षुष्पा श्रोत्रपाश्च मे ॥
वाचो मे विश्वभेषजो मनसोऽसि विलायकः ॥ (वा०य० २०।३४)

' तू प्राण, अपान, व्यान, तेज और स्वातंत्र्य देनेवाला है। तू मेरे प्राण, अपान, चक्षु, श्रोत्र आदिका संरक्षक है, मेरी वाणीके दोष दूर करनेवाला तथा मनको शुद्ध और पवित्र करनेवाला है।'

प्राणका सत्कर्ममें प्रदान करना, प्राणका संरक्षण करना, इंद्रियोंका संयम करना, वाचाके दोष दूर करने और मनकी पवित्रता करना, यह कार्य सूक्ष्म रूपसे उक्त मन्त्रमें कहा है। इतना करनेसेही मनुष्यका बेडा पार हो सकता है। मन और वाणीकी शुद्धता न होनेसे जगत्में कितने अनर्थ हो रहे हैं, इसकी कोई गिनती नहीं हो सकती। मन, वाणी, इंद्रियाँ और

प्राण इनकी स्वाधीनता प्राप्त करनेके लियेही सब धर्म और कर्म होते हैं। इसलिये अपनी उन्नति चाहनेवालोंको इस कर्तव्यकी ओर अपना ख्याल सदा रखना चाहिये। अब प्राणकी विभूति बतानेवाला अगला मन्त्र है, देखिये—

अयं पुरो भुवः। तस्य प्राणो भौवायनो वसन्तः प्राणायनः॥
(वा० य० १३।५४)

'यह आगे भुवर्लोक है, उसमें रहता है इसलिये प्राणको भौवायन कहते हैं। वसन्त प्राणायन है।'

भूलोक पृथ्वी है और अन्तरिक्ष-लोक भुवर्लोक है। यह प्राणका स्थान है, इस अवकाशमें प्राण व्यापक है, वायुका और प्राणका एकही स्थान है। अन्तरिक्षमेंही दोनों रहते हैं। वसन्त प्राणका ऋतु है। क्योंकि इस ऋतुमें सब जगत्में प्राणशक्तिका संचार होकर सब वृक्षोंको नवजीवन प्राप्त होता है। यह प्राणका अवतार हरएकको देखना चाहिये। प्राणके संचारसे जगत्में कितना परिवर्तन होता है, इसका प्रत्यक्ष अनुभव यहाँ दिखाई देता है। इस ऋतुमें सब वृक्ष आदि नूतन पल्लवोंसे सुशोभित होते हैं, फलोंसे युक्त होनेके कारण पूर्णताको प्राप्त होते हैं। फल, फूल और पल्लवही सब सृष्टिके नवजीवनकी साक्षी देते हैं। इसी प्रकार जिनका प्राण प्रसन्न होता है, उनको भी स-फल-ता प्राप्त होती है। जिस प्रकार सब सृष्टि प्राणकी प्रसन्नतासे पुष्पवती और फलवती होती है, उसी प्रकार मनुष्य भी प्राणको वश करनेसे अपने अभीष्टमें सफलता प्राप्त कर सकता है।

प्राणके साथ इंद्रियोंका विकास।

सोनेके समय अपने इंद्रिय कैसे लीन होते हैं और फिर जागृतिके समय कैसे व्यक्त होते हैं, इसका विचार प्रत्येकको करना चाहिये। इससे अपने आत्मा और प्राणशक्तिके महत्त्वका पता लगता है। इसका प्रकार देखिये—

पुनर्मन पुनरायुर्म आगन्पुन. प्राण पुनरात्मा म आगन् ॥
पुनश्चक्षुः पुनः श्रोत्र म आगन्। वैश्वानरो अदब्धस्तनूपा
अग्निर्न पातु दुरितादवद्यात् ॥ [वा० य० ४।१५]

'मेरा मन, आयुष्य, प्राण, आत्मा, चक्षु, श्रोत्र आदि पुन. मुझे प्राप्त हुए हैं। शरीरका रक्षक, सब जनोंका हितकारी आत्मा पापोंसे हम सबको बचावे।'

सोनेके समय मन आदि सब इन्द्रियाँ लीन हो गई थीं। यद्यपि प्राण जागता था, तथापि उसके कार्यका भी पता हमको नहीं था। यह सब कलके समान आज पुन प्राप्त हुआ है। यह आत्माकी शक्तिका कितना आश्चर्यकारक प्रभाव है? वह आत्मशक्ति हमको पापोंसे बचावे। प्राण-शक्तिके साथ इन शक्तियोंका लीन होना और पुन प्राप्त होना, प्रति दिन हो रहा है। इसका विचार करनेसे पुनर्जन्मका ज्ञान होता है। क्योंकि जो बात निद्राके समय होती है, वही वैसीही मृत्युके समय होती है। और उसी प्रकार महाप्रलयके समयमें भी होती है। सर्वत्र एकही नियम है। प्राणके साथ अन्य इन्द्रियाँ कैसी रहती हैं, प्राण कैसा जागता है और अन्य इन्द्रियाँ कैसी थक कर लीन होती हैं, इसका विचार करनेसे अपनी आत्मशक्तिका ज्ञान होता है और वह ज्ञान अपनी शक्तिका विकास करनेके लिये सहायक होता है। अपने प्राणका विश्वव्यापक प्राणके साथ संबंध देखना चाहिये। इसकी सूचना निम्न मन्त्र देते हैं—

विश्वव्यापक प्राण।

स प्राण प्राणेन गच्छताम् ॥ [वा० य० ६।१८]
स ते प्राणो वातेन गच्छताम् ॥ [वा० य० ६।१०]

'अपना प्राण विश्वव्यापक प्राणके साथ संगत हो। तेरा प्राण वायुके साथ संगत हो।' तात्पर्य अपना प्राण अलग नहीं है, वह सार्वभौमिक प्राणका एक हिस्सा है। इस दृष्टिसे अपने प्राणको जानना चाहिये। सब अंतरिक्षमें प्राणका समुद्र भरा है, उसमेंसे थोडासा प्राण मेरे अंदर आकर मेरे शरीर

को जीवन दे रहा है, श्वास-प्रश्वासद्वारा वही सार्वभौमिक प्राण अन्दर जा रहा है, इत्यादि भावना मनमें धारण करनी चाहिये। तात्पर्य, यह सार्वभौमिक दृष्टि सदा धारण करनी चाहिये। सबकी उन्नतिमें एककी उन्नति है, समष्टिकी उन्नतिमें व्यष्टिकी भलाई है, यह वैदिक सिद्धान्त है। इसलिये समष्टिकी व्यापक दृष्टि प्रत्येक उपासकके अन्दर उत्पन्न होनी चाहिये। वह उक्त प्रकारसे हो सकती है। इस प्राणकी और बातें निम्न मंत्रमें देखिये—

लडनेवाला प्राण।

अविर्न मेषो नसि वीर्याय, प्राणस्य पन्था अमृतो ग्रहाभ्याम्।
सरस्वत्युपवाकैर्व्यानं नस्यानि बर्हिर्बदरैर्जजान ॥[वा०य०१९।९०]

"[मेषः न] मेंढेके समान लडनेवाला [अविः] संरक्षक प्राणवायु वीर्यके लिये [नसि] नाकमें रखा है। [ग्रहाभ्यां] श्वास–उच्छ्वासरूप दोनों प्राणोंसे प्राणका अमृतमय मार्ग बना है। [बदरैः उपवाकैः] स्थिर स्तुतियोंके द्वारा [सरस्वती] सुषुम्ना नाडी [व्यानं] सर्व शरीर-व्यापक व्यान प्राणको तथा [नस्यानि] नासिकाके साथ संबन्ध रखनेवाले अन्य प्राणोंको [बर्हिः जजान] प्रकट करती है।"

स्पर्धा करनेवाला, शत्रुके साथ युद्ध करके उसका पराजय करनेवाला मेंढा होता है। यही प्राणका कार्य अपने शरीरमें है। सब व्याधियों और शरीरके सब शत्रुओंके साथ लडकर शरीरका आरोग्य नित्य स्थिर रखनेका बडा कार्य करनेवाला महावीर अपने शरीरमें मुख्य प्राणही है। यह मेंढेके समान लडता है। इसका नाम 'अविः' है, क्योंकि यह अवन अर्थात् सब शरीरका संरक्षण करता है। अवनके अन्य अर्थ भी यहाँ देखनेयोग्य हैं—रक्षण, गति, कान्ति, प्रीति, तृप्ति, ज्ञान, प्रवेश, श्रवण, स्वामित्व, प्रार्थना, कर्म, इच्छा, तेज, प्राप्ति, आलिंगन, हिंसा, दान, भाग और वृद्धि इतने अव् धातुके अर्थ हैं। ये सब अर्थ प्राणवाचक 'अवि' शब्दमें हैं। प्राणके कार्य इन शब्दोंसे व्यक्त होते हैं। पाठक इन अर्थोंको लेकर अपने प्राणके धर्म और कर्म जाननेका यत्न करें।

इतने कार्य करनेवाला संरक्षक प्राण हमारी नासिकामें रहा है। नासिका स्थानीय एकही प्राण हमारे शरीरमें उक्त कार्य करता है। यही इसका महत्व है। यह प्राणका मार्ग 'अ-मृत' मय है। अर्थात् इस मार्गमें मरण नहीं है। इस मार्गका रक्षण करनेवाले दो ग्रह हैं। "श्वास और उच्छ्वास" ये दो ग्रह इस मार्गका संरक्षण कर रहे हैं। सबको स्वाधीन रखनेवाले, सबका ग्रहण करनेवाले, ग्रह होते हैं। श्वास और उच्छ्वासोंसे सब शरीरका उत्तम ग्रहण हो रहा है, इसलिये ये ग्रह हैं। इन दो ग्रहोंके कार्यसे प्राणका मार्ग मरणरहित हुआ है। जबतक श्वास और उच्छ्वास चलते हैं, तबतक मरण होताही नहीं, इसलिये श्वासोच्छ्वासके अस्तित्व-नक शरीरमें 'अमृत' ही रहता है। परन्तु जब ये दो ग्रह दूर हो जाते हैं, तब मरण आता है।

'इडा, पिंगला और सुषुम्ना' ये तीन नाडियाँ शरीरमें हैं। इन्हींको क्रमसे 'गंगा, यमुना और सरस्वती' कहा जाता है। अर्थात् सरस्वती सुषुम्ना है। इसमें प्राणकी प्रेरक शक्ति है। स्थिर चित्तसे जो उपासना करते हैं, अर्थात् दृढ विश्वाससे जो परमात्मभक्ति करते हैं, उनके अन्दर सुषुम्नाद्वारा यह प्राण विशेष प्रभाव बताता है। तात्पर्य, उपासनाके साथही प्राणका बल बढता है। व्यान वह प्राण है कि जो शरीरमें व्यापक है और अन्य प्राण मध्य अर्थात् नासिकाके साथ संबंध रखनेवाले हैं। इन सब प्राणोंकी प्रेरणा उक्त सुषुम्ना करती है। परमेश्वरभक्तिका बल इस सुषुम्नामें बढता है और इसके द्वारा प्राणोंका सामर्थ्य भी प्रकट होता है।

सरस्वतीमें प्राण।

इस मन्त्रमें प्राणायाम साधनकी बहुतसी गुप्त बातें सरल शब्दोंद्वारा लिखी हैं, इसलिये पाठकोंको इस मन्त्रका विशेष मनन करना चाहिये। इस मन्त्रमें जिस सरस्वतीका वर्णन आया है, उसीका वर्णन निम्न मन्त्रमें देखिये—

अश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम्॥
वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्॥ [वा० य० २०।८०]

'अश्विदेव तेजके साथ चक्षु देते हैं, सरस्वती प्राणशक्तिके साथ वीर्य देती है, इन्द्र [इन्द्राय] जीवात्माके लिये वाणी और बलके साथ इंद्रिय-शक्ति अर्पण करता है।'

इसमें सरस्वती जीवनशक्तिके साथ वीर्य देती है, ऐसा कहा है। यह सरस्वती शब्द भी पूर्वोक्त सुषुम्ना नाडीका वाचक है। अश्विनौ शब्द धन और ऋण शक्तियोंका वाचक है। इस मन्त्रमें दो इन्द्र शब्द आये हैं। पहला परमात्माका वाचक और दूसरा जीवात्माका वाचक है। इंद्रिय शब्द आत्माकी शक्तिका वाचक है। कई लोग सरस्वती शब्दका नदी आदि अर्थ लेकर विलक्षण अर्थ करते हैं, उनको यह बात स्मरण रखना चाहिये कि वैदिक शब्द आध्यात्मिक शक्तियोंके वाचक मुख्यतः हैं, पश्चात् अन्य पदार्थोंके वाचक हैं। अस्तु। अब प्राणविषयक और दो मन्त्र देखिये—

भोजन और प्राण।

धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वोदानाय त्वा व्यानाय त्वा ॥ दीर्घामनु प्रसितिमायुषे धां ॥ (वा० य० १।२०)

प्राणाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व व्यानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्वोदानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व ॥ (वा० य० ७।२७)

'तू धान्य है। देवोंको धन्य करो। प्राण, उदान और व्यानके लिये तेरा स्वीकार करता हूं। आयुष्यके लिये दीर्घ मर्यादा धारण करता हूं। मेरे प्राण, व्यान और उदानके तेजकी वृद्धिके लिये शुद्ध बनो।'

सात्त्विक धान्यका आहार इंद्रियादिक देवोंको शुद्ध, पवित्र और प्रसन्न करता है। सात्त्विक भोजनसे प्राणका बल बढता है और आयुष्य बढता है। शुद्धतासे प्राणकी शक्ति विकसित होती है। इत्यादि बहुत उत्तम भाव उक्त मन्त्रोंमें पाठक देख सकते हैं। तथा और एक मन्त्र देखिये—

सहस्राक्ष अग्नि।

अग्ने सहस्राक्ष शतमूर्धञ्छतं ते प्राणाः सहस्रं व्यानाः।
त्वं साहस्रस्य राय ईशिषे तस्मै ते विधेम वाजाय स्वाहा ॥
(वा० य० १७।७१)

' हे सहस्र नेत्रवाले अग्ने ! तेरे सैकडों प्राण, सैंकडों उदान और सहस्र व्यान हैं। सहस्रों धनोंपर तेरा प्रभुत्व है। इसलिये शक्तिके लिये हम तेरी प्रशंसा करते हैं।

इस मन्त्रका ' सहस्राक्ष अग्नि ' आत्माही है। शतक्रतु, इन्द्र, सहस्राक्ष आदि शब्द आत्मावाचकही हैं। सहस्र तेजोंका धारण करनेवाला आत्माही सहस्राक्ष अग्नि है। प्राण, उदान, व्यान आदि सब प्राण सैकडों प्रकारके हैं। प्राणका स्थान शरीरमें निश्चित है। हृदयमें प्राण है, गुदाके प्रान्तमें अपान है, नाभिस्थानमें समान है, कंठमें उदान है और सर्व शरीरमें व्यान है। प्रत्येक स्थानमें छोटे मोटे अनेक अवयव हैं और प्रत्येक अवयव के सूक्ष्म भेद सहस्रों हैं। प्रत्येक स्थानमें और सूक्ष्मसे सूक्ष्म भेदमें उस उस प्राणकी अवस्थिति है। तात्पर्य, प्रत्येक प्राणके सैकडों और सहस्रों भेद हो सकते हैं। इस प्रकार यह प्राणशक्तिका विस्तार हजारों रूपोंसे सब शरीरभर सूक्ष्मसे सूक्ष्म अंशमें हुआ है। यही कारण है कि प्राणशक्ति वश होनेके कारण सब अंग-प्रत्यंग अपने अधीन हो जाते हैं और सब शरीरकी निरोगता भी सिद्ध हो सकती है।

इस प्रकार यजुर्वेदका प्राणविषयक उपदेश है। यजुर्वेदका उपदेश क्रिया-प्रधान होता है। इसलियें पाठक इस उपदेशकी ओर अनुष्ठानकी दृष्टिसे देखें और इस उपदेशको अपने आचरणमें ढालनेका यत्न करें।

सामवेद उपासनात्मक होनेसे प्राणके साथ उसका घनिष्ठ सम्बन्ध है। कई विद्वान् उसको उक्त कारणसे 'प्राण-वेद' भी समझते हैं। उपासनाद्वारा जो प्राणका बल बढता है, उतनीही सहायता सामवेदसे इस विषयमें होती है। अन्य बातोंका उपदेश करना अन्य वेदोंकाही कार्य है। इसलिये यहाँ इतनाही लिखते हैं कि जो परमात्मोपासनाका विषय है, उसको प्राण-शक्तिका विकास करनेके लिये पाठक अत्यंत आवश्यक समझें और अनुष्ठान करनेके समय उसको किया करें। अब अथर्ववेदका प्राणविषयक उपदेश देखते हैं—

अथर्ववेदका प्राणविषयक उपदेश ।

प्राणापानौ मृत्योर्मा पातं स्वाहा । (अथर्व० २।१६।१)
मेमं प्राणो हासीन्मो अपानः ॥ (अथर्व० २।२८।३)

" प्राण, अपान मुझे मृत्युसे बचावें । प्राण, अपान इसको न छोडें ।"

इन मंत्रोंमें प्राणकी शक्तिका स्वरूप बताया है । प्राणकी सहायतासे मृत्युसे संरक्षण होता है । प्राण वशमें आ जायगा, तो मृत्युका भय नहीं रहता। मृत्युका भय हटानेके लिये प्राणकी प्रसन्नता करनी चाहिये । देखिये-

प्राण प्राणं त्रायस्वासो असवे मृड । निर्ऋते निर्ऋत्या नः पाशेभ्यो मुञ्च ॥४॥ वातः प्राणः ॥५॥ (अथर्व० १९।४४)

" हे प्राण ! हमारे प्राणका रक्षण कर । हे जीवन ! हमारे जीवनको सुखमय कर । हे अनियम ! अनियमके पाशोंसे हमें बचा ।"

अपनी प्राण शक्तिका संरक्षण करना चाहिये, अपने जीवनको मंगलमय बनाना चाहिये, निर्ऋतिके जालोंसे बचाना चाहिये । 'ऋति' का अर्थ " प्रगति, उन्नति, सन्मार्ग, उत्कर्ष, अभ्युदय, योग्यता, सत्य, सीधा मार्ग, संरक्षण, पवित्रता " इतना है। अर्थात् निर्ऋतिका अर्थ- "अवनति, कुमार्ग, अपकर्ष, अयोग्य रीति, असन्मार्ग, टेढी चाल, घातपातकी रीति, अपवित्रता" यह होता है। निर्ऋतिके साथ जानेवाला निःसन्देह अधोगतिको चले जाता है। इसलिये इस टेढे मार्गके भ्रमजालसे बचनेकी सूचना उक्त मंत्रमें दी है । हरएक मनुष्य, जो उन्नति चाहता है, सावधान रहता हुआ अपने आपको इस अधोगतिके मार्गसे बचावे । निर्ऋतिके जाल प्रारंभमें बडे सुंदर दिखाई देते हैं, परन्तु जो उनमें एक वार फँसता है, उसको उठना बडा मुश्किल प्रतीत होता है । सब प्रकारके दुर्व्यसन, भ्रम, आलस्य, छल, कपट आदि सबही इस निर्ऋतिके जालके रूप हैं। जो लोग इस जालमें फँसते हैं, उनको उठना मुश्किल हो जाता है । इसलिये उन्नति चाहनेवाले सज्जनोंको उचित है कि, वे इस बुरे रास्तेसे अपने आपको बचावें । योगसाधन करनेवालोंको यह उपदेश अमूल्य है । योगके यमनियम इसी उपदेशके

अनुसार बने हैं। अपने विषयमें किस प्रकारकी भावना करनी चाहिये, इसका उपदेश निम्न मन्त्रमें किया है—

मैं विजयी हूं।

सूर्यो मे चक्षुर्वातः प्राणो अन्तरिक्षमात्मा पृथिवी शरीरम्॥
अस्तृतो नामाहमयमस्मि स आत्मानं नि दधे द्यावापृथिवीभ्यां गोपीथाय॥ (अथर्व० ५।९।७)

'सूर्य मेरा नेत्र है, वायु मेरा प्राण है, अन्तरिक्षस्थ तत्त्व मेरा आत्मा है, पृथिवी मेरा स्थूल शरीर है, इस प्रकारका मैं अपराजित हूं। मैं अपने आपको द्यु और पृथिवी लोकके अन्तर्गत जो कुछ है, उस सबके संरक्षणके लिये अर्पण करता हूं।'

आत्मशक्तिका विकास करनेके लिये, समष्टिकी भलाईके लिये अपने आपको समर्पित करना चाहिये और अपनी आन्तरिक शक्तियोंके साथ बाह्य देवताओंका सम्बन्ध देखना चाहिये। इतनाही नहीं प्रत्युत बाह्य देवताओं के अंश अपने शरीरमें रहे हैं, और बाह्य देवताओंके सूक्ष्म अंशोंका बना हुआ मैं एक छोटासा पुतला हूं, ऐसी भावना धारण करके अपने आपको देवताओंका अंशरूप, तथा अपने शरीरको देवताओंका संघ अथवा मन्दिर समझना चाहिये। योगसाधनमें यही भावना मुख्य है। अपने आपको निकृष्ट और हीन दीन समझना नहीं चाहिये, परन्तु [अहं अस्तृतः अस्मि I am invincible] मैं अपराजित हूं, मैं शक्तिशाली हूं, इस प्रकारकी भावना धारण करनी चाहिये। देखिये, वेदका कैसा उपदेश है और साधारण लोग क्या कर रहे हैं! जैसे जिसके विचार होंगे, वैसीही उसकी अवस्था बनेगी। इसलिये अपने विषयमें कदापि तुच्छ बुद्धि धारण करना उचित नहीं है। प्राणायाम करनेवाले सज्जनको तो अत्यंत आवश्यक है कि वह अपने शरीरको देवताओंका मन्दिर, ऋषियोंका आश्रम समझे और अपने आपको उसका अधिष्ठाता तथा परमात्माका सहचारी समझे। अपनी भावना जैसी दृढ होगी, वैसाही अनुभव आ सकता है। वेदमें—

पंचमुखी महादेव ।

प्राणापानौ व्यानोदानौ ॥ (अथर्व० ११।८।२६)

प्राण, अपान, व्यान, उदान आदि नाम आ गये हैं। उपप्राणोंके नाम वेदमें दिखाई नहीं देते। किसी अन्य रूपसे होंगे, तो पता नहीं। यदि किसी विद्वान्को इस विषयमें ज्ञान हो, तो उसको प्रकाशित करना चाहिये। पंचप्राणही पंचमुखी रुद्र हैं। रुद्रके जितने नाम हैं, वे सब प्राणवाचकही हैं। महादेव, शंभु आदि रुद्रके सब नाम प्राणवाचक हैं। महादेवके पांच मुख जो पुराणोंमें हैं, उनका इस प्रकार मूल विचार है। महादेव मृत्युंजय कैसा है, इसका यहाँ निर्णय होता है। शतपथमें एकादश रुद्रोंका वर्णन है।

कतमे रुद्रा इति । दशेमे पुरुषे प्राणा आत्मैकादशः ॥

(शत० ब्रा० १४।५)

'कौनसे रुद्र हैं? पुरुषमें दश प्राण हैं और ग्यारहवाँ आत्मा है। ये ग्यारह रुद्र हैं।' अर्थात् प्राणही रुद्र हैं, और इसलिये भव, शर्व, पशुपति आदि देवताके सब सूक्त अपने अनेक अर्थोंमें प्राणवाचक एक अर्थ भी व्यक्त करते हैं। पशुपति शब्द प्राणवाचक माननेपर पशु शब्दका अर्थ इंद्रिय ऐसाही होगा। घोडे, गौवें, पशु आदि अनेक प्रकारसे इंद्रियोंका वर्णन किया गया है। इस रीतिसे वेदमें अनेक स्थानोंमें प्राणकी उपासना दिखाई देगी। आशा है कि पाठक इस प्रकार वेदका विचार करेंगे। इस लेखमें रुद्रवाचक सब सूक्तोंका प्राणवाचक भाव बतानेके लिये स्थान नहीं है, इसलिये इस स्थानपर केवल दिग्दर्शनही किया है। अग्नि शब्द भी विशेष प्रसंगमें प्राणवाचक है। पंच प्राण, पंच अग्नि, प्राणाग्निहोत्र आदि शब्दोंद्वारा प्राणकी अग्निरूपता सिद्ध है। इस भावको देखनेसे पता लगता है कि अग्निदेवताके मन्त्रोंमें भी प्राणका वर्णन गौण वृत्तिसे है। मध्य-स्थानीय देवताओंमें वायु और इन्द्र ये दो देवताएँ प्रमुख हैं। वायु देवता-की प्राणरूपता सुप्रसिद्धही है। स्थान-सान्निध्यसे इंद्रमें भी प्राणरूपत्व आ सकता है। इस दृष्टिसे इंद्र देवताके मन्त्रोंसे भी वेदमें प्राणका वर्णन

मिल सकता है । इस प्रकार अनेक देवताओं द्वारा वेदमें प्राणशक्तिका वर्णन है । किसी स्थानपर व्यष्टिदृष्टिसे है और किसी स्थानपर समष्टिदृष्टिसे । यह सब प्राणका वर्णन एकत्र करनेसे लेखविस्तार बहुत हो सकता है, इसलिये यहाँ केवल उतनाही लेख लिखा जाता है कि जिन मंत्रोंमें स्पष्ट रूपसे प्राणका वर्णन आ गया है । अब प्राणकी सत्ता कितनी व्यापक है, उसका वर्णन निम्न मन्त्रोंमें देखिये—

प्राणका मीठा चाबुक ।

महत्पयो विश्वरूपमस्याः समुद्रस्य त्वोत रेत आहुः ॥ यत एति मधुकशा रराणा तत्प्राणस्तदमृतं निविष्टम् ॥३॥ मातादित्यानां दुहिता वसूनां प्राणः प्रजानाममृतस्य नाभिः ॥ हिरण्यवर्णा मधुकशा घृताची महान्भर्गश्चरति मर्त्येषु ॥४॥ (अथर्व० ९।१)

" (अस्याः) इस पृथिवीकी और समुद्रकी बडी (रेत) शक्ति तू है, ऐसा सब कहते हैं । जहाँसे चमकता हुआ मीठा चाबुक चलता है, वही प्राण और वही अमृत है । आदित्योंकी माता, वसुओंकी दुहिता, प्रजाओंका प्राण और अमृतकी नाभि यह मीठा चाबुक है । यह तेजस्वी, तेज उत्पन्न करनेवाली और (मर्त्येषु गर्भ) मर्त्योंके अन्दर सचार करनेवाली है । "

इस मन्त्रमें ' मधु-कशा ' शब्द है । 'मधु' का अर्थ मीठा, स्वादु है और 'कशा' का अर्थ चाबुक है । घोडा, गाडी चलानेवालेके पास चाबुक होता है । चाबुक मारनेसे गाडीके घोडे चलते हैं । उक्त मन्त्रोंमें ' मधु कशा ' अर्थात् मीठे चाबुकका वर्णन है । यह मीठा चाबुक अश्विनी देवोंका है । अश्विनी देव प्राणरूपसे नासिकास्थानमें रहते हैं । प्राण-अपान, श्वास-उच्छ्वास, दाँये और बाँये नाकका श्वास, यह अश्विनीदेवोंका प्राणमय रूप शरीरमें है । इस शरीरमें अश्विनीरूप प्राणोंका 'मीठा चाबुक' कार्य कर रहा है और शरीररूपी रथके इन्द्रियरूप घोडोंको चला रहा है । इस चाबूकका यह स्वरूप देखनेसे वेदके इस अद्वितीय और विलक्षण अलंकारकी कल्पना पाठकोंके मनमें स्थिर हो सकती है । यह प्राणोंका मीठा चाबुक हम सबको

प्रेरणा कर रहा है । इसकी प्रेरणाके विना इस शरीरमें कोई कार्य होता नहीं है। इतनाही नहीं, परन्तु सब जगत्में यह 'मीठा चाबुक' ही सबको गति दे रहा है । सब जगत्में यह प्राणका अर्थ देखनेयोग्य है । मन्त्र कहता है कि, 'इस मीठे चाबुकमें पृथ्वी और जलकी सब शक्ति रहती है । जहाँसे यह मीठा चाबुक चलाया जाता है, वहाँ ही प्राण और अमृत रहता है ।" प्राण और अमृत एकत्रही रहता है, क्योंकि जबतक शरीरमें प्राण रहता है, तबतक मरणकी भीति नहीं होती । और सबही जानते हैं कि, प्राणियोंके शरीरोंमें प्राणही सबका प्रेरक है, इसलिये उसके चाबुककी कल्पना उक्त मंत्रमें कही है, क्योंकि शरीररूपी रथके घोडे चलानेका कार्य यही चाबुक कर रहा है । दूसरे मंत्रमें कहा है कि, " यह चाबुक शरीरस्थ वसु आदि देवताओंका सहाय्यक है, यह प्रजाओंका प्राणही है, अमृतका मध्य यही है । यह प्राण मर्त्योंमें तेज और चेतना उत्पन्न करता है और सब प्राणियोंके बीचमें यह चलता है ।" यह वर्णन उत्तम अलंकारसे युक्त है, परंतु स्पष्ट होनेसे प्रत्येक मनुष्य इसका उपदेश जान सकता है । तथा—

अपनी स्वतंत्रता और पूर्णता ।

नसोः प्राणः ॥१॥ [अथर्व० १९।६०]

श्रोत्रं चक्षुः प्राणोऽच्छिन्नो नो अस्त्वच्छिन्ना
वयमायुषो वर्चसः ॥ १ ॥ [अथर्व० १९।५८]

अयुतोऽहमयुतो म आत्माऽयुतं मे चक्षुरयुतं मे श्रोत्रमयुतो
मे प्राणोऽयुतो मेऽपानोऽयुतो मे व्यानोऽयुतोऽहं सर्वः ॥१॥
[अथर्व० १९।५१]

" मेरी नाकमें प्राण स्थिरतासे रहे । मेरा कान, नेत्र और प्राण छिन्न-भिन्न न होता हुआ मेरे शरीरमें कार्य करे। मेरी आयु और तेज अविच्छिन्न अर्थात् दीर्घ होवे । मैं, अपनी आत्मा, चक्षु, श्रोत्र, प्राण, अपान, व्यान आदि सब मेरी शक्तियाँ पूर्ण स्वतंत्र और उन्नत होकर मेरे शरीरमें रहें।"

आयु और प्राण अविच्छिन्न रूपसे अपने शरीरमें रहनेकी प्रबल इच्छा

उक्त मंत्रमें है । सब इंद्रियाँ तथा सब अन्य शक्तियाँ अविच्छिन्न तथा पूर्ण उन्नत रूपसे अपने शरीरमें प्रकट होनेकी व्यवस्था प्रत्येकको करनी चाहिये । उक्त मंत्रमें कई शब्द अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं—

अहं अयुत' ।
अहं सर्वः अयुत ।

" मैं संपूर्ण रूपसे स्वतंत्र, दूसरे किसीकी सहायताकी अपेक्षा न करने योग्य समर्थ, किसी कष्टसे खलबली न मचनेयोग्य दृढ हूं । " यह भावना यदि मनमें स्थिर हो जायगी तो मनुष्यकी शक्ति कितनी बढ सकती है, इसका विचार पाठक भी कर सकते हैं । मेरी इंद्रियां, मेरे प्राण तथा मेरे अन्य अवयव ऐसे दृढ और बलवान् होने चाहिये कि, मुझे उनके कारण कभी क्लेश न हो सके, तथा किसी दूसरी शक्तिकी अपेक्षा न करता हुआ मैं पूर्ण स्वतंत्रताके साथ आनंदसे अपने महान् महान् पुरुषार्थ कर सकूं । कोई यह न समझे कि यह केवल ख्यालही है, परंतु मैं यहां कह सकता हूं कि यदि मनुष्य निश्चय करेंगे तो निःसंदेह वे अपने आपको इस प्रकार पूर्ण स्वतंत्र बना सकते हैं और उक्त शक्तियोंका पूर्ण विकास वे अपने अंदर कर सकते हैं । तथा—

प्राणकी मित्रता ।

इहैव प्राणः सख्ये नो अस्तु तं त्वा परमेष्ठिन्
पर्यहमायुषा वर्चसा दधामि ॥१९॥ [अथर्व० १।१।१]

"यहाँ ही प्राण हमारा मित्र बने । हे परमेष्ठिन् ! अपने आयुष्य और तेजके साथ आपकोही मैं धारण करता हूं ।" प्राणके साथ मित्रताका तात्पर्य इतनाही है कि, अपने शरीरमें प्राण बलिष्ट होकर रहे, कभी अल्प आयुमें प्राण दूर न हो । अपने आयुष्यमें परमेष्ठी परमात्माकीही सेवा और उपासना करनी चाहिये । परमात्मा सर्वश्रेष्ठ गुणोंका केंद्र होनेसे परमात्मचिंतनद्वारा सबही श्रेष्ठ सद्गुणोंका ध्यान होता है और मनुष्य जिसका सदा ध्यान करता है, उसके समान बन जाता है, इस नियमसे

(अ)नुसार परमेश्वरके गुणोंके चिन्तनसे मनुष्य भी श्रेष्ठ बनता है। उपा(स)नाका और मानवी उन्नतिका यह संबंध है। इस प्रकार जो सत्पुरुष अपनी (प्रा)णशक्तिको बढाता है, उसकी प्राणशक्ति कितनी विस्तृत होती है, इसकी (क)ल्पना निम्न लिखित मंत्रोंसे हो सकती है। देखिये—

तस्य व्रात्यस्य ॥ सप्त प्राणाः सप्तापाना सप्त व्यानाः ॥ योऽस्य प्रथमः प्राण ऊर्ध्वो नामायं सो अग्निः ॥ योऽस्य द्वितियः प्राणः प्रौढो नामासौ स आदित्यः ॥ योऽस्य तृतीयः प्राणोऽभ्यूढो नामासौ स चंद्रमाः ॥ योऽस्य चतुर्थः प्राणो विभूर्नामायं स पवमानः ॥ योऽस्य पञ्चमः प्राणो योनिर्नाम ता इमा आपः ॥ योऽस्य षष्ठः प्राणः प्रियो नाम त इमे पशवः ॥ योऽस्य सप्तमः प्राणोऽपरिमितो नाम ता इमाः प्रजाः ॥ [अथर्व० १५।१५।१-९]

" उस (व्रात्यस्य) संन्यासी सत्पुरुषके सात प्राण, सात अपान, सात (व्)यान हैं। उसके सातों प्राणोंके क्रमशः नाम ऊर्ध्व, प्रौढ, अभ्यूढ, विभू, (य)ोनि, प्रिय और अपरिमित हैं और उनके सात स्वरूप क्रमशः अग्नि, (आ)दित्य, चंद्रमा, पवमान, आपः, पशु और प्रजा हैं।" इसी प्रकार इसके (अ)पान और व्यानका वर्णन उक्त स्थानमेंही वेदने किया है। वहीं (उ)सको पाठक देखें। विस्तार होनेके भयसे उस सबको यहाँ नहीं लिया (है)। मनुष्य अपनी शक्तिको इस प्रकार बढा सकता है। जो मनुष्य अपने (स)ातों प्राणोंको अपरिमित रूपमें बढा सकता है, वही अपने आपको (स)ब प्रजाजनोंके हितके कार्यमें अर्पण करता है। जो अपने प्राणको ऊर्ध्व (अ)र्थात् उच्च करता है, वह अग्निके समान तेजस्वी होता है। इत्यादि (प्र)कार उक्त कथनका भाव समझना चाहिये। तथा—

समयकी अनुकूलता।

काले मनः काले प्राणः काले नाम समाहितम् ॥
कालेन सर्वा नंदन्त्यागतेन प्रजा इमाः ॥७॥ [अथर्व० १९।५३]

" कालकी अनुकूलतासे मन, प्राण और नाम रहता है। कालकी अनुकूलतासे सब प्रजाओंको आनद होता है।"

कालका नियम पालन करना चाहिये। पुरुषार्थके साथ कालकी अनुकूलता होनेसे उत्तम फल प्राप्त होता है। कालका धिक्कार नहीं करना चाहिये। जो अनुकूलता प्राप्त होती है, उसका उपयोग अवश्य करना चाहिये। प्राणायामादि साधन करनेवालेको उचित है कि, वे योग्य कालमें नियमपूर्वक अपना अभ्यास किया करें, तथा जिस समय जो करना योग्य है, उसको अवश्यही उस समय करना चाहिये। अब प्राणके संरक्षक ऋषियोंका वर्णन निम्नलिखित मन्त्रमें देखिये—

प्राणरक्षक ऋषि।

ऋषी बोधप्रतीबोधावस्वप्नो यश्च जागृविः।
तौ ते प्राणस्य गोप्तारौ दिवा नक्तं च जागृताम् ॥१०॥
[अथर्व० ५।३०]

" बोध और प्रतिबोध अर्थात् स्फूर्ति और जागृति ये दो ऋषि हैं। ये दोनों तेरे प्राणकी रक्षा करते हुए दिनरात जागते रहें।"

प्रत्येक मनुष्यमें ये दो ऋषि हैं। "स्फूर्ति और जागृति" ये दो ऋषि हैं। एक उत्साहकी प्रेरणा करता है और दूसरा सावधान रहनेकी चेतना देता है। उत्साह और सावधानता ये दो सद्गुण जिस मनुष्यमें जितने होंगे, उतनी योग्यता उस मनुष्यकी हो सकती है। ये दो ऋषि प्राणके संरक्षणका कार्य करते हैं और यदि ये दिनरात जागते रहेंगे, तो मनुष्यको मृत्युकी बाधा नहीं हो सकती। जबतक मनुष्यका मन उत्साहसे परिपूर्ण रहेगा और जबतक सावधानताके साथ वह अपना व्यवहार करेगा, तबतक उसको मरणकी भीति नहीं होगी, यह साधारण नियम समझिये।

जो लोग असावधानताके साथ अपना दैनिक व्यवहार करते हैं, तथा जो सदा हीनदीन और दुर्बलताकेही विचार मनमें धारण करते हैं,

उनको इस मंत्रका भाव ध्यानमें धरना उचित है। वेद कहता है कि, 'मनमें उत्साहके विचार धारण करो और प्रति क्षण सावधान रहो।' जो मनुष्य अपने आपको वैदिकधर्मी समझता है, उसको उचित है कि वह अपने मनमें वेदकेही अनुकूल भाव धारण करे। वैदिक धर्मी मनुष्य-को उचित नहीं कि वह वेदके विरुद्ध हीन और दीनताके विचार अपने मनमें धारण करके मृत्युके वशमें हो। वैदिक धर्मका विशेष उद्देश्य सर्वसाधारण जनताकी आयुष्यवृद्धि और आरोग्यवृद्धि करना है। इसीलिये स्थान स्थानके वैदिक सूक्तोंमें दीर्घायुत्वके अनेक उपदेश आते हैं। पाठक इन बातोंको ठीक प्रकार अपने मनमें धारण करें।

वृद्धताका धन।

प्र विशतं प्राणापानावनड्वाहाविव व्रजम् ॥
अयं जरिम्णः शेवधिरारिष्ट इह वर्धताम् ॥ ५ ॥
आ ते प्राणं सुवामसि परा यक्ष्मं सुवामि ते ॥
आयुर्नो विश्वतो दधदयमग्निर्वरेण्यः ॥ ६ ॥ [अथर्व० ७।५३]

" जिस प्रकार बैल अपने स्थानपर वापस आते हैं, उस प्रकार प्राण और अपान अपने स्थानपर आ जावें। वृद्धावस्थाका जो खजाना है, वह यहाँ कम न होता हुआ बढता रहे। तेरे अंदर प्राणको प्रेरित करता हूं और बीमारीको दूर फेंकता हूं। यह श्रेष्ठ अग्नि हम सबको सब प्रकारसे दीर्घ आयु देवे।"

बैल शामके समय वेगसे अपने स्थानपर आ जाते हैं। उसी प्रकार बलयुक्त वेगसे प्राण और अपान अपने अपने स्थानमें रहें। जब प्राण और अपान बलवान् बनकर अपना अपना कार्य करेंगे, तब मृत्युका भय नहीं हो सकता और मनुष्य दीर्घ आयुष्यरूपी धन प्राप्त कर सकता है। सब धनोंमें आयुष्यरूपी धनही सबसे श्रेष्ठ है, क्योंकि सब अन्य धनोंका उपयोग इसके होनेपरही हो सकता है। उक्त मंत्रमें—

अरिष्टः शेवधिः इह वर्धताम् ॥५॥ [अथर्व० ७।५३]

ये शब्द मनन करनेयोग्य हैं। "वृद्ध आयुका खजाना यहाँ बढता रहे।" अर्थात् इस लोकमें आयु बढती रहे। ये शब्द स्पष्टतासे बता रहे हैं कि, आयु निश्चित नहीं, प्रत्युत बढनेवाली है। जो मनुष्य अपनी आयु बढाना चाहेगा, वह उस प्रकारके आयुष्यवर्धक सुनियमोंका पालन करके आयु बढा सकता है। इस प्रकार वेदका उपदेश अत्यंत स्प॰ है। परंतु कई वैदिकधर्मी समझते हैं कि आयु निश्चित है और वह बढ नहीं सकती। जिन बातोंमें वेदका कथन स्पष्ट है, उन बातोंमें कमसे कम भिन्न विचार वैदिकधर्मियोंको धारण करना उचित नहीं है।

बोध और प्रतिबोध।

पूर्वस्थानमें बोध और प्रतिबोध ये दो ऋषि हैं, ऐसा कहा है। वही भाव थोडेसे भेदसे निम्नलिखित मंत्रमें आया है। देखिये—

बोधश्च त्वा प्रतीबोधश्च रक्षतामस्वप्नश्च त्वानवद्राणश्च रक्षताम्। गोपायश्च त्वा जागृविश्च रक्षताम् ॥१३॥ [अ० ८।१]

" उत्साह और सावधानता तेरा रक्षण करें। स्फूर्ति और जागृति तेरा संरक्षण करें। रक्षक और जागृत तेरा पालन करें।"

इस मंत्रमें संरक्षक गुणोंका वर्णन है। उत्साह, सावधानता, स्फूर्ति, जागृति, रक्षण और दक्षता ये गुण संरक्षण करनेवाले हैं। इनके विरुद्ध गुण घातक है। इसलिये अपनी अभिवृद्धिकी इच्छा करनेवालेको उचित है कि वह उक्त गुणोंकी वृद्धि अपनेमें करे। इस मंत्रके साथ पूर्व मंत्र, जिसमें दो ऋषियोंका वर्णन है तुलना करके देखें। अब निम्नलिखित मंत्र देखिये-

उन्नतिही तेरा मार्ग है।

उद्यानं ते पुरुष नावयानं जीवातुं ते दक्षतातिं कृणोमि।
आ हि रोहेममृतं सुखं रथमथ जिर्विर्विदथमा वदासि ॥
[अथर्व० ८।१]

" हे मनुष्य ! तेरी गति [उत् यानं] उन्नतिकी ओर ही होनी चाहिये। कभी भी [अवयानं न] अवनतिकी ओर होनी नहीं चाहिये। तेरे दीर्घ आयुष्यके लिये मैं बलका विस्तार करता हूं। इस सुखमय शरीररूपी अमृतमय रथपर [आरोह] चढो और जब तुम दीर्घ आयुसे युक्त हो जाओगे तब [विदथं] सभाओंमें [आवदासि] संभाषण करोगे।"

अपना अभ्युदय करनेका यत्न करना चाहिये, कभी ऐसा कर्म करना नहीं चाहिये कि, जिससे अवनति होनेकी संभावना हो सके। जीवनके लिये प्राणका बल फैलाना चाहिये। प्राणका बल बढनेसे दीर्घ आयुष्य प्राप्त हो सकता है। यह शरीररूपी उत्तम रथ है, जिसमें इंद्रियरूपी घोडे जोते होते हैं। इस रथमें प्राणरूपी अमृत है, इसलिये इसको सुखमय रथ कहा जाता है। इस सर्वोत्तम रथपर आरूढ हो जाओ और अपनी उन्नतिके मार्गमें आगे बढो। जब तुम बल और दीर्घ आयु पाओगे, तब तुमको बडी बडी सभाओंमें अवश्यही संभाषण करना होगा, क्योंकि दूसरोंका सुधार करनेके लिये तुमको प्रयत्न करनाही चाहिये। जीवनार्थ युद्धमें सब जनताको उत्तम मार्ग बतानेका कार्य तुम्हाराही है। तुमको स्वार्थी बनना नहीं चाहिये। प्रत्युत जनताकी उन्नतिमें अपनी उन्नति समझनी चाहिये। इस मंत्रमें पता लगता है कि, प्राणायामादि साधनोंद्वारा दीर्घ आयु, उत्तम आरोग्य, अद्वितीय बल, सूक्ष्म बुद्धि और विशाल मन प्राप्त करनेके पश्चात् मनुष्यको अपना जीवन सार्वजनिक हितसाधन करनेमें लगाना चाहिये। समाजसे अलग होकर अपनीही शांति प्राप्त करनेमात्रसे मनुष्य कृतकार्य नहीं हो सकता, परंतु जब एक " नर " अपने आपको उन्नत करनेके पश्चात् " वैश्वा-नर " के लिये आत्मसमर्पण करता है, तबही वह उच्चतम अवस्था प्राप्त कर सकता है। यही सर्व-मेध यज्ञ है। अस्तु।

इस प्रकार उक्त मंत्रने योगी मनुष्यके सम्मुख अंतिम उच्च आदर्श रख दिया है। आशा है कि, सब श्रेष्ठ मनुष्य इस वैदिक आदर्शको अपने सम्मुख रखकर अपना जीवन इसके अनुसार ढालनेका यत्न करेंगे। अब अन्य बातोंका विचार यहाँ करना है। योगी जनोंका अधिकार कहाँतक

पहुचता है, इसका पता निम्न लिखित मंत्रोंसे लग सकता है—

यमके दूत ।

कृणोमि ते प्राणापानौ जरां मृत्युं दीर्घमायुः स्वस्ति ।
वैवस्वतेन प्रहितान् यमदूतांश्चरतोऽप सेधामि सर्वान् ॥११॥
आरादरातिं निर्ऋतिं परो ग्राहिं क्रव्यादः पिशाचान् ।
रक्षो यत्सर्वं दुर्भूतं तत्तम इवाप हन्मसि ॥ १२ ॥
अग्नेष्टे प्राणममृतादायुष्मतो वन्वे जातवेदसः ॥
यथा न रिष्या अमृतः सजूरसस्तत् ते कृणोमि तदु ते
समृध्यताम् ॥ १३ ॥ [अथर्व० ८।२]

"मैं तेरे अंदर प्राण और अपानका बल, दीर्घ आयु, [स्वस्ति] स्वास्थ्य आदि सब अच्छे भाव, वृद्धावस्थाके पश्चात् योग्य समयमें मृत्यु आदि करता हूं । वैवस्वत यमके द्वारा भेजे हुए यमदूतोंको मैं ढूंढ ढूंढ कर दूर करता हूँ ॥ [अराति] अदानता, [निर्ऋति] नियमविरुद्ध व्यवहार, [ग्राहिं] देरसे चलनेवाले रोग, [क्रव्याद्] मांसको क्षीण करनेवाली बीमारी, [पिशाचान्] रक्तको निर्बल करनेवाले रक्तके कृमि, [रक्ष =क्षर सब क्षयके कारण, [सर्वं दुर्भूत] सब बुरा व्यवहार आदि जो कुछ विनाशक है, उस सबको अंधकारके समान मैं दूर करता हूं ॥ तेरे लिये मैं तेजस्वी, अमर और आयुष्मान् जातवेदसे प्राण प्राप्त करता हूं । जिस प्रकार तेरा अकाल मृत्यु न होगा, तू अमर अर्थात् दीर्घजीवी बनोगे, [सजू] मित्र भावसे सन्तुष्ट रहोगे और तुम्हें कष्ट न होगा, इस प्रकारकी समृद्धि तेरे लिये मैं अर्पण करता हूं ।"

इन मंत्रोंमें प्राण-साधन करके, जो विलक्षण सिद्धि प्राप्त होती है, उस का उत्तम वर्णन है । प्राणका बल प्राप्त करनेसे सब प्रकारका स्वास्थ्य, दीर्घ आयु, बल तथा योग्य कालमें मृत्यु हो सकता है । परन्तु प्राणका बल न होनेकी अवस्थामें नाना प्रकारके रोग, अल्प आयु, अशक्तता और अकाल मृत्यु होती हैं । इसलिये प्राणायामादि द्वारा प्राणकी शक्ति बढानेकी आवश्यकता

स्पष्टतासे सिद्ध होती है। जो विद्वान् आयुको परिमित और निश्चित मानते हैं, वे कहते हैं, कि यमके दूत सब जगत्में संचार करते हैं, वे आयुकी समाप्तिके समय मनुष्यके प्राणोंका हरण करते हैं। इसलिये आयु बढ नहीं सकती इस अवैदिक मतका खंडन करते हुए वेद कहता है कि, जो यमदूत इस जगत्में संचार करते होंगे, उनको भी प्राणके अनुष्ठानसे दूर किया जा सकता है। इसमें मनुष्य पराधीन नहीं है। अनुष्ठानकी रीतिसे प्राणका बल बढायेंगे, तो उसी क्षण यमदूत स्वयं दूर हो सकते हैं। प्राणोपासना करनेवालोंके ऊपर यमदूत अपना प्रभाव नहीं डाल सकते। इस प्रकारका अभय-दान वेद दे रहा है, इसकी ओर प्रत्येक वैदिकधर्मीको ध्यान अवश्य देना चाहिये। इस विचारको धारण करके निर्भय बनकर प्राणायाम द्वारा अपनी आयु प्रत्येकको दीर्घ बनानी चाहिये, तथा अन्य प्रकारका स्वास्थ्य भी प्राप्त करना चाहिये। प्राणयामके अनुष्ठानसे मनुष्य इतना बल प्राप्त कर सकता है कि, जिससे वह यमदूतोंको भी दूर भगा सकता है। इतना सामर्थ्य प्राप्त होता है, इसलियेही सब श्रेष्ठ पुरुष प्राणयामका महत्त्व वर्णन करते हैं।

प्राणायामसे सबही प्रकारके व्याधि, दोष और रोगोंके मूल कारण दूर हो सकते हैं। दुष्ट भाव, बुरा आचार, विधिनियमोंके विरुद्ध व्यवहार आदि सब दोष इस अभ्याससे दूर होते हैं। सब प्रकारके रोगोंके बीज शरीरसे हट जाते हैं। जिस प्रकार सूर्य अपने किरणोंद्वारा अंधकारका निर्मूलन करता है, उसी प्रकार योगी अपनी प्राणशक्तिके प्रभावसे सब रोगबीजोंको दूर कर सकता है।

जो सब बने हुए पदार्थोंको यथावत् जानता है, वह आत्मा "जात-वेद अग्नि" है। वह आत्मा अमृतरूप तथा आयुष्मान् है। इसलिये वही सबको अमर और आयुष्मान् कर सकता है। जो उसके साथ अपने आत्मा-को योगसाधनद्वारा संयुक्त कर सकते हैं, वे अपने आपको दीर्घ आयुसे युक्त और अमरत्वसे पूर्ण बना सकते हैं। इस प्रकारके साधनसंपन्न योगी अकाल-

मृत्युसे मरते नहीं, अमर बनते हैं, सदा सन्तुष्ट और प्रेमपूर्ण बनते हैं और इसलिये सब प्रकारकी समृद्धिसे युक्त होते हैं। यही सच्ची समृद्धि है। मनुष्यका अधिकार है कि, वह इस समृद्धिको प्राप्त करे।

चित्तवृत्तियोंका निरोध करना और मनकी सब वृत्तियोंको स्वाधीन रख कर उनको अच्छेही कर्ममें लगाना, योग कहलाता है। इस प्रकारका पुरुषार्थ जो करता है, उसको योगी कहते हैं। योगीके अंदर चंचलता नहीं रहती और दृढ स्थिरता मनोवृत्तियोंमें शोभा बढाने लगती है। इस प्रकारके योगीका नाम "अ-थर्वा" होता है। 'अ चंचल' यह अथर्वा शब्दका भाव है। एकाग्रताकी सिद्धि उसको प्राप्त होती है। इस अथर्वाका जो वेद है, वह अथर्ववेद है। वह अथर्ववेद सर्वसामान्य मनुष्योंके लिये नहीं है। योगसाधनका इसमें मुख्य भाग होनेसे तथा सिद्ध अवस्थाकी बातें इसमें होनेसे यह अथर्ववेद योगियोंका वेद है। इसमें इसी कारण प्राणायाम-विषयक उपदेश सब अन्य वेदोंकी अपेक्षा अधिक हैं। इस वेदमें अथर्वाके सिरका वर्णन निम्न प्रकार है—

अथर्वाका सिर।

मूर्धानमस्य संसीव्याथर्वा हृदयं च यत्।
मस्तिष्कादूर्ध्वं प्रैरयत्पवमानोऽधि शीर्षत ॥२६॥
तद्वा अथर्वण शिरो देवकोश समुब्जित।
तत्प्राणो अभि रक्षति शिरो अन्नमथो मन ॥२७॥
यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षु प्राणं प्रजां ददुः ॥२९॥
न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरस पुरा।
पुर यो ब्रह्मणो वेद यस्या' पुरुष उच्यते ॥३०॥
अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ॥३१॥

तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते।
तस्मिन् यद्यक्षमात्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः ॥३२॥
प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा संपरीवृताम्।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम् ॥३३॥ [अ० १०।२]

"[अ-थर्वा] स्थिरचित्त योगी अपने [मूर्धानं] मस्तिष्कके साथ हृदयको सीता है और सिरके मस्तिष्कके ऊपर अपने [पवमानः] प्राणको भेज देता है॥ वंही अथर्वाका सिर है कि, जिसको देवोंका कोश कहा जाता है। उसका रक्षण प्राण, अन्न और मन करता है॥ अमृतसे परिपूर्ण इस ब्रह्मकी नगरीको जो जानता है, उसको ब्रह्म और इतर देव चक्षु, प्राण और प्रजा देते हैं॥ वृद्धावस्थाके पूर्व चक्षु और प्राण उसको छोडते नहीं, जो इस ब्रह्मपुरीको जानता है और जिसमें रहनेके कारण आत्माको पुरुष कहते हैं॥ आठ चक्र और नौ द्वारोंसे युक्त यह देवोंकी अयोध्यानगरी है, इसमें तेजस्वी कोश है, वही दैदीप्यमान स्वर्ग है। तीन आरोंसे युक्त और तीन स्थानोंपर रहे हुए उस तेजस्वी कोशमें जो पूज्य आत्मा है, उसको ब्रह्मज्ञानी लोक जानते हैं। इस दैदीप्यमान, मनोहर, यशस्वी और अपराजित नगरीमें ब्रह्मा प्रवेश करता है।"

योगसाधन करनेवालोंके लिये यह उपदेश अमूल्य है। इसमें सबसे पहली बात यह कही है कि, हृदय और मस्तिष्कको एकरूप बनाना। हृदयका धर्म भक्ति है और मस्तिष्कका धर्म विचार है। भक्ति और विचारका विरोध नहीं होना चाहिये। दोनों एकही कार्यमें सम अधिकार-से प्रवृत्त होने चाहिये। जहाँ ये दोनों केंद्र विभक्त होते हैं, उसमें दोष उत्पन्न होते हैं। धर्ममें विशेषतः मस्तिष्ककी तर्कना और हृदयकी भक्तिको समान स्थान मिलना चाहिये। जिस धर्ममें इनको समान स्थान नहीं होता, उस धर्ममें बडे दोष होते हैं। शिक्षाविभागमें भी मस्तिष्क और हृदयका सम विकास होनेयोग्य शिक्षा होनी चाहिये। जिस शिक्षामें केवल मस्तिष्ककी तर्कशक्ति बढती है, उस शिक्षाप्रणालीसे

नास्तिकता उत्पन्न होती है और जिससे केवल भक्ति बढ़ती है, उस प्रणालीसे अंध विश्वास बढ़ता है। इसलिये तर्क और भक्तिका सम विकास होनेसे दोनों दोष दूर होते हैं और सब प्रकारकी उन्नति होती है। योगसाधन करनेवालेको उचित है कि वह अपने मस्तिष्ककी तर्कशक्ति और हृदय-की भक्ति सम प्रमाणमें विकसित करे। यही भाव "मूर्धा और हृदयको सीने" के उपदेशमें है। दोनोंको सीकर एक करना चाहिये और दोनोंको मिलाकर आत्मोन्नतिके कार्यमें समर्पित करना चाहिये।

ब्रह्मलोककी प्राप्ति।

"मस्तिष्कके ऊपरके स्थानमें प्राणको प्रेरित करना," यह दूसरा उपदेश उक्त मन्त्रोंमें है। मस्तिष्कमें सहस्रार चक्र है और इसके नीचे पृष्ठवंशके साथ कई अन्य चक्र हैं। प्राणायामद्वारा नीचेसे एक एक चक्रमें प्राण भरनेकी क्रिया साध्य होती है और सबसे अन्तमें इस मस्तिष्कके सहस्रार चक्रमें प्राण भेजा जाता है। इस अवस्थासे पूर्व पृष्ठवंशकी नाडियोंमें प्राणका उत्तम संचार होता है। तत्पश्चात् मस्तिष्कके सहस्रार चक्रमें प्राण पहुंचता है और ब्रह्मरंध्रतक प्राणकी गति होती है। यह प्राणकी सर्वोत्तम गति है। यही ब्रह्मलोक होनेसे तथा इस स्थानमें प्राणके साथ आत्माकी गति होनेसे, इस अवस्थामें मुमुक्षुको ब्रह्मलोक प्राप्त होता है। इसलिए इस अवस्थाको सबसे श्रेष्ठ अवस्था कहते हैं। यह सबसे श्रेष्ठ अवस्था प्राणायामके नियमपूर्वक अभ्याससे प्राप्त होती है, इस कारण यह योगियोंको प्राप्त होनेवाली अवस्था है।

देवोंका कोश।

अ-थर्वा अर्थात् योगीका उक्त प्रकारका सिर सचमुच देवोंका खजाना है। इस प्रकारके अथर्वाके सिरमें सब दिव्य भावनाएँ रहती हैं, सब दिव्य श्रेष्ठ दैवी शक्तियोंका निवास उसके शरीरमें होता है, इसलिये उसका देह देवताओंका सच्चा मंदिर है। इस देवोंके मंदिरकी रक्षा

करनेवाले जो वीर हैं, उनके नाम प्राण, मन और अन्न हैं। बलवान् प्राण सब रोगबीजों और शारीरिक दोषोंको हटाता है, तथा श्रेष्ठ सद्गुणी और सत्यनिष्ठ मन अपने सुविचारोंद्वारा इसको सुरक्षित रखता है। मनकी प्रबल इच्छाशक्तिद्वारा सबही दोष दूर हो सकते हैं और आदर्श अवस्था प्राप्त हो सकती है। सात्त्विक अन्नके सेवन करनेसे शरीर निर्दोष बनता है, मन भी सात्त्विक बनता है और प्राणका बल भी बढता है। इस प्रकार ये तीन वीर- "प्राण, मन और अन्न"— परस्परोंका संवर्धन करते हुए, सब मिलकर योगीकी सहायता करते हैं। यही प्राणायामका यश है।

ब्रह्मकी नगरी !

ब्रह्मकी नगरी हृदयमें है और उसमें अमृत है। यह अमृत देव प्राशन करते हैं और पुष्ट होते हैं। अर्थात् हृदयस्थानीय रुधिरही सब इंद्रियोंमें जाकर वहाँका आरोग्य स्थिर रखता है। इस अमृतपूर्ण ब्रह्मकी नगरीको जो ठीक प्रकार जानता है, इस पुरीके सब गुणधर्मोंसे जो परिचित होता है, अपने इस हृदयकी शक्तियोंको जो जानता है, उसको ब्रह्म और ब्रह्मकी शक्तियाँ चक्षु, प्राण और प्रजा देती हैं। चक्षु शब्दसे सब इंद्रिय और अवयवोंकी सूचना होती है, प्रजा शब्द सुप्रजाका बोध करता है और प्राण शब्दसे सामर्थ्ययुक्त जीवनका ज्ञान होता है। तात्पर्य, इस अपने हृदयकी शक्तियोंका उत्तम ज्ञान प्राप्त करनेसे उक्त प्रकारके लाभ हो सकते हैं। हृदयको तथा अपने आंतरिक इंद्रियों और अवयवोंको जानना चाहिये। प्राणायामसे जो चित्तकी एकाग्रता होती है, तब कई अज्ञात शक्तियोंका ज्ञान होता है। उसी अवस्थामें आंतरिक उपकरणों-का विज्ञान होता है, इसी रीतिसे हृदयादि अन्तरंगोंका पूर्ण ज्ञान होनेके पश्चात् वहाँ अपने आत्माकी शक्ति कैसी अद्भुत रीतिसे कार्य कर रही है, इसका साक्षात्कार होता है। इस प्रकार अपने आत्माकी शक्ति विदित होतेही उक्त फल प्राप्त होता है! सुप्रजा निर्माण करनेकी शक्ति,

दीर्घ आयु और बलवान् इंद्रिय, ये तीन फल अपने हृदयका तथा वहांकी आत्मशक्तिका ज्ञान प्राप्त करनेवालेको होते हैं ।

जो पुरुष ब्रह्मज्ञानी बनता है, वह अकाल मृत्युसे नहीं मरता, प्रत्युत पूर्ण आयुष्यकी समाप्तिके पश्चात् स्वकीय इच्छासे वह मरता है । आयुष्यकी समाप्तितक उसके संपूर्ण इंद्रिय, अवयव और अंग बलवान् और कार्यक्षम रहते हैं । यह ब्रह्मज्ञानका फल है । कई शंका करेंगे कि ब्रह्मज्ञानका यह फल कैसे प्राप्त होता है ? इस शंकाके उत्तरमें निवेदन है कि, ब्रह्मज्ञानसे आत्मिक शांति होती है और उस कारण उसको उक्त फल प्राप्त हो सकते हैं । तथा जो ब्रह्मज्ञानी होता है, उसका आचार-विचार शक्ति क्षीण करनेवाला न होनेके कारण उसकी शक्ति कभी क्षीण होतीही नहीं, प्रत्युत उसकी शक्ति विकसित होती है । जिसकी शक्तिकी अभिवृद्धि होती रहती है, उसको उक्त बातें प्राप्त करनी शक्यही है ।

अयोध्या नगरी ।

आठ चक्र और नौ द्वारोंसे युक्त यह देवताओंकी नगरी है, इसका नाम " अयोध्या " है । जिसमें देवभावना और आसुरी भावनाओंका संग्राम नहीं होता, अर्थात् जहाँ दैवी वृत्तिही सदा शांतिके साथ निवास करती है । इसलिये उसका नाम " अ योध्या नगरी " है । जबतक यह नगरी देवोंके अधीन होती है, तबतक उसमें शांतिका रामराज्य हो जाता है । इंद्रियोंके नौ द्वार हैं और इसमें पृष्ठवंशमें मूलाधार आदि आठ चक्र हैं । इस नगरीके हृदयस्थानमें प्रकाशमय स्वर्ग है । वही प्राणायामादि साधनोंके द्वारा प्राप्तव्य स्थान है । प्राप्तव्यका अर्थ स्वकीय इच्छासे प्राप्तव्य है, अन्यथा वह स्थान सबही प्राणिमात्रके पास हैही, परन्तु बहुतही थोडे लोग हैं कि, जो अपनी इच्छाशक्तिसे उसमें प्रवेश कर सकते हैं । आत्मशक्तिका प्रभाव जानते हुए, उस स्थानको जानना और ज्ञानके साथ उसमें निवास करना योगसाधनसेही साध्य है ।

अयोध्याका राम।

इस नगरीमें जो पूजनीय देव है, वही आत्माराम है, उसको ब्रह्मज्ञानी लोकही जानते हैं। अन्योंको उसका पता नहीं लग सकता।

इस यशस्वी नगरीमें विजयी ब्रह्मा प्रवेश करता है। जीवात्मा जब आसुरी भावनाओंपर विजय प्राप्त करता है, तब वह अपनी राजधानीमें विजयोत्सव करता हुआ प्रवेश करता है। यह राजधानी अयोध्या-नगरी यशसे परिपूर्ण है, दुःखोंका हरण करनेवाली है और तेजसे प्रकाशित है। इसका पराजय आसुरी भावनाओंके द्वारा कभी होही नहीं सकता। इसलिये इसका नामही " अपराजिता अयोध्या " है। अपने हृदय-की इस शक्तिको जानना चाहिये। " मैं अपराजित हूँ। दुष्ट भावोंसे मैं कभी पराजित नहीं हो सकता। मैं सदा विजयीही रहूंगा। मेरा नामही ' विजय ' है।" इत्यादि भाव उपासकको अपने अन्दर धारण करने चाहिये। ' मैं हीनदीन दुर्बल और अधम हूं ' इस प्रकारसे भाव कदापि मनमें धारण नहीं करने चाहिये। ये अवैदिक भाव हैं। इस मंत्रमें आत्माका विजयी स्वरूप बताया गया है। आशा है कि, वैदिकधर्मी सज्जन इस भावको धारण करेंगे और विजयी होंगे।

अपनी आत्माकाही यह वर्णन है। आत्मा किस प्रकारके भावसे पराजित होती है और किस भावनाके धारण करनेसे विजयी होती है, इसका सूक्ष्म वर्णन इसमें दिया है। आत्माही ब्रह्मा है, वह हृदयकमलमें निवास करती है, हंस अर्थात् प्राण उसका वाहन है, आदि वर्णन पूर्व स्थलमें आ चुका है। यह ब्रह्माकी नगरी है, यही देवोंकी पुरी अमरा-वती है, यही सब कुछ है। पाठक प्रयत्न करके अपने अन्दर इस शक्तिका अनुभव करें और अपनी विजय सम्पादन करें।

अब चारों वेदोंमेंसे अनेक मंत्रोंद्वारा जो जो उपदेश ऊपर दिया है, उसका सारांश नीचे देते हैं, जिसको पढनेसे पूर्वोक्त सब कथनका भाव हृदयमें प्रकाशित हो सकेगा।

[१] आंतरिक प्राणका बाह्य वायुके साथ नित्य सम्बन्ध है।

[२] जितना प्राण होता है, उतनीही आयु होती है, इसलिये प्राणशक्ति-की वृद्धि करनेसे आयुष्यकी वृद्धि हो सकती है।

[३] प्राणरक्षणके नियमोंके अनुकूल आचरण करनेसे न केवल प्राणका बल बढता है, प्रत्युत चक्षु आदि सबही इन्द्रियों, अवयवों और अंगोंकी शक्ति बढती है और उत्तम आरोग्य प्राप्त हो सकता है।

[४] प्राणायामके साथ मनमें शुभ विचारोंकी धारणा करनेसे बडा लाभ होता है।

[५] सूर्यप्रकाशका सेवन तथा भोजनमें घीका सेवन करनेसे प्राणायाम में शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है।

[६] प्राणशक्तिका विकास करना प्रत्येकका कर्तव्य है। क्योंकि आत्माकी शक्तिके साथ प्रेरित प्राण शरीरके प्रत्येक अंगमें जाकर वहांके स्वास्थ्यकी रक्षा और बलकी वृद्धि करता है।

[७] एकही प्राणके प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान ये भेद हैं, तथा अन्य उपप्राण भी उसीके प्रभेद हैं।

[८] संतोषवृत्ति और पवित्रतासे प्राणका सामर्थ्य बढता है।

[९] प्राणका वीर्यके साथ सम्बन्ध है। वीर्यरक्षणसे प्राणशक्तिकी वृद्धि होती है और प्राणायामसे वीर्यकी स्थिरता होती है। इस प्रकार इनका परस्पर सम्बन्ध है।

[१०] परमेश्वरकी उपासना और संगीतका अभ्यास इन दोनोंसे प्राणका बल बढता है।

[११] प्राणशक्तिकी रक्षा और अभिवृद्धिके लिये सब अन्य इन्द्रियोंके सुखोंको त्यागना चाहिये, अर्थात् अन्य इन्द्रियोंके सुख प्राप्त करनेके लिये प्राणकी हानि नहीं करनी चाहिये।

[१२] सब शक्तियोंमें प्राणशक्तिही मुख्य और प्रमुख शक्ति है।

[१३] सत्कर्मके साथ प्राणका पोषण करना चाहिये।

[१४] वाणी, मन और कर्ममें शुद्धता और पवित्रता रखनी चाहिये। इससे बल बढता है।

[१५] सोनेके समय अपनी सब इंद्रिय-शक्तियाँ किस प्रकार आत्मामें लीन होती हैं और उठनेके समय पुनः किस प्रकार व्यक्त रूपमें कार्य करने लगती हैं, इसका विचार करना और इसमें प्राणके कार्यका अनुभव लेना चाहिये। इस अभ्याससे आत्माकी विलक्षण शक्ति जानी जाती है।

[१६] संपूर्ण रोगबीजों और शारीरिक दोषोंको प्राणही दूर करता है। जबतक प्राण है, तबतक शरीरमें अमृत है।

[१७] भोजनके साथ प्राणशक्ति, आयुष्य, आरोग्य आदिका सम्बन्ध है। इसलिये ऐसा उत्तम सात्विक भोजन करना चाहिये कि जो आयुष्य, आरोग्य आदिकी वृद्धि कर सके।

[१८] सहस्रों सूक्ष्म रूपोंसे शरीरमें प्राण कार्य करता है।

[१९] प्राणसंवर्धनके नियमोंके विरुद्ध व्यवहार करनेसे सब शक्ति क्षीण होकर अकाल मृत्यु होती है। इसलिये इस प्रकारकी नियमविरुद्ध आचरण करनेकी प्रवृत्तिको रोकना चाहिये।

[२०] अग्नि, वायु, रवि आदि बाह्य देवताएँ अपने शरीरमें वाणी, प्राण, चक्षु आदि रूपसे रही हैं। इस प्रकार "अपना शरीर देवताओंका मंदिर है और मैं उन सब देवताओंका अधिष्ठाता हूं।" यह भावना मनमें स्थिर करनी चाहिये और अपने आपको उक्त भावनारूपही समझना चाहिये।

[२१] अपने आपको अपराजित, विजयी और शक्तिका केंद्र मानना उचित है।

[२२] प्राणही रुद्र है। रुद्रवाचक सब शब्द प्राणवाचक हैं।

[२३] प्राणके आधारसेही सब विश्व चल रहा है। प्राणियोंके अन्दर यह बडी विलक्षण शक्ति है।

[२४] "मैं पुरुषार्थसे अवश्यही अपनी सब शक्तियोंका विकास करूंगा," ऐसा दृढ निश्चय करना योग्य है ।

[२५] अपने आपको कभी हीन, दीन, दुर्बल नहीं समझना, परन्तु अपने प्रभावका गौरवही सदा देखना चाहिये ।

[२६] " जगत्में ऐसी कोई शक्ति नहीं है कि, जो मुझे कष्ट दे सकेगी । मैं सब कष्टोंको दूर करनेका सामर्थ्य रखता हूं । " यह भाव मनमें रखना चाहिये ।

[२७] " सर्वशक्तिमान् परमेश्वर मेरा मित्र है, " इस भावपर पूर्ण विश्वास रखना, तथा उसको अपना पिता, माता, भाई आदि समझना । उसमें और मुझमें स्थान काल आदिका भेद नहीं है ।

[२८] योग्य कालमें योग्य कार्य करना । कालकी अनुकूलता प्राप्त होनेपर उसको दूर नहीं करना । आजका कर्तव्य कलके लिये नहीं रखना।

[२९] स्फूर्ति और जागृति धारण करनेसे उन्नति होती है ।

[३०] दीर्घ आयुही बडा धन है, उसको और भी बढाना चाहिये। निर्दोष बननेसे उस धनकी वृद्धि होती है ।

[३१] उत्साह, सावधानता, स्फूर्ति, जागृति, स्वसंरक्षणकी भावना और योजनासे उन्नतिका साधन किया जा सकता है ।

[३२] सदा ऊपर उठनेके लिये प्रयत्न होना चाहिये । ऐसा कोई कार्य करना नहीं चाहिये कि जिससे नीचे गिरनेकी सम्भावना हो ।

[३३] इस अमृतमय शरीरमें आकर व्यक्तिकी उन्नति और सब जनता की उन्नति करनेके लिये प्रयत्न करना चाहिये । जीवनका यही उद्देश्य है ।

[३४] संपूर्ण अनिष्टोंके साथ युद्ध करके अपना विजय संपादन करना चाहिये ।

[३५] हृदयकी भक्ति और मस्तिष्कका तर्क दोनों शक्तियोंको एकही सत्कार्यमें लगाना चाहिये, तथा इन दोनोंका सम विकास करना चाहिये ।

[३६] योगीका सिर सचमुच देवोंका वसतिस्थान है ।

[३७] अपनेही हृदयमें ब्रह्मनगरी है, वही स्वर्ग और वही अमरावती है। यही देवोंकी अयोध्या है। ब्रह्मज्ञानी इसको ठीक प्रकार जानते हैं।

[३८] जो आत्मशक्तिका विकास करता है, वही स्वकीय गौरवके साथ इस अपनी राजधानीमें प्रवेश करता है।

[३९] प्राणको अपने स्वाधीन करके मस्तिष्कके ऊपर भेजना चाहिये। जहाँ विचारोंकी गति नहीं है, वहाँ पहुँचना चाहिये, वही आत्माका स्थान है।

[४०] निश्चयके साथ पुरुषार्थके प्रयत्नसे उन्नतिके पथपर चलनेवाला योगी अपनी सब प्रकारसे उन्नति कर सकता है।

इस प्रकार इन वेदमंत्रोंका आशय है। पाठक इसका वारंवार विचार करें और अपनी उन्नतिके लिये उपयोगी बोध ले लें। तथा प्राप्त बोधके अनुसार आचरण करके अपने और जनताके अभ्युदय और निःश्रेयसप्राप्तिके साधनमें सदा तत्पर रहें।

इस लेखमें थोडेसे वेदमंत्र दिये हैं, जिनमें प्राणविषयक उपदेश विशेष रीतिसे स्पष्ट हैं। परन्तु इसके अतिरिक्त अन्य देवताओंके सूक्तोंमें गुप्त रीतिसे जो प्राणविद्याका वर्णन है, उसकी खोज होनी चाहिये। आशा है कि, पाठक स्वयं प्राणविद्याका अभ्यास करके उक्त खोज करनेके पवित्र कार्यमें अपने आपको समर्पित करेंगे।

स्वयं अनुभव लेनेके विना उक्त प्रकारकी खोज नहीं हो सकती, इसलिये प्रथम प्राणायामका साधन स्वयं करना चाहिये। जो सज्जन प्राणायामका साधन स्वयं करेंगे और उच्च भूमिकाओंमें जाकर वहाँका प्रत्यक्ष अनुभव करेंगे, उनकोही वैदिक संकेतोंका उत्तम ज्ञान होना सम्भव है। इसलिये पाठकोंसे प्रार्थना है कि, वे प्रथम अनुष्ठानद्वारा स्वयं अनुभव लेनेका यत्न करें और पश्चात् वैदिक प्राणविद्याकी खोज करके पीछेसे आनेवाले सज्जनोंका मार्ग सुगम करें। प्रत्येक मनुष्यके थोडे थोडे प्रयत्नसे

महान् कार्य सिद्ध हो सकता है । आशा है कि पाठक उत्साहके साथ यहां प्रयत्न करेंगे ।

उपनिषदोंमें प्राण-विद्या ।

वेदमन्त्रोंमें जो अध्यात्मविद्या है, वही उपनिषदोंमें बतलाई है। अध्यात्मविद्याके अनेक अंगोंमें प्राणविद्या नामक एक मुख्य अंग है। वह जैसा वेदके मन्त्रोंमें है, वैसा उपनिषदोंके मन्त्रोंमें भी है। इससे पूर्व वेदमन्त्रोंकी प्राणविद्या सारांशरूपसे बताई है, अब उपनिषदोंकी प्राणविद्या देखना है ।

प्राणकी श्रेष्ठता ।

प्राण सब शक्तियोंमें सबसे श्रेष्ठ शक्ति है, इस विषयमें निम्न वचन देखिये—

> प्राणो ब्रह्मेति व्यजानात् । प्राणाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते । प्राणेन जातानि जीवन्ति । प्राणं प्रयन्त्यभि सं विशन्तीति ॥ [तै० उ० ३।३]

" प्राणही ब्रह्म है, क्योंकि प्राणसे ये सब भूत उत्पन्न होते हैं, प्राणसे जीवित रहते हैं और अन्तमें प्राणमेंही जाकर मिल जाते हैं ।"

यह प्राणशक्तिका महत्त्व है। प्राण सबसे बडी शक्ति है, सब अन्य शक्तियाँ प्राणपर ही अवलम्बित रहती हैं। जबतक प्राण रहता है, तबतक अन्य शक्तियाँ रहती हैं। प्राण जाने लगा, तो अन्य शक्तियाँ प्रथम चली जाती हैं और पश्चात् प्राण निकल जाता है। न केवल प्राणियोंकोही प्राणका आधार है, परन्तु औषधि, वनस्पति तथा अन्य स्थिरचर पदार्थ, इन सबको भी प्राणशक्तिकाही आधार है। प्राणशक्ति सर्वत्र व्यापक है और सबके अन्दर रहती हुई सबका धारण पोषण कर रही है। प्रजापति परमात्माने सबसे प्रथम जो दो पदार्थ उत्पन्न किये, उनमेंसे एक प्राण है और दूसरी रयि है। इस विषयमें देखिये—

स मिथुनमुत्पादयते । रयिं च प्राणं च ॥ ४ ॥ आदित्यो ह वै प्राणो रयिरेव चन्द्रमा रयिर्वा एतत्सर्वं यन्मूर्तं चामूर्तं च तस्मान्मूर्तिरेव रयिः ॥ ५ ॥ (प्र० उ० १)

" परमेश्वरने सबसे प्रथम स्त्रीपुरुषका एक जोडा उत्पन्न किया। उसमें एक प्राण है और दूसरी रयि है। जगत्‌में आदित्यही प्राण है और चन्द्रमा तथा मूर्तिमान् जगत् जिसमें दृश्य और अदृश्य पदार्थमात्र हैं, रयि है।"

अर्थात् एक प्राणशक्ति और दूसरी रयिशक्ति सबसे प्रथम उत्पन्न हुई। इसका भाव निम्न कोष्टकसे ज्ञात होगा। देखिये—

प्राण	रयि
आदित्य	चन्द्रमा
पुरुष	स्त्री, प्रकृति
Positive	Negative

जगत्‌के ये मातापिता हैं, इनसे सृष्टिकी उत्पत्ति हुई है। संपूर्ण जगत्‌में इनका कार्य है। सूर्यमालामें सूर्य प्राण है, अन्य चंद्र आदि रयि हैं। शरीरमें मुख्य प्राण प्राण है और अन्य स्थूल शरीर रयि हैं, देहमें सीधी बगल प्राण है और बाँई बगल रयि है। इस प्रकार एक दूसरेके अन्दर रयि और प्राणशक्तियाँ व्यापक हैं, किसी स्थानपर ये दोनों शक्तियाँ नहीं हैं, ऐसा नहीं है; सर्वत्र रहकर सब स्थिर-चरमें इनका कार्य हो रहा है। इसको देखनेसे प्राणकी सर्वव्यापकताका पता लग सकता है। इस प्रकार यह सब देवोंका देव है, इसलिये कहा है कि—

कतम एको देव इति ? प्राण इति ॥ (बृ० उ० ३।९।९)

'एक देव कौनसा है ? प्राण है।' अर्थात् सब देवोंमें मुख्य एक देव कौनसा है ? उत्तरमें निवेदन है कि प्राणही सबसे मुख्य और श्रेष्ठ देव है। और देखिये—

प्राणो वाव ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च ॥ (छां. ५।१।१; बृ० ६।१।१)

'प्राणही सबसे मुख्य और श्रेष्ठ है।' सब अन्य देव इसके आधारसे रहते हैं। यथा—

(१) प्राणो वै बल तत्प्राणे प्रतिष्ठितम् ॥ (बृ० ५।१४।४)

(२) प्राणो वा अमृतम् ॥ (बृ० १।६।३)

(३) प्राणो वै सत्यम् ॥ (बृ० २।१।२०)

(४) प्राणो वै यशो बलम् ॥ (बृ० १।२।६)

"[१] प्राणही बल है, यह बल प्राणमें रहता है। [२] प्राणही अमृत है। [३] प्राणही सत्य है। [४] प्राणही यश और बल है।"

इस प्रकार प्राणका महत्त्व है। प्राणकी श्रेष्ठता इतनी है कि उसका वर्णन शब्दोंसे नहीं हो सकता।

प्राण कहाँसे आता है ?

परमात्माने प्राणकी उत्पत्ति की है, इसका वर्णन पूर्व स्थलमें हो चुका है। परन्तु इस प्राणशक्तिकी प्राप्ति प्राणियोंको कैसी होती है, इस विषयमें निम्न मन्त्र देखनेयोग्य है—

आदित्य उदयन् यत्प्राचीं दिश प्रविशति तेन प्राच्यान् प्राणान् रश्मिषु सनिधत्ते ॥ यद्दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीं यदधो यदूर्ध्वं यदन्तरा दिशो यत्सर्वं प्रकाशयति तेन सर्वान् प्राणान् रश्मिषु संनिधत्ते ॥६॥ स एष वैश्वानरो विश्वरूपः प्राणोऽग्निरुदयते ॥ तदेतदृचाभ्युक्तम् ॥ ७ ॥ विश्वरूपं हरिणं जातवेदसं परायणं ज्योतिरेकं तपन्तम् ॥ सहस्ररश्मिः शतधा वर्तमानः प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः ॥८॥

(प्रश्न उ १।६-८)

"सूर्यका जब उदय होता है, तब सबही दिशाओंमें सूर्यकिरणोंके द्वारा प्राण रखा जाता है। इस प्रकार सर्वत्र सूर्यकिरणोंके द्वाराही प्राण पहुंचता है। यह सूर्यही प्राणरूप वैश्वानर अग्नि है। यह सूर्य (विश्वरूप) सब रूपका प्रकाशक, (हरिण) अन्धकारका हरण करनेवाला, (जात-वेदस)

धनोंका उत्पादक, एक, श्रेष्ठ तेजसे युक्त, सैकडों प्रकारोंसे सहस्रों किरणोंके साथ प्रकाशनेवाला यह प्रजाओंका प्राण उदयको प्राप्त होता है।"

यह सूर्यका वर्णन बता रहा है कि, सूर्यका प्राणके साथ क्या सम्बन्ध है। सूर्यकिरणोंके बिना प्राणकी प्राप्ति नहीं हो सकती। इस सूर्यमालिका-का मूल प्राण यह सूर्यदेवही है। इसी कारण वेदमन्त्रोंमें आयु, आरोग्य, बल आदिके साथ सूर्यका सम्बन्ध वर्णन किया गया है। सूर्यप्रकाशका हमारे आरोग्यके साथ कितना घनिष्ट सम्बन्ध है, इसका यहाँ पता लग सकता है। जो लोग सदा अन्धेरे स्थानमें रहते हैं, सूर्यप्रकाशमें क्रीडा नहीं करते, सूर्यके प्रकाशसे अपना आरोग्य नहीं सम्पादन करते और अपने आरोग्य-के लिये वैद्यों, हकीमों और डाक्टरोंके घर भरते रहते हैं, विषरूप दवाइयाँ पीते हैं, उनकी अज्ञानताकी सीमा कहां है? परमात्माने अपार दयासे सूर्य और वायु उत्पन्न किया है और उनसे पूर्ण आरोग्य संपादन हो सकता है। योग्य रीतिसे प्राणायामद्वारा उनका सेवन किया जायगा, तो स्वभावतःही आरोग्य मिल सकता है। आरोग्य इतना सस्ता होनेपर भी मनुष्य ऐसी अवस्थातक आ पहुंचे हैं कि, अनन्त संपत्तिका व्यय करनेपर भी उनको आरोग्य नहीं प्राप्त होता। पाठकों! देखिये कि वेदके उपदेशोंसे जनता कितनी दूर गयी है! अस्तु। विश्वव्यापक प्राण प्राप्त होनेका मार्ग इस प्रकार है। वह प्राण सूर्यमें केंद्रित हुआ है, वहाँसे सूर्यकिरणोंद्वारा वायुमें आता है और वायुके साथ हमारे खूनमें जाकर हमारा जीवन बढाता है। जो प्राणायाम करना चाहते हैं, उनको इस बातका ठीक ठीक पता होना चाहिये। इसी प्राणका और वर्णन देखिये—

देवोंकी घमंड!

"एक समय ऐसा हुआ कि, बाह्य सृष्टिमें पृथिवी, आप, तेज, वायु ये देव, तथा शरीरके अन्दर वाणी, मन, चक्षु और श्रोत्र ये देव समझने लगे कि हमही इस जगत्‌को धारण करते हैं और अपनेसे कोई श्रेष्ठ शक्ति नहीं है। इन देवोंका यह गर्व देखकर प्राण कहने लगा कि, "हे

देवो ! ऐसी घमंड न कीजिये । मैंही अपने आपको पाँच विभागोंमें विभक्त करके इसकी धारणा कर रहा हूं । " परन्तु इस कथनको उन देवोंने माना नहीं। उस समय मुख्य प्राण यहांसे हटने लगा, तब सब देव काँपने लगे । फिर जब प्राण आ गया, तब देव प्रसन्न हुए । इससे देवोंको पता लगा कि, यह सब प्राणकी शक्ति है कि जिसके कारण हम कार्य कर रहे हैं, हमारीही केवल शक्तिसे हम इस कार्यको चलानेमें सर्वथा असमर्थ हैं ।" इस प्रकार जब देवोंने प्राणकी महिमा विदित की, तब वे प्राणकी स्तुति करने लगे । यह स्तुति निम्न मन्त्रोंमें है—

प्राणस्तुति ।

एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो मघवानेष वायुरेष पृथिवी रयिर्देव सदसच्चामृतं च यत् ॥ ५ ॥ अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम् । ऋचो यजूंषि सामानि यज्ञः क्षत्रं ब्रह्म च ॥ ६ ॥ प्रजापतिश्चरसि गर्भे त्वमेव प्रतिजायसे । तुभ्यं प्राण प्रजास्त्विमा बलिं हरन्ति यः प्राणैः प्रति तिष्ठसि ॥७॥ देवानामसि वह्नितमः पितॄणां प्रथमा स्वधा । ऋषीणां चरितं सत्यमथर्वांगिरसामसि ॥८॥ इन्द्रस्त्वं प्राण तेजसा रुद्रोऽसि परिरक्षिता । त्वमन्तरिक्षे चरसि सूर्यस्त्वं ज्योतिषां पतिः । यदा त्वमभिवर्षस्यथेमाः प्राण ते प्रजाः । आनन्दरूपास्तिष्ठन्ति कामायान्नं भविष्यतीति ॥ १० ॥ व्रात्यस्त्वं प्राणैकर्षिरत्ता विश्वस्य सत्पतिः । वयमाद्यस्य दातारः पिता त्वं मातरिश्व नः ॥ ११ ॥ या ते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या च चक्षुषि । या च मनसि सतता शिवां तां कुरु मोत्क्रमीः ॥ १२ ॥ प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम् । मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि न इति ॥ १३ ॥ (प्रश्न उ. २)

" यह प्राण अग्नि, वायु, सूर्य, पर्जन्य, इन्द्र, पृथिवी, रयि आदि सब है।

है ॥ जिस प्रकार रथ-नाभिमें आरे जुडे होते हैं, उसी प्रकार प्राणमें सब जुडा हुआ है ॥ ऋचा, यजु, साम, यज्ञ, क्षत्र और ज्ञान सबही प्राणके आधारसे हैं ॥ हे प्राण ! तू प्रजापति है और गर्भमें तूही जाता है। सब प्रजाएँ तेरे लिये ही बली अर्पण करती हैं। तू देवोंका श्रेष्ठ संचालक और पितरोंकी स्वकीय धारणशक्ति है। अथर्वा आंगिरस ऋषियोंका सत्य तपाचरण भी तेराही प्रभाव है ॥ तू इंद्र, रुद्र, सूर्य है, तूही तेजसे तेजस्वी हो रहा है ॥ जब तू वृष्टि करता है, तब सब प्रजाएँ आनंदित होती हैं, क्योंकि उनको बहुत अन्न इस वृष्टिसे प्राप्त होता है ॥ तूही व्रात्य एक ऋषि और सब विश्वका स्वामी है, हम दाता हैं और तू हम सबका पिता है ॥ जो तेरा शरीर वाचा, चक्षु, श्रोत्र और मनमें है, उसको कल्याणरूप करो और हमसे दूर न हो ॥ जो कुछ त्रिलोकीमें है, वह सब प्राणके वशमें है। माताके समान हमारा संरक्षण करो और शोभा तथा प्रज्ञा हमें दो ॥"

यह देवोंका बनाया प्राणसूक्त देखनेसे प्राणका महत्त्व ध्यानमें आ सकता है। यह सूक्त कई दृष्टियोंसे विचार करनेयोग्य है। पहली बात जो इसमें कही है, वह यह है कि, चक्षु, श्रोत्र आदि इंद्रियाँ शरीरमें तथा सूर्य, चन्द्र, वायु आदि जगत्‌में देव हैं और ये सब प्राणके वशमें हैं। प्राणकी शक्ति इनके अन्दर जाती है और इनके द्वारा कार्य करती है। जिस प्रकार प्राणकी शक्ति आँखमें जाकर आँखको देखनेके कार्य करनेके लिये समर्थ बनाती है, उसी प्रकार सूर्यके अन्दर विश्वव्यापक प्राणशक्ति रहकर प्रकाश कर रही है। इसलिये आँखकी दृष्टि और सूर्यकी प्रकाश-शक्ति न आँख और सूर्यकी है, प्रत्युत प्राणकी है। इसी प्रकार अन्य इंद्रियों और देवताओंके विषयमें जानना उचित है। देव शब्द जैसा शरीरमें इंद्रियवाचक है, उसी प्रकार जगत्‌में अग्नि, वायु आदि देवताओं-का भी वाचक है। पाठक इस दृष्टिको धारण करके अग्नि आदि देवताओंके सूक्तोंका विचार करें।

उक्त सूक्तमें दूसरी बात यह है कि अग्नि, सूर्य, इंद्र, वायु, पृथिवी, रुद्र आदि शब्द प्राणवाचक होनेसे इन देवताओंके सूक्तोंमें भी प्राण विद्या प्रकाशित हुई है । इसलिये जो सज्जन अग्नि आदि सूक्तोंका विचार करते हैं, वे उक्त सूक्तोंमें विद्यमान प्राणविद्याका भी विचार करें । अर्थात अग्नि, सूर्य आदि देवताओंके नामोंका " प्राण " अर्थ समझकर उन सूक्तोंका अर्थ करें । जो सूक्त सामान्य अर्थवाले होंगे, उनके अर्थ इस प्रकार हो सकते हैं । देखिये—

प्राणरूप अग्नि ।

अग्निना रयिमश्नवत् पोषमेव दिवे दिवे ।
यशसं वीरवत्तमम् ॥ (ऋ. १।१।३)

" (अग्निना) प्राणसे (रयिं) शोभा और (पोष) पुष्टि (दिवे दिवे) प्रतिदिन । (अश्नवत्) प्राप्त होती है और वीर्ययुक्त यश भी मिलता है।"

यह अत्यंत स्पष्टही है कि, प्राण चल जायगा, तो न तो शरीरकी शोभा बढेगी और न शरीरकी पुष्टि होगी, फिर यश मिलना तो दुरापस्त ही है ! इस प्रकार बहुत विचार हो सकता है पर यहाँ उतना स्थान नहीं है, इसलिये यहाँ केवल दिग्दर्शनही किया है । वेदके गूढ रहस्योंका इस प्रकार पता लग जाता है । इसलिये पाठकोंको उचित है कि, वे वेदका स्वाध्याय प्रतिदिन किया करें। स्वाध्याय करते करते किसी न किसी समय वैदिक दृष्टि प्राप्त होगी और पश्चात् कोई कठिनता नहीं होगी ।

उक्त सूक्तोंमें तीसरी बात यह है कि, अग्नि आदि शब्दोंके गूढ अर्थोंमें प्राणविद्याका महत्त्व उसमें वर्णन किया है । इसका थोडासा स्पष्टीकरण देखिये-

(१) देवानां वह्नितम असि = प्राण 'इन्द्रियोंको' चलानेवाला है, ' सूर्यादिकोंको ' चलाता है, प्राणायामद्वारा ' विद्वान् ' उन्नति प्राप्त करते हैं ।

(२) पितृणां प्रथमा स्वधा असि = सपूर्ण पालक शक्तियोंमें सबसे

श्रेष्ठ और (प्रथमा) अव्वल दर्जेकी पालक शक्ति प्राण है और वही (स्व-धा) आत्मतत्त्वकी धारणा करती है।

(३) **ऋषीणां सत्यं चरितं आसि** = सप्त ऋषियोंका सत्य (चरितं) चाल-चलन अथवा आचरण प्राणही करता है। दो आँख, दो कान, दो नाक और एक मुख ये सप्त ऋषि हैं, ऐसा वेद और उपनिषदोंने कहा है।

(४) **अथर्वांगिरसां चरितं आसि** = (अ-थर्वा अंगि-रसां) स्थिर अंगोंके रसोंका (चरितं) चलन अथवा भ्रमण प्राणही करता है। प्राणके कारण पोषक रस सब अंगोंमें भ्रमण करता है और सर्वत्र पहुंच कर सर्वत्र पुष्टि करता है।

इस प्रकार भाव उक्त सूक्तके वाक्योंमें गुप्त रीतिसे है। प्रत्येक शब्दका आशय देखनेसे इसका पता लग सकता है। साधारण सूचना देनेके लिये यहाँ उपयोगी होनेवाले शब्दार्थ नीचे देते हैं- (१) **अग्निः**= गति देनेवाला, उष्णता और तेज उत्पन्न करनेवाला। (२) **सूर्य**- प्रेरणा करनेवाला, प्रकाश देनेवाला। (३) **पर्जन्य** (पर--जन्य) = पूर्णता करनेवाला। (४) **मघवान्**= महत्त्वसे युक्त। (५) **वायुः** = हिलानेवाला और अनिष्टको दूर करनेवाला। (६) **पृथिवी**- विस्तृत, आधार देनेवाली। (७) **रयिः**= तेज, संपत्ति, शरीरसंपत्ति आदि। (८) **देवः**= क्रीडा, विजिगीषा, व्यवहार, तेज, आनंद, हर्ष, निद्रा, उत्साह, स्फूर्ति आदि देनेवाला; दिव्य। (९) **अ--मृतः** = अमरत्वसे युक्त। (१०) **प्रजापतिः** = चक्षु आदि सब प्रजाओंका पालक, प्रजा उत्पन्न करनेवाला। (११) **वह्नितमः** = अत्यन्त प्रेरक। (१२) **इंद्रः** = ऐश्वर्यवान्, भेदन करनेवाला। (१३) **रुद्रः** (रुत्-रः) = शब्दका प्रेरक, (रुद्-रः) दुःखको दूर करके आरोग्य देनेवाला। (१४) **व्रात्यः** = (व्रत) नियमके अनुसार आचरण करनेवाला। इस प्रकार शब्दोंके अर्थ देखनेसे पता लगेगा कि, उक्त शब्दोंद्वारा प्राणकी किस शक्तिका कैसा वर्णन किया गया है। वैदिक शब्दोंके गूढ आशय देखनेसे ही वेदकी गंभीरता व्यक्त होती है। आशा है कि, पाठक उक्त प्रकार उपर्युक्त सूक्तका विचार करेंगे।

अस्तु। इस प्रकार प्राणकी मुख्यता और श्रेष्ठता है और वह प्राण सूर्य-किरणोंके द्वारा प्राणियोंतक पहुंचता है। सूर्यकिरणोंसे वायु श्वाससे अन्दर जाता है, उस समय मनुष्यके शरीरमें पहुंचता है। प्राणायामके समय इस प्रकार इस प्राणका महत्व ध्यानमें रखना चाहिये।

प्राणका प्रेरक।

केन उपनिषद्में प्राणके प्रेरकका विचार किया है। प्राणके अधीन सपूर्ण जगत् है, *तथापि प्राणको प्रेरणा देनेवाला कौन है?* जिस प्रकार मन्त्रीके अधीन सब राज्य होता है, उसी प्रकार प्राणके अधीन सब इन्द्रियादिकोंका राज्य है। परन्तु राजाकी प्रेरणासे मन्त्री कार्य करता है, *उस प्रकार यहाँ प्राणका प्रेरक कौन है? यह प्रश्नका तात्पर्य है।*

केन प्राण प्रथमः प्रैति युक्तः। [केन उ० १।१]

"किससे नियुक्त होता हुआ प्राण चलता है?" अर्थात् प्राणकी प्रेरक शक्ति कौनसी है? इसके उत्तरमें उपनिषद् कहता है कि—

स उ प्राणस्य प्राणः॥ [केन उ० १।२]

"वह आत्मा प्राणका प्राण है" अर्थात् प्राणका प्रेरक आत्मा है। इसका और वर्णन देखिये—

यत्प्राणेन न प्राणिति येन प्राणः प्रणीयते।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥ [केन उ० १।८]

"जिसका जीवन प्राणसे नहीं होता, परन्तु जिससे प्राणका जीवन होता है, वह [ब्रह्म] आत्मा है, ऐसा तू समझ। यह नहीं कि, जिसकी उपासनाकी जाती है।"

अर्थात् आत्माकी शक्तिसे प्राण अपना सब कारोबार कर रहा है, इसलिये प्राणकी शक्ति आत्माही है। इस विषयमें ईशोपनिषद्का मंत्र देखनेयोग्य है-

योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि॥ [ईश० १६]
योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽसावहम्॥ [वा० य० १७]

' जो यह (असौ) असु अर्थात् प्राणके अन्दर रहनेवाला पुरुष है, वह मैं हूं।' मैं आत्मा हूं, मेरे चारों ओर प्राण विद्यमान है और मैं उसका प्रेरक हूं। मेरी प्रेरणासे प्राण चल रहा है और सब इंद्रियोंको उत्तेजित कर रहा है। इस प्रकार विश्वास रखना चाहिये और अपने प्रभावका गौरव देखना चाहिये। इस विषयमें ऐतरेय उपनिषद्का वचन देखिये-

नासिके निरभिद्येतां नासिकाभ्यां प्राणः प्राणाद्वायुः ॥
[ऐ० उ० १।१।४]

वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्। [ऐ० उ० १।२।४]

' नासिकारूप इंद्रिय खुल गये, नासिकासे प्राण और प्राणसे वायु हो गया।' अर्थात् प्राणसे वायु हो गया। आत्माकी प्रबल इच्छाशक्ति थी कि, मैं सुगंधका आस्वाद ले लूं। इस इच्छाशक्तिसे नासिकाके स्थानमें दो छेद बन गये, येही नासिकाके दो छेद हैं। इस प्रकार नाक बनते ही प्राण हुआ और प्राणसे वायु बना है। आत्माकी इच्छाशक्ति कितनी प्रबल है, इसकी कल्पना यहाँ स्पष्ट हो सकती है। इस प्रकार शरीरमें छेद करनेवाली शक्ति जो शरीरके अन्दर रहती है, वही आत्मा है, इसको इंद्र कहते हैं, क्योंकि यह आत्मा (इदं-द्र) इस शरीरमें सुराख करनेकी शक्ति रखता है। इसकी प्रबल इच्छाशक्तिसे विलक्षण घटनायें यहाँ सिद्ध हो रहीं हैं, इसका अनुभव अपने शरीरमेंही देखा जा सकता है। जो ऐसा समर्थ जीवात्मा है, वही प्राणका प्रेरक है। इसका सेवक प्राण है, यह प्राण वायुका पुत्र है, क्योंकि ऊपर दिये मन्त्रमें कहा है कि, ' वायु प्राण बनकर नासिकामें प्रविष्ट हुआ है।' इसलिये वायुका यह प्राण पुत्र है। यही ' मारुति ' है, मारुतिका पुत्र ' मारुत् ' अर्थात् वायुका पुत्र। विश्वमें व्यापनेवाला पवन वायु है, उसका एक अंश शरीरमें अवतार लेता है, इसलिये इसको ' पवनात्मज ' कहते हैं। यही हनुमान्, मारुति, राम-सखा है। अवतारकी मूल कल्पना यहां व्यक्त हो रही है। विश्वव्यापक शक्तियाँ अवताररूपसे कर्मभूमिमें अर्थात् इस देहमें आकर कार्य करतीं

हैं। वायुके पुत्रोंकी जो कल्पना पौराणिक वाङ्मयमें है, वह यही है। इसको चिरजीव कहा है, इसका कारण इस लेखमें पूर्व स्थलमें बतायाही है। प्राणके अमरत्वके साथ इसका चिरजीवत्व सिद्ध होता है। इस प्रकार यह हनुमानजीका रूपक है। इसका संपूर्ण वर्णन किसी अन्य स्थानमें किया जायगा। यहाँ संक्षेपसे सूचना मात्र लिखा है। अर्थात् हनुमानजीकी उपासना मूलमें प्राणोपासनाही है। यह 'दशरथके राम' का सहायक है, दश इन्द्रियोंके रथमें जो आनन्दरूप आत्मा है, उसका यह प्राण नित्य सहायकही है। तथा 'दशमुखकी लंका' को जलानेवाला है। दश इन्द्रियोंसे मुख्यतया भोगमें जो प्रवृत्तियाँ होती हैं, उनका प्राणायामके अभ्याससे दहन होता है। इत्यादि विचारसे पूर्वोक्त कल्पना अधिक स्पष्ट होगी। पाठक इसका विचार करें। पूर्वोक्त उपनिषद्में 'प्राणका प्रेरक आत्मा' कहा है और उक्त इतिहासमें 'वायुपुत्रका प्रेरक दाशरथी राम' कहा है, दोनोंका तात्पर्य एकही है। सूज्ञ वाचक विचारके द्वारा इसके मूल भावको जान सकते हैं।

पूर्वोक्त ईशोपनिषद्के वचनमें 'असौ अहं' शब्द आ गये हैं। 'प्राणके अन्दर रहनेवाला मैं आत्मा' यही भाव बृहदारण्यकके निम्न वचनमें है—

यः प्राणे तिष्ठन्प्राणादंतरो यं प्राणो न वेद यस्य प्राणः शरीरं
यः प्राणमंतरो यमयति, एष त आत्मा अंतर्याम्यमृतः ॥

[बृ० उ० ३।७।१६]

"जो प्राणके अन्दर रहता है, प्राणके अन्दर रहनेपर भी जिसको [प्राणः न वेद] प्राण जानता नहीं, जिसका शरीर प्राण है, जो अन्दरसे [प्राणं यमयति] प्राणका नियमन करता है, [एषः] यह तेरा अन्तर्यामी अमर आत्मा है।"

प्राणके अन्दर रहनेवाला और प्राणका नियमन करनेवाला यह आत्मा है, इस कथनके अनुसार आत्माका प्राणके साथ नित्य संबंध है, यह बात स्पष्ट होती है। मैं आत्मा हूं, प्राण मेरा अनुचर है और प्राणके अधीन संपूर्ण

इंद्रियाँ और शरीर है, यह मेरा वैभव और साम्राज्य है। इसका मैं सच्चा सम्राट् बनूंगा और विजयी तथा यशस्वी बनूंगा, यह वैदिक धर्मकी आदर्श कल्पना है। इस प्राणका वर्णन अन्य रीतिसे निम्न वचनमें हुआ है—

प्राणो वै रं प्राणे हीमानि भूतानि रमंते ॥ [बृ० ५।१२।१]
प्राणो वा उक्थं प्राणो हीदं सर्वमुत्थापयति ॥ १ ॥ प्राणो वै यजुः, प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि युज्यंते ॥ २ ॥ प्राणो वै साम, प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि सम्यंचि ॥ ३ ॥ प्राणो वै क्षत्रं, प्राणो हि वै क्षत्रं त्रायते ॥ ४ ॥ [बृ० उ० ५।१३]

"प्राण 'र' है, क्योंकि सब भूत प्राणमें रमते हैं। प्राण 'उक्थ' है, क्योंकि प्राण सबको उठाता है। प्राण 'यजु' है, क्योंकि प्राणमें सब भूत संयुक्त होते हैं। प्राण 'साम' है, क्योंकि सब भूत प्राणमें सम्यक् रीतिसे रहते हैं। प्राण 'क्षत्र' है, क्योंकि प्राणही क्षतों अर्थात् कष्टोंसे बचाता है।"

इसका प्रत्येक मुख्य शब्द प्राणकी शक्तिका वर्णन कर रहा है। 'साम, यजु' आदि शब्द अन्यत्र वेदवाचक होते हुए भी यहाँ केवल गुणवाचक हैं। इस शब्दप्रयोगसे स्पष्ट पता लग जाता है कि, वैदिक समयमें शब्दोंका विशेष रीतिसे भी उपयोग होता था और सामान्य रीतिसे भी होता था। यहाँ सामान्य रीतिका प्रयोग है। जहाँ सामान्य रीतिसे प्रयोग होगा, वहाँ उसका यौगिक अर्थ करना चाहिये और जहाँ विशेष रीतिसे प्रयोग होगा, वहां योग-रूढिका अर्थ समझना चाहिये। इस प्रकार एकही शब्दके दोनों अर्थ होनेपर भी अर्थविषयक ठीक व्यवस्था लगाई जा सकती है। आशा है कि पाठक इस व्यवस्थाको वेदमंत्रोंमें देखेंगे। यह बात वेदका अर्थ करनेके समय विशेष महत्त्वकी है, इसलिये यहाँ लिखी है।

अंगोंका रस।

शरीरके अंगोंमें एक प्रकारका जीवनका आधाररूप रस रहा है। इसका वर्णन निम्न मंत्रमें है—

आंगिरसोऽङ्गानां हि रसः, प्राणो वा अंगाना रसः . ।
तस्माद्यस्मात्कस्माच्चांगात्प्राण उत्क्रामति, तदेव तच्छुष्यति ॥
[बृ० उ० १।३।१९]

" प्राणही अंगोंका रस है, इसलिये जिस अगसे प्राण चल जाता है, वह अग सूख जाता है।"

वृक्षोंमें भी यही बात दिखाई देती है। यह अग-रसका महत्व है। जीवात्माकी इच्छासे प्राणके द्वारा यह रस सब शरीरमें घुमाया जाता है और प्रत्येक अंगमें आरोग्य और बल बढाया जाता है। प्रबल इच्छाशक्ति द्वारा आरोग्य सपादन करनेका उपाय इससे विदित होता है। इच्छाशक्ति और प्राणका बल बढानेसे उक्त सिद्धि होती है। आत्माकी प्रेरणा प्राणमें होती है, प्राणसे मन सलग्न रहता है, मनसे इच्छाशक्तिका नियमन होता है, इच्छासे रुधिरमें परिणाम होकर इसके द्वारा सपूर्ण शरीरमें इष्ट कार्य होता रहता है। देखिये—

पुरुषस्य प्रयतो वाङ्मनसि सपद्यते, मन. प्राणे,
प्राणस्तेजसि, तेज परस्या देवतायाम् ॥ [छां० उ० ६।८।६]

" पुरुषकी वाणी मनमें, मन प्राणमें, प्राण तेजमें और तेज पर देवतामें सलग्न होता है।" यही परपरा है। पर देवताका तात्पर्य यहाँ आत्मा है। प्राणविद्याकी परम सिद्धि इस प्रकारसे सिद्ध होती है।

प्राण और अन्य शक्तियाँ।

प्राणके अधीन अनेक शक्तियाँ हैं, उनका प्राणके साथ सम्बन्ध देखनेके लिये निम्न मन्त्र देखिये—

प्राणो वाव संवर्ग , स यदा स्वपिति, प्राणमेव वागप्येति
प्राणं चक्षु , प्राण श्रोत्र, प्राण मन , प्राणो ह्येवैतान् सर्वान्
सवृक्ते ॥ [छां० उ० ४।३।३]

" जब यह सोता है, तब वाक्, चक्षु, श्रोत्र, मन आदि सब प्राणमेंही लीन होती हैं, क्योंकि प्राणही इनका सवारक है।"

जिस प्रकार सूर्य उगनेके समय उसके किरण फैलते हैं और अस्तके समय फिर अंदर लीन होते हैं, इसी प्रकार प्राणरूपी सूर्यका जागृतिके प्रारंभमें उदय होता है, उस समय उसकी किरणें इंद्रियादिकोंमें फैलतीं हैं और निद्राके समय फिर उसीमें लीन होतीं हैं। इस प्रकार प्राणका सूर्य होना सिद्ध होता है। इसका सादृश्य एक अंशमें है, यह बात भूलना नहीं चाहिये। सूर्यके समान प्राण भी कभी अस्त नहीं होता, परंतु अस्त और उदय ये शब्द हमारी अपेक्षासे उसमें प्रयुक्त हो रहे हैं। इस विषयमें निम्न वचन और देखिये—

पतंग।

स यथा शकुनिः सूत्रेण प्रबद्धो, दिशं दिशं पतित्वा, अन्यत्रायतनमलब्ध्वा, बन्धनमेवोपश्रयत, एवमेव खलु, सोम्य, तन्मनो दिशं दिशं पतित्वा, अन्यत्रायतनमलब्ध्वा, प्राणमेवोपश्रयते, प्राणबंधनं हि सोम्य मन इति॥ [छां० उ० ६।८।२]

"जिस प्रकार पतंग, डोरेसे बंधा हुआ, अनेक दिशाओंमें घूमकर, दूसरे स्थानपर आधार न मिलनेके कारण, अपने मूल स्थानपरही आ जाता है; इसी प्रकार निश्चयसे, हे प्रिय शिष्य ! वह मन अनेक दिशाओंमें घूम घूम कर, दूसरे स्थानपर आश्रय न मिलनेके कारण, प्राणकाही आश्रय करता है, क्योंकि हे प्रिय शिष्य ! मन प्राणके साथही बंधा है।"

इस प्रकार प्राणका मनके साथ संबंध है। यही कारण है कि प्राणायामसे प्राण बलवान् होनेपर मन भी बलिष्ठ होता है, प्राणका निरोध होनेसे मनका संयम होता है। प्राणकी चंचलतासे मन चंचल होता है और प्राणकी स्थिरतासे मन भी स्थिर होता है। इससे प्राणायामका महत्त्व और उसका मनके संयमके साथ सम्बन्ध विदित हो सकता है।

प्राणसे मनका संयम होनेके कारण अन्य इन्द्रियाँ भी प्राणके निरोधसे स्वाधीन होतीं हैं, यह स्पष्टही है; क्योंकि प्राणसे मनका संयम और मनके वश होनेसे अन्य इंद्रियोंका वश होना स्वाभाविकही है। इस

प्रकार प्राणायामसे संपूर्ण शक्तियाँ वशीभूत होती हैं। यही भाव निम्न वचनमें शुद्ध रीतिसे है-

वसु, रुद्र, आदित्य।

प्राणा वाव वसव, एते हीद सर्वं वासयन्ति ॥१॥
प्राणा वाव रुद्रा एते हीद सर्वं रोदयान्ति ॥२॥
प्राणा वावादित्याः एते हीदं सर्वमाददते ॥३॥ [छां० ३।१६]

" प्राण वसु हैं, क्योंकि ये सबको बसाते हैं। प्राण रुद्र हैं, क्योंकि इनके चले जानेसे सब रोते हैं। प्राण आदित्य हैं, क्योंकि ये सबको स्वीकारते हैं।"

इस स्थानपर 'प्राणा वाव रुद्रा· एते हीदं सर्वं रोदनं द्रावयन्ति' अर्थात् " प्राण रुद्र हैं, क्योंकि ये इस सब दु.खको दूर करते हैं।" ऐसा वाक्य होता, तो प्राणका दुःखनिवारक कार्य व्यक्त हो सकता था। परंतु उपनिषद्में " एते हीदं सर्वं रोदयन्ति।" अर्थात् ये प्राण जब चले जाते हैं, तब ये सबको रुलाते हैं, इतना प्राणोंपर प्राणियोंका प्रेम है, ऐसा लिखा है। शतपथादिमें भी रुद्रका रोदन-धर्मही वर्णन किया है, परन्तु दु खनिवारक धर्म भी उनमें उससे अधिक प्रबल है। इसका पाठक विचार करें। इस प्रकार प्राणका महत्व होनेसेही कहा है—

प्राणो ह पिता, प्राणो माता, प्राणो भ्राता, प्राण स्वसा,
प्राण आचार्यः, प्राणो ब्राह्मणः॥ [छां० उ० ७।१५।१]

" प्राणही माता, पिता, भाई, बहन, आचार्य, ब्राह्मण आदि है।" ये शब्द प्राणका महत्त्व बता रहे हैं- [१] माता— मान्य हित करनेवाला; [२] पिता— पाता, पालक, सरक्षक। [३] भ्राता— भरणपोषण करनेवाला। [४] स्वसा— [सु-असा] उत्तम प्रकार रखनेवाला। [५] आचार्य— आत्मिक गुरु है, क्योंकि प्राणके आयामसे आत्माका साक्षात्कार होता है इसलिये। [६] ब्राह्मण.— यह ब्रह्मके पास ले जानेवाला है।

ये शब्दोंके मूल भाव यहाँ प्राणके गुण बता रहे हैं। यह प्राणका वर्णन है। इतना प्राणका महत्त्व है, इसलिये अपने प्राणके विषयमें कोई भी

उदासीन न रहे। सब लोग स्वर्ग प्राप्त करनेकी इच्छा करते हैं, वह स्वर्ग प्राणही है। देखिये—

तीन लोक।

वागेवायं लोकः मनो अन्तरिक्षलोकः प्राणोऽसौ लोकः ॥
[बृ० १।५।४]

"वाणी यह पृथिवीलोक है, मन अन्तरिक्षलोक है और प्राण वह स्वर्गलोक है।"

इसलिये ही प्राणयामके अभ्याससे स्वर्गधामकी प्राप्ति होती है। देखिये, प्राणकी कितनी श्रेष्ठता है! इस प्रकार उपनिषदोंमें प्राणविद्या है। विस्तार करनेकी कोई जरूरत नहीं है। संक्षेपसे आवश्यक बातोंका उल्लेख यहाँ किया है। इससे उपनिषदोंकी प्राणविद्याकी कल्पना हो सकती है। जो पाठक इसकी और अधिक गहराई देखना चाहते हैं, वे स्वयं उपनिषदोंमें ही इसको देख सकते हैं। आशा है कि पाठक इस प्रकार इस विद्याका अभ्यास करेंगे।

प्राणयामसे बहुत प्रकारकी शक्तियाँ प्राप्त होतीं हैं, ऐसा प्राणके विविध शास्त्रोंमें लिखा है। प्राणायामका अभ्यास करनेके विनाही उक्त शक्तियोंकी प्राप्ति होना असंभवही है। अभ्यासके विना उन्नतिकी प्राप्ति सर्वथाही असंभव है। प्राणायामका अभ्यास करनेके लिये प्राणकी शक्तिकी कल्पना प्रथम होनेकी आवश्यकता है। वह कार्य सिद्ध होनेके लिये इस लेखका उपयोग हो सकता है। इस सूक्तको अच्छी प्रकार पढनेके पश्चात् मननद्वारा अपनी प्राणशक्तिका आकलन करना चाहिये। अपने प्राणका यह स्वरूप है, उसका यह महत्त्व है और इसकी उपासनासे इस प्रकार लाभ हो सकता है, इत्यादि विषयकी उत्तम कल्पना इस सूक्तके अभ्याससे होगी। इतनी कल्पना दृढ होनेके पश्चात् प्राणायामका अभ्यास करनेसे बहुत लाभ हो सकता है।

❀

ब्रह्मचर्य-सूक्त ।

[अथर्व० ११।५।१-२६]

[ऋषि.- ब्रह्मा । देवता-ब्रह्मचारी । छन्द.-त्रिष्टुप्, १ पुरोऽतिजागता विराड्गर्भा, २ पञ्चपदा बृहतीगर्भा विराट्शक्वरी, ३ उरोबृहती, ६ शाक्कर गर्भा चतुष्पदा जगती, ७ विराड्गर्भा, ७ पुरोऽतिजागता विराड् जगती, ९ बृहतीगर्भा, १० भुरिक्, ११, १३ जगती, १२ शाक्करगर्भा चतुष्पदा विराडतिजगती, १५ पुरस्ताज्ज्योति ; १४,१६-२२ अनुष्टुप् । २३ पुरोबार्हतातिजागतगर्भा, २५ एकावसानार्च्युष्णिक्, २६ मध्येज्योतिरुष्णिग्गर्भा ।

ब्रह्मचारीष्णंश्चरति रोदसी उभे तस्मिन् देवाः संमनसो भवन्ति । स दाधार पृथिवीं दिवं च स आचार्यं तपसा पिपर्ति ॥१॥

पदानि- ब्रह्मऽचारी । इष्णन् । चरति । रोदसी इति । उभे इति । तस्मिन् । देवाः । सम्ऽमनसः । भवन्ति ॥ सः । दाधार । पृथिवीम् । दिवम् । च । सः । आऽचार्यम् । तपसा । पिपर्ति ॥१॥

ब्रह्मचारी (उभे रोदसी) पृथिवी और द्युलोक इन दोनोंको (इष्णन्) पुन पुन अनुकूल बनाता हुआ (चरति) चलता है, इसलिये (तस्मिन्) उस ब्रह्मचारीके अंदर सब देव (समनस) अनुकूल मनके

साथ (भवन्ति) रहते हैं। (सः) वह ब्रह्मचारी पृथिवी और (दिवं) द्युलोकका धारण करता है और वह अपने तपसे अपने आचार्यको (पिपर्ति) परिपूर्ण बनाता है ॥१॥

[१] पृथिवीसे लेकर द्युलोकपर्यंत जो जो विविध पदार्थ हैं, उनको ब्रह्मचारी अपने अनुकूल बनाता है। [२] इससे उस ब्रह्मचारीमें सब देव अनुकूल बनकर निवास करते हैं। [३] इस प्रकार वह पृथिवी और द्युलोकको अपने तपसे धारण करता है और [४] उसी तपसे वह अपने आचार्यको भी परिपूर्ण बनाता है ॥१॥

ब्रह्मचारिणं पितरो देवजनाः पृथग्देवा अनुसंयन्ति सर्वे।
गन्धर्वा एनमन्वायन् त्रयस्त्रिंशत् त्रिशताः षट्सहस्राः।
सर्वान्त्स देवांस्तपसा पिपर्ति ॥२॥

पदानि— ब्रह्मऽचारिणम्। पितरः। देवऽजनाः। पृथक्। देवाः। अनुऽसंयन्ति। सर्वे ॥ गन्धर्वाः। एनम्। अनु। आयन्। त्रयःऽत्रिंशत्। त्रिऽशताः। षट्ऽसहस्राः। सर्वान्। सः। देवान्। तपसा। पिपर्ति ॥२॥

देव, पितर, गंधर्व और देवजन ये (सर्वे) सब ब्रह्मचारीको अनुसरते हैं। (त्रयः त्रिंशत्) तीन, तीस, (त्रिशताः) तीन सौ और (षट्-सहस्राः) छः हजार देव हैं। (सर्वान् देवान्) इन सब देवोंका (सः) वह ब्रह्मचारी अपने तपसे (पिपर्ति) पालन करता है ॥२॥

देव, पितर आदि सब ब्रह्मचारीको सहायक होते हैं और ब्रह्मचारी अपने तपसे उनका सहायक बनता है ॥ २ ॥

आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः।
तं रात्रीस्तिस्र उदरे बिभर्ति तं जातं द्रष्टुमभिसंयन्ति

पदानि– आऽचार्यः। उपऽनयमानः। ब्रह्मऽचारिणम्। कृणुते। गर्भम्। अन्तः॥ तम्। रात्रीः। तिस्रः। उदरे। बिभर्ति। तम्। जातम्। द्रष्टुम्। अभिऽसंयन्ति। देवाः॥३॥

ब्रह्मचारीको (उपनयमान आचार्य) अपने पास करनेवाला आचार्य उसको (अन्तः गर्भं) अपने अंदर करता है। उस ब्रह्मचारीको अपने उदर में (तिस्रः रात्री) तीन रात्रितक रखता है, जब वह ब्रह्मचारी (जात) द्वितीय जन्म लेकर बाहर आता है, तब उसको देखनेके लिये सब (देवा) विद्वान् (अभिसयन्ति) सब प्रकारसे इकट्ठे होते हैं ॥३॥

[१] जो आचार्य ब्रह्मचारीको अपने पास रखता है, वह उसको अपने अंदर ही प्रविष्ट करता है। [२] मानो वह शिष्य उस गुरुके पेटमें ही तीन रात्रि रहता है और उस गर्भसे उसका जन्म हो जाता है। [३] जब वह द्विज बन जाता है, तब उसका सन्मान सभी विद्वान् करते हैं ॥३॥

इयं समित् पृथिवी द्यौर्द्वितीयोतान्तरिक्षं समिधा पृणाति।
ब्रह्मचारी समिधा मेखलया श्रमेण लोकांस्तपसा पिपर्ति ॥४॥

पदानि– इयम्। समऽइत्। पृथिवी। द्यौः। द्वितीया। उत। अन्तरिक्षम्। समऽइधा। पृणाति॥ ब्रह्मऽचारी। समऽइधा। मेखलया। श्रमेण। लोकान्। तपसा। पिपर्ति ॥४॥

(इय पृथिवी) यह पृथिवी पहली (समित्) समिधा है और (द्वितीया) दूसरी समिधा (द्यौ) द्युलोक है। इस (समिधा) समिधासे वह ब्रह्मचारी अंतरिक्षकी (पृणाति) पूर्णता करता है। समिधा, मेखला, श्रम करनेका अभ्यास और तप इनके द्वारा वह ब्रह्मचारी सब (लोकान् पिपर्ति) लोकोंको पूर्ण करता है ॥४॥

पृथिवी और द्युलोक इनकी समिधाओंसे ब्रह्मचारी अन्तरिक्षकी पूर्णता करता है। तथा ब्रह्मचारी श्रम और तप आदि करके सब जनताको आधार देता है।४

पूर्वो जातो ब्रह्मणो ब्रह्मचारी घर्मं वसानस्तपसोदतिष्ठत्। तस्माज्जातं ब्राह्मणं ब्रह्म ज्येष्ठं देवाश्च सर्वे अमृतेन साकम् ॥५॥

पदानि– पूर्वः। जातः। ब्रह्मणः। ब्रह्मऽचारी। घर्मम्। वसानः। तपसा। उत्। अतिष्ठत्॥ तस्मात्। जातम्। ब्राह्मणम्। ब्रह्म। ज्येष्ठम्। देवाः। च। सर्वे। अमृतेन। साकम् ॥५॥

(ब्राह्मणः पूर्वः) ज्ञानके पूर्व (ब्रह्मचारी जातः) ब्रह्मचारी होता है। (घर्मं वसानः) उष्णता धारण करता हुआ तपसे (उत्+अतिष्ठत्) ऊपर उठता है। उस ब्रह्मचारीसे (ब्राह्मणं ज्येष्ठं ब्रह्म) ब्रह्मसंबंधी श्रेष्ठ ज्ञान (जातं) प्रसिद्ध होता है, तथा सब देव अमृतके साथ होते हैं ॥५॥

ज्ञानप्राप्तिके पूर्व ब्रह्मचारी बनना आवश्यक है। ब्रह्मचर्यमें श्रम और तप करनेसे उच्चता प्राप्त होती है। इस प्रकारके ब्रह्मचारीसेही परमात्माका श्रेष्ठ ज्ञान प्रसिद्ध होता है, तथा देव अमरत्वके साथ संयुक्त होते हैं ॥५॥

ब्रह्मचार्येति समिधा समिद्धः कार्ष्णं वसानो दीक्षितो दीर्घश्मश्रुः॥ स सद्य एति पूर्वस्मादुत्तरं समुद्रं लोकान्त्संगृभ्य मुहुराचरिक्रत् ॥६॥

पदानि– ब्रह्मऽचारी। एति। सम्ऽइधा। सम्ऽइद्धः। कार्ष्णम्। वसानः। दीक्षितः। दीर्घऽश्मश्रुः॥ सः। सद्यः। एति। पूर्वस्मात्। उत्तरम्। समुद्रम्। लोकान्। सम्ऽगृभ्य। मुहुः। आऽचरिक्रत् ॥६॥

[१] (समिधा समिद्ध) तेजसे प्रकाशित (कार्ष्णं वसानः) कृष्ण चर्म धारण करता हुआ, (दीक्षितः) दीक्षा व्रतके अनुकूल आचरण करनेवाला और (दीर्घश्मश्रु) बडी बडी डाढी, मूंछ धारण करनेवाला ब्रह्मचारी (एति) प्रगति करता है। [२] (स) वह (लोकान् संगृभ्य) लोगोंको इकट्ठा करता हुआ अर्थात् लोकसंग्रह करता हुआ और (मुहुः) वारंवार उनको (आचरिक्रत्) उत्साह देता है और [३] (पूर्वस्मात् उत्तरं समुद्रं) पूर्वसे उत्तर समुद्रतक (सद्य एति) शीघ्रही पहुंचता है ॥६॥

[१] समिधा, कृष्णाजिन आदिसे सुशोभित होता हुआ, बडी बडी डाढी, मूंछ धारण करनेवाला तेजस्वी ब्रह्मचारी नियमानुकूल आचरण करनेके कारण अपनी प्रगति करता है। [२] अध्ययन-समाप्तिके पश्चात् धर्मजागृति करता हुआ अपने उपदेशोंसे जनतामें उत्साह उत्पन्न करता है और वारंवार उनमें चेतना बढाता है। [३] इस प्रकार धर्मोपदेश करता हुआ वह पूर्व समुद्रसे उत्तर समुद्रतक पहुंचता है ॥६॥

ब्रह्मचारी जनयन् ब्रह्मापो लोकं प्रजापतिं परमेष्ठिनं विराजम्। गर्भो भूत्वाऽमृतस्य योनाविन्द्रो ह भूत्वाऽसुरांस्ततर्ह ॥७॥

पदानि- ब्रह्मऽचारी। जनयन्। ब्रह्म। अपः। लोकम्। प्रजाऽपतिम्। परमेऽस्थिनम्। विऽराजम् ॥ गर्भः। भूत्वा। अमृतस्य। योनौ। इन्द्रः। ह। भूत्वा। असुरान्। ततर्ह ॥७॥

जो (अमृतस्य योनौ) ज्ञानामृतके केंद्रस्थानमें (गर्भ भूत्वा) गर्भरूप रहकर ब्रह्मचारी हुआ, वही (ब्रह्म) ज्ञान, (अपः) कर्म, (लोक) जनता, (प्रजापतिं) प्रजापालक राजा और (विराज परमेष्ठिन) विशेष तेजस्वी परमेष्ठी परमात्माको (जनयन्) प्रकट करता हुआ, अब (इंद्र

भूत्वा) इन्द्र बनकर (ह) निश्चयसे (असुरान् ततर्ह) असुरोंका नाश करता है ॥७॥

जो एक समय आचार्यके पास विद्यामाताके गर्भमें रहता था, वही ब्रह्मचारी विद्याध्ययनके पश्चात् ज्ञान, सत्कर्म, प्रजा और राजाके धर्म और परमात्माका स्वरूप इनका प्रचार करता रहा; अब वही शत्रुनिवारक वीर बनकर शत्रुओंका नाश करता है ॥७॥

आचार्यस्ततक्ष नभसी उभे इमे उर्वी गम्भीरे पृथिवीं दिवं च । ते रक्षति तपसा ब्रह्मचारी तस्मिन् देवाः संमनसो भवन्ति ॥८॥

पदानि— आचार्यः । ततक्ष । नभसी इति । उभे इति । इमे इति । उर्वी इति । गम्भीरे इति । पृथिवीम् । दिवम् । च ॥ ते इति । रक्षति । तपसा । ब्रह्मऽचारी । तस्मिन् । देवाः । सम्ऽमनसः । भवन्ति ॥८॥

(इमे) ये (उर्वी गम्भीरे) बडे गंभीर (उभे नभसी) दोनों लोक (पृथिवीं दिवं च) पृथिवी और द्युलोक आचार्यने (ततक्ष) बनाये हैं । ब्रह्मचारी अपने तपसे (ते रक्षति) उन दोनोंका रक्षण करता है । इसलिये (तस्मिन्) उस ब्रह्मचारीके अंदर सब देव अनुकूल मनके साथ रहते हैं ॥८॥

आचार्यही पृथिवीसे लेकर द्युलोकतक सब पदार्थोंका ज्ञान ब्रह्मचारीको देता है, मानो वह अपने शिष्यके लिये ये लोकही बना देता है । ब्रह्मचारी अपने तपसे उनका संरक्षण करता है । अतः उस ब्रह्मचारीमें सब देवता रहते हैं ॥८॥

इमां भूमिं पृथिवीं ब्रह्मचारी भिक्षामा जभार प्रथमो दिवं च । ते कृत्वा समिधावुपास्ते तयोरार्पिता भुवनानि विश्वा ॥९॥

पदानि- इमाम् । भूमिम् । पृथिवीम् । ब्रह्मऽचारी । भिक्षाम् । आ । जभार । प्रथमः । दिवम् । च ॥ ते इति । कृत्वा । समिऽइधौ । उप । आस्ते । तयोः । आर्पिता । भुवनानि । विश्वा ॥९॥

(प्रथम ब्रह्मचारी) पहले ब्रह्मचारीने (पृथिवीं भूमिं) इस विस्तृत भूमिकी तथा (दिव) द्युलोककी (भिक्षां आ जभार) भिक्षा प्राप्त की है। अब वह ब्रह्मचारी (ते समिधौ कृत्वा) उनकी दो समिधाएँ करके (उपास्ते) उपासना करता है। क्योंकि (तयो.) उन दोनोंके बीचमें सब भुवन (अर्पिताः) स्थापित हैं ॥९॥

ब्रह्मचारीने प्रथमत भिक्षामें द्युलोक और पृथिवीलोकको प्राप्त किया। इन दो लोकोंमें ही सब अन्य भुवन स्थापित हुए हैं। दोनों लोकोंकी प्राप्ति होनेपर वही ब्रह्मचारी अब उक्त दोनों लोकोंकी दो समिधाएँ बनाकर ज्ञानयज्ञद्वारा उपासना करता है ॥९॥

अर्वागन्यः परो अन्यो दिवस्पृष्ठाद्गुहा निधी निहितौ ब्राह्मणस्य । तौ रक्षति तपसा ब्रह्मचारी तत् केवलं कृणुते ब्रह्म विद्वान् ॥१०॥

पदानि- अर्वाक् । अन्यः । परः । अन्यः । दिवः । पृष्ठात् । गुहा । निधी इति निऽधी । निऽहितौ । ब्राह्मणस्य । तौ । रक्षति । तपसा । ब्रह्मऽचारी । तत् । केवलम् । कृणुते ब्रह्म । विद्वान् ॥१०॥

(अन्यः अर्वाक्) एक पास है और (अन्य दिव पृष्ठात् परः) दूसरा द्युलोकके पृष्ठभागसे परे है। ये दोनों (निधी) कोश (ब्राह्मणस्य गुहा

ज्ञानीकी बुद्धिमें (निहितौ) रखे हैं। (तौ) उन दोनों कोशोंका संरक्षण ब्रह्मचारी अपने तपसे करता है। तथा वही विद्वान् ब्रह्मचारी (तत् केवलं ब्रह्म) वह केवल ब्रह्मज्ञान (कृणुते) विस्तृत करता है, ज्ञान फैलाता है॥१०॥

स्थूल शरीर और मन ये दो कोश मनुष्यमें हैं ॥१०॥

अर्वागन्य इतो अन्यः पृथिव्या अग्नी समेतो नभसी अन्तरेमे। तयोः श्रयन्ते रश्मयोऽधि दृढास्ताना तिष्ठति तपसा ब्रह्मचारी ॥११॥

पदानि- अर्वाक्। अन्यः। इतः। अन्यः। पृथिव्याः। अग्नी इति। सम्ऽएतः। नभसी इति। अन्तरा। इमे इति॥ तयोः। श्रयन्ते। रश्मयः। अधि। दृढाः। तान्। आ। तिष्ठति। तपसा। ब्रह्मऽचारी ॥११॥

(अर्वाक् अन्यः) इधर एक है और (इतः पृथिव्याः अन्यः) इस पृथिवीसे दूर दूसरा है। ये (अग्नी) दोनों अग्नि (इमे अन्तरा नभसी) इन पृथिवी और द्युलोकके बीचमें (समेतः) मिलते हैं। (तयोः दृढा रश्मयः) उनके बलवान् किरण (अधि श्रयन्ते) फैलते हैं। ब्रह्मचारी तपसे (तान् आ तिष्ठति) उन किरणोंका अधिष्ठाता होता है ॥ ११ ॥

दो अग्नि हैं, जो इस त्रिलोकीमें कार्य कर रहे हैं, उनका अधिष्ठाता ब्रह्मचारी है ॥११॥

अभिक्रन्दन् स्तनयन्नरुणः शितिङ्गो बृहच्छेपोऽनु भूमौ जभार। ब्रह्मचारी सिञ्चति सानौ रेतः पृथिव्यां तेन जीवन्ति प्रदिशश्चतस्रः ॥१२॥

पदानि- अभिऽक्रन्दन्। स्तनयन्। अरुणः। शितिङ्गः। बृहत्। शेपः। अनु। भूमौ। जभार॥ ब्रह्मऽचारी। सिञ्चति। सानौ। रेतः। पृथिव्याम्। तेन। जीवन्ति। प्रऽदिशः। चतस्रः ॥१२॥

(अभिक्रन्दन् स्तनयन्) गर्जना करनेवाला (अरुण शितिंग) भूरे और काले रंगसे युक्त (बृहत्-शेपः) बड़ा प्रभावशाली (ब्रह्मचारी) ब्रह्म अर्थात् उदकको साथ ले जानेवाला मेघ (भूमौ अनु जभार) भूमिका योग्य पोषण करता है। तथा (सानौ पृथिव्यां) पहाड़ और भूमिपर (रेतः सिंचन्ति) जलकी वृष्टि करता है। (तेन) उससे (चतस्रः प्रदिशः जीवन्ति) चारों दिशायें जीवित रहतीं हैं ॥ १२ ॥

मेघ ब्रह्मचारी है, वह अपने तपसे भूमिकी शांति करता है। ब्रह्मचारी उससे यह बोध लेवे ॥१२॥

अग्नौ सूर्ये चन्द्रमसि मातरिश्वन्ब्रह्मचार्य१प्सु समिधमा दधाति। तासामर्चींषि पृथगभ्रे चरन्ति तासामाज्यं पुरुषो वर्षमापः ॥१३॥

पदानि- अग्नौ। सूर्ये। चन्द्रमसि। मातरिश्वन्। ब्रह्मऽचारी। अप्ऽसु। सम्ऽइधम्। आ। दधाति॥ तासाम्। अर्चींषि। पृथक्। अभ्रे। चरन्ति। तासाम्। आज्यम्। पुरुषः। वर्षम्। आपः ॥१३॥

अग्नि, सूर्य, चंद्रमा, वायु, (अप्सु) जल इनमें ब्रह्मचारी समिधा डालता है। उनके तेज पृथक् पृथक् (अभ्रे) मेघोंमें संचार करते हैं। (तासां) उनसे (वर्षं) वृष्टि, (आपः) जल तथा (आज्य) घी और पुरुषकी उत्पत्ति होती है ॥ १३ ॥

ब्रह्मचारीका अग्निहोत्रके समय अग्निमें आहुति डालना जगत्को तृप्त करना है ॥१३॥

आचार्यो॑ मृत्युर्वरु॑णः सोम॒ ओष॑धयः पय॑ः।
जीमूता॑ आसन्त्सत्वा॑नस्तैरिदं स्व१राभृ॑तम् ॥१४॥

पदानि— आऽचार्यः॑। मृत्युः। वरु॑णः। सोमः॑। ओष॑धयः। पय॑ः॥ जीमूता॑ः। आसन्। सत्वा॑नः। तैः। इदम्। स्वः॑। आऽभृ॑तम् ॥१४॥

आचार्यही मृत्यु, वरुण, सोम, औषधि तथा पयोरूप है। उसके जो (सत्वानः) सात्त्विक भाव हैं, वे (जीमूताः) मेघरूप हैं, क्योंकि (तैः) उनके द्वाराही (इदं स्वः आभृतं) वह स्वत्व रहा है ॥ १४ ॥

आचार्य देवतामय है, वह ब्रह्मचारीके सत्त्वकी उन्नति करता है ॥१४॥

अ॒मा घृ॒तं कृ॑णुते केव॑लमाचार्यो॑ भू॒त्वा वरु॑णो यद्य॒दैच्छ॑-
त्प्र॒जाप॑तौ। तद् ब्र॑ह्मचा॒री प्राय॑च्छ॒त्स्वान् मि॒त्रो अध्या॒त्मन॑ः ॥१५॥

पदानि— अ॒मा। घृ॒तम्। कृ॒णु॒ते। केव॑लम्। आऽचार्यः॑। भू॒त्वा। वरु॑णः। यत्ऽय॑त्। ऐच्छ॑त्। प्र॒जाऽप॑तौ॥ तत्। ब्र॒ह्मऽचा॒री। प्र। अ॒य॒च्छ॒त्। स्वान्। मि॒त्रः। अधि॑। आ॒त्मन॑ः ॥१५॥

(अमा) एकत्व, सहवास (केवलं घृतं) केवल शुद्ध तेज करता है। आचार्य वरुण बनकर (प्रजा-पतौ) प्रजापालकके विषयमें (यत् यत् ऐच्छत्) जो जो चाहता है, (तत्) उसको मित्र, ब्रह्मचारी (स्वान् आत्मनः) अपनी आत्मशक्तिसे (अधि प्रायच्छत्) देता है ॥ १५ ॥

गुरुशिष्यके सहवाससेही दिव्य तेज अथवा तेजस्वी ज्ञानका प्रवाह प्रचलित होता है । आचार्य वरुण बनकर जो इच्छा करता है, उसकी पूर्ति शिष्य अपनी शक्तिके अनुसार करता है ॥१५॥

आचार्यो॑ ब्रह्मचारी ब्रह्मचारी प्रजाप॑तिः ।
प्रजाप॑तिर्वि रा॑जति विराडिन्द्रो॑ऽभवद्वशी ॥१६॥

पदानि— आऽचार्यः॑ । ब्रह्मऽचारी । ब्रह्मऽचारी । प्रजाऽप॑तिः ॥ प्रजाऽप॑तिः । वि । राजति । विऽराट् । इन्द्रः॑ । अभवत् । वशी ॥१६॥

आचार्य ब्रह्मचारी होना चाहिये, (प्रजापतिः) प्रजापालक भी ब्रह्मचारी होना चाहिये । इस प्रकारका प्रजापति (वि-राजति) विशेष शोभता है । जो (वशी) संयमी (वि-राट्) राजा होता है, वही इन्द्र कहलाता है ॥१६॥

सब शिक्षक ब्रह्मचारी होने चाहिये, सब राज्याधिकारी-प्रजापालनके कार्यमें नियुक्त पुरुष-भी ब्रह्मचारीही होने चाहिये । जो योग्य रीतिसे प्रजाका पालन करेंगे, वेही सुशोभित होंगे तथा जो जितेंद्रिय राजपुरुष होंगे, वेही इंद्र कहलायेंगे ॥१६॥

ब्रह्मचर्ये॑ण तप॑सा राजा॑ राष्ट्रं वि र॑क्षति ।
आचार्यो॑ ब्रह्मचर्ये॑ण ब्रह्मचारिण॑मिच्छते ॥१७॥

पदानि— ब्रह्मऽचर्ये॑ण । तप॑सा । राजा॑ । राष्ट्रम् । वि । रक्षति ॥ आऽचार्यः॑ । ब्रह्मऽचर्ये॑ण । ब्रह्मऽचारिण॑म् । इच्छते ॥१७॥

ब्रह्मचर्यरूप तपके साधनसे राजा राष्ट्रका विशेष संरक्षण करता है । आचार्य भी ब्रह्मचर्यके साथ रहनेवाले ब्रह्मचारीकी ही इच्छा करता है ॥१७॥

राजा राजप्रबंधद्वारा सब लोगोंसे ब्रह्मचर्य पालन कराके राष्ट्रका विशेष रक्षण करता है। अध्यापक भी ऐसे ब्रह्मचारीकी इच्छा करता है कि जो ब्रह्मचर्यका पालन करता है ॥१७॥

ब्रह्मचर्येण कन्या३ युवानं विन्दते पतिम्।
अनड्वान्ब्रह्मचर्येणाश्वो घासं जिगीर्षति ॥१८॥

पदानि- ब्रह्मऽचर्येण। कन्या। युवानम्। विन्दते। पतिम्॥ अनड्वान्। ब्रह्मऽचर्येण। अश्वः। घासम्। जिगीर्षति ॥१८॥

कन्या ब्रह्मचर्य पालन करनेके पश्चात् तरुण पतिको (विन्दते) प्राप्त करती है। (अनड्वान्) बैल और (अश्वः) घोडा भी ब्रह्मचर्य पालन करनेसेही घास खाता है ॥ १८ ॥

ब्रह्मचर्य पालन करनेके पश्चात् कन्या अपने योग्य पतिको प्राप्त करती है। बैल और घोडा भी ब्रह्मचारी रहते हैं, इसलिये घास खाकर उसे पचा सकते हैं ॥१८॥

ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाघ्नत।
इन्द्रो ह ब्रह्मचर्येण देवेभ्यः स्व१राऽभरत् ॥१९॥

पदानि- ब्रह्मऽचर्येण। तपसा। देवाः। मृत्युम्। अप। अघ्नत ॥ इन्द्रः। ह। ब्रह्मऽचर्येण। देवेभ्यः। स्वः। आ। अभरत् ॥१९॥

ब्रह्मचर्यरूप तपसे सब देवोंने मृत्युको (अप अघ्नत) दूर किया। इंद्र ब्रह्मचर्यसेही देवोंको (स्वः) तेज (आभरत्) देता है ॥ १९ ॥

ब्रह्मचर्यके पालन करनेके कारणही सब देव अमर बने हैं। तथा ब्रह्मचर्यके सामर्थ्यसेही देवराज इंद्र सब इतर देवोंको तेज दे सकता है ॥१९॥

ओषधयो भूतभव्यमहोरात्रे वनस्पतिः।
संवत्सरः सहर्तुभिस्ते जाता ब्रह्मचारिणः ॥२०॥

पदानि– ओषधयः। भूतऽभव्यम्। अहोरात्रे इति। वनस्पतिः॥ सम्ऽवत्सरः। सह। ऋतुऽभिः। ते। जाताः। ब्रह्मऽचारिणः ॥२०॥

औषधियाँ, वनस्पतियाँ, (ऋतुभि सह संवत्सर.) ऋतुओंके साथ गमन करनेवाला संवत्सर, अहोरात्र, भूत और (भव्य) भविष्य ये सब ब्रह्मचारी (जाता) हो गये हैं ॥२० ॥

सब विश्व ब्रह्मचर्यसे युक्त है ॥२०॥

पार्थिवा दिव्याः पशव आरण्या ग्राम्याश्च ये।
अपक्षाः पक्षिणश्च ये ते जाता ब्रह्मचारिणः ॥२१॥

पदानि– पार्थिवाः। दिव्याः। पशवः। आरण्याः। ग्राम्याः। च। ये॥ अपक्षाः। पक्षिणः। च। ये। ते। जाताः। ब्रह्मऽचारिणः ॥२१॥

(पार्थिवा) पृथिवीपर उत्पन्न होनेवाले, (आरण्याः ग्राम्याश्च) अरण्य और ग्राममें उत्पन्न होनेवाले जो (अपक्षा पशव) पक्षहीन पशु हैं, तथा (दिव्या पक्षिण) आकाशमें संचार करनेवाले जो पक्षी हैं, वे सब ब्रह्मचारी (जाता) बने हैं ॥ २१ ॥

सब पशुपक्षी जन्मसेही ब्रह्मचारी हैं ॥२१॥

पृथक्सर्वे प्राजापत्याः प्राणानात्मसु बिभ्रति।
तान्त्सर्वान्ब्रह्म रक्षति ब्रह्मचारिण्याभृतम् ॥२२॥

पदानि- पृथक्। सर्वे। प्राजाऽपत्याः। प्राणान्। आत्मऽसु। बिभ्रति। तान्। सर्वान्। ब्रह्म। रक्षति। ब्रह्मऽचारिणि। आऽभृतम् ॥२२॥

(सर्वे प्राजापत्याः) प्रजापति परमात्मासे उत्पन्न हुए हुए सबही पदार्थ पृथक् पृथक् (आत्मसु प्राणान्) अपने अंदर प्राणोंको (बिभ्रति) धारण करते हैं। (ब्रह्मचारिणि आभृतं) ब्रह्मचारीमें रहा हुआ (ब्रह्म) ज्ञान (तान् सर्वान् रक्षति) उन सबका रक्षण करता है ॥२२॥

ब्रह्मचारीका तेज सबकी रक्षा करता है ॥२२॥

देवानामेतत्परिषूतमनभ्यारूढं चरति रोचमानम्।
तस्माज्जातं ब्राह्मणं ब्रह्म ज्येष्ठं देवाश्च सर्वे अमृतेन साकम् ॥२३॥

पदानि-देवानाम्। एतत्। परिऽसूतम्। अनभिऽआरूढम्। चरति। रोचमानम्॥ तस्मात्। जातम्। ब्राह्मणम्। ब्रह्म। ज्येष्ठम्। देवाः। च। सर्वे। अमृतेन। साकम् ॥२३॥

देवोंका (एतत्) यह (परि-पूतं) उत्साह देनेवाला (अन्-अभ्यारूढं) सबसे श्रेष्ठ (रोचमानं) तेज (चरति) चलता है। उससे (ब्राह्मणं) ब्रह्मसंबंधी (ज्येष्ठं ब्रह्म) श्रेष्ठ ज्ञान हुआ है और (अमृतेन साकं) अमरपनके साथ (सर्वे देवाः) सब देव प्रकट हो गये ॥२३॥

ब्रह्मचर्यके तेजसे देव अमर हुए हैं ॥२३॥

ब्रह्मचारी ब्रह्म भ्राजद्बिभर्ति तस्मिन्देवा अधि विश्वे समोताः। प्राणापानौ जनयन्नाद्व्यानं वाचं मनो हृदयं ब्रह्म मेधाम् ॥२४॥

पदानि- ब्रह्मऽचारी। ब्रह्म। भ्राजत्। बिभर्ति। तस्मिन्। देवाः। अधि। विश्वे। सम्ऽओताः॥ प्राणापानौ। जनयन्। आत्। विऽआनम्। वाचम्। मनः। हृदयम्। ब्रह्म। मेधाम् ॥२४॥

चक्षुः श्रोत्रं यशो अस्मासु धेह्यन्नं रेतो लोहितमुदरम्॥२५

पदानि- चक्षुः। श्रोत्रम्। यशः। अस्मासु। धेहि। अन्नम्। रेतः। लोहितम्। उदरम् ॥२५॥

(भ्राजत् ब्रह्म) चमकनेवाला ज्ञान ब्रह्मचारी धारण करता है। इसलिये उसमें सब देव (अधि समोता) रहे हैं। वह प्राण, अपान, व्यान, वाणी, मन, हृदय, ज्ञान (आत्) और मेधा (जनयन्) प्रकट करता है। इसलिये हे ब्रह्मचारी! (अस्मासु) हम सबमें चक्षु, श्रोत्र, यश, अन्न, (रेत) वीर्य, (लोहित) रुधिर और (उदर) पेट (धेहि) पुष्ट करो ॥२४-२५॥

ब्रह्मचारीके तेजसे सबकी पुष्टि होती है॥२४-२५॥

तानि कल्पद्ब्रह्मचारी सलिलस्य पृष्ठे तपोऽतिष्ठत्तप्यमानः समुद्रे। स स्नातो बभ्रुः पिङ्गलः पृथिव्यां बहु रोचते २६

पदानि- तानि। कल्पत्। ब्रह्मऽचारी। सलिलस्य। पृष्ठे। तपः। अतिष्ठत। तप्यमानः। समुद्रे॥ सः। स्नातः। बभ्रुः। पिङ्गलः। पृथिव्याम्। बहु। रोचते ॥२६॥

ब्रह्मचारी (तानि) उनके विषयमें (कल्पत्) योजना करता है। (सलिलस्य पृष्ठे) जलके समीप तप करता है। इस ज्ञानसमुद्रमें (तप्यमानः) तप्त होनेवाला वह ब्रह्मचारी (स स्नातः) जब स्नातक हो जाता है, तब (बभ्रु पिंगल) अत्यंत तेजस्वी होनेके कारण वह इस पृथिवीपर बहुत चमकता है ॥२६॥

ब्रह्मचारी अपने तेजसे विराजता है ॥२६॥

ब्रह्मचर्य-सूक्त

इस सूक्तका प्रथम मंत्र ब्रह्मचारीका कर्तव्य कर्म व्यक्त कर रहा है। ब्रह्मचारी वह होता है कि जो [ब्रह्म] बडा होनेके लिये [चारी] पुरुषार्थ करता रहता है। " ब्रह्म " शब्दका अर्थ वृद्धि, महत्त्व, बडप्पन, ज्ञान, अमृत आदि है। " चारिन् " शब्दका भाव आचरण करना, नियमपूर्वक योग्य व्यवहार करना है। इन दोनों पदोंके भाव निम्न प्रकार व्यक्त होते हैं- ' अभिवृद्धिके लिये प्रयत्न करना, सब प्रकारसे श्रेष्ठ बननेका पुरुषार्थ करना, सत्य और शुद्ध ज्ञान बढानेका यत्न करना, अमरत्वकी प्राप्तिके लिये परम पुरुषार्थ करना। ' यह मुख्य भाव " ब्रह्मचारी " शब्दमें है। उक्त पुरुषार्थ करनेकी शक्ति शरीरमें वीर्यकी स्थिरता होनेसेही प्राप्त हो सकती है। इसलिये ब्रह्मचारीको वीर्यरक्षण करनेकी अत्यंत आवश्यकता है।

उक्त मंत्रका पहला कथन यह है कि " **ब्रह्मचारी उभे रोदसी इष्णन् चरति।** " अर्थात् " अपनी अभिवृद्धिकी इच्छा करनेवाला पुरुष पृथिवी और द्युलोकको अनुकूल बनाकर अपना व्यवहार करता है। " पृथिवीसे लेकर द्युलोकतक जो पदार्थ हैं, उनको अपने अनुकूल बनानेसे अभ्युदयका मार्ग सुगम होता है। यह अत्यंत स्पष्टही है कि यदि हम सृष्टिके पदार्थोंके साथ विरोध करेंगे, तो उनकी शक्ति बडी होनेके कारण हमाराही घात होगा। परंतु यदि हम पृथिवी, जल, अग्नि, वायु आदि सब पदार्थोंको अपने अनुकूल बनायेंगे, हम उनके नियमानुकूल अपना व्यवहार करेंगे और इस प्रकार आपसकी अनुकूलताके साथ परस्परके व्यवहार होंगे, तब हम सबोंका अभ्युदय हो सकता है। यही भाव इस मंत्रभागमें कहा गया है।

जब ब्रह्मचारी सृष्टिका निरीक्षण करता है, तब उसको विदित होता है कि पृथिवी सबको आधार देती है। यह देखकर, वह निराश्रितोंको आश्रय देनेका स्वभाव अपनेमें बढाता है। जलदेवता सबको शांति प्रदान करनेके लिये उच्चसे नीच स्थानमें पहुँचती है, यह देखकर ब्रह्मचारी निश्चय करता है कि, "मुझे अपनी उच्चताके घमंडमें रहना उचित नहीं है, इसलिये मैं नीचसे नीच अवस्थामें रहनेवाले पतित जनोंके उद्धारके लिये तथा उनके आत्माओंको शांत करनेके लिये अवश्य यत्न करूंगा।" अग्निदेवताकी ऊर्ध्व ज्योति देखकर ब्रह्मचारी उपदेश लेता है कि "दूसरोंको प्रकाश देनेके लिये मुझे इस प्रकार जलना चाहिये और सीधा होना चाहिये।" वायुदेवताकी हलचल देखकर ब्रह्मचारी निश्चय करता है कि "मैं भी हलचलद्वारा जनता की शुद्धता संपादन करूंगा।" सूर्यका तेज अवलोकन करके ब्रह्मचारी संकल्प करता है कि "मैं ज्ञानसे इसी प्रकार प्रकाशित हो जाऊंगा।" चंद्रकी शांत अमृतमयी प्रभाका निरीक्षण करके वह बोध लेता है कि "मैं भी इसी प्रकार अमृतरूपी शांतिका स्रोत बन जाऊंगा।" इसी ढंगसे अन्य देवताओंका निरीक्षण करके वह अपने अंदर उनके गुणधर्मोंको धारण करने और बढानेका यत्न करता है। मानो अग्न्यादि देव उसके लिये आदर्श बन जाते हैं और उक्त प्रकार उसको उपदेश देते हैं।

वेदमंत्रोंमें जो अग्नि, वायु, आदि देवताओंके गुण वर्णन किये गये हैं, उसका यही तात्पर्य है। ब्रह्मचारी एक एक सूक्तको पढता है और प्रारंभमें उक्त गुण उन देवताओंमें देखकर अपने अंदर उनको धारण करनेका यत्न करता है। इन देवताओंमें परमात्माके विविध गुणोंका आविर्भाव होनेके कारण वह परंपरासे परमात्माके गुणोंकोही अपने अंदर बढाता है।

इसी प्रकार प्रत्येक देवताके प्रशंसनीय सद्गुण देखनेका उस ब्रह्मचारीको अभ्यास होता है, दोष देखनेकी दृष्टि दूर होती है और सद्गुण स्वीकारनेका भाव बढ जाता है। प्रत्येक मनुष्यकी उन्नतिका यही वैदिक मार्ग है। आजकल दोष देखनेकाही भाव बढ गया है, इसलिये प्रति दिन मनुष्य गिरताही जाता है। इस कारण मनुष्यमात्रको इस वैदिक धर्मके मार्गमेंही

आकर सब जगत्में शांतिस्थापनाद्वारा अपने अपने आत्माकी शांति बढानी चाहिये । शतपथब्राह्मणमें कहा है कि–

यद्देवा अकुर्वंस्तत्करवाणि । [शत० ब्रा० ७।३।२६]

अर्थात् " जो देव करते आये हैं, वह मैं करूंगा । " यही बात उक्त स्थानपर कही है । इस प्रकार ब्रह्मचारी देवोंका अनुकरण करने लगता है, देवोंके विषयमें आदरभाव धारण करता है और अन्य प्रकारसे देवोंको प्रसन्न करनेका यत्न करता है । इस तपस्यासे देव भी संतुष्ट और प्रसन्न होकर उसके साथ अथवा वास्तविक रीतिसे उसके शरीरमेंही निवास करने लगते हैं । इसका वर्णन आगेके मंत्र-भागमें है–

देवताओंकी अनुकूलता ।

जो ब्रह्मचारी उक्त प्रकार देवताओंका निरीक्षण और गुणग्रहण करता है, उसमें अंशरूपसे निवास करनेवाले देवता उसके साथ अनुकूल बनकर रहते हैं । मंत्र कहता है कि—

" तस्मिन् देवाः सं-मनसो भवन्ति । " अर्थात् "उस ब्रह्मचारीमें सब देव अनुकूल मनके साथ रहते हैं । " उसके शरीरमें जिन जिन देवताओंके अंश हैं, वे सब उस ब्रह्मचारीके मनके अनुकूल अपना मन बनाकर उसके शरीरमें निवास करते हैं । अपने शरीरमें देवताओंका निवास निम्न प्रकारसे होता है, देखिये–

१ अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्,
२ वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्,
३ आदित्यश्चक्षुर्भूत्वाऽक्षिणी प्राविशत्,
४ दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णौ प्राविशन्,
५ ओषधिवनस्पतयो लोमानि भूत्वा त्वचं प्राविशन्,
६ चंद्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशत् ,
७ मृत्युरपानो भूत्वा नाभिं प्राविशत्,
८ आपो रेतो भूत्वा शिश्नं प्राविशन् ॥ [ऐतरेय उ० २।४]

[१] " अग्नि वक्तृत्वका इंद्रिय बनकर मुखमें प्रविष्ट हुआ, [२] वायु प्राण बनकर नासिकामें संचार करने लगा, [३] सूर्यने चक्षुका रूप धारण करके आंखोंके स्थानमें निवास किया, [४] दिशाएँ श्रोत्र बनकर कानमें रहने लगीं, [५] औषधि-वनस्पतियाँ केश बनकर त्वचामें रहने लगीं, [६] चन्द्रमा मन बनकर हृदय-स्थानमें प्रविष्ट हुआ, [७] मृत्यु अपानका रूप धारण करके नाभि-स्थानमें रहने लगा, [८] जलदेवताएँ रेत बनकर शिश्नमें रहने लगीं।"

इस ऐतरेय उपनिषद्के कथनानुसार अग्नि, वायु, सूर्य, दिशा, औषधि, चन्द्र, मृत्यु, आप् इन आठ देवताओंका निवास उक्त आठ स्थानोंमें हुआ है। पाठक जान सकते हैं कि इसी प्रकार अन्य देवताएँ, जो बाह्य जगत् में हैं और जिनका वर्णन वेदमें सर्वत्र है, उनके अंश मनुष्यके शरीरमें विविध स्थानोंमें रहते हैं। इस प्रकार हमारा एक एक शरीर सब देवताओं का दिव्य साम्राज्य है और उसका अधिष्ठाता आत्मा है, तथा इसी आत्मा की शक्ति उक्त सब देवताओंमें प्रविष्ट होकर कार्य करती है। इसका अधिक विचार करनेके पूर्व अथर्ववेदके निम्नलिखित मन्त्र देखनेयोग्य हैं—

१ दश साकमजायन्त देवा देवेभ्यः पुरा।
यो वै तान्विद्यात्प्रत्यक्षं स वा अद्य महद्वदेत् ॥ ३॥
२ ये त आसन् दश जाता देवा देवेभ्यः पुरा।
पुत्रेभ्यो लोकं दत्त्वा कस्मिंस्ते लोक आसते ॥१०॥
३ संसिचो नाम ते देवा ये संभारान्त्समभरन्।
सर्वं संसिच्य मर्त्यं देवाः पुरुषमाविशन् ॥१३॥
४ यदा त्वष्टा व्यतृणत् पिता त्वष्टुर्य उत्तरः।
गृहं कृत्वा मर्त्यं देवाः पुरुषमाविशन्। ॥१८॥
५ अस्थि कृत्वा समिधं तदष्टापो असादयन्।
रेतः कृत्वाऽऽज्यं देवाः पुरुषमाविशन् ॥२९॥

६ या आपो याश्च देवता या विराड् ब्रह्मणा सह।
शरीरं ब्रह्म प्राविशच्छरीरेऽधि प्रजापतिः ॥३०॥
७ सूर्यश्चक्षुर्वातः प्राणं पुरुषस्य वि भेजिरे।
अथास्येतरमात्मानं देवाः प्रायच्छन्नग्नये ॥३१॥
८ तस्माद्वै विद्वान् पुरुषमिदं ब्रह्मेति मन्यते।
सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते ॥३२॥
(अथर्व० ११।८)

" [१] सबसे प्रथम (देवेभ्यः दश देवाः) देवोंसे दस देव उत्पन्न हो गये। जो इनको प्रत्यक्ष (विद्यात्) जानेगा, वह (अद्य) आजही (महत् वदेत्) महत् ब्रह्मके विषयमें बोलेगा। [२] जो पहले देवोंसे दस देव हुए थे, पुत्रोंको स्थान देकर स्वयं किस लोकमें रहने लगे हैं? [३] सिंचन करनेवाले वे देव हैं कि जो सब सामग्रीको एकत्रित करते हैं। (देवाः) ये देव सब (मर्त्यं) मरणधर्मी शरीरको सिंचित करके पुरुषमें प्रविष्ट हुए हैं। [४] जो (त्वष्टुः पिता) कारीगर देवका पिता (उत्तरः त्वष्टा) अधिक उत्तम कारीगर है, वह इस शरीरमें छेद करता है, तब मरणधर्मवाला (गृहं) घर बनाकर सब देव इस पुरुषमें प्रविष्ट होते हैं। [५] हड्डियोंकी समिधाएँ बनाकर, रेतका घी बनाकर, (अष्ट आपः) आठ प्रकारके रसोंको लेकर सब देवोंने पुरुषमें प्रवेश किया है। [६] जो आप तथा अन्य देवताएँ हैं और ब्रह्मके सह वर्तमान जो विराट् है, ब्रह्मही उन सबके साथ (शरीरं प्राविशत्) शरीरमें प्रविष्ट हुआ है और प्रजापति शरीरमें अधिष्ठाता हुआ है। [७] सूर्य चक्षु बना; वायु प्राण हुआ और ये देव इस पुरुषमें रहने लगे, इसके पश्चात् इतर आत्माको देवोंने अग्निके लिये अर्पण किया। [८] इसलिये इस पुरुषको (विद्वान्) जाननेवाला ज्ञानी (इदं ब्रह्म इति) यह ब्रह्म है, ऐसा (मन्यते) मानता है। क्योंकि इसमें सब देवताएँ उस प्रकार इकट्ठी रहती हैं कि जैसी गौवें गोशालामें।"

इन मन्त्रोंमें स्पष्ट कहा है कि, अग्नि, वायु आदि देवताएँ इस शरीरमें निवास करती हैं। अर्थात् प्रत्येक देवताका थोडा थोडा अंश इस शरीरमें निवास करता है। यही देवोंका "अंशावतरण" है। जो इस प्रकार अपने शरीरमें देवताओंके अंशोंको जानता है, वह अपने आत्माकी शक्ति जान लेता है और जो शरीरमें रहनेवाले देवताओंके समेत अपने आत्माको जानता है, वही परमेष्ठी परमात्माको जानता है। इस विषयमें निम्न मन्त्र देखिये—

ये पुरुषे ब्रह्म विदुस्ते विदुः परमेष्ठिनम्।
यो वेद परमेष्ठिनं यश्च वेद प्रजापतिम्।
ज्येष्ठं ये ब्राह्मणं विदुस्ते स्कंभमनुसंविदुः॥

(अथर्व० १०।७।१७)

"जो पुरुषमें ब्रह्म जानते हैं, वे परमेष्ठीको जानते हैं। जो परमेष्ठीको जानता है और जो प्रजापतिको जानता है, तथा जो [ज्येष्ठ ब्राह्मण] श्रेष्ठ ब्रह्मको जानते हैं, वे स्कम्भको उत्तम प्रकारसे जानते हैं।"

अपने शरीरके अन्दर ब्रह्मका अनुभव करनेका यह फल है। परमात्माके साक्षात्कारका यही मार्ग है। इसलिये अपने शरीरमें देवताओंके अंशोंका ज्ञान प्राप्त करके उन देवताओंका अधिष्ठाता जो एक आत्मा है, उसका अनुभव पहिले करना चाहिये। पूर्वोक्त ऐतरेय उपनिषद्के वचनमें प्रत्येक देवताका भिन्नभिन्न स्थान कहा है। उस उस स्थानमें उक्त देवताके अंशका स्थान समझना चाहिये।

बाह्य सृष्टिमें अग्नि, वायु आदि देवताएँ विशाल रूपमें हैं। उनके अंश प्रत्येक शरीरमें आकर रहते हैं और इस प्रकार यह जीवात्माका साम्राज्य अर्थात् शरीर बन जाता है। यहाँ प्रश्न हो जाता है कि, ये सब देवता मनके साथ हैं, या मनविहीन हैं? इस प्रश्नका उत्तर ब्रह्मचर्य-सूक्तके मन्त्रने ही दिया है कि "तस्मिन् देवाः समनसो भवन्ति" अर्थात् "उस ब्रह्मचारीमें उक्त सब देव अनुकूल मन धारण करके रहते हैं।" इस मन्त्रके

" सं-मनसः देवाः " ये दो शब्द विशेष ध्यानपूर्वक देखनेयोग्य हैं। इनका अर्थ देखिये—

• सं— मिले हुए, अनुकूल । मनसः— मनसे युक्त ।

देवाः– अग्नि आदि देव, तथा शरीरमें निवास करनेवाले देवताओंके अंश ।

" जो ब्रह्मचारी सृष्ट्यंतर्गत अग्नि, वायु आदि विशाल देवताओंका निरीक्षण और अनुकरण करके उपदेश लेता है, उनको अनुकूल बनाकर स्वयं उनके अनुकूल व्यवहार करता है, उस ब्रह्मचारीके अंदर वेही देव अर्थात् उनके अंश अनुकूल बनकर रहते हैं । तात्पर्य यह है कि ब्रह्मचारीके मनके साथ अपना मन मिलाकर उक्त देव निवास करते हैं ।"

प्रत्येक इन्द्रियमें एक एक देव है और वह देव इस ब्रह्मचारीके अनुकूल होकर रहता है । इस सबका तात्पर्य ब्रह्मचारीकी सब इंद्रियशक्तियाँ उसके वशमें रहती हैं, इतनाही है । प्रत्येक देवताका मन भिन्न भिन्नही होता है। अर्थात् प्रत्येक इंद्रियस्थानीय उस देवताके अंशका भी मन भिन्न भिन्न होता है। आँख, नाक, कान, मुख, हृदय, नाभि, शिस्न, हाथ, पाँव आदि प्रत्येक इंद्रिय और अवयवका मन विभिन्न है, परन्तु सबके विभिन्न मनोंको अपने अधीन रखनेवाला " जीवात्माका मुख्य मन " होता है। जो ब्रह्मचर्यके नियमानुसार अपना आचरण करके ब्रह्मचारी बनता है, उसके शरीरमें निवास करनेवाले देवताओंके सम्पूर्ण अंश ब्रह्मचारीके मनके अनुकूल अपना मन धारण करके उसके अनुकूलही अपना कार्य करनेमें तत्पर होते हैं। परन्तु जो नियम छोडकर जैसा चाहे वैसा व्यवहार करता है, उस स्वच्छंद पुरुषके इंद्रियस्थानीय देवतागण भी स्वेच्छाचारी होते हैं और प्रत्येक इंद्रिय स्वच्छंद होनेसे अंतमें इस मनुष्यकाही नाश होता है। इस-लिये ब्रह्मचारीको उचित है कि, वह नियमानुसार आचरण करके इंद्रिय-स्थानीय सब देवताओंको अपने अधीन रखे और अपनी इच्छानुसार उनसे योग्य कार्य लेता रहे ।

देवताओंका साम्राज्य।

अपने शरीरको इस प्रकार ' देवताओंका साम्राज्य ' समझना और सब देवताओंका अधिष्ठाता मैं हूं, इस विचारको अपने मनमें दृढ करना चाहिये। अपनी मनकी शक्ति शरीरके प्रत्येक इंद्रियमें जाकर वहाँ कैसा विलक्षण कार्य करती है, वह विचारपूर्वक देखनेसे अपनी आत्मशक्तिका अनुभव प्रत्येक मनुष्यको प्राप्त हो सकता है। इस अनुभवसे इंद्रियशमन और इंद्रियदमन साध्य होता है।

प्रत्येक इंद्रिय भिन्न देवताके अंशका बना है। इन देवताओंमें भूस्थानीय, अन्तरिक्षस्थानीय तथा द्युस्थानीय ऐसे देवताओंके तीन वर्ग हैं। सब ही देवताओंका निवास शरीरमें है, ऐसा कहनेमात्रसे उक्त त्रिलोकीकाही निवास इस शरीरमें है, यह बात स्पष्टही हो गई। क्योंकि भूलोक, भुवर्लोक और स्वर्गलोक इन तीन स्थानोंमेंही सब देवताएँ रहती हैं। जब उक्त तीनों लोकोंके एक एक पदार्थका अंश शरीरमें आता है, तो मानों त्रैलोक्यकाही थोडा थोडा अंश लेकर यह मानवदेह बनाया गया है। इस विषयका स्पष्टीकरण निम्न स्थानमें दिये कोष्टकसे हो सकता है—

त्रिलोकीका कोष्टक।

(यह कोष्टक अगले पृष्टमें देखें।)

इस प्रकार बाहरकी त्रिलोकीका अंश शरीरमें आया है। इसी कारण कहा जाता है कि, यह ब्रह्मचारी त्रैलोक्यका आधार है। देखिये— ' स दाधार पृथिवीं दिवं च ' अर्थात् वह पूर्वोक्त संयमी ब्रह्मचारी पृथिवी और द्युलोक तथा तदन्तर्गत बीचके अन्तरिक्षलोकको भी आधार देता है। यह बात उक्त कोष्टकसे अब स्पष्ट हो चुकी है। इस प्रकार मन्त्रका प्रत्येक भाग अनुभवकी बातही बता रहा है। यहाँ किसी अलंकारकी कल्पना करनेकी आवश्यकताही नहीं है। प्रत्येक मनुष्य विचारकी दृष्टिसे मन्त्रोक्त बातको अपने अन्दरही देख सकता है। केवल काल्पनिक बातें वेदमें नहीं

	लोक	देवता		मनुष्यके इन्द्रिय	
बाह्य स्थानकी त्रिलोकी (समष्टि)	स्वर्गलोक [द्युलोक स्वः]	द्यौः सूर्य दिशा अग्नि	—सिर—	सिर आंख कान मुख, वागिंद्रिय	शरीरमें त्रिलोकी—(व्यष्टि)
	भुवर्लोक [अन्तरिक्षलोक भुवः]	इन्द्र चंद्र वायु और मरुत्	कंठ, फेफड़े, हृदय	आत्मा मन मुख्य और गौण प्राण	
	भूलोक [पृथिवीलोक भूः]	मृत्यु आपः, जल भूमि	नाभि, शिश्न, पांव	अपान रेत, वीर्य, पाँव	

हैं, प्रत्यक्ष होनेवाली बातेंही वेद वर्णन करता है। परन्तु उसको प्रत्यक्ष देखनेकी रीतिसेही देखना चाहिये। जो रीति यहाँ बताई है, उससे प्रत्येक मनुष्य अपने अन्दरही मंत्रोक्त बातें प्रत्यक्ष देख सकता है।

अब मन्त्रका अन्तिम भाग रहा है। वह यह है 'स आचार्यं तपसा पिपर्ति।' अर्थात् उक्त प्रकारका 'ब्रह्मचारी अपने तपसे आचार्यका पालन और पूर्णत्व करता है।' जो तप ब्रह्मचारीको करना है, उसका

स्वरूप मन्त्रके तीन चरणोंमें कहाही है। सृष्टिके अग्नि आदि देवताओंका निरीक्षण करना, उनको अपने अनुकूल बनाना, उनके अनुकूल स्वयं व्यवहार करना, तथा अपने शरीरमें उनके जो अंश रहते हैं, उनको अपने मनके अनुकूल चलाना, यह सब तपही है। इस प्रकारका तप जो ब्रह्मचारी करता है, वही आचार्यको परिपूर्ण बनाता है। विद्याप्रसारद्वारा आनन्दकी प्राप्ति होनेकी यह सूचना है। नियमविरुद्ध आचरण करनेवाले विद्यार्थी गुरुजीकी पूर्णता तो क्या करेंगे, परन्तु वे उनमें न्यूनताही उत्पन्न करते हैं, यह बात स्पष्टही है।

उक्त मन्त्रभागमें 'पिपर्ति' पद है। उसका अर्थ- '(१) पालन करता है और (२) परिपूर्ण करता है,' यह है। तात्पर्य यह है कि आचार्य के पालनपोषणका भार विद्यार्थियोंपर [किंवा विद्यार्थियोंके पालकोंपर] होता है, तथा आचार्यकी इच्छा पूर्ण करनेका उत्तरदायित्व भी विद्यार्थियोंपर ही रहता है।

द्वितीय मन्त्रमें कहा है कि देव, पितर, गन्धर्व और मनुष्य ये चारों वर्णोंके लोग ब्रह्मचारीका अनुकरण करते हैं। यह मन्त्रका प्रथम कथन है। ब्रह्मचारी जैसा आचरण करता है, वैसाही व्यवहार इतर लोग करने लगते हैं। यह बात ब्रह्मचारीको अवश्य ध्यानमें रखनी चाहिये। इससे ब्रह्मचारी-पर एक विलक्षण उत्तरदायित्व आ जाता है। यदि कोई दोष ब्रह्मचारीके आचरणमें होगा, तो उसका अनुकरण इतर लोक करेंगे, विशेषत गुणोंकी अपेक्षा दोषोंका अनुकरण अधिक होता है। श्रेष्ठ मनुष्य जैसा आचरण करता है, वैसा इतर लोग करते हैं, ऐसा कहते हैं। परन्तु यह नियम सदाचारके अनुकरणकी अपेक्षा दुराचारके अनुकरणके विषयमें अधिक सत्य प्रतीत होता है। यदि बडा मनुष्य अच्छा आचरण करेगा, तो उसके अनुसार छोटे लोग आचरण करेंगे, यह निश्चित नहीं है, परन्तु यदि बडा मनुष्य बुरे कार्य करेगा, तो बहुधा उसका अनुकरण अन्य लोग करने लगेंगे। इसलिये बडे मनुष्यको अपना आचरण विचारपूर्वक शुद्ध

रखना चाहिये। यही उत्तरदायित्व ब्रह्मचारीपर भी रहता है, क्योंकि अपने अपने स्थानपर ब्रह्मचारीकी प्रशंसा होगी, वहाँके छोटे मोटे लोग उसको देखकर उसके समान बननेका यत्न करेंगे। जो बाहरसे विशेष विद्या पढकर आता है, उसपर इसी प्रकार उत्तरदायित्व होता है। इसलिये नव-शिक्षितोंको अपना उत्तरदायित्व समझकरही व्यवहार करना उचित है।

प्रत्येक प्राणिमात्रमें जो चातुर्वर्ण्य है, वह ब्रह्मचारीके देहमें भी है। अर्थात् इसके देहमें चार वर्ण एक दूसरेके साथ मिलजुल कर रहते हैं, अनुकूल होकर रहते हैं। शरीरके अन्दर ज्ञान ग्रहण करके ज्ञान संचय करनेवाले जो भाग हैं, उनको देव किंवा ब्राह्मण समझिये। देहमें विरोधी दोषोंको हटानेवाले जो सूक्ष्म संरक्षणविभाग होते हैं, उनको क्षत्रिय मानिये। जो पोषक अंश होते हैं, उनको वैश्य कह सकते हैं और जो स्थूल भारवाहक अंश होंगे, उनको शूद्र कहिये। शरीरमें मज्जा ब्राह्मण है, वीर्य क्षत्रिय है, रस वैश्य है और अस्थि शूद्र हैं। इनको आप चाहे अन्य शब्द भी प्रयुक्त कर सकते हैं। यहाँ केवल उक्त कथनका भाव ध्यानमें रखना चाहिये। चातुर्वर्ण्यके चार शब्द जो इस मन्त्रमें आ गये हैं, वे भी गुणकर्मबोधक तथा भावबोधकही हैं।

मन्त्रमें कहा है कि देव, पितर, गंधर्व और देवजन ये सब ब्रह्मचारीके अनुकूल होकर चलते हैं, अर्थात् अनुकूल बनकर अपना अपना कार्यव्यवहार करते हैं। बाह्य समाजमें यह जितना सत्य है, उससे कई गुना अधिक शरीरके शक्तिकेन्द्रोंके अन्दर सत्य है। शरीरके अस्थि-रस-वीर्य-मज्जा आदि मूलभूत आधार-तत्त्व ब्रह्मचारीके अनुकूल होकर रहते हैं। ब्रह्मचारीके शरीरकी सब शक्तियाँ उसके अनुकूल रहती हैं। क्योंकि वह संयमी पुरुष होता है। शरीरमें अंगों, अवयवों, इंद्रियों और तत्त्वोंका चातुर्वर्ण्य है, वह सभी उसको अनुकूल होता है, यह बात अब पाठकोंके मनमें आ गई होगी। उक्त रीतिसे विचार करनेपर इस वैदिक भावका प्रकाश पाठकोंके मनमें पड सकता है और वैदिक विचारकी सूक्ष्मता भी ज्ञात हो सकती है।

तीन और तीस देव !

अग्नि, वायु, इन्द्र आदि बाह्य देवताओंमें चातुर्वर्ण्य है, इतना कहनेमात्रसे शरीरके अन्दरके देवताओंमें चातुर्वर्ण्य है, यह बात सिद्ध होही चुकी है; क्योंकि सपूर्ण देवताओंके अंश अपने शरीरमें विद्यमान हैं । अर्थात् जो उनके गुणधर्म बाहर हैं, वेही अन्दर हैं, इसमें विवाद नहीं हो सकता । अब इन देवताओंकी संख्या कितनी है, इसका उत्तर इस मन्त्रने निम्न प्रकार दिया है—

त्रय	तीन	३
त्रिंशत्	तीस	३०
त्रिशता	तीन सौ	३००
षट् सहस्रा	छ हजार	६०००

पहले मंत्रके स्पष्टीकरणके कोष्टकमें बताया ही है कि नाभिसे निचला भाग पृथिवीस्थानीय, नाभिसे गलेतकका भाग अंतरिक्षस्थानीय और सिर द्युस्थानीय है । अर्थात् शरीरके अन्दरके इन तीनों स्थानोंमें बाहरके तीनो स्थानोंमें रहनेवाले सब देव हैं । वेदमें अन्यत्र कहा है कि, प्रत्येक स्थानमें ग्यारह ग्यारह देवता हैं, उनमें भी दस गौण और एक मुख्य है—

सिरमें मस्तिष्क है, उसकी देवता सूर्य है । हृदयमें मन है और उसकी देवता चन्द्र किंवा इन्द्र है । तथा जठरमें अग्निदेवता है । इस प्रकार तीनों स्थानोंमें ये तीन देवताएँ मुख्य हैं । इन प्रत्येक देवताके अधीन दस गौण देवताएँ हैं । तीन मुख्य और तीस गौण मिलकर ३३ देवताएँ होती हैं। प्रत्येक देवता एक एक अंगमें रहती है । अर्थात् ३३ देवताओंके अधीन ३३ अंग हैं । इस भावको लेकर निम्न मन्त्र देखिये—

[१] यस्य त्रयस्त्रिंशद्देवा अंगे सर्वे समाहिताः ॥ १३ ॥

[२] यस्य त्रयस्त्रिंशद्देवा अंगे गात्रा विभेजिरे ॥
तान्वै त्रयस्त्रिंशद्देवानेके ब्रह्मविदो विदुः ॥ २७ ॥

३] यस्य त्रयस्त्रिंशद्देवा निधिं रक्षन्ति सर्वदा।
निधिं तमद्य को वेद यं देवा अभिरक्षथ ॥ २३ ॥
[अथर्व० १०।७]

"[१] जिसके अंगमें तेतीस देव रहे हैं। [२] जिसके अंगोंके गात्रोंमें तेतीस देव विशेष सेवा करते हैं, उन तेतीस देवोंको ब्रह्मज्ञानी पुरुषही केवल जानते हैं। [३] तेतीस देव जिसका कोश सर्वदा रक्षण करते हैं, उस निधिको आज कौन जानता है ? "

यह वर्णन परमात्मामें पूर्ण रूपसे और जीवात्मामें अंशरूपसे लगता है। क्योंकि यह बात पूर्व स्थलमें कहीही है कि अग्नि, इंद्र और सूर्य आदि देवता पूर्ण रूपसे परमात्माके साथ जगत्में हैं और अंशरूपसे जीवात्माके साथ शरीरमें हैं। परमात्माका व्यापकत्व और महत्त्व तथा जीवात्माके अव्यापकत्व और अणुत्व छोड दिया जाय, तो तत्त्वरूपसे दोनोंका वर्णन एक-जैसाही हुआ करता है। वेदमें इस प्रकारके वर्णन सहस्रों स्थानोंमें हैं।

तीन और तीस देवोंका यह स्वरूप है। ये तेतीस देव मेरु पर्वतमें रहते हैं। ' मेरुपर्वत ' पृष्ठवंशही है, जो रीढ, मेरुदंड आदि कही जाती है। इस पृष्ठवंशमें छोटी छोटी हड्डियाँ एकके ऊपर दूसरी ऐसी लगी हैं और बीचके संधिपर्वमें एक एक ग्रन्थि है, जिस ग्रंथिमें इन देवताओंका स्थान है। योगमें जिस ' ग्रंथिभेदन 'का माहात्म्य वर्णन किया है, वे ग्रंथियाँ यही हैं। प्राणायामादि साधनोंद्वारा प्राणको इनमेंसे ले जाना होता है। योगसाधनमें इस प्रत्येक स्थानका अत्यन्त महत्त्व है। इन सब देवताओंकी ग्रंथियोंमेंसे गुजर कर मेरुपर्वत अथवा मेरुदण्डके सबसे ऊपरके भागमें, मस्तिष्कके मध्यमें जब आत्माके साथ प्राण पहुँचता है, तब उस स्थितिको ' ब्रह्मलोककी प्राप्ति ' कहते हैं।

ये तेतीस देवताएँ अथवा तीन और तीस देवताएँ ब्रह्मचारीके अधीन होती हैं, क्योंकि ब्रह्मचर्याश्रममें वीर्यरक्षणपूर्वक योगाभ्यासद्वारा इन सबको

स्वाधीन करना होता है। इसलिये इस ब्रह्मचर्यसूक्तमें बार बार कहा है कि, ये सब देव ब्रह्मचारीके अनुकूल रहते हैं। ब्रह्मचारी इन सब देवोंको पूर्ण और स्वाधीन करता है। पूर्ण करनेका तात्पर्य प्राणसे भरना और पूर्ण विकसित करना है।

उक्त तेतीस देवोंसे भिन्न (त्रिशता.) तीन सौ देव हैं। तीन स्थानोंमें सौ सौ मिलकर तीन सौ होते हैं। मस्तिष्कके स्थानमें सौ, हृदयके स्थानमें सौ और नाभिस्थानमें सौ, इस प्रकार ये ' शिवजीके त्रि-शत गण ' होते हैं। साथ साथ (षट् सहस्रा) छ हजार भी हैं। पृष्ठवंशके साथ साथ छ चक्र हैं- [१] गुदाके स्थानमें मूलाधार चक्र, [२] नाभिस्थानके पास स्वाधिष्ठान चक्र और [३] मणिपूरक चक्र, [४] हृदयस्थानके पास अनाहत चक्र, [५] कंठस्थानमें विशुद्धि चक्र और [६] दोनों भौंहोंके बीचमें आज्ञा चक्र है। प्रत्येक चक्रमें सहस्रों शक्तियोंके अंश केंद्रित हुए हैं। इस प्रकार छ स्थानोंमें छ हजार शक्तियाँ बट गयीं हैं। यहाँ ' तीन सौ ' और ' छ हजार ' यह संख्या गिनतीकी है अथवा बहुत्वदर्शकही है, इस विषयमें मुझे स्वय कोई ज्ञान नहीं है। अनुभवी योगीही इस विषयमें कह सकता है। इसलिये इस विषयमें अधिक लिखना उचित भी नहीं है।

यह देवताओंकी संख्या वेदों और ब्राह्मणोंमें ३, ३३, ३३० इसी प्रकार बढाई है। सहस्रों, लाखों और करोडोंतक यह गिनती की गई है। मस्तिष्क मज्जातन्तुओंका मुख्य केंद्र है, उसके अधीन मस्तक, हृदय और नाभि ये तीन स्थान हैं, प्रत्येक स्थानमें दस दस गौण विभाग मिलकर तीस, उसके और सूक्ष्म सौ सौ विभाग मिलकर तीन सौ, इस प्रकार सूक्ष्मसे सूक्ष्म विभाग अगणित हुए हैं। इनको करोडोंमें बांटना अथवा लाखोंमें बांटना, यह केवल कल्पनागम्यही होगा, प्रत्यक्ष गिनतीका कदाचित् न होगा। परन्तु इस विषयमें सत्यासत्यनिर्णय विशेष अधिकारी पुरुषही कर सकता है।

इस प्रकार [१] तीन, [२] तीस, [३] तीन सौ और [४] छः हजार देवताओंका स्वरूप, स्थान और माहात्म्य है। ब्रह्मचारीके अधीन ये सब देव रहते हैं। जो ब्रह्मचर्य नहीं रखता और योगादि साधन नहीं करता, उसके अधीन उक्त देव रह नहीं सकते। जब ये देव स्वाधीन नहीं रहते, स्वेच्छासे अपना व्यवहार करने लगते हैं, तब बडी भयानक अवस्था हो जाती है, प्रत्येक इंद्रिय स्वच्छन्द होनेसे मनुष्यकी अवस्था कितनी गिर सकती है, इसकी कल्पना पाठक स्वयं कर सकते हैं।

ब्रह्मचर्य, वीर्यरक्षण, सद्ग्रन्थपठन, सत्समागम, उच्च विचारोंका धारण, यम-नियम, ईश्वरोपासना आदि सब साधनोंसे यही करना है कि अपने शरीरमें विद्यमान देवताओंके अंश अपने अधीन हो जायँ; अर्थात् अपने अन्दरकी संपूर्ण शक्तियाँ स्वाधीन होकर आत्माकी शक्ति पूर्णतासे विकसित हो।

इस प्रकार ब्रह्मचर्यकी परम सिद्धिका वर्णन इस मन्त्रमें हुआ है। पाठक इस मन्त्रके अर्थकी अधिक खोज करें और जहाँतक हो सके, वहाँ-तक प्रयत्न करके इस दृष्टिसे अपनी उन्नति करनेका प्रयत्न करें।

अब अगले तृतीय मन्त्रमें, ब्रह्मचर्याश्रममें करनेयोग्य 'तीन प्रकारके अज्ञानोंका निवारण' बताया है। साधारण मनुष्य तीन प्रकारके अज्ञानके अन्धकारमें रहता है। उन तीनों अज्ञानोंका निराकरण करना और तीनों ज्ञानोंकी प्राप्ति करना, इस आश्रममें होता है।

गुरु-शिष्य-सम्बन्ध

इस तृतीय मंत्रके पहले अर्ध भागमें कहा है कि 'जब आचार्य ब्रह्म-चारीको शिष्य मानकर अपने पास रखता है, तब वह उसको अपने अन्दर कर लेता है।" यहाँ अन्दर करनेका तात्पर्य केवल अपने परिवारमें अथवा कुलमें संमिलित करना, इतनाही नहीं है, प्रत्युत उस विद्यार्थीको अपने हृदयमें रखना है। हृदयमें अथवा अपने गर्भमें रखनेका भाव यह है कि उसके

छिपाकर कुछ भी नहीं रखना। जिसका प्रवेश अपने घरमें अथवा परिवारमें होता है, उससे कोई बात छिपी नहीं रहती। परन्तु इस ब्रह्मचारीका प्रवेश तो अन्दरके गर्भमें होता है, इसलिये हृदयकी कोई बात उससे छिपी नहीं रहती। यही गुरुशिष्यका सम्बन्ध है। गुरु अपने शिष्यसे कोई बात छल-कपटसे छिपाकर दूर न रखे; जो विद्या स्वयं प्राप्त की है, उसे पूर्ण रीतिसे शिष्यको पढावे; तथा शिष्य भी आचार्यके पेटमें रहकर भी उस गुरुको किसी प्रकार क्लेश न दे।

तीन रात्रिका निवास।

इस मन्त्रका दूसरा कथन है कि 'वह आचार्य अपने पेटमें उस ब्रह्मचारीको तीन रात्रिका समय व्यतीत होनेतक धारण करता है।' उदरमें ब्रह्मचारीको धारण करनेका तात्पर्य पूर्व स्थलमे बताया ही है। यहाँ तीन रात्रिका भाव देखना है। मन्त्रमें "तीन दिन" ऐसा नहीं कहा है, परन्तु "तिस्रः रात्रीः [तीन रात्रियाँ]" ऐसा कहा है। रात्रि शब्द अन्धकारका भाव बताता है और अन्धकार अज्ञानका बोधक स्पष्ट ही है। अर्थात् तीन रात्रियोंका तात्पर्य तीन प्रकारका अज्ञान है। इसलिये तीन रात्रि गुरुके पास रहनेका आशय ऐसा विदित होता है कि तीन प्रकारका अज्ञान दूर होनेतक गुरुके पास निवास करना है। एक अज्ञान स्थूल सूक्ष्म सृष्टिविषयक होता है, दूसरा अज्ञान आत्माके विषयमें होता है और तीसरा अज्ञान आत्मा-अनात्माके सम्बन्धके विषयमें होता है। तीनों अज्ञानोंको दूर करना ही विद्याध्ययनका उद्देश्य है। उक्त तीनों प्रकारके गाढ अज्ञान-अन्धकारकी रात्रिमें जीव होते हैं। आचार्यकी कृपासे ज्ञानसूर्यका उदय होनेके कारण वह प्रबुद्ध शिष्य रात्रिका समय व्यतीत करके स्वच्छ और पवित्र प्रकाशमें आता है।

यह तीन रात्रियोंका विषय कठोपनिषद्में भी आया है। वह पाठक विस्तारपूर्वक वहीं देखें। यहाँ केवल दिग्दर्शन किया जाता है।

तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मेऽनश्नन् ब्रह्मन् अतिथिर्नमस्यः ॥
[कठ उ० १।९]

यम नचिकेतासे कहता है कि, "तू नमस्कार करनेयोग्य ब्राह्मण अतिथि मेरे घरमें तीन रात्रि रहा है।" इसलिये—

त्रीन् वरान् वृणीष्व ॥ [कठ उ० १।९]

"तीन वर प्राप्त कर।" तत्पश्चात् नचिकेताने तीन वर माँग लिये। उत्तरमें यम महाराजने—[१] आत्मविद्या, [२] जगद्विद्या और इन दोनों-का सम्बन्ध बतानेवाली [३] कर्मविद्या बतायी है। इस उपनिषद्में नचिकेताको विद्या देनेवाले गुरुका नाम "यम" है। इस ब्रह्मचर्य-सूक्तके १४ वें मंत्रमें भी "आचार्यो मृत्युः" अर्थात् "आचार्य मृत्यु है" ऐसा स्पष्ट कहा है। इसलिये प्रतीत होता है कि इस ब्रह्मचर्यसूक्तके साथ कठोपनिषद्का सम्बन्ध है और कठोपनिषद्की कथाका स्पष्टीकरण इस ब्रह्मचर्यसूक्तके स्पष्टीकरणसे होना सम्भव है। इसका विचार पाठक करें।

मंत्रका तीसरा कथन है कि, "जब वह ब्रह्मचारी जन्म लेकर गुरुके उदरसे बाहर आता है, तब उसको देखनेके लिये सब विद्वान् इकट्ठे होते हैं।" पूर्वोक्त तीन रात्रि समाप्त होने तक अर्थात् तीन प्रकारके अज्ञान दूर होनेतक वह ब्रह्मचारी गुरुके पास रहता है, किंवा गुरुके अधीन रहता है। जब तीन प्रकारके अज्ञान दूर हो जाते हैं, तब वह स्वतन्त्रतासे जगत्में संचार करनेयोग्य होता है। मंत्रके अंतिम चरणमें "जातं" पद है। इसका अर्थ, "जिसने जन्म लिया है," ऐसा होता है। गुरु पिता है और विद्या माता है। इस विद्यारूपी मातासे इस समय ब्रह्मचारीका जन्म होता है। यह दूसरा जन्म है। इसविषयमें कहा है-

स हि विद्यातस्तं जनयति। तच्छ्रेष्ठं जन्म।
शरीरमेव मातापितरौ जनयतः ॥
[आप० ध० सू० १।१।१५-१७]

※

" वह आचार्य विद्यासे उस ब्रह्मचारीको उत्पन्न करता है । यह श्रेष्ठ जन्म है । मातापिता केवल शरीर ही उत्पन्न करते हैं । " इस प्रकार आचार्य द्वारा जो द्वितीय जन्म होता है, वही श्रेष्ठ जन्म है। इस जन्मको प्राप्त करनेसेही द्विज अथवा द्विजन्मा बनते हैं। गुरुकुलोंसे इस प्रकार द्विज बननेसे सर्वत्र सन्मान होना योग्यही है । गुरुकुलोंसे इस प्रकार द्विज बननेके पश्चात् स्नातक जब अपने अपने घर वापस आ जाते हैं, तब वहाँके लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं ।

इस चतुर्थ मन्त्रमें पृथिवीकी प्रथम समिधासे " भोग " और द्युलोककी द्वितीय समिधासे " ज्ञान " का तात्पर्य यहाँ अभीष्ट है । ज्ञान और भोग इन दोनों समिधाओंके द्वारा अन्तरिक्षस्थानीय हृदयकी संतुष्टि और पूर्णता करना ब्रह्मचारीका उद्देश्य है । इस मन्त्रके " पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ " ये तीनों शब्द बाह्य लोकोंके वाचक नहीं हैं, क्योंकि द्युलोक तो इसको अप्राप्यही है । इस कारण अपने अन्दरके स्थानोंकाही भाव यहाँ लेना उचित है । सभी शिक्षाप्रणाली हृदयकी शुद्धताके लियेही होनी चाहिये । केवल भोगोंकी समृद्धि अथवा केवल ज्ञानसमृद्धि होनेसे भी कार्य नहीं होगा । केवल उदरपोषण अथवा केवल ग्रंथावलोकन होनेसे कार्यभाग नहीं हो सकता, परन्तु जब हृदयकी शुद्धि, पवित्रता और निर्मलता होगी, तभी जीवनोद्देश्यकी पूर्ति होती है । इस उद्देश्यकी स्पष्टता करनेके लिये यह मन्त्र है । भूमिके भोग और द्युलोकका ज्ञान इन दोनोंका उपयोग अन्तःकरणकी शुद्धि करनेके लियेही होना चाहिये । जगत्में शांति स्थापित होनेका यही एक मात्र साधन है । साधारण लोग केवल ज्ञानविज्ञानका प्रचार करते हैं, अथवा भोग बढानेमें प्रवृत्त होते हैं, परन्तु वेद यहाँ सबको सावधान कर रहा है और स्पष्टतासे बता रहा है कि, इन " भोग और ज्ञान " का समर्पण जब हृदयकी पूर्णताके लिये होगा, तभी मानवजातिकी सच्ची उन्नति हो सकती है । इस मन्त्रभागमें पाठक बहुत बोध ले सकते हैं ।

श्रमका तत्त्वज्ञान।

अब अगले मंत्रभागमें कहा है कि, " ब्रह्मचारी अपनी समिधा, मेखला, परिश्रम और तपसे सब लोगोंको सहारा देता है।" समिधा शब्दका अर्थ पूर्व स्थलमें बतायाही है। " मेखला " कटिबद्ध होनेकी सूचना दे रही है। जनताके हितके कार्य तथा सबकी उन्नतिके कार्य करनेके लिये और अपने अभ्युदय-निःश्रेयस्का साधन करनेके लिये ब्रह्मचारीको सदा " कटिबद्ध " रहना चाहिये। " श्रम " का तात्पर्य परिश्रम है। सब प्रकारके पुरुषार्थ करना परिश्रमसेही साध्य हो सकता है। वेदमें कहाही है कि—

न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः ॥ [ऋ० ४।३३।११]

" श्रम किये विना देव सहायता नहीं करते। " तथा ऐतरेय ब्राह्मणमें कहा है कि—

नाऽनाश्रान्ताय श्रीरस्ति। पापो नृषद्वरो जन
इन्द्र इच्चरतः सखा। चरैवेति चरैवेति ॥ १॥

पुष्पिण्यौ चरतो जंघे भूष्णुरात्मा फलग्रहिः।
शेरे अस्य सर्वे पाप्मानः श्रमेण प्रपथे हताः।
चरैवेति चरैवेति ॥ २ ॥

आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।
शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगः।
चरैवेति चरैवेति ॥ ३ ॥

कलिः शयानो भवति संजिहानस्तु द्वापरः।
उत्तिष्ठंस्त्रेता भवति कृतं संपद्यते चरन्।
चरैवेति चरैवेति ॥ ४ ॥

चरन् वै मधु विन्दति चरन्स्वादुमुदुम्बरम्।

सूर्यस्य पश्य श्रेमाणं यो न तन्द्रयते चरन् ॥
चरैवेति चरैवेति ॥ [ऐत० ब्रा० ७।१५]

"[१] श्रम किये विना श्रीकी प्राप्ति नहीं होती। सुस्त मनुष्य पापी है। पुरुषार्थीका मित्र ईश्वर है। इसलिये प्रयत्न करो, पुरुषार्थ करो॥ [२] जो चलता है, उसकी जांघें पुष्ट होती हैं, फल मिलनेतक प्रयत्न करनेवाला आत्मा प्रभावशाली होता है। प्रयत्न करनेवालेके पापभाव मार्गमें ही मर जाते हैं। इस कारण प्रयत्न करो और श्रम करो ॥ [३] जो बैठता है, उसका दैव बैठता है, जो खडा होता है, उसका दैव खडा होता है, जो सोता है, उसका दैव सो जाता है, तथा जो चलता है, उसका दैव भी पास आ जाता है। इसलिये प्रयत्न करो, परिश्रम करो॥ [४] सो जाना कलियुग है, आलस्य छोडना द्वापरयुग है, उठना त्रेता युग है और पुरुषार्थ करना कृतयुग है। इसलिये पुरुषार्थ करो॥ [५] मधुमक्खी चलकर मधु प्राप्त करती है, पक्षी भ्रमण करनेसेही मीठा फल प्राप्त करते हैं। सूर्यकी जो शोभा है, वह उसके निरलस भ्रमणके कारणही है। इसलिये प्रयत्न करो, परिश्रम करो॥"

इस प्रकार परिश्रम करनेका उपदेश ब्राह्मणकार करते हैं। प्रत्येक मनुष्यके लिये यह उपदेश स्मरण रखनेयोग्य है। तथा-

श्रमयुव पद्व्यो धियंधास्तस्थु' पदे परमे चार्वग्नेः ॥
[ऋ० १।७२।५]

"[श्रम युव] परिश्रम करनेवाले, [पद व्य] मार्गपर चलनेवाले, [धिय-धा] धारणावती बुद्धिको धारण करनेवाले पुरुषार्थी लोगही [अग्ने परमे पदे] आत्माग्निके सुन्दर, परम स्थानको प्राप्त करते हैं।" तथा—

श्रान्ताय सुन्वते वरूथमस्ति ॥ [ऋ० ८।६७।६]

"परिश्रम करके यज्ञ करनेवालेके लिये ही [ईश्वरका] संरक्षण प्राप्त होता है।" इस प्रकार परिश्रमका महत्त्व वेद वर्णन करता है। परिश्रम

करनेवाला, पुरुषार्थ प्रयत्न करनेवाला मनुष्य अपना तथा जनताका अभ्युदय कर सकता है। अब तपके विषयमें थोडासा लिखते हैं। देखिये, तपका स्वरूप कितना व्यापक है—

ऋतं तपः, सत्यं तपः, श्रुतं तपः, शान्तं तपो, दमस्तपः शमस्तपो, दानं तपो, यज्ञस्तपो, भूर्भुवः सुवर्ब्रह्मैतदुपास्वैतत्तपः॥ [तै० आ० १०।८]

"ऋत, सत्य, अध्ययन, शांति, इंद्रियदमन, मनोविकारोंका शमन, दान, यज्ञ, [भू] अस्तित्व, [भुवः] ज्ञान, [स्वः] आनन्द आदि सब तपही है।" विचार करनेसे पता लग जायगा कि जन्मसे लेकर मरनेतक हरएक योग्य प्रयत्न तपही है। तपसेही हम सब जीवित रहते हैं, तपसे उन्नति करते हैं, तपसे ही उच्च अवस्थामें पहुँचते हैं और तपसे ही अपना तथा जनताका अभ्युदय साध्य किया जाता है। इसलियेही वेदने इस मन्त्रमें कहा है कि, 'ब्रह्मचारी श्रम और तपसे सब लोगोंको पूर्ण उन्नत करता है।' यदि ब्रह्मचारी श्रम न करेगा और तपका आचरण न करेगा, तो न उसकी उन्नति हो सकती है और न वह दूसरोंका भलाही कर सकता है। [१] आत्मशक्तिकी समिधा अर्पण करनी है, [२] सदा कटिबद्ध रहकर जनताके हितके लिये परम पुरुषार्थ करना है, [३] आनन्दसे परिश्रम करके प्रारंभ किया हुआ शुभ कर्म समाप्त करना है, तथा [४] सत्यनिष्ठापूर्वक सब योग्य श्रेष्ठ कार्य करते हुए जो कष्ट होंगे, उनको शांतिके साथ सहन करना और फल प्राप्त होनेतक प्रारम्भ किये हुए शुभ कार्यको बीचमेंही न छोडना। ये बोध इस मन्त्रद्वारा प्राप्त हो रहे हैं।

मृत्यु स्वीकारनेकी सिद्धता।

इस मन्त्रके विचार करनेके अवसरपर निम्न मन्त्र देखिये—

मृत्योरहं ब्रह्मचारी यदास्मि निर्याचन् भूतात्पुरुषं यमाय।
तमहं ब्रह्मणा तपसा श्रमेणानयैनं मेखलया सिनामि॥
(अथर्व० ६।१३३।३)

" [मृत्यो अहं ब्रह्मचारी] मैं मृत्युको समर्पित हुआ हुआ ब्रह्मचारी हूँ। इसलिये [भूतात्] मनुष्योंसे यमके लिये और एक पुरुषको [याचन्] इच्छा करता हूँ। [जो पुरुष आयेगा] उसको भी मैं [ब्रह्मणा] ज्ञानसे, तपसे, परिश्रमसे और इस मेखलासे [सिनामि] बांधता हूँ।"

ब्रह्मचारीका सम्बन्ध मृत्यु अथवा यमसे है, इस बातका कथन इस मन्त्रमें भी है। ब्रह्मचारी भी समझता है कि, मैं अब मातापिताका नहीं हूँ, परन्तु मृत्युको समर्पित हो चुका हूँ। अर्थात् घरके प्रलोभन दूर हो चुके हैं। पहले जन्मसे प्राप्त शरीरका मृत्यु होनेके पूर्व दूसरा जन्म प्राप्त नहीं हो सकता। इसलिये जो " द्वि-जन्मा " होते हैं, उनको " द्विज " होनेके पूर्व एक बार मृत्युके वश होनाही चाहिये। इस प्रसंगमें आचार्यही मृत्युका कार्य करता है। मातापितासे प्राप्त शारीरिक और मानसिक स्थितिमें योग्य परिवर्तन करना तथा उसको सुयोग्य बनाना आचार्यका कार्य है। कठोपनिषद्में भी इसी दृष्टिसे गुरुके स्थानमें मृत्युकोही माना है। ब्रह्मचर्यसूक्तमें भी " आचार्यको मृत्यु " ही कहा है। तथा इस मंत्रमें स्वयं ब्रह्मचारी कहता है कि, " मैं अब मृत्युको समर्पित हुआ हूँ। " इस प्रकारका मृत्युको समर्पित हुआ ब्रह्मचारी गुरुकुलका विद्यामृत पान करता हुआ, आनन्दसे कह रहा है कि, " मैं जनतासे और भी पुरुष इसी प्रकार मृत्युको [आचार्यके] समर्पित करनेकी इच्छा करता हूँ।" अर्थात् ब्रह्मचारीकी यह भावना चाहिये कि, वह अपने गुरुकुलमें और अधिकाधिक ब्रह्मचारी आकर्षित करे। वह इतना योग्य बने कि उसको देखकर अन्य विद्यार्थी वहाँ जावें। ब्रह्मचारियोंका परस्पर सम्बन्ध भी " ज्ञान, तप, परिश्रम " आदि उच्च भावोंकाही होना चाहिये। एक ब्रह्मचारीका दूसरे सहपाठीसे यही सम्बन्ध है। अर्थात् एक ब्रह्मचारी दूसरेको ज्ञान देवे, जो स्वयं जानता है, वह दूसरेको समझावे, दूसरोंके हितार्थ परिश्रम करे और दूसरेका हित करनेके लिये स्वयं क्लेश भी सहन करे।

अब ब्रह्मचारी अपने आपको मृत्युके लिये समर्पित समझें, तथा ब्रह्मचारियोंके मातापिता भी समझें कि, हमने अपने पुत्रको मृत्युके लियेही समर्पित किया है। क्योंकि गुरुकुलमें प्रविष्ट हुआ ब्रह्मचारी अब संपूर्ण जनताकाही हो चुका है। वह अब केवल मातापिताओंकाही नहीं रहा। वह अब संपूर्ण जनताका पुत्र है, जनता उसकी माता है, राष्ट्र उसका पिता है। इतनाही नहीं, परन्तु अब वह ब्रह्मचारी ही स्वयं अपने आपको मृत्युको समर्पित समझने लगा है!!! जो आनन्दसे मृत्युको ही स्वीकारनेके लिये कटिबद्ध होता है, जो अपने अस्थियोंकी समिधा बनानेके लिये सिद्ध हो चुका है, जो अपने वीर्य, बल पराक्रमके आज्यसे राष्ट्रीय नरमेधमें आहुतियाँ देनेके लिये उत्सुक है, तथा जो आत्मसर्वस्वकी पूर्णाहुति हाथमें लेकर तैयार है, उसको अन्य क्लेश सता नहीं सकते, परिश्रमोंके भयसे वह स्वकार्यसे परावृत्त नहीं हो सकता। यह है ब्रह्मचारीका पराक्रम !

तपसे उन्नति।

पंचम मंत्रमें तपका महत्व कहा है। ब्रह्मचर्यमें " घर्म और तप " का जीवन व्यतीत करना चाहिये। गर्मी—उष्णताका नाम 'घर्म' है और योग्य व्यवहार करनेके समय जो क्लेश होते हैं, उनको आनन्दसे सहन करनेका नाम 'तप' है। इन दोनोंकी सहायतासेही प्रत्येककी उन्नति होती है। शीत, उष्ण सहन करनेसे शरीरका आयुष्य बढता है, हानिलाभका ध्यान छोडकर कर्तव्यतत्पर होनेसे फलसिद्धितक कार्य करनेका उत्साह अक्षुण्ण बना रहता है। इसी प्रकार अन्य द्वंद्व सहन करनेसे अपना बल बढ जाता है। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक बल बढनाही उच्चता प्राप्त होनेका फल है। यही बात " घर्मं वसानः तपसा उदतिष्ठत् " अर्थात् " उष्णता धारण करके कष्ट सहन करनेसे उच्च होता है, " इस मंत्रभागमें स्पष्टतासे कही है।

ब्रह्मचारीही श्रेष्ठ ज्ञानका प्रचार करता है। पूर्वोक्त प्रकार ब्रह्मचर्यके

सुनियमोंका पालन करनेके पश्चात् जब वह ज्ञानी बनता है और अपनी योग्यता उच्च बनाता है, तब उससे श्रेष्ठ ज्ञानका प्रचार होता है, यह भाव "तस्मात् ज्येष्ठं ब्रह्म जातं" इस मंत्रभागमें कहा है। ज्ञानका प्रचार होनेके पूर्व जिस प्रकारकी योग्यता चाहिये, उस प्रकारकी योग्यता इस मंत्रमें कही है। सत्य धर्मज्ञानके प्रचारक, वैतनिक हों अथवा अवैतनिक हों परन्तु वे उक्त प्रकारसे ब्रह्मचर्यकी पूर्णता करनेवाले चाहिये। उक्त प्रकार ब्रह्मचर्य समाप्त करके श्रम और तपसे अपनी उच्चता जिन्होंने प्राप्त की है, उस प्रकारके धर्मोपदेशकोंसेही ब्रह्मसम्बन्धी श्रेष्ठ ज्ञानका प्रचार हो सकता है। अन्य उपदेशक सत्य धर्मके प्रचारके लिये योग्य नहीं है।

तथा वही ज्ञानी और अनुष्ठानी ब्रह्मचारी "देवा अमृतेन साकं" सब देवोंको अमरपनके साथ मिला देता है। यहाँ 'देव' शब्दसे व्यवहार करनेवाले सज्जन लेना युक्त है। "भूदेव" ब्राह्मण हैं, वीरोंका नाम "क्षात्र देव" है, वैश्योंको "धनदेव" कहते हैं, तथा शूद्रोंको "कर्मदेव" कहते हैं। ये चारों प्रकारके तथा निषाद आदि पंचम "वनदेव" भी उक्त ब्रह्मचारीके उपदेशसे अमरपन प्राप्त करते हैं। इस प्रकार सबको अमृत प्रदान करना, इस प्रकारके सुयोग्य सुज्ञ धर्मज्ञानी उपदेशकोंही साध्य हो सकता है। इसलिये वेदमें अन्यत्र कहा है--

> ब्रह्म ब्रह्मचारिभिरुदक्रामत्, तां पुरं प्र णयामि वः तामा-
> विशत्, तां प्र विशत, सा वः शर्म च वर्म च यच्छतु॥
>
> [अथर्व० १९।१९।८]

"ब्रह्मचारियोंसे ही ज्ञानकी उत्क्रांति होती है। उस ज्ञानकी नगरीमें आपको मैं ले जाता हूँ। उसमें प्रवेश किजिये, उसमें घुस जाइये। यह ज्ञान की नगरीही आपको सुख और संरक्षण दे।"

यह ज्ञानका महत्त्व है। पूर्वोक्त प्रकारके सच्चे ब्रह्मचारीही इस ज्ञानकी उन्नति करते हैं। अन्य वेतनेच्छुक उपदेशकोंसे यह पवित्र कार्य नहीं हो सकता। यह ज्ञानकी नगरी ज्ञानियोंके विचारक्षेत्रमें हुआ करती है।

जो सज्जन उस विचार-क्षेत्रमें पहुंच जाते हैं, उसमें घुस जाते हैं और वहाँ निवास करते हैं, उन्हेंही सच्चा सुख और सच्चा संरक्षण प्राप्त हो सकता है। इस ज्ञानकी नगरीका मार्ग ब्रह्मचर्य-आश्रमही है। कोई दूसरा मार्ग इस नगरीतक नहीं जाता।

वास्तविक रीतिसे प्रत्येकको इस पवित्र भूमिमें जाना चाहिये। जो इसमें प्रविष्ट होता है, वह देवताका अंश बन जाता है। देखिये-

ब्रह्मचारी चरति वेविषद्विषः स देवानां भवत्येकमङ्गम् ॥
(ऋ० १०।१०९।५; अथर्व० ५।१७।२)

"ब्रह्मचारी (विषः) सत्कर्मोंको (वेविषत् चरति) करता हुआ चलता है, इसलिये वह देवोंका एक अंग बन जाता है।"

ब्रह्मचारी नियमानुकूल व्यवहार करता है, तथा सत्कर्म दक्षतापूर्वक करता है, इसलिये वह देवोंका अवयव, भाग किंवा अंग समझा जाता है। कोई उसको साधारण मनुष्य न समझे। ब्रह्मचारी साधारण मनुष्य नहीं है। वह देवोंका अंग है। परन्तु जो नियमानुकूल चलनेवाला होता है, वही इस प्रकार श्रेष्ठ है, न कि नकली ब्रह्मचारी।

षष्ठ मन्त्रके पूर्वार्धमें ब्रह्मचारीका रहनसहन अत्यंत सीधासाधा होनेकी सूचना दी गयी है। काला कंबल अथवा कृष्णाजिनही उसका ओढनेका वस्त्र है, शीतनिवारणार्थ अग्नि जलानेका साधन समिधाएँ सिद्ध हैं, हजामत आदिका झंझट नहीं है। इस प्रकारका सीधासाधा ब्रह्मचारी होना चाहिये। जहाँतक सीधेसाधेपनका अवलंबन होना संभव होगा, उतना होना आवश्यक है। खादीका लंगोट, खादीका धोती, उत्तरीय और कुडता, काला कंबल यही ब्रह्मचारीका पहनावा है। इस प्रकार सादगीके साथ ब्रह्मचर्यनियमोंका उत्तम प्रकारसे पालन करता हुआ, अपने आपको पवित्र बनानेके कर्ममें दत्तचित्त होकर, विद्याध्ययन बडे परिश्रमसे करता है और सुफलताके साथ सफलता प्राप्त करता है। इस रीतिसे विद्याध्ययन समाप्त करनेके पश्चात् वह जनपदमें भ्रमण करता

है और लोकसंग्रह करता है। 'लोक-संग्रह' का तात्पर्य है एक विचारसे लोगोंको एकत्रित करके, उनके महान् कार्यमें प्रवृत्त करना। जनता की उन्नति करनेके लिये इस प्रकार वह कार्य करता है, वारवार भ्रमण करके व्याख्यानादिद्वारा वह सर्वत्र जागृति कर देता है। पूर्वसे उत्तर समुद्र तक वह प्रचार करते करते पहुँच जाता है, अर्थात् पूर्व अवस्थासे उच्चतर अवस्थातक वह स्वयं पहुँचता है और जनताको पहुँचाता है। इस प्रकार ब्रह्मचर्याश्रमरूपी पूर्व अवस्थासे गृहस्थाश्रमरूपी उत्तर अवस्थाको वह प्राप्त करता है।

"समुद्र" [सं+उत्+द्रु] शब्द हलचलका वाचक है। [सं] एक होकर [उत्] उत्कर्षके लिये [द्रु] गति अथवा हलचल करनेका नाम समुद्र है। इस समुद्रमें अब वह अपनी नौका चलानेको सिद्ध होता है। जनताकी उन्नति करनेके लिये जो जो हलचल करना आवश्यक है, वह हलचल अब वह करने लगता है।

ब्रह्मचारीकी हलचल।

सप्तम मन्त्रमें कहा है कि, प्रथम अवस्थामें ब्रह्मचारी, मातापिता और घरवारके मोहजालको तोडकर अपने आपको मृत्युके लिये समर्पित समझ कर सब प्रकारके कष्ट और क्लेश सहन करनेके दृढ निश्चयके साथ, गुरुकुलमें निवास कर विद्याकी प्राप्तिके कार्यमें लगा हुआ था। इसी अवस्थामें वह विद्यासमाप्तितक रहा, सीधासाधा रहन सहन और उच्च विचार करना, यही स्वभाव उसका बन गया था। जब वह विद्याके गर्भसे बाहर आ गया, अर्थात् जब वह द्विज बना, तब वह [ब्रह्म] सत्यज्ञानका प्रचार करने लगा, सत्यज्ञानके प्रचारसे लोगोंको [अप] सत्कर्मोंका उपदेश उसने दिया। सत्य ज्ञान और सत्कर्मका ज्ञान जनतामें होनेसे जनतामें स्वकर्तव्यजागृति उत्पन्न हो गई। स्वकीय परिस्थितिकी जागृतिसे [लोक] लोगोंको अपने वास्तविक स्थानका पता लगा। हमारा जन्म-

सिद्ध अधिकार यह है, यह हमारी योग्यता है, हमारी उन्नति इस रीतिसे हो सकती है, इत्यादि बातोंका ज्ञान जनतामें हुआ। इतनाही करके वह ब्रह्मचारी चुप न रहा, परन्तु उसने [प्रजा-पातिं] प्रजाका पालन करनेवाले के धर्म भी बताये। राजाको इस प्रकार बर्ताव करना चाहिये, अधिकारियोंके ये कर्तव्य हैं, इत्यादि सब उत्तम प्रकारसे बताया। साथ साथ परमेष्ठी परमेश्वरका स्वरूप भी लोगोंको बताया। जगत्‌का सच्चा नियन्ता वह एकही परमेश्वर है, उसके सम्मुख राजा और प्रजाके प्रत्येक मनुष्यको खडा रहना है, वही सबका सच्चा न्यायकारी है, इसलिये उसीको सर्वोपरि मानना उचित है, इत्यादि सत्य व धर्मानुकूल तत्वोंका उन्होंने उपदेश किया।

इस प्रकार ब्रह्मचारीके द्वारा जो जागृति हो गई, उससे राष्ट्रके सब लोगोंको पता लगा कि, ये सुर हैं और ये असुर हैं। असुरोंको दूर करने और सुरोंके अधिष्ठातृत्वमें राष्ट्र रहे विना सत्य धर्मकी स्थिरता नहीं हो सकती। ऐसा निश्चय होतेही सब जनताने उसीको अपना इंद्र अर्थात् प्रमुख बनाया और अब वह असुरोंको दूर करनेकी तैयारीमें लगा है। पहले जो केवल ज्ञानप्रचारके कार्य करता था, वही अब क्षात्रधर्मका पुरस्कार करने लगा है। ‘इन्द्र’ शब्द “[इन्] शत्रुओंका [द्र] विदारण करनेवाला” इस अर्थमें यहां है। इस मन्त्रसे ज्ञान होता है और अनुमान होता है कि, ब्रह्मचर्य-अवस्थामें जो अध्ययन होता है, उसमें ब्रह्मवर्चस्‌के साथही क्षात्र तेजका भी संवर्धन होना आवश्यक है। प्रत्येक ब्रह्मचारीको ब्रह्म-क्षत्रत्वका पूर्ण अध्ययन करना चाहिये। जनताके हित करते समयमें जो जो कार्य आवश्यक होंगे, उनको उत्साहके साथ करनेका बल और ओज उसमें चाहिये। यह आशय यहाँतक इस मन्त्रमें प्रतीत होता है।

अब वही ब्रह्मचारी इंद्र अर्थात् क्षात्रदलका मुखिया बनकर [असुरान् ततर्ह] असुरोंको भगा देता है। ‘ततर्ह’ शब्द विनाश करनेके अर्थमेंही

प्रयुक्त होता है। असुर वे होते हैं कि, जो संपूर्ण जनताको उपद्रव देते रहते श्रीमद्भगवद्गीतामें अ० १६, श्लो० ६ से १८ तक असुरोंके लक्षण कहे हैं। ' निरीश्वरवादी, नास्तिक, गर्विष्ठ, घमंडी, स्वार्थी, दुष्ट, भोगी, कामी, क्रोधी, अत्याचारी, क्रूर ' आदि असुरोंके लक्षण वहाँ दिये हैं। सब घातक प्रवृत्तिके लोग असुर होते हैं। सब जनता इनसे त्रस्त होती है, इसलिये उक्त ब्रह्मचारी जनताका मुखिया बनकर इस प्रकारके दुष्ट असुरोंको दूर करके जनताको शांति देता है। यही ब्रह्मचारीका आत्मयज्ञ है।

आठवें मन्त्रमें कहा है कि, ' आचार्य ततक्ष ' अर्थात् ' आचार्य आकार बनाता है। ' ' तक्ष् ' धातुका अर्थ ' तक्षणिके हथियारोंसे काम करना, आकार बनाना, लकडीसे विविध पदार्थ बनाना, कल्पनासे नवीन यन्त्रादिक रचना योग्य रीतिसे बनाना ' है। इस धातुसे ' तक्षक, तक्षन् ' ये शब्द बने हैं, जिनका अर्थ ' बढई, लकडीका काम करनेवाला, लकडीसे विविध आकार बनानेवाला ' ऐसा होता है। ' तक्षण ' शब्दका भाव काटनाही है, तथा बढईके औजार हथियार आदिका नामही ' तक्षणी ' है। इससे पाठकोंको विदित होगा कि, ' ततक्ष ' शब्दका भाव ' आकार घडना है। ' गुरु आचार्यका भाव ' परमेश्वर ' भी है। योगदर्शनमें भगवान् पतञ्जली महामुनिने कहा है कि—

स एष पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात् ॥ [यो द २६]

" वह ईश्वर प्राचीनोंका भी आचार्य है, क्योंकि वहाँ कालकी कोई मर्यादा नहीं है। " इस कथनसे आचार्योंका आचार्य और गुरुओंका गुरु परमेश्वर है और वह पृथिवीसे लेकर द्युलोकतकके संपूर्ण पदार्थोंके आकार बनाता है। भाव स्पष्टही है। जो कार्य परात्पर गुरु परमेश्वर करता है, वही कार्य यहाँ शिष्यकी मानसिक सृष्टिमें गुरु करता है। संपूर्ण सृष्टिकी यथावत् कल्पना शिष्यके मनमें उत्पन्न करना, यह काम अध्यापककाही है। इस दृष्टिसे कहा जा सकता है कि, गुरु शिष्यके लिये पृथ्वी और द्युलोक

बनाता है। सृष्टिकी कल्पना हमारे ज्ञानमेंही है, सृष्टिविषयक जितना ज्ञान हमें होता है, उतनीही सृष्टि हमारे लिये होती है। जिन पदार्थोंका ज्ञान हमको नहीं होता, उन पदार्थों अस्तित्वही हमारे लिये नहीं होता। अर्थात् ज्ञानपूर्वकही सृष्टिका अस्तित्व हमारे लिये हुआ करता है। इस हेतुसे भी कहा जा सकता है कि, आचार्य जिन जिन पदार्थोंका ज्ञान देता है, साथ साथ वे पदार्थ भी देता है। आचार्य पृथ्वीसे लेकर द्युलोकपर्यंत सबही पदार्थोंका ज्ञान देता है, इसलिये उक्त लोकही शिष्यको समर्पित करता है।

जो इस समय आचार्य है, वही एक समय शिष्य तथा ब्रह्मचारी था। उस समय उसके गुरुने त्रिभुवनविषयक जो जो ज्ञान उसको दिया था, उसका संरक्षण करके उसने आचार्य बननेके पश्चात् वही ज्ञान अपने शिष्यको दिया। ज्ञान देनेसे ऋषिऋण उतर जाता है। इसी प्रकार इस शिष्यको भी उचित है कि वह गुरुसे प्राप्त त्रिभुवन और उसका ज्ञान अपने पास सुरक्षित रखे। इसी मंत्रमें कहा है कि, " ते रक्षति तपसा ब्रह्मचारी " अर्थात् " ब्रह्मचारी अपने तपसे उनका संरक्षण करता है।" आचार्य जो जो बात शिष्यके लिये घडता है, बनाता है, तैयार कर देता है अथवा ज्ञान-रूपसे देता है, उसका संरक्षण शिष्य करता है अथवा प्राप्त ज्ञानका संरक्षण शिष्यको करना चाहिये। ज्ञानरूपसे त्रिभुवनकी स्थिति गुरुशिष्योंके मनमें है, यह बात जो जान लेंगे, वे इस मन्त्रका आशय ठीक ठीक समझ सकते हैं।

मंत्रके अंतिम भागमें कहा है कि, उक्त प्रकारके " ब्रह्मचारीमें उसके मनके साथ अनुकूल मन धारण करके सब देव रहते हैं।" प्रथम मंत्रके स्पष्टीकरणमें इसका विचार हो चुकाही है। इस प्रकारके सुयोग्य ब्रह्मचारीके सब इंद्रिय और अवयव उसके मनकी इच्छाके अनुकूल रहते हैं, वह संयमी हो जाता है। मन आदि आन्तरिक इंद्रियोंका दमन और सब बाह्य इंद्रियोंका शमन होनेसे वह दान्त और शान्त हो जाता है। यही संयम है। जिसको पूर्ण रीतिसे " सं-यम " सिद्ध होता है, उसीका नाम "यम" है और

उत्तम यमका नामही " स-यम " है। इससे पाठक जान सकते हैं कि जो प्रथम साधारण ब्रह्मचारी होता है, वही आगे जाकर आचार्य बननेसे पूर्व " यम " अथवा "स-यमी" बना जाता है। आचार्यकाही नाम 'यम' होता है।

ब्रह्मचारीकी भिक्षा।

नवम मन्त्रका कथन अब देखिये। ब्रह्मचारी गुरुके पास आता है और उससे दोनों लोकोंकी भिक्षा लेता है। भूलोककी भिक्षासे उसको सब भोगोंकी प्राप्ति होती है और द्युलोककी भिक्षासे उसको आत्मिक ज्ञान प्राप्त होता है, इस प्रकार शारीरिक और आत्मिक पुष्टि वह ब्रह्मचारी प्राप्त करता है। पृथिवी और द्युलोकका संबंध शारीरिक और आत्मिक अभिवृद्धिके साथ है, यह पूर्व स्थलमें बताया है, तथा इन लोकोंके अंश अपने शरीरमें कहां रहते हैं, यह भी पहिले बतायाही है। आचार्यके पाससे वह ज्ञानमय भिक्षा प्राप्त करता है और आचार्य अपने शिष्यको पृथिवीसे लेकर द्युलोकपर्यंत संपूर्ण विश्वकी भिक्षा अर्पण करता है। पृथिवी और द्युलोकके अन्दर संपूर्ण विश्व आ जाता है अर्थात् शारीरिक, मानसिक और आत्मिक उन्नतिके संपूर्ण साधन इस भिक्षासे उस ब्रह्मचारीको प्राप्त होते हैं।

ब्रह्मचारीका आत्म-यज्ञ।

जब इस प्रकार परिपूर्ण साधनोंसे संपन्न हो जाता है, तब वह ब्रह्मचारी उक्त दोनों लोकोंकी दो समिधायें बनाकर हवन करता है। इस ज्ञानयज्ञमें उस ब्रह्मचारीको अपनी सब भिक्षा अर्पण करनी होती है। यही उसका सर्वस्वत्याग है। जो प्राप्त हुआ था, वह सबकी भलाईके लिये अर्पण करनेका नामही आत्म-यज्ञ है। शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शक्तियोंका समर्पण करके अंतमें अपनी पूर्णाहुति देकर, इस आत्म-यज्ञकी समाप्ति करनी होती है।

जो कुछ प्राप्त किया जाता है, उसका समर्पण समष्टिकी भलाईके लिये करनेका नामही यज्ञ है। समष्टिका एक अंग व्यष्टि है। समाजका एक अंग

एक व्यक्ति है। इस कारण व्यक्तिकी अंतिम सफलता, संपूर्ण समाजकी पूर्णताके लिये, अपने आपको समर्पित करनाही है। यही यज्ञ है, यही पूजा और उपासना है। जिसके पास जो शक्ति है, उसका व्यय संपूर्ण समाजके हृदयके लिये करनाही उस शक्तिका सबसे उत्तम उपयोग है। इस प्रकारका आत्मयज्ञ ब्रह्मचारी करता है।

दो कोश।

दसवें मंत्रमें दो कोशोंका वर्णन है। एक भूलोकका कोश है और दूसरा द्युलोकका कोश है। दोनों कोश ब्राह्मणकी बुद्धिमें रहते हैं। ब्राह्मण अर्थात् गुरु अपने शिष्यको उक्त दोनों लोकोंकी जो भिक्षा देता है, वह अपनी बुद्धिमेंसेही देता है। विद्वान्‌की बुद्धिमें पृथिवी, अंतरिक्ष और द्युलोक तथा सब अन्य विश्व रहते हैं। और वह ज्ञानी अपने शिष्यको उपदेशद्वारा उनका प्रदान करता है। इस मंत्रसे यह बात स्पष्ट हो गई है कि पृथिवी और द्युलोक वास्तवमें ज्ञानीकी बुद्धिमें हैं, बुद्धिमेंही संपूर्ण जगत्‌का निवास है। ज्ञानी अपनी इच्छानुसार दूसरोंको उक्त विश्वका दान करता है।

कोशरक्षक ब्रह्मचारी।

आचार्यके पाससे उक्त दोनों कोश शिष्यकी बुद्धिमें आते हैं, अर्थात् पृथिवीसे लेकर स्वर्गपर्यंतका संपूर्ण ज्ञान उसको प्राप्त होता है। अब विचार करना है कि, इन दोनों खजानोंका किस रीतिसे संरक्षण होता है। मंत्रमें-ही कहा है कि, "तपसे संरक्षण किया जाता है।" जो ब्रह्मचारी तप करता है, शीत, उष्ण आदि द्वंद्व सहन करनेकी शक्ति बढाता है, वही उक्त कोशोंका संरक्षण कर सकता है। तपके विना, कष्ट सहन करनेके विना उनका रक्षण नहीं हो सकता, यह बात इस मंत्रमें स्पष्टतासे कही है।

दो अग्नि।

ग्यारहवें मंत्रमें दो अग्नियोंका वर्णन है। पृथिवीपर एक अग्नि है और द्युलोकमें दूसरा अग्नि सूर्यरूपसे है। ये दोनों प्रकाशकिरणोंके बीचमें

अर्थात् अन्तरिक्षमें मिल जाते हैं। इनके किरण सर्वत्र फैलते हैं और ब्रह्मचारी उनका अधिकारी होता है। पूर्व दोनों मन्त्रोंके साथ इस मन्त्रके कथनकी तुलना करनेसे विदित होगा कि- [१] दोनों लोकोंकी भिक्षा, [२] बुद्धिमें रहनेवाले दोनों कोश, [३] तथा दो लोकोंके दो अग्नि ये सब एकही मुख्य बातको बता रहे हैं।

शरीरमें भूस्थानीय जाठर अग्नि और द्युस्थानीय मस्तिष्कनिवासी सूर्य अग्नि है। जाठर अग्नि और मस्तिष्कका चैतन्य अग्नि इनका मिलाप बीचमें हृदयके स्थानमें होता है। वहांसेही सब स्थानोंमें किरणें फैलती हैं। इस प्रकार ये दोनों अग्नि हैं।

ऊर्ध्वरेता मेघ और ब्रह्मचारी ।

बारहवें मन्त्रमें मेघोंका ब्रह्मचर्य कहा है। वृष्टि करनेवाले मेघ बडी बडी गर्जना करते हुए वृष्टि करते हैं और सबको जीवन देते हैं। दूसरे कई मेघ होते हैं, वे जलहीन होते हैं, परन्तु बडी गर्जना करते हैं, इनकी गर्जनासे जनताको केवल कष्टही होते हैं। इसका कारण पहिले प्रकारके मेघ [ऊर्ध्व-रेता] जलसे भरपूर होते हैं और दूसरे प्रकारके मेघ [निर्वीर्य] जलहीन होते हैं।

इसी प्रकार ऊर्ध्वरेता तेजस्वी ब्रह्मचारी मेघनादके समान अपने बडे विशाल आवाजसे व्याख्यान देकर अपने ज्ञानामृतकी वृष्टि करता है और जनतामें " नवजीवन " फैलाता है। परंतु दूसरे कई निर्वीर्य उपदेशक ऐसे होते हैं कि जो व्याख्यानोंका घटाटोप करते हैं, परंतु उनके खोखले व्याख्यानोंसे किसीका भी लाभ नहीं होता। इसका कारण पहिलेमें वीर्यके साथ तप होता है और दूसरेमें दोनों नहीं होते।

बडे ब्रह्मचारीका कार्य ।

तेरहवें मन्त्रमें कहा है, सबसे बडा ब्रह्मचारी परमात्मा है। वह अग्नि, सूर्य, चन्द्र, वायु, जल आदि देवताओंमें विशेष प्रकारकी समिधायें डाल देता है।

उस समिधासे उक्त देव अपना कार्य करनेमें समर्थ होते हैं। अग्नि, सूर्य आदि देव परमात्माके तेजसे प्रकाशते हैं, वायु परमात्माके बलसे बहता है, जल उसीकी शांतिसे दूसरोंको शांति दे रहा है। अर्थात् परमात्मा अपनी शक्तिरूप समिधा इनमें रखता है, उस कारण अग्न्यादि देव अपना कार्य करते हैं। प्रत्येक देवतासे भिन्न भिन्न तेज उत्पन्न होता है और वह तेज अंतरिक्षमें इकट्ठा होता है। इससे वृष्टि और जल होता है, जलसे वृक्षवनस्पतियाँ, उससे अन्न, अन्नसे वीर्य और वीर्यसे पुरुष किंवा मनुष्य आदि प्राणियोंकी उत्पत्ति होती है। यह बडे ब्रह्मचारीका जगत्में कार्य होता है।

छोटे ब्रह्मचारीका कार्य।

अब छोटे ब्रह्मचारीका कार्य देखिये। छोटा ब्रह्मचारी वह है, जो कि गुरुके घरमें जाता है और यमनियमादिकोंका पालन करके विद्याध्ययन करता है। परमात्मामें जो (१) अग्नि, (२) सूर्य, (३) चंद्र, (४) वायु, (५) जल आदि देवता हैं, उनके अंश इस छोटे ब्रह्मचारीमें क्रमशः (१) वाक्, (२) नेत्र, (३) मन, (४) प्राण, (५) वीर्य आदि हैं। यह छोटा ब्रह्मचारी अपनी समिधा इनमें डालता है और इनको प्रज्वलित करता है। वक्तृत्वशक्ति, दृष्टि, विचारशक्ति, जीवनकी कला, और वीर्य तथा अन्यान्य शक्तियोंका विकास करना इस छोटे ब्रह्मचारीका कार्य है। अपनी स्वकीय आत्मिक शक्तिकी समिधा वह अपने उक्त अग्नियोंमें डालता है और उनको प्रज्वलित अर्थात् अधिक तेजस्वी करता है। जब उक्त शक्तियाँ बढ जाती हैं, तब उनकी ज्वालायें अंतरिक्षमें अर्थात् अंतःकरणमें किंवा हृदयमें मिल जाती हैं। वाणी, नेत्र, कर्ण, मन, प्राण आदिका सम्बन्ध अन्तःकरणमें हो जाता है। उससे एक प्रकारका विलक्षण तेज उत्पन्न होता है, जिससे पुरुषकी प्रसिद्धि होती है, उससे ज्ञानकी वृष्टि होनेसे सर्वत्र शांति फैलती है।

छोटे और बडे ब्रह्मचारीके ये कार्य देखनेयोग्य हैं। इन कार्योंको

देखनेसे दोनोंकि कार्यक्षेत्रोंकी समानता व्यक्त होती है । यही समानता इस प्रकार देखनेयोग्य है। आत्मा, परमात्माका कार्यक्षेत्र और गुणसाधर्म्य देखनेयोग्य हैं ।

आचार्यका स्वरूप ।

चौदहवें मत्रमें आचार्यकोही मृत्यु कहा है । क्योंकि उसकी कृपामे दूसरा जन्म प्राप्त होता है और शिष्य, ' द्वि-ज ' बनता है। पहिला जन्म मातापितासे मिलता है। पहिले जन्मसे प्राप्त शरीरका मृत्यु अथवा मरण उपनयन-संस्कारके समय होता है, तत्पश्चात् उस ब्रह्मचारीका आत्मा विद्यादेवीके गर्भमें रहता है, विद्या और आचार्यके गर्भमें नियत समय अर्थात् १२, २४, ३६, ४८ वर्षतक रहकर उस गर्भसे वह बाहर आता है। यह उसका दूसरा जन्म है। परमात्माका नाम मृत्यु है, इसलिये कि वह पहिले जीर्ण शरीरको छुडवाकर दूसरा कार्यक्षम नवीन शरीर देता है। आचार्य भी वही कार्य संस्काररूपसे करता है। इसलिये आचार्य भी मृत्युही है।

आचार्य वरुण है। वरुण निवारकको कहते हैं। पापसे निवारण करता है और पुण्यमार्गमें प्रवृत्त करता है, इसलिये आचार्यही वरुण हैं। वरुण शब्द वरत्व अर्थात् श्रेष्ठत्वदर्शक भी है। आचार्यकी श्रेष्ठता सुप्रसिद्ध है। आचार्यका अर्थही यह है कि (आचार ग्राहयति) जो सदाचारकी शिक्षा देता है।

आचार्य सोम अर्थात् चद्र है। चद्रके समान शांति और आल्हाद देनेका कार्य आचार्य करता है। आचार्यसे जो विद्या प्राप्त होती है, वह शिष्यके अत करणमें शांति और आनन्द स्थिर करनेके लिये कारणीभूत होती है। " सोम " शब्दका दूसरा अर्थ (स+उमा)ज्ञानी ऐसा भी है। " उमा " शब्द सरक्षक विद्या अथवा ज्ञान किंवा मूल शक्तिका वाचक केन-उपनिषद् (३।१२)में आ गया है। वहां उमा शब्दका ' महाविद्या ' अथवा 'मूल शक्ति ' ऐसा अर्थ होता है। (अवति इति उमा) जो रक्षक विद्या किंवा

शक्ति होती है, उसका नाम " उमा " है; उस प्रकारकी संरक्षक विद्या जिसके पास होती है (उमया सहितः सोमः) उसको ज्ञानी अथवा समर्थ कहते हैं।

आचार्य औषधि हैं। औषधि शब्द " दोष–धी " शब्दसे निरुक्तकार (निरुक्त दै० ३।३।२८) बताते हैं। दोषोंको दूर करनेका और स्वास्थ्य प्राप्त करनेका काम औषधिका है। वही कार्य आचार्य करता है। शिष्यके दोष दूर करके उसके अंदर (स्व--स्थ--ता) स्वावलंबन अर्थात् अपनी शक्तिसे खडा रहनेका बल आचार्य देता है, इस कारण आचार्यही औषधि हैं।

आचार्य दूध है। " पयः " शब्दका अर्थ " दूध, जल, वीर्य, अन्न, बल, उत्साह " इतना है। इन सब अर्थोंका भाव ' पुष्टिका साधन ' ऐसा-ही है।

पन्द्रहवें मंत्रमें गुरुशिष्यके सहवासका महत्त्व कहा है। जो लाभ विशेषतः शिष्यको होता है, वह गुरुसहवाससेही होता है। मंत्रमें "अमा" शब्द सहवास, अर्थात् साथ रहनेका भाव बता रहा है। सूर्यचंद्रके सहवासके अहोरात्रका नाम " अमा " अथवा " अमावास्या " है। यहां सूर्य स्वयंप्रकाशी होनेसे गुरु किंवा आचार्य है और चन्द्र परप्रकाशी किंवा सूर्यके तेजसेही प्रकाशनेवाला होनेसे उसका शिष्य है। यह जो सूर्यचंद्रका सहवास " अमा-वास्या " के दिन होता है, वही सहवास गुरुशिष्यके विषयमें यहां " अमा " शब्दसे बताया गया है। आचार्यरूपी सूर्यके विद्यातेजसे शिष्यरूपी चंद्रमा प्रकाशित होता है और ये सूर्यचंद्र विद्याध्ययनकी समाप्तितक एकत्रही रहते हैं। इतनाही नहीं परन्तु यहांका "अमा" शब्द सूचित कर रहा है कि, गुरुशिष्यका सहवास विद्याध्ययनकी समाप्तितक अवश्यही होना चाहिये। नियत समयपर पढानेके लिये गुरुका आना और पढाईके पश्चात् चले जाना, यह अध्यापनका ढंग ठीक नहीं है। गुरुके निरंतरके सहवाससेही शिष्यको अत्यंत लाभ पहुंचता है। इसी उद्देश्यसे

गुरुकुलवासकी प्रणाली वेदने बताई है। गुरुके घरमें उसके पुत्रके समान शिष्य रहता है, इस समयमें वह गुरुके सब गुण देखता है और उनका अनुकरण करता है। गुरुशिष्यके नित्य सहवाससे अनंत लाभ हैं और इस समय उन लाभोंको सबही मानने लगे हैं।

इस मंत्रमें " घृत " शब्द है। " घृ-क्षरण-दीप्त्योः " इस धातुसे यह शब्द बनता है। [१] प्रवाह चलना और [२] तेज फैलना ये दो अर्थ " घृ " धातुके हैं। घृत शब्दमें भी ये दोनों भाव हैं। गुरु-शिष्यका सहवास घृत करता है, यह मंत्रका कथन है, अर्थात् गुरुशिष्यके सहवाससे विद्याका प्रवाह चलता है और ज्ञानतेज फैलता है। इस समयतक ज्ञानका प्रवाह गुरुशिष्यसंबंधसेही हमारे पास पहुंचा है और यही ज्ञान मनुष्योंका तेज बढा रहा है, इसमें विवाद नहीं हो सकता।

अब यहां प्रश्न उत्पन्न होता है कि, गुरु अपने शिष्यसे किस प्रकारकी गुरुदक्षिणा मांगता है ? गुरुदक्षिणाका स्वरूप बतानेवाला शब्द इस मंत्रमें "प्रजा-पतौ" यह है। यह गुरुदक्षिणा "प्रजाका पालन करनेके विषयमें" होती है। प्रजाके पालनके विषयमें अथवा जनताके हितके संबंधमेंही दक्षिणा होती है। अर्थात् गुरु अपने स्वार्थका साधन करनेके लिये दक्षिणा नहीं मांगता, अथवा आचार्य ऐसी दक्षिणा मांगता है कि जिससे सब जनताके पालनसंबंधी कुछ भाग बन सके। यहां आचार्यका सार्वजनिक हित करनेका निःस्वार्थी भाव देखनेयोग्य है। इस प्रकार आचार्य स्वयं शिष्यको बता रहा है कि संपूर्ण प्रजाजनोंके पालनके विषयमें उचित कर्तव्य करनेमें अपने आपको समर्पित करनाही मनुष्यका मनुष्यत्व है और राष्ट्रीय शिक्षाका यही आदर्श है। गुरुके समान शिष्य भी प्रजापालनात्मक कर्तव्यका अपना हिस्सा करके अपने आपको उत्तम नागरिक सिद्ध करे।

स्वराज्यमें संपूर्ण नागरिकजन प्रजापालनात्मक कार्य करनेवाली " प्रजा-पति-संस्था " के अंशभूतही होते हैं, इसलिये प्रत्येक अंशभूत नागरिकको संपूर्ण अंशी राष्ट्रके अभ्युदयके लिये अपने कर्तव्यपालनकी

पराकाष्ठा करना अत्यंत आवश्यकही है।

सोलहवें मंत्रमें कहा है कि, "आचार्यः ब्रह्मचारी" अर्थात् राष्ट्रमें जो अध्यापक होते हैं, वे सब ब्रह्मचारी होने चाहिये। ब्रह्मचारीका अर्थ यहां शादी, विवाह न किये हुए सज्जन, ऐसा समझना नहीं चाहिये। विवाह करनेके पश्चात् भी ऋतुगामी होनेसे तथा अन्य नियमोंका परिपालन करनेसे ब्रह्मचारी रहना संभव है। छोटेमोटे सबही अध्यापक तथा अन्य सज्जन जो कि नागरिक-कार्य करनेमें लगे होते हैं, वे सब ब्रह्मचारी होने चाहिये। कामी, भोगी, लोभी तथा स्वार्थी नहीं होने चाहिये। जब ब्रह्मचर्यका महत्त्व सब अध्यापकोंको ज्ञात होगा, तभी वे अपने शिष्योंको उसकी दीक्षा दे सकते हैं और इस प्रकार जो बात अध्यापकोंद्वारा राष्ट्रके युवकोंके मनमें स्थिर की जाती है, वही राष्ट्रमें दृढमूल हो जाती है।

आदर्श राज्य-शासन।

अब क्षत्रिय भी ब्रह्मचारी होने चाहिये। राजा, महाराजा, सम्राट्, प्रधान, मंत्री, सेनानायक, सैनिक, ग्रामाधिकारी तथा सब अन्य ओहदेदार स्वयं ब्रह्मचर्यका पालन करनेवालेही होने चाहिये। यहां ब्रह्मचारी होनेका तात्पर्य केवल बाल्य-अवस्थामें ब्रह्मचर्य पालन करनेसे नहीं है, परंतु आगे गृहस्थी बननेके पश्चात् भी ब्रह्मचर्यके नियमोंका पालन करनेवाले सब राज्याधिकारी होने चाहिये। जहां ऐसे अधिकारी ब्रह्मचारी न होंगे, वहांका प्रबंध ठीक धर्मानुसार नहीं हो सकता। प्रजापालनका कार्य जो जो अधिकारी करता है, उसे उचित है कि वह ब्रह्मचर्यके पालनके साथ संयमी बनकर अपना कार्य करे। राज्यके प्रधान अधिकारियोंको भी यहां सूचना मिलती है कि, ओहदेदार नियत करनेके समय वे उनकी अन्य योग्यता देखनेके साथ यह भी बात अवश्य देखें कि, वे ब्रह्मचारी धार्मिक हैं या नहीं। जिस राज्यमें ज्ञानप्रचार करनेवाले विद्याधिकारी और संरक्षणका कार्य करनेवाले क्षात्राधिकारी उत्तम ब्रह्मचारी होंगे, वहांकी

राज्यव्यवस्थाका वर्णन क्या कहना है? वेदकी दृष्टिसे यही "आदर्श *राज्य-व्यवस्था*" है। इस समय जो राज्य इस भूमंडलपर चलाये जा रहे हैं, वे भोगी लोग चला रहे हैं। भोगी लोगही आसुरी संपत्तिवाले हुआ करते हैं। भोगी असुरोंसे प्रजाको कष्टही कष्ट पहुंचते हैं। इसलिये मंत्र ७ में कहा है कि, "*ब्रह्मचारीने इंद्र बनकर असुरोंको दूर किया।*" भोगी असुरोंको दूर करके त्यागी, संयमी, जितेंद्रिय ब्रह्मचारियोंकोही अधिकारपर लाना ब्रह्मचारीकी राजकीय हलचलका कार्य होता है।

ब्रह्मचर्यसे राष्ट्रका संरक्षण।

राजा, राजपुरुष आदि क्षत्रिय, तथा आचार्य और अध्यापक आदि *ब्राह्मण, स्वयं ब्रह्मचर्य पालन करनेवाले होने चाहिये,* इस विषयका उपदेश मंत्र १६ में दिया है। अब अगले १७ वें मंत्रमें कहा है कि, राज-प्रबंधसे तथा पाठशाला, गुरुकुल आदिके प्रबंधसे राष्ट्रके ब्रह्मचर्यका पालन होवे।

राजा अपने राज्यमें ऐसा शासनका प्रबंध रखे कि सब अधिकारी ब्रह्मचर्य-पालन करनेवाले हों और वे अपने अधिकारक्षेत्रमें रहनेवाली जनतासे *ब्रह्मचर्यका पालन करावें। इस प्रकार प्रत्येक अधिकारी व्यवस्था करेगा,* तो संपूर्ण राज्य ब्रह्मचर्य पालन करनेवाला बन सकता है। ब्रह्मचर्यका तात्पर्य यहां संयमसे है। राज्यमें बालविवाह न हो, विवाह योग्य समयमें हो, *विवाह होनेपर इंद्रिय-विषयक अत्याचार और व्यभिचार न हो,* संयम और त्यागवृत्तिसे व्यवहार किया जावे। इस प्रकार मरनेतक ब्रह्मचर्य पालन हो सकता है। इस प्रकारका ब्रह्मचर्य राज्य-शासनके द्वारा सब लोगोंसे पालन कराके राजा *राष्ट्रका विशेष रीतिसे संरक्षण कर सकता है।*

सर्वसाधारण जनता अज्ञानी होनेके कारण सुनियमोंका पालन स्वयं नहीं करती। परंतु जब राज्यशासनके प्रबंधसेही सुनियमोंका पालन होता है, *तब वे लोग भी उन नियमोंके पालन करनेका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।*

समाजकी उन्नति अवनतिकी अवस्थाके अनुसार नियमोंमें परिवर्तन हो सकता है। परंतु यहां ब्रह्मचर्य, वीर्यरक्षण, बलसंवर्धन, योगाभ्यास, ज्ञान-संपादन, उपासना आदिका संबंध है। राजप्रबंधसेही सब लोग इनको करें और राजा सबसे इनका पालन कराके जनताका संरक्षण करे। यह इस मंत्रका तात्पर्य है।

कन्याओंका ब्रह्मचर्य।

पूर्व मन्त्रमें सूचित हो गया है कि राजा प्रबन्धद्वारा सब जनतासेही ब्रह्मचर्यका पालन कराके प्रजाका विशेष पालन करता है। सब जनतामें जैसे पुत्रोंका वैसाही कन्याओंका भी ब्रह्मचर्यपालन होना चाहिये। पुत्रोंके ब्रह्मचर्यके विषयमें किसीको शंका नहीं हो सकती, क्योंकि ब्रह्मचर्य शब्द पुल्लिंगमें होनेसे पुरुषोंके ब्रह्मचर्यकी आज्ञा वेदसे सिद्ध हो गई है। इस अठारहवें मन्त्रमें " कन्या " शब्दसे स्त्रीजातिके ब्रह्मचर्यकी सूचना दी गई है अर्थात् बालक और बालिकाओंके लिये समानही ब्रह्मचर्य है और पूर्व मन्त्रके अनुसार दोनोंके ब्रह्मचर्यका पालन राजप्रबन्धद्वाराही होना चाहिये।

पशुओंका ब्रह्मचर्य।

घोडे, बैल आदि पशु सचमुच ब्रह्मचारीही रहते हैं। अति कामभाव उनमें नहीं होता। कामुक मनुष्योंके समान पशुओंमें क्षीणता नहीं होती। मनुष्योंकी अपेक्षा पशुओंमें स्त्रीसम्बन्ध न्यूनही होता है, इसलिये वे आयुभर ब्रह्मचर्यका पालन करते रहते हैं। उनको देखकर मनुष्योंको बहुत बोध लेना उचित है।

अपमृत्युको हटानेवाला उपाय।

उन्नीसवें मन्त्रमें कहा है कि अपमृत्यु दूर करनेका उपाय ब्रह्मचर्यही है। ब्रह्मचर्य आयुष्यवृद्धि करनेवाला और रोग दूर करनेवाला है। जो ब्रह्मचर्य-का पालन करता है, वह मृत्युको दूर कर सकता है। इसी रीतिसे देव

अमर बने हैं। जो देवोंको साध्य हुआ, वह मनुष्य भी तपस्यासे साध्य कर सकते हैं। देवोंका राजाधिराज इन्द्र भी सबसे अधिक तेजस्वी है क्योंकि उसने सबसे अधिक ब्रह्मचर्यका पालन किया था। जो इस प्रकार ब्रह्मचर्यका अधिक पालन करेगा, वह सबसे अधिक तेजस्वी हो सकता है। ब्रह्मचर्यका तेज उसके मुखपरही दिखाई देता है। ब्रह्मचारी जितेन्द्रिय पुरुषका मुख कमलके समान तेजस्वी, उत्साही और स्फूर्तियुक्त होता है। इसलिये प्रत्येकको ब्रह्मचर्यका पालन अवश्यमेव करना चाहिये।

औषधि आदिकोंका ब्रह्मचर्य।

सूर्य ब्रह्मचारी है, क्योंकि वह ब्रह्मके साथ सचार करता है किंवा तेजके साथ रहता है। इस ब्रह्मचारी सूर्यसे संवत्सर अर्थात् वर्ष, ऋतु मास, दिन, रात्रि, तथा भूत, वर्तमान और भविष्य ये तीनों काल प्रकट हो रहे हैं। सूर्यके ब्रह्मचर्यका यह महिमा है।

औषधि वनस्पति भी ऊर्ध्वरेता होनेके कारण ब्रह्मचारिणी हैं। औषधि वनस्पतियोंका जनक मेघ किंवा पर्जन्य है। यह मेघ भी ब्रह्मचारी है, क्योंकि वह " ऊर्ध्व-रेता " है। " ऊर्ध्व " अर्थात् ऊपर धारण किया है, " रेत " अर्थात् उदक जिसने, ऐसा मेघ है; इसलिये वह "ऊर्ध्व-रेता" है और इसी हेतुसे ब्रह्मचारी भी है। इसी ब्रह्मचर्य-सूक्त मन्त्र १२ में मेघ ब्रह्मचारीका वर्णन आ चुका है। वहां कहा है कि यह " ब्रह्मचारी मेघ गर्जना करता हुआ पहाडोंपर और भूमिपर (रेत) उदकका सिंचन करता है, उससे सब दिशायें जीवित रहती हैं। " ऊर्ध्वरेता होनेके कारण मेघमें सृष्टिका पालन करनेकी शक्ति आ गई है, इस प्रकार जो ऊर्ध्वरेता होगा, उसमें भी पालन करनेकी शक्ति आ सकती है। सूर्य भी अपने किरणों-से उदकरूपी रेतको ऊपर खींचता है। मनुष्य भी प्राणके आकर्षणसे वीर्यको अपने ऊपर खींच सकता है। इस प्रकार मेघ और सूर्यके उदाहरणसे ब्रह्मचर्यका माहात्म्य वर्णन किया गया है।

पशुपक्षियोंका ब्रह्मचर्य।

पहिले बैल और घोडेके विषयमें मन्त्र १८ में कहाही है कि वे ब्रह्मचारी हैं। प्राय: सभी पशुपक्षी ब्रह्मचारी हैं। बंदर आदिके वीर्यके नाश करनेका अभ्यास दिखाई देता है, परन्तु साधारणत: पशु ऋतुगामी होते हैं। ऋतु-कालसे भिन्न समयमें न तो वे स्त्रीके पास जाते हैं और न स्त्री उनको अपने पास आने देती है। सिंह, व्याघ्र आदि क्रूर पशुओंमें तो यह ब्रह्मचर्य और एकपत्नीव्रत विशेषही तीव्र है। परमात्माने उनमें कुछ ऐसी व्यवस्था की है कि उनको ऋतुकालको छोडकर अन्य समयमें स्त्रीपुरुषविज्ञान भी नहीं होता। कई पशुपक्षी इस नियममें अपवाद भी हैं, परन्तु यह अपवाद पूर्वोक्त नियमही सिद्ध कर रहा है। पशुपक्षियोंका ब्रह्मचर्य देखकर उनसे मनुष्योंको इस विषयमें बोध लेना चाहिये। पूर्वमन्त्रमें कहा है कि औषधिवनस्पतियाँ आदि भी ऋतुकालमें ही पुष्पवती होनेके कारण ऋतु-गामी होनेसे ब्रह्मचारी हैं। संवत्सर तो ऋतुओंमेंही गमन करता है, इसलिये वह भी ऋतुगामी होनेसे ब्रह्मचारी है।

ब्रह्मचारीका ज्ञान सबका संरक्षण करता है, यह मन्त्रका कथन स्पष्टही है। क्योंकि ज्ञानसेही सबका संरक्षण होना है, यह बाईसवें मन्त्रमें कहा है।

देवोंका तेज।

तेईसवें मन्त्रमें देवोंके तेजका वर्णन है। जो उत्साह और स्फुरण देता है, जो सबसे श्रेष्ठ भाव उत्पन्न करता है और जो स्वयं तेजयुक्त होकर दूसरोंको भी तेजस्वी करता है, वह देवोंका तेज है। राष्ट्रमें विद्वान् देव होते हैं और वे उक्त प्रकारका चैतन्यपूर्ण तेज अपने राष्ट्रमें उत्पन्न करते हैं। शरीरमें ज्ञान-इंद्रिय तथा अंत:करण आदि देव हैं कि, जो जड शरीरमें रहकर उससे भी विलक्षण स्फूर्तिका कार्य करा रहे हैं। तथा संपूर्ण जगत्में सूर्यचंद्रादिक देव अपना विलक्षण तेज फैलाकर सब जगत्को चेतना दे

रहे हैं। तात्पर्य यह है कि सर्वत्र यही नियम है कि, जो देव होते हैं, वे श्रेष्ठ तेजका प्रसार करके विलक्षण उत्साह उत्पन्न करते हैं।

वही तेज, ज्ञान और स्फूर्ति ब्रह्मचारीसे फैलती है और देवोंमें कार्य करती है, तथा अमरपन भी देती है।

उपदेशका अधिकारी।

चोवीस और पचीसवें मन्त्रमें ब्रह्मचारीके विशेष ज्ञानका उल्लेख है। ब्रह्मचारी विलक्षण ज्ञान प्राप्त करता है और इसलिये उसका अद्भुत तेज फैलता है। इस हेतुसे उसके अन्दर सब देवताए ओतप्रोत होकर रहती हैं। उससे कोई देवता और उसकी शक्ति अलग नहीं होती। अर्थात् सब देवताओंकी पूर्ण शक्तिके साथ वह अपना कार्य चलाता है। प्राणायामादि योगसाधनद्वारा वह अपने प्राण, अपान, व्यान आदि सब प्राणोंको अपने अधीन करता है। प्राण वश होनेसे उसका मन वश होता है, क्योंकि प्राण और मन शरीरमें एकत्र मिलेजुले रहते हैं। यदि प्राण निर्बल रहा, तो मन निर्बल रहता है और मन स्थिर होनेपर प्राणकी चचलता भी दूर हो जाती है। प्राण और मन स्थिर होनेसे हृदयकी दिव्य शक्ति प्रकट होती है, तथा हृदय और मन नियमबद्ध होनेसे मेधाबुद्धिमें ज्ञानका सचय होने और बढने लगता है। अब उसकी योग्यता होती है कि वाणीद्वारा वह अपने ज्ञानका प्रचार करे। इसी प्रकारके सुयोग्य उपदेशकके वक्तृत्वसे जनता प्रभावित होती है। क्योंकि उसका कथन अनुभवके अनुकूल होता है।

इस कारण लोग चाहते हैं कि, अपने उद्धारका कोई सदुपदेश उससे प्राप्त हो। जहा उक्त ब्रह्मचारी पहुचता है, वहाके सज्जन उससे कहते हैं कि, हे ब्रह्मचारी! हमें उपदेश दो! चक्षु, श्रोत्र आदि इंद्रियोंकी शक्ति बढाने तथा उनको नीरोग और प्रभावशाली रीति करनेकी बताओ! कोई कहते हैं कि, अन्नकी न्यूनता बडा कष्ट दे रही है, इसलिये कहो कि विपुल अन्न कैसे प्राप्त किया जाय? कोई महाजन पूछते हैं कि पेट ठीक करनेका उपाय

क्या है ? हाजमा ठीक नहीं है, इसका कोई उपाय कहो। वे पूछते हैं कि हमारा वीर्य स्थिर नहीं रहता और खून भी खराब हो गया है, इसके लिये क्या उपाय करना चाहिये ?

पूर्वोक्त प्रकार जो जो प्रश्न लोग पूछते है, उनका यथायोग्य उत्तर ब्रह्मचारी देता है, योजना और युक्तिपूर्वक सबकी शंकाओंका निरसन करता है और उनको ठीक मार्गपर चलाता है। इतनी योजना होनेपर भी अपनी आत्मिक शक्ति बढानेके लिये वह पवित्र स्थानमें रहता हुआ तप करता है और आत्मशक्तिका विकास करताही रहता है। इस प्रकारका तपस्वी जब अपने तपकी समाप्ति करता है और तपस्याके प्रभावसे प्रभावित आत्मशक्तिसे युक्त होता है, तब अत्यन्त तेजस्वी होनेसे इस पृथिवीपर उसकी शोभा अत्यन्त बढती है। यह ब्रह्मचर्यका तेज है, इसलिये प्रत्येकको ब्रह्मचर्यके सुनियमोंका पालन करके अपनी आत्मशक्तिका विकास करना चाहिये।



केन-सूक्तम्



(अथर्व० १०।२।१-३३)

ऋषि.- नारायणः । देवता पुरुष., ब्रह्मप्रकाशनम् ।
छन्दः- अनुष्टुप्; १-४, ७-८ त्रिष्टुप्, ६, ११ जगती;
२८ भुरिग्बृहती ।

(१) स्थूल शरीरमें अवयवोंके सम्बन्धमें प्रश्न ।

केन पार्ष्णी आभृते पूरुषस्य केन मांसं संभृतं केन गुल्फौ । केनाङ्गुलीः पेशनीः केन खानि केनोच्छ्लङ्खौ मध्यतः कः प्रतिष्ठाम् ॥१॥

पदानि- केन पार्ष्णी इति । आभृते इत्याऽभृते । पुरुषस्य । केन । मांसम् । सम्ऽभृतम् । केन । गुल्फौ ॥ केन । अङ्गुलीः । पेशनीः । केन । खानि । केन । उत्ऽश्लङ्खौ । मध्यतः । कः । प्रतिऽस्थाम् ॥१॥

[पूरुषस्य पार्ष्णी केन आभृते ?] मनुष्यकी एडियाँ किसने भर दी ? [केन मांस सम्भृत ?] किसने मास भर दिया ? [केन गुल्फौ ?] किसने टखने बनाये ? [केन पेशनी अंगुलीः ?] किसने सुन्दर अंगुलियाँ बनाईं ? [केन खानि ?] किसने इन्द्रियोंके सुराख बनाये ? [केन उच्छ्लङ्खौ] किसने पाँवके तलवे जोड दिये ? [मध्यत क प्रतिष्ठाम् ?] बीचमें कौन आधार देता है ? ॥ १ ॥

कस्मान्नु गुल्फावधरावकृण्वन्नष्ठीवन्तावुत्तरौ पूरुषस्य।
जङ्घे निर्ऋत्य न्यदधुः क्व स्विज्जानुनोः संधी क उ
तच्चिकेत ॥२॥

पदानि— कस्मात्। नु। गुल्फौ। अधरौ। अकृण्वन्। अष्ठीवन्तौ। उत्ऽतरौ। पूरुषस्य॥ जङ्घे इति। निःऽऋत्य। नि। अदधुः। क्व। स्वित्। जानुनोः। संधी इति समऽधी। कः। ऊं इति। तत्। चिकेत ॥२॥

[नु कस्मात् अधरौ गुल्फौ अकृण्वन् ?] भला किससे नीचेके टखने बनाये हैं ? और [पूरुषस्य उत्तरौ अष्ठीवन्तौ ?] मनुष्यके ऊपरके घुटने ? [जंघे निर्ऋत्य क्व स्वित् न्यदधुः ?] जांघें अलग अलग बनाकर कहाँ भला जमा दीं हैं ? [जानुनोः संधी क उ तत् चिकेत ?] जानुओंके संधी-को कौन भला जान सकता है ? ॥ २ ॥

चतुष्टयं युज्यते संहितान्तं जानुभ्यामूर्ध्वं शिथिरं
कबन्धम्। श्रोणी यदूरू क उ तज्जजान याभ्यां
कुसिन्धं सुदृढं बभूव ॥३॥

पदानि— चतुष्टयम्। युज्यते। संहितऽअन्तम्। जानुऽभ्याम्। ऊर्ध्वम्। शिथिरम्। कबन्धम्॥ श्रोणी इति। यत्। ऊरू इति। कः। ऊं इति। तत्। जजान। याभ्याम्। कुसिन्धम्। सुऽदृढम्। बभूव ॥३॥

[चतुष्टयं संहितान्तं शिथिरं कबंधं जानुभ्यां ऊर्ध्वं युज्यते।] चार प्रकार-से अन्तमें जोडा हुआ शिथिल [ढीला] धड पेट घुटनोंके ऊपर जोडा गया

है। [श्रोणी, यत् ऊरू, क उ तत् जजान ? याभ्यां कुसिंध सुदृढ बभूव।] कुल्हे और जांघे, किसने भला यह सब बनाया है, जिससे धड़ बड़ा दृढ हुआ है ?॥ ३ ॥

कति॑ दे॒वाः क॑त॒मे त आ॑स॒न् य उरो॑ ग्री॒वाश्चि॒क्युः पूरु॑षस्य। कति॒ स्तनौ॒ व्य॑दधुः कः क॑फो॒डौ कति॑ स्क॒न्धान् कति॑ पृ॒ष्टीर॑चिन्वन् ॥४॥

पदानि- कति॑। दे॒वाः। क॒त॒मे। ते। आ॒स॒न्। ये। उरः। ग्री॒वाः। चि॒क्युः। पूरु॑षस्य॥ कति॑। स्तनौ॑। वि। अ॒द॒धुः। कः। क॒फो॒डौ। कति॑। स्क॒न्धान्। कति॑। पृ॒ष्टीः। अ॒चि॒न्व॒न् ॥४॥

[ते कति कतमे देवाः आसन् ये पुरुषस्य उरः ग्रीवाः चिक्युः ?] वे कितने और कौनसे देव थे, जिन्होंने मनुष्यकी छाती और गलेको एकत्र किया ? [कति स्तनौ व्यदधुः ?] कितनोंने स्तनोंको बनाया ? [कः कफोडौ ?] किसने कोहनियाँ बनाई ? [कति स्कधान्] कितनोंने कंधोंको बनाया ? [कति पृष्टीः अचिन्वन् ?] कितनोंने पसलियोंको जोड दिया ? ॥ ४ ॥

को अ॑स्य बा॒हू सम॑भर॒द्वी॒र्यं॑ कर॒वादिति॑।
अंसौ॒ को अ॑स्य॒ तद्दे॒वः कुसि॑न्धे॒ अध्या द॑धौ ॥५॥

पदानि- कः। अ॒स्य॒। बा॒हू इति॑। सम्। अ॒भ॒र॒त्। वी॒र्य॑म्। क॒र॒वा॒त्। इति॑॥ अंसौ॑। कः। अ॒स्य॒। तत्। दे॒वः। कुसि॑न्धे। अधि॑। आ। द॒धौ ॥५॥

[वीर्यं करवात् इति, अस्य बाहू कः समभरत् ?] यह पराक्रम करे, इसलिये इसके बाहू किसने भर दिये ! [कः देवः अस्य तद् अंसौ कुसिंधे अध्यादधौ ?] किस देवने इसके उन कंधोंको धडमें धर दिया है ? ॥५॥

कः सप्त खानि वि ततर्द शीर्षणि कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्। येषां पुरुत्रा विजयस्य मह्मनि चतुष्पादो द्विपदो यन्ति यामम् ॥६॥

पदानि- कः। सप्त। खानि। वि। ततर्द। शीर्षणि। कर्णौ। इमौ। नासिके इति। चक्षणी इति। मुखम्॥ येषाम्। पुरुऽत्रा। विऽजयस्य। मह्मनि। चतुःऽपादः। द्विऽपदः। यन्ति। यामम् ॥६॥

[इमौ कर्णौ, नासिके, चक्षणी, मुखं, सप्त खानि शीर्षणि कः वि ततर्द ?] ये दो कान, दो नाक, दो आंख और एक मुख मिलकर सात छेद सिरमें किसने खोदे हैं, [येषां विजयस्य मह्मनि चतुष्पादः द्विपदः यामं पुरुत्रा यंति] जिनके विजयकी महिमामें चतुष्पाद और द्विपाद अपना मार्ग बहुत प्रकार आक्रमण करते हैं ? ॥६॥

हन्वोर्हि जिह्वामदधात् पुरूचीमधा महीमाधि शिश्राय वाचम्। स आ वरीवर्ति भुवनेष्वन्तरपो वसानः क उ तच्चिकेत ॥७॥

पदानि- हन्वोः। हि। जिह्वाम्। अदधात्। पुरूचीम्। अध। महीम्। अधि। शिश्राय। वाचम्॥ सः। आ। वरीवर्ति। भुवनेषु। अन्तः। अपः। वसानः। कः। ऊं इति। तत्। चिकेत ॥७॥

[द्वि पुरुषीं जिह्वां हन्वो अदधात्] बहुत चलनेवाली जीभको दोनों जबड़ोंके बीचमें रख दिया है [अथ महीं वाच अधि शिश्राय] और प्रभावशाली वाणीको उसमें आश्रित किया है। [अप वसान स भुवनेषु अन्त आ वरीवर्ति] कर्मोंको धारण करनेवाला वह सब भुवनोंके अन्दर घुस रहा है, [क उ तत् चिकेत] कौन भला उसको जानता है? ॥७॥

मस्तिष्कमस्य यतमो ललाटं ककाटिकां प्रथमो यः कपालम्। चित्वा चित्यं हन्वोः पूरुषस्य दिवं रुरोह कतमः स देवः ॥८॥

पदानि— मस्तिष्कम्। अस्य। यतमः। ललाटम्। ककाटिकाम्। प्रथमः। यः। कपालम्॥ चित्वा। चित्यम्। हन्वोः। पुरुषस्य। दिवम्। रुरोह। कतमः। सः। देवः॥८॥

(अस्य पुरुषस्य, मस्तिष्क ललाट, ककाटिकां, कपाल, हन्वो चित्य, य यतम प्रथम चित्वा, दिव रुरोह, स देवः कतम ?) इस मनुष्यका मस्तिष्क, माथा, सिरका पिछला भाग, कपाल और जबड़ोंका सचय, आदिको जिस पहले देवने बनाया और जो द्युलोकमें चढ़ गया, वह देव कौनसा है ? ॥८॥

प्रियाप्रियाणि बहुला स्वप्नं सबाधतन्द्र्यः।
आनन्दानुग्रो नन्दांश्च कस्माद्वहति पूरुषः ॥९॥

पदानि— प्रियऽअप्रियाणि। बहुला। स्वप्नम्। सबाधऽतन्द्र्यः॥ आऽनन्दान्। उग्रः। नन्दान्। च। कस्मात्। वहति। पुरुषः॥९॥

(बहुला प्रिय-अप्रियाणि, स्वप्नं, संबाध-तन्द्यः, आनन्दान्, नन्दान् च, उग्रः पुरुषः कस्माद् वहति ?) बहुत प्रिय और अप्रिय बातों, निद्रा, बाधाओं और थकावटों, आनंदों और हर्षोंको यह प्रचंड पुरुष किस कारण धारण करता हैं ? ॥९॥

आर्तिरवर्तिर्निर्ऋतिः कुतो नु पुरुषेऽमतिः ।

राद्धिः समृद्धिरव्यृद्धिर्मतिरुदितयः कुतः ॥१०॥

पदानि– आर्तिः । अवर्तिः । निःऽऋतिः । कुतः । नु । पुरुषे । अमतिः ॥ राद्धिः । सम्ऽऋद्धिः । अविऽऋद्धिः । मतिः । उत्ऽइतयः । कुतः ॥१०॥

(आर्तिः, अवर्तिः, निर्ऋतिः, अमतिः पुरुषे कुतः नु ?) पीडा, दरिद्रता, बीमारी, कुमति मनुष्यमें कहाँसे होती हैं ? (राद्धिः, समृद्धिः अ-वि-ऋद्धिः, मतिः, उदितयः कुतः ?) पूर्णता, समृद्धि, अ-हीनता, बुद्धि और उदयकी प्रवृत्ति कहाँसे होती है ? ॥१०॥

को अस्मिन्नापो व्यदधाद्विषूवृतः पुरूवृतः सिन्धुसृत्याय जाताः । तीव्रा अरुणा लोहिनीस्ताम्रधूम्रा ऊर्ध्वा अवाचीः पुरुषे तिरश्चीः ॥११॥

पदानि– कः । अस्मिन् । आपः । वि । अदधात् । विषुऽवृतः । पुरुऽवृतः । सिन्धुऽसृत्याय । जाताः ॥ तीव्राः । अरुणाः । लोहिनीः । ताम्रऽधूम्राः । ऊर्ध्वाः । अवाचीः । पुरुषे । तिरश्चीः ॥११॥

(अस्मिन् पुरुषे वि-सु-वृतः, पुरु-वृतः सिंधु-सृत्याय जाताः, अरुणाः, लोहिनीः, ताम्रधूम्राः, ऊर्ध्वाः, अवाचीः, तिरश्चीः, तीव्राः अपः कः व्यद-

धात् ?) इस मनुष्यमें विशेष घूमनेवाले, सर्वत्र घूमनेवाले, नदीके समान बहनेके लिये बने हुए, लाल रंगवाले, लोहेको साथ ले जानेवाले, तांबेरे धूएँके समान रंगवाले, ऊपर, नीचे और तिरछे, वेगसे चलनेवाले जलप्रवाह (अर्थात् रक्तके प्रवाह) किसने बनाये हैं? ॥११॥

को अस्मिन् रूपमदधात् को मह्मानं च नाम च।
गातुं को अस्मिन् कः केतुं कश्चरित्राणि पूरुषे ॥१२॥

पदानि- कः। अस्मिन्। रूपम्। अदधात्। कः। मह्मानम्। च। नाम। च॥ गातुम्। कः। अस्मिन्। कः। केतुम्। कः। चरित्राणि। पुरुषे ॥१२॥

(अस्मिन् रूप कः अदधात्?) इसमें रूप किसने रखा है? (मह्मान च नाम च क अदधात्?) महिमा और नाम यश किसने रखा है? (अस्मिन गातु क?) इसमें गति किसने रखी है? (क केतु?) किसने ज्ञान रखा है? और (पुरुषे चारित्राणि क अदधात्?) मनुष्यमें चरित्र किसने रखे हैं? ॥१२॥

को अस्मिन्प्राणमवयत्को अपानं व्यानमु।
समानमस्मिन्को देवोऽधि शिश्राय पूरुषे ॥१३॥

पदानि- अस्मिन्। प्राणम्। अवयत्। कः। अपानम्। विऽआनम्। ऊं इति॥ सम्ऽआनम्। अस्मिन्। कः। देवः। अधि। शिश्राय। पुरुषे ॥१३॥

(अस्मिन् क प्राण अवयत्?) इसमें किसने प्राण चलाया है? (क अपान व्यान उ?) किसने अपान और व्यानको लगाया है? (अस्मिन् पुरुषे क देव समान आधि शिश्राय?) इस पुरुषमें किस देवने समानको ठहराया है? ॥१३॥

को अस्मिन् यज्ञमदधादेको देवोऽधि पूरुषे ।
को अस्मिन्त्सत्यं कोऽनृतं कुतो मृत्युः कुतोऽमृतम् ॥१४

पदानि– कः । अस्मिन् । यज्ञम् । अदधात् । एकः । देवः । अधि । पुरुषे ॥ कः । अस्मिन् । सत्यम् । कः । अनृतम् । कुतः । मृत्युः । कुतः । अमृतम् ॥१४॥

(कः एकः देवः अस्मिन् पुरुषे यज्ञं अधि अदधत् ?) किस एक देवने इस पुरुषमें यज्ञ रख दिया है ? (कः अस्मिन् सत्यं ?) कौन इसमें सत्य रखता है ? (कः अनृ–ऋतम् ?) कौन असत्य रखता है ? (कुतः मृत्युः ?) कहाँसे मृत्यु होता है ? और (कुतः अमृतम् ?) कहाँसे अमरपन प्राप्त होता है ? ॥१४॥

को अस्मै वासः पर्यदधात् को अस्यायुरकल्पयत् ।
बलं को अस्मै प्रायच्छत् को अस्याकल्पयज्जवम् ॥१५

पदानि– कः । अस्मै । वासः । परि । अदधात् । कः । अस्य । आयुः । अकल्पयत् ॥ बलम् । कः । अस्मै । प्र । अयच्छत् । कः । अस्य । अकल्पयत् । जवम् ॥१५॥

(अस्मै वासः कः परि–अदधात् ?) इसके लिये कपडे किसने पहनाये हैं ? (कपडे = शरीर !) (अस्य आयुः कः अकल्पयत् ?) इसकी आयु किसने संकल्पित की ? (अस्मै बलं कः प्रायच्छत् ?) इसको बल किसने दिया ? और (अस्य जवं कः अकल्पयत् ?) इसका वेग किसने निश्चित किया है ? ॥१५॥

केनापो अन्वतनुत केनाहरकरोद्रुचे ।
उषसं केनान्वैन्द्ध केन सायंभवं ददे ॥१६॥

पदानि– केन । आपः । अनु । अतनुत । केन । अहः । अकरोत् । रुचे ॥ उषसम् । केन । अनु । ऐन्द्ध । केन । सायम्ऽभवम् । ददे ॥१६॥

(केन आप. अन्वतनुत ?) किसने जल फैलाया ? (केन अह रुचे अकरोत् ?) किसने दिन प्रकाशके लिये बनाया ? (केन उपस अनु ऐन्द्ध?) किसने उषाको चमकाया ? (केन साय-भव ददे ?) किसने सायकाल दिया है ? ॥१६॥

को अस्मिन् रेतो न्यदधात् तन्तुरा तायतामिति ।
मेधां को अस्मिन्नध्यौहत् को बाणं को नृतो दधौ ॥१७

पदानि– कः । अस्मिन् । रेतः । नि । अदधात् । तन्तुः । आ । तायताम् । इति ॥ मेधाम् । कः । अस्मिन् । अधि । औहत् । कः । बाणम् । कः । नृतः । दधौ ॥१७॥

(तन्तु. आ तायतां इति, अस्मिन् रेत क नि-अदधात् ?) प्रजातन्तु चलता रहे, इसलिये इसमें वीर्य किसने रख दिया है ? (अस्मिन् मेधां क अधि औहत् ?) इसमें बुद्धि किसने लगा दी है ? (क बाण ?) किसने वाणी रखी है ? (क नृत दधौ ?) किसने नृत्यका भाव रखा है ? ॥१७॥

केनेमां भूमिमौर्णोत् केन पर्यभवद्दिवम् ।
केनाभि मह्ना पर्वतान् केन कर्माणि पूरुषः ॥१८॥

पदानि– केन । इमाम् । भूमिम् । और्णोत् । केन । परि । अभवत् । दिवम् ॥ केन । अभि । मह्ना । पर्वतान् । केन । कर्माणि । पुरुषः ॥१८॥

(केन इमां भूमिं और्णोत् ?) किसने इस भूमिको आच्छादित किया है? (केन दिवं पर्यभवत्) किसने द्युलोकको घेरा है? (केन मह्ना पर्वतान् अभि?) किसने महत्त्वसे पहाडोंको ढंका है? (पूरुषः केन कर्माणि?) पुरुष किससे कर्मोंको करता है? ॥१८॥

केन॑ प॒र्जन्य॒मन्वे॑ति॒ केन॒ सोमं॑ विचक्ष॒णम्।
केन॑ य॒ज्ञं च॑ श्र॒द्धां च॒ केना॑स्मि॒न् निहि॑तं॒ मनः॑ ॥१९॥

पदानि— केन॑। प॒र्जन्य॑म्। अनु॑। ए॒ति॒। केन॑। सोम॑म्। वि॒ऽच॒क्ष॒णम् ॥ केन॑। य॒ज्ञम्। च॒। श्र॒द्धाम्। च॒। केन॑। अ॒स्मि॒न्। नि॒ऽहि॑तम्। मनः॑ ॥१९॥

(पर्जन्यं केन अन्वेति?) पर्जन्यको किससे प्राप्त करता है? (विचक्षणं सोमं केन?) विलक्षण सोमको किससे पाता है? (केन यज्ञं च श्रद्धां च?) किससे यज्ञ और श्रद्धाको प्राप्त करता है? (अस्मिन् मनः केन निहितं?) इसमें मन किसने रखा है? ॥१९॥

केन॒ श्रोत्रि॑यमाप्नोति॒ केने॒मं प॑रमे॒ष्ठिन॑म्।
केने॒मम॒ग्निं पूरु॑षः॒ केन॑ संवत्स॒रं म॑मे ॥२०॥

पदानि— केन॑। श्रोत्रि॑यम्। आ॒प्नो॒ति॒। केन॑। इ॒मम्। प॒र॒मेऽस्थिन॑म् ॥ केन॑। इ॒मम्। अ॒ग्निम्। पुरु॑षः। केन॑। स॒म्ऽव॒त्स॒रम्। म॒मे॒ ॥२०॥

(केन श्रोत्रियं आप्नोति?) किससे ज्ञानीको प्राप्त करता है? (केन इमं परमेष्ठिनम्?) किससे इस परमात्माको प्राप्त करता है? (पुरुषः केन इमं अग्निं?) मनुष्य किससे इस अग्निको प्राप्त करता है? (केन संवत्सरं ममे?) किससे संवत्सर-काल-को मापता है? ॥२०॥

ब्रह्म श्रोत्रि॑यमाप्नोति ब्रह्मे॒मं प॑रमे॒ष्ठिन॑म् ।
ब्रह्मे॒मम॒ग्निं पूरु॑षो ब्रह्म॑ संवत्स॒रं म॑मे ॥२१॥

पदानि- ब्रह्म॑ । श्रोत्रि॑यम् । आप्नोति । ब्रह्म॑ । इमम् । प॒र॒मे॒ऽस्थिन॑म् ॥ ब्रह्म॑ । इमम् । अ॒ग्निम् । पुरु॑षः । ब्रह्म॑ । स॒म्ऽव॒त्स॒रम् । म॒मे ॥२१॥

(ब्रह्म श्रोत्रिय आप्नोति) ज्ञान ज्ञानीको प्राप्त करता है। (ब्रह्म इम परमेष्ठिनम्) ज्ञान इस परमात्माको प्राप्त करता है। (पुरुषः ब्रह्म इम अग्निम्) मनुष्य ज्ञानसे इस अग्निको प्राप्त करता है। (ब्रह्म संवत्सर ममे) ज्ञानही कालको मापता है ॥२१॥

केन॑ दे॒वाँ अनु॑ क्षियति॒ केन॒ दैव॑जनी॒र्विशः॑ ।
केने॒दम॒न्यन्नक्ष॑त्रं केन॒ सत् क्ष॒त्रमु॑च्यते ॥२२॥

पदानि- केन॑ । दे॒वान् । अनु॑ क्षियति । केन॑ । दैव॑ऽजनीः । विशः॑ ॥ केन । इ॒दम् । अ॒न्यत् । नक्ष॑त्रम् । केन॑ । सत् । क्ष॒त्रम् । उ॒च्यते ॥२२॥

(केन देवान् अनु क्षियति ?) किससे देवोंको अनुकूल बनाकर बसाया जाता है ? (केन दैव-जनी विशः ?) किससे दिव्य जनरूप प्रजाको अनुकूल बनाकर बसाया जाता है ? (केन सत् क्षत्र उच्यते ?) किससे उत्तम क्षात्र कहा जाता है ? (केन इद अन्यत् न-क्षत्रम् ?) किससे यह दूसरा न-क्षत्र है, ऐसा कहते हैं ? ॥२२॥

ब्रह्म॑ दे॒वाँ अनु॑ क्षियति॒ ब्रह्म॒ दैव॑जनी॒र्विशः॑ ।
ब्रह्मे॒दम॒न्यन्नक्ष॑त्रं ब्रह्म॒ सत् क्ष॒त्रमु॑च्यते ॥२३॥

पदानि- ब्रह्म। देवान्। अनु। क्षियति। ब्रह्म। दैव॑ऽजनीः। विशः॥ ब्रह्म। इदम्। अन्यत्। नक्ष॑त्रम्। ब्रह्म। सत्। क्षत्रम्। उच्यते ॥२३॥

(ब्रह्म देवान् अनु क्षियति) ज्ञानही देवोंको अनुकूल बनाकर बसाता है। (ब्रह्म दैव-जनीः विशः) ज्ञानही दिव्य जनरूप प्रजाको अनुकूल बनाकर बसाता है। (ब्रह्म सत् क्षत्रं उच्यते) ज्ञानही उत्तम क्षात्र है ऐसा कहा जाता है। (ब्रह्म इदं अन्यत् न-क्षत्रम्) ज्ञान यह दूसरा न-क्षत्र बल है ॥२३॥

केनेयं भूमिर्विहिता केन द्यौरुत्तरा हिता।
केनेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ॥२४॥

पदानि- केन। इयम्। भूमिः। विऽहिता। केन। द्यौः। उत्ऽतरा। हिता॥ केन। इदम्। ऊर्ध्वम्। तिर्यक्। च। अन्तरिक्षम्। व्यचः। हितम् ॥२४॥

(केन इयं भूमिः विहिता ?) किसने यह भूमि विशेष रीतिसे रखी है ? (केन द्यौः उत्तरा हिता ?) किसने द्युलोक ऊपर रखा है ? (केन इदं अन्तरिक्षं ऊर्ध्वं, तिर्यक्, व्यचः, च हितम् ?) किसने यह अन्तरिक्ष ऊपर, तिरछा और फैला हुआ रखा है ? ॥२४॥

ब्रह्मणा भूमिर्विहिता ब्रह्म द्यौरुत्तरा हिता।
ब्रह्मेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम् ॥२५॥

पदानि- ब्रह्मणा। भूमिः। विऽहिता। ब्रह्म। द्यौः। उत्ऽतरा। हिता॥ ब्रह्म। इदम्। ऊर्ध्वम्। तिर्यक्। च। अन्तरिक्षम्। व्यचः। हितम् ॥२५॥

(ब्रह्मणा भूमिः विहिता) ब्रह्मने भूमि विशेष प्रकार रखी है । (ब्रह्म द्यौ उत्तरा हिता) ब्रह्मने द्युलोक ऊपर रखा है । (ब्रह्म इद अन्तरिक्ष ऊर्ध्वं, तिर्यक्, व्यच च हितम्) ब्रह्मनेही यह अन्तरिक्ष ऊपर, तिरछा और फैला हुआ रखा है ॥२५॥

मूर्धानमस्य संसीव्याथर्वा हृदयं च यत् ।
मस्तिष्कादूर्ध्वः प्रैरयत् पवमानोऽधि शीर्षतः ॥२६॥

पदानि-- मूर्धानम् । अस्य । सम्ऽसीव्य । अथर्वा । हृदयम् । च । यत् ॥ मस्तिष्कात् । ऊर्ध्वः । प्र । ऐरयत् । पवमानः । अधि । शीर्षतः ॥२६॥

(अथर्वा अस्य मूर्धान, यत् च हृदय, ससीव्य) अ-थर्वा अर्थात् निश्चल योगी अपना सिर और जो हृदय है, उसको आपसमें सीकर, (पवमान शीर्षतः अधि, मस्तिष्कात् ऊर्ध्वं प्र ऐरयत्) प्राण सिरके बीचमें परन्तु मस्तिष्कके ऊपर, प्रेरित करता है ॥२६॥

तद्वा अथर्वणः शिरो देवकोशः समुब्जितः ।
तत् प्राणो अभि रक्षति शिरो अन्नमथो मनः ॥२७॥

पदानि-- तत् । वै । अथर्वणः । शिरः । देवऽकोशः । सम्ऽउब्जितः । तत् । प्राणः । अभि । रक्षति । शिरः । अन्नम् । अथो इति । मनः ॥२७॥

(तत् वा अथर्वण शिर समुब्जित देव-कोश) निश्चयसे योगीका वह सिर देवोंका सुरक्षित खजाना है । (तत् शिर प्राण अन्न, अथो मनः अभि रक्षति) उस सिरका रक्षण प्राण, अन्न और मन करते हैं ॥२७॥

ऊर्ध्वो नु सृष्टा३स्तिर्यङ् नु सृष्टा३ः सर्वा दिशः पुरुष आ बभूवाँ३। पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥२८॥

पदानि-- ऊर्ध्वः। नु। सृष्टा३ः। तिर्यङ्। नु। सृष्टा३ः। सर्वाः। दिशः। पुरुषः। आ। बभूवाँ३॥ पुरम्। यः। ब्रह्मणः। वेद। यस्याः। पुरुषः। उच्यते ॥२८॥

(पुरुषः ऊर्ध्वः नु सृष्टाः) पुरुष ऊपर निश्चयसे फैला है। (तिर्यङ् नु सृष्टाः) निश्चयसे तिरछा फैला है। तात्पर्य—(पुरुषः सर्वाः दिशः आ बभूव) पुरुष सब दिशाओंमें है, (यः ब्रह्मणः पुरं वेद) जो ब्रह्मकी नगरीको जानता है। (यस्याः पुरुष उच्यते) जिस नगरीके कारणही उसको पुरुष कहा जाता है ॥२८॥

यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुः प्राणं प्रजां ददुः ॥२९॥

पदानि-- यः। वै। ताम्। ब्रह्मणः। वेद। अमृतेन। आऽवृताम्। पुरम्॥ तस्मै। ब्रह्म। च। ब्राह्माः। च। चक्षुः। प्राणम्। प्रऽजाम्। ददुः ॥२९॥

(यः वै अमृतेन आवृतां तां ब्रह्मणः पुरं वेद) जो निश्चयसे अमृतसे परिपूर्ण उस ब्रह्मकी नगरीको जानता है, (तस्मै ब्रह्म ब्राह्माः च चक्षुः, प्राणं, प्रजां च ददुः) उसको ब्रह्म और इतर देव चक्षु, प्राण और प्रजा देते आये हैं ॥२९॥

न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥३०॥

पदानि- न। वै। तम्। चक्षुः। जहाति। न। प्राणः। जरसः। पुरा॥ पुरम्। यः। ब्रह्मणः। वेद। यस्याः। पुरुषः। उच्यते॥३०॥

(यस्याः पुरुष उच्यते, ब्रह्मण पुर यः वेद) जिसके कारण (आत्माको) पुरुष कहते हैं, उस ब्रह्मकी नगरीको जो जानता है, (त जरस पुरा चक्षुः न जहाति, न वै प्राण) उसको वृद्धावस्थाके पूर्व चक्षु छोडता नहीं और न प्राण छोडता है ॥३०॥

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषाऽऽवृतः॥३१॥

पदानि- अष्टाऽचक्रा। नवऽद्वारा। देवानाम्। पूः। अयोध्या॥ तस्याम्। हिरण्ययः। कोशः। स्वःऽगः। ज्योतिषा। आऽवृतः॥३१॥

(अष्टा-चक्रा, नव द्वारा अयोध्या देवानां पू) जिसमें आठ चक्र हैं और नौ द्वार हैं, ऐसी यह अयोध्या, देवोंकी नगरी है। (तस्यां हिरण्यय कोश ज्योतिषा आवृत स्वर्ग) उसमें तेजस्वी कोश है, जो तेजसे परिपूर्ण स्वर्ग है ॥३१॥

तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते।
तस्मिन् यद्यक्षमात्मन्वत् तद्वै ब्रह्मविदो विदुः॥३२॥

पदानि- तस्मिन्। हिरण्यये। कोशे। त्रिऽअरे। त्रिऽप्रतिस्थिते॥ तस्मिन्। यत्। यक्षम्। आत्मन्ऽवत्। तत्। वै। ब्रह्मऽविदः। विदुः॥३२॥

(त्रि-अरे, त्रि-प्रतिष्ठिते, तस्मिन् तस्मिन् हिरण्यये कोशे, यत् आत्मन्वत् यक्षं, तत् वै ब्रह्म-विदः विदुः) तीन आरोंसे युक्त, तीन केंद्रोंमें स्थिर, ऐसे उसी तेजस्वी कोशमें, जो आत्मवान् यक्ष है, उसको निश्चयसे ब्रह्मज्ञानी जानते हैं ॥३२॥

प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा संपरीवृताम् ।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम् ॥३३॥

पदानि-- प्रऽभ्राजमानाम् । हरिणीम् । यशसा । सम्ऽपरिऽवृताम् ॥ पुरम् । हिरण्ययीम् । ब्रह्म । आ । विवेश । अपराऽजिताम् ॥३३॥

(प्रभ्राजमानां हरिणीं, यशसा सं परिवृतां, अपराजितां, हिरण्ययीं पुरं, ब्रह्म आविवेश) तेजस्वी, दुःख हरण करनेवाली, यशसे परिपूर्ण, कभी पराजित न हुई, ऐसी प्रकाशमय पुरीमें, ब्रह्म आविष्ट होता है ॥३३॥

केन-सूक्तका विचार

(१) किसने अवयव बनाये ?

चतुर्थ मन्त्रमें " कति देवाः " देव कितने हैं, जो मनुष्यके अवयव बनानेवाले हैं ? यह प्रश्न आता है। इससे पूर्व तथा उत्तर मन्त्रोंमें भी " देव " शब्दका अनुसन्धान करके अर्थ करना चाहिये । " मनुष्यकी इंद्रियां किस देवने बनायीं हैं ? " इत्यादि प्रकार सर्वत्र अर्थ समझना उचित है । मनुष्यका शरीर बनानेवाले देव एक हैं वा अनेक हैं और किस देवने कौनसा भाग, अवयव तथा इंद्रिय बनाया है ? यह प्रश्नोंका तात्पर्य है। इसी प्रकार आगे भी समझना चाहिये ।

(२) ज्ञानेंद्रियों और मानसिक भावनाओंके संबंधमें प्रश्न

मन्त्र ६ में सात इन्द्रियोंके नाम कहे हैं। दो कान, दो नाक, दो आंख और एक मुख ये सात ज्ञानके इन्द्रिय हैं। वेदमें अन्यत्र इनकोही (१) सप्त ऋषि, (२) सप्त अश्व, (३) सप्त किरण, (४) सप्त अग्नि, (५) सप्त जिह्वा, (६) सप्त प्राण आदि नामोंसे वर्णन किया है। उस उस स्थानमें यही अर्थ जानकर मन्त्रका अर्थ करना चाहिये। गुदा और मूत्रद्वारके और दो सुराख हैं। सब मिलकर नौ सुराख होते हैं। येही इस शरीररूपी नगरीके नौ महाद्वार हैं। मुख पूर्व द्वार है, गुदा पश्चिम द्वार है, अन्य द्वार इनसे छोटे हैं। (इसी सूक्तका मन्त्र ३१ देखो)

यद्यपि "पुरुष" शब्द (पुर्-वस) उक्त नगरीमें बसनेवालेका बोध कराता है, इसलिये सर्वसाधारण प्राणिमात्रका वाचक होता है, तथापि यहांका वर्णन विशेषतः मनुष्यके शरीरकाही समझना उचित है। "चतुष्पाद् और द्विपाद्" शब्दोंसे संपूर्ण प्राणिमात्रका बोध मन्त्र ६ में लेना आवश्यकही है, इस प्रकार अन्य मन्त्रोंमें लेनेसे कोई हानि नहीं है, तथापि मन्त्र ७ में जो वाणीका वर्णन है, वह मनुष्यकी वाणीकाही है, क्योंकि सब प्राणियोंमें यह वाक्शक्ति वैसी नहीं है, जैसी मनुष्यप्राणीमें पूर्ण विकसित हो गई है। मन्त्र ९, १० में "मति, अमति" आदि शब्द मनुष्यकाही वर्णन कर रहे हैं। इस प्रकार यद्यपि मुख्यतः सब वर्णन मनुष्यका है, तथापि प्रसंगविशेषमें जो मन्त्र सामान्य अर्थके बोधक हैं, वे *सर्वसामान्य प्राणिजातिके विषयमें समझनेमें कोई हानि नहीं है।*

मन्त्र आठमें "स्वर्गपर चढनेवाला देव कौनसा है?" यह प्रश्न अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह मन्त्र जीवात्माका मार्ग बता रहा है। इस प्रश्नका दूसरा एक अनुक्त भाग है, वह यह है कि "*नरकमें कौन गिर जाता है?*" तात्पर्य जीव स्वर्गमें क्यों जाता है? और नरकमें क्यों गिरता है?

मन्त्र ९ और १० में अच्छे और बुरे दोनों पहलुओंके प्रश्न हैं। (१) अप्रिय, स्वप्न, संबाध, तन्द्री, आर्ति, अवर्ति, निर्ऋति, अमति ये शब्द हीन

अवस्था बता रहे हैं और (२) प्रिय, आनन्द, नन्द, राद्धि, समृद्धि, अभ्यृद्धि, मति, उदिति ये शब्द उच्च अवस्था वता रहे हैं। दोनों स्थानोंमें आठ आठ शब्द हैं और उनका परस्पर सम्बन्ध भी हैं। पाठक विचार करनेपर उस सम्बन्धको जान सकते हैं। तथा—

(३) रुधिर, प्राण, चारित्र्य, अमरत्व आदिके विषयमें प्रश्न

मन्त्र ११ में शरीरमें रक्तका प्रवाह किसने संचारित किया है ? यह प्रश्न है। प्रायः लोग समझते हैं कि शरीरमें रुधिराभिसरणका तत्त्व यूरोपके डाक्टरोंने ढूंढा है। परन्तु इस अथर्ववेदके मंत्रोंमें वह स्पष्टही कहा है। रुधिरका नाम इस मंत्रमें " लोहिनीः आपः " है। इसका अर्थ " (लोह-नीः) लोहेको अपने साथ ले जानेवाला (आपः) जल " ऐसा होता है। अर्थात् रुधिरमें जल है और उसके साथ लोहा भी है। लोहा होनेके कारण उसका यह लाल रंग है। लोह जिसमें है, वही " लोहित " (लोह+इत) होता है। दो प्रकारका रक्त होता है। एक "अरुणाः आपः" अर्थात् लाल रंगवाला और दूसरा " ताम्र—धूम्राः आपः " तांबेके जंगके समान मलिन रंगवाला। पहिला शुद्ध रक्त है, जो हृदयसे बाहिर जाता है और सब शरीरमें ऊपर-नीचे और चारों ओर व्यापता है। दूसरा मलिन रंगका रक्त है, जो शरीरमें भ्रमण करके और वहांकी शुद्धता करनेके पश्चात् हृदयकी ओर वापस आता है। इस प्रकारकी यह आश्चर्यकारक रुधिराभिसरणकी योजना किसने की है, यह प्रश्न यहां किया है। किस देवताका यह कार्य है ? पाठको सोचिये।

मंत्र १२ में प्रश्न पूछा है कि " मनुष्यमें सौंदर्य, महत्त्व, यश, प्रयत्न, शक्ति, ज्ञान और चारित्र्य किस देवताके प्रभावसे दिखाई देता है ? " इस मंत्रके " चरित्र " शब्दका अर्थ कई लोग " पांव " ऐसा समझते हैं, परंतु इस मंत्रके पूर्वापर संबंधसे यह अर्थ नहीं दिखाई देता। क्योंकि स्थूल पांवका वर्णन पहिले मंत्रमें हो चुका है। यहां सूक्ष्म गुणधर्मोंका


वर्णन चला है। तथा महिमा, यश, ज्ञान आदिके साथ चारित्र्य (character) ही अर्थ ठीक दिखाई देता है।

मंत्र १५ में "वास." शब्द "कपडों" का वाचक है। यहां जीवात्माके ऊपर जो शरीररूपी कपडे हैं, उनका संबंध है, धोती आदिका नहीं। श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा है कि– " जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रोंको छोडकर नये ग्रहण करता है, उसी प्रकार शरीरका स्वामी आत्मा पुराने शरीर त्यागकर नये शरीर धारण करता है। " (गीता २।२२) इसमें शरीरकी तुलना कपडोंके साथ की है। गीताके इस श्लोकमें " वासांसि " अर्थात् " वास " यही शब्द है, इसलिये गीताकी यह कल्पना इस अथर्ववेदके मंत्रसे ली हुई दीखती है। कई विद्वान् यहां इस मंत्रमें "वास " का अर्थ " निवास " करते हैं, परंतु "परि—अदधात् (पहनाया) " यह क्रिया बता रही है कि, यहां कपडोंका पहनना अभीष्ट है। इस आत्मापर शरीररूपी कपडे किसने पहनाये? यह इस प्रश्नका सीधा तात्पर्य है।

[४] मन, वाणी, कर्म, मेधा, श्रद्धा तथा बाह्य जगत्के विषयमें प्रश्न।

[समष्टि—व्यष्टिका संबंध]

मंत्र १५ तक व्यक्तिके शरीरके संबंधमें विविध प्रश्न हो रहे थे, परंतु अब मंत्र १६ से जगत्के विषयमें प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इसके आगे मंत्र २१ और २२ में समाज और राष्ट्रके विषयमें भी प्रश्न आ जायेंगे। तात्पर्य इससे वेदकी शैलीका पता लगता है। (१) अध्यात्ममें व्यक्तिका संबंध, (२) अधिभूतमें प्राणिसमष्टिका अर्थात् समाजका संबंध और (३) अधिदैवतमें संपूर्ण जगत्का संबंध है। वेद व्यक्तिसे प्रारंभ करता है और चलते चलते संपूर्ण जगत्का ज्ञान यथाक्रम देता है। यही वेदकी शैली है। जो इसको नहीं समझते, उनके ध्यानमें उक्त प्रश्नोंकी संगति नहीं आती। इसलिये इस शैलीको समझना चाहिये।



वेद समझता है कि जैसा एक अवयव हाथ, पांव आदि शरीरके साथ जुडा है, उसी प्रकार एक शरीर समाजके साथ संयुक्त हुआ है और समाज संपूर्ण जगत्के साथ मिला है। " व्यक्ति, समाज और जगत् " ये अलग नहीं हो सकते। हाथ, पांव आदि अवयव जैसे शरीरमें हैं, उसी प्रकार व्यक्ति और कुटुंब समाजके साथ लगे हैं और सब प्राणियोंकी

समष्टि सपूर्ण जगत्में सत्म हो गई है। इसलिये तीनों स्थानोंमें नियम एक जैसेही हैं।

मत्र १७ में ' आप्, अह्, उषा, सायंभव " ये चार शब्द क्रमश बाह्य जगत्में "जल, दिन, उप काल और सायकाल " के वाचक हैं, तथा व्यक्तिके शरीरमें " जीवन, जागृति, इच्छा और विश्राति ' के सूचक हैं। इसलिये इस सोलहवें मत्रका भाव दोनों प्रकार समझना उचित है। ये चारों भाव समाज और राष्ट्रके विषयमें भी होते हैं। सामाजिक जीवन, राष्ट्रीय जागृति, जनताकी इच्छा और लोगोंका आराम ये भाव सामुदायिक जीवनमें हैं। पाठक इस प्रकार इस मत्रका भाव समझें।

मत्र १७ में फिर वैयक्तिक बातका उल्लेख है। प्रजातनु अर्थात् सततिका ताता [धागा] टूट न जाय, इसलिये शरीरमें वीर्य है। यह बात यहा स्पष्ट कही है। तैत्तिरीय उपनिषद्में " प्रजातंतु मा व्यवच्छेत्सीः।" [तै० १।११।१] सततिका ताता न तोड, यह उपदेश है। वही भाव यहा सूचित किया है। यहा दूसरी बात सूचित होती है कि, वीर्य योंही खोनेके लिये नहीं है, परतु उत्तम सतति करनेके लियेही है। इसलिये कामोप भोगके अतिरेकमें वीर्यका नाश नहीं करना चाहिये, प्रत्युत उसको सुरक्षित करके उत्तम सतति उत्पन्न करनेमेंही व्यय करना चाहिये। इसी सूक्तमें आगे जाकर मंत्र २९ में कहा है कि, "जो ब्रह्मकी नगरीको जानता है, उसको ब्रह्म और इतर देव उत्तम इंद्रिय, दीर्घ जीवन और उत्तम संतति देते हैं। " उस मत्रके अनुसधानमें इस मत्रके प्रश्नको देखना चाहिये। वश अथवा कुलका क्षय नहीं होना चाहिये और सततिका क्रम चलता रहना चाहिये, इतनाही नहीं परतु उत्तरोत्तर सततिमें शुभ गुणोंकी वृद्धि होनी चाहिये। इसलिये उक्त सूचना दी है। अज्ञानी लोग वीर्यका नाश दुर्व्यसनोंमें कर देते हैं और उससे अपना और कुलका घात करते है, परतु ज्ञानी लोग वीर्यका सरक्षण करते

हैं और सुसंतति निर्माण करनेद्वारा अपना और कुलका संवर्धन करते हैं। धार्मिकों और अधार्मिकोंमें यही भेद है।

इसी मंत्रमें "वाण" शब्द "वाणी" का वाचक और "नृतः" शब्द "नाट्य" का वाचक है। मनुष्य जिस समय बोलता है, उस समय हाथ-पांवसे अंगोंके विक्षेप तथा विशेष प्रकारके आविर्भाव करता है। यही "नृत्" है। भाषणके साथ मनके भाव व्यक्त करनेके लिये अंगोंके विशेष आविर्भाव होने चाहिये, यह आशय यहां स्पष्ट व्यक्त हो रहा है।

मंत्र १८ में जगत्के विषयमें प्रश्न है। भूमि, द्युलोक और पर्वत किसने व्यापे हैं? अर्थात् व्यापक परमात्मा सब जगत्में व्याप्त हो रहा है, यह इसका उत्तर आगे मिलना है। व्यक्तिमें जैसा आत्मा है, वैसा संपूर्ण जगत्में परमात्मा विद्यमान है। पुरुष शब्दसे दोनोंका बोध होता है। व्यक्तिमें जीवात्मा पुरुष है और जगत्में परमात्मा पुरुष है। यह आत्मा कर्म क्यों करता है? यह प्रश्न इस मंत्रमें है।

मन्त्र १९ में यज्ञ करनेका भाव तथा श्रद्धाका श्रेष्ठ भाव मनुष्यमें कैसा आता है, यह प्रश्न है। पाठक भी इसका बहुत विचार करें, क्योंकि इन गुणोंके कारणही मनुष्यका श्रेष्ठत्व है। ये भाव मनमें रहते हैं और मनके प्रभावके कारणही मनुष्य श्रेष्ठ होता है।

(५) ज्ञान और ज्ञानी।

मंत्र २० में चार प्रश्न हैं और उनके उत्तर मंत्र २१ में दिये हैं। श्रोत्रियको कैसा प्राप्त किया जाता हैं? गुरुको किस रीतिसे प्राप्त करना है? इसका उत्तर "ज्ञानसेही प्राप्त करना चाहिये।" अर्थात् गुरु पहचाननेका ज्ञान शिष्यमें चाहिये। अन्यथा ढोंगी धूर्तके जालमें फंस जाना असंभव नहीं है।

परमात्माको कैसे प्राप्त किया जाता है? इस प्रश्नका उत्तर भी "ज्ञानसे" ही है, ज्ञानसेही परमात्माका ज्ञान होता है। "परमेष्ठी"

शब्दका अर्थ " परम स्थानमें रहनेवाला आत्मा " ऐसा है। परेसे परे जो स्थान है, उसमें जो रहता है, वह परमेष्ठी परमात्मा है। [१] स्थूल, [२] सूक्ष्म, [३] कारण और [४] महाकारण इससे परे वह है, इसलिये उसको " परमेष्ठी " किंवा " पर-तमे-ष्ठी " परमात्मा कहते है। इसका पता ज्ञानसेही लगता है। सबसे पहिले अपने ज्ञानसे सद्गुरुको प्राप्त करना है, तत्पश्चात् उस सद्गुरुसे दिव्य ज्ञान प्राप्त करके परमेष्ठी परमात्माको जानना होता है।

तीसरा प्रश्न "अग्नि कैसा प्राप्त होता है?" यह है। यहां "अग्नि" शब्दसे सामान्य 'आग्नेय भाव' लेना उचित नहीं है। ज्ञानाग्नि, प्राणाग्नि, आत्माग्नि, ब्रह्माग्नि आदि जो सांकेतिक अग्नि हैं, उनका यहां बोध लेना चाहिये। क्योंकि गुरुका उपदेश और परमात्मज्ञानके साथ संबंध रखनेवाले ऐनके भावही यहा अपेक्षित हैं। वे सब गुरुके उपदेशसे प्राप्त होनेवाले ज्ञानसेही प्राप्त होते हैं।

चौथा प्रश्न संवत्सरकी गिनतीके विषयमें है। संवत्सर " वर्ष " का नाम है। इससे " काल " का बोध होता है। इसके अतिरिक्त "सं-वत्सर" का अर्थ ऐसा होता है— (स सम्यक् वसति वासयति वा स स-वत्सर) जो उत्तम प्रकार सर्वत्र रहता है और सबको उत्तम रीतिसे बसाता है, वह संवत्सर कहलाता है। विष्णुसहस्रनाममें संवत्सरका अर्थ सर्वव्यापक परमात्मा किया है। " सम्यक् निवास " इतनाही अर्थ यहां अपेक्षित है। सम्यक् निवास अर्थात् उत्तम प्रकारसे रहन सहन किससे होता है ? यह प्रश्न है। उसका उत्तर " ज्ञानसेही उत्तम निवास हो सकता है, " अर्थात् ज्ञानसेही मनुष्य अपना वैयक्तिक और सामुदायिक कर्तव्य जानता है और ज्ञानसेही उस कर्तव्यका पालन करता है, तात्पर्य व्यक्ति, समाज और जगत्‌मे उत्तम शांतिकी स्थापना उत्तम ज्ञानसेही होती है। ज्ञानही सबकी सुस्थितिका हेतु है। इस प्रकार इन मंत्रोंद्वारा ज्ञानका महत्त्व वर्णन किया गया है।

ज्ञान गुण आत्माका होनेसे यहां ब्रह्म शब्दसे आत्माका भी बोध होता है और आत्माके ज्ञानसे यह सब होता है, ऐसा भाव व्यक्त होता है। क्योंकि ज्ञान आत्मासे पृथक् नहीं है। इसीलिये ब्रह्म शब्दके ज्ञान, आत्मा, परमात्मा, पर-ब्रह्म आदि अर्थ हैं।

(६) देव और देवजन।

मंत्र २२ में "देव" शब्दके तीन अर्थ हैं- [१] इंद्रियां, [२] ज्ञानी शूर आदि सज्जन और [३] अग्नि, इंद्र आदि देवताएँ। ये अर्थ लेकर पहिले प्रश्नका अर्थ करना चाहिये। देवोंको अनुकूल बनाना और उनको उत्तम स्थान देना, यह किससे होता है? इसका निम्न प्रकार तात्पर्य है। [१] आध्यात्मिक भाव= [व्यक्तिके देहमें]= किससे इंद्रियों, अवयवों और सब अंगोंको अनुकूल बनाया जाता है? और किससे उनका उत्तम प्रकारसे स्वास्थ्यपूर्वक निवास होता है? इसका उत्तर ज्ञानसे इंद्रियोंको अनुकूल बनाया जाता है और उनका निवास उत्तम स्वास्थ्यपूर्वक होनेकी व्यवस्था की जाती है। [२] आधिभौतिक भाव= [राष्ट्रके देहमें]= राष्ट्रमें देवोंका पंचायतन होता है। एक "ज्ञान-देव" ब्राह्मण होते हैं, दूसरे "बल-देव" क्षत्रिय होते हैं, तीसरे "धन-देव" वैश्य होते हैं, और चौथे "कर्म-देव" शूद्र होते हैं। पांचवें "वन-देव" नगरोंसे बाहर रहनेवाले लोग होते हैं। इन पांचोंके प्रतिनिधि जिस सभामें होते हैं, उस सभाको "पंचायत" अथवा पंचायतन कहते हैं और उस सभाके सभासदोंको "पंच" कहते हैं। ये पांचों प्रकारके देव राष्ट्र-पुरुषके शरीरमें अनुकूल बनकर किससे रहते हैं? यह प्रश्नका तात्पर्य है। "ज्ञानसेही सब जन अनुकूल व्यवहार करते हैं और ज्ञानसेही सबका योग्य निवास होता है।" यह उक्त प्रश्नका उत्तर है। राष्ट्रमें ज्ञानका प्रसार होनेसे सबका ठीक व्यवहार होता है। इन दोनों मन्त्रोंमें "देव-जनीः विशः" ये शब्द हैं, इनका अर्थ "देवसे जन्मी हुई प्रजा" ऐसा होता है। अर्थात् सब प्रजाजनोंकी उत्पत्तिका हेतु देव है। यह सब सन्तान देवकी है।

तात्पर्य कोई भी अपने आपको नीच न समझे और दूसरेको भी हीनदीन न माने, क्योंकि सब लोग देवतासे उत्पन्न हुए हैं, इसलिये श्रेष्ठ हैं और समान हैं। इनकी उन्नति ज्ञानसे होती है। [२] आधिदैविक भाव= [जगत्‌में]= अग्नि, विद्युत्, वायु, सूर्य आदि सब देवताओंको अनुकूल बनाना किससे होता है? और निवासके लिये उनसे सहायता किससे मिलती है? इस प्रश्नका उत्तर भी " ज्ञानसे यह सब होता है," यही है। ज्ञानसेही भूमि, जल, तेज, वायु, सूर्य इन देवताओंकी अनुकूलता संपादन की जाती है और ज्ञानसेही अपने सुखमय निवासके लिये उनकी सहायता ली जाती है अथवा जो ज्ञानस्वरूप परब्रह्म है, वही सब करता है। उक्त प्रश्नका तीनों स्थानोंमें अर्थ इस प्रकार होता है। यहा भी "ब्रह्म" शब्दसे ज्ञान, आत्मा, परमात्मा आदि अर्थ लिये जा सकते हैं, क्योंकि केवल ज्ञान आत्मासे भिन्न नहीं रहता।

दूसरे प्रश्नमें "दैव जनी॰ विश " अर्थात् दिव्य प्रजा परस्पर अनुकूल बनकर किस रीतिसे सुखपूर्ण निवास करती हैं? यह भाव है। इस विषयमें पूर्व स्थलमें लिखाही है। इस प्रश्नका उत्तर भी ' ज्ञानसे यह सब होता है ' यही है।

तीसरे प्रश्नमें पूछा है कि 'सत् क्ष॰त्र' उत्तम क्षात्र किससे होता है? क्षतोंसे अर्थात् दु॰खोंसे जो त्राण अर्थात् रक्षण किया जाता है, उसको क्षत्र कहते हैं। दु ख, कष्ट, आपत्ति, हानि, अवनति आदिसे बचाव करनेकी शक्ति किससे प्राप्त होती है? यह प्रश्न है। इसका उत्तर " ज्ञानसे वह शक्ति आती है," यही है। ज्ञानसे सब कष्ट दूर होते हैं, यह बात जैसी व्यक्तिमें वैसीही समाजमें और राष्ट्रमें बिलकुल सत्य है।

" दूसरा न-क्षत्र किससे होता है?" यह चौथा प्रश्न है। यहां " न-क्षत्र " शब्द विशेष अर्थसे प्रयुक्त हुआ है। आकाशमें जो तारागण हैं, उनको " नक्षत्र " कहते हैं, इसलिये कि वे [न क्षरन्ति] अपने स्थानसे पतित नहीं होते। अर्थात् अपने स्थानसे पतित न होनेका भाव " न-क्षत्र " शब्दमें है, वह यहा अभीष्ट है। यह अर्थ लेनेसे उक्त प्रश्नका

तात्पर्य निम्नलिखित प्रकार हो जाता है- " किससे यह दूसरा न गिरनेका सद्गुण प्राप्त होता है ? " इसका उत्तर " ज्ञानसे न गिरनेका सद्गुण प्राप्त होता है, " यह है। जिसके पास ज्ञान होता है, वह अपने स्थानसे कभी गिरता नहीं। यह जैसा एक व्यक्तिमें सत्य है, वैसाही समाजमें और राष्ट्रमें भी है, अर्थात् ज्ञानके कारण एक व्यक्तिमें ऐसा विलक्षण सामर्थ्य उत्पन्न होता है कि वह व्यक्ति कभी स्वकीय उच्च अवस्थासे गिर नहीं सकती। तथा जिस समाज और राष्ट्रमें ज्ञान भरपूर रहेगा, वह समाज भी कभी अवनत नहीं हो सकता।

इन मंत्रोंमें व्यक्ति और समाजकी उन्नतिके तत्व उत्तम प्रकारसे कहे हैं। ज्ञानके कारण व्यक्तिके इंद्रिय, राष्ट्रके पांचही जन उत्तम अवस्थामें रहते हैं, प्रजाओंका अभ्युदय होता है, उनमें दुःख दूर करनेका सामर्थ्य आता है और ज्ञानके कारण वे भी अपनी श्रेष्ठ अवस्थासे गिरते नहीं। यहां ज्ञानवाचक ब्रह्म शब्द है, यह पूर्वोक्त प्रकारही " ज्ञान, आत्मा, परमात्मा, परब्रह्म " का वाचक है, क्योंकि सत्य ज्ञान इनमेंही रहता है।

(७) अधिदैवत।

लोक	व्यक्तिमें रूप	राष्ट्रमें रूप	जगत्‌में रूप
भूः	नाभिसे गुदा-तकका प्रदेश पाव	(विशः) जनता प्रजा धनी और कारीगर लोग	पृथ्वी (अग्नि)
भुवः	छाती और हृदय	(क्षत्र) शूर लोग लोकसभा समिति	अन्तरिक्ष (वायु) इन्द्र
स्वः स्वर्ग	सिर मस्तिष्क	(ब्रह्म) ज्ञानी लोग मन्त्रिमण्डल	द्युलोक नभोमंडल (सूर्य)

इस प्रश्नोत्तरमें त्रिलोकीका विषय आ गया है। इसका थोडासा विचार सूक्ष्म दृष्टिसे करना चाहिये। भूलोक, अन्तरिक्षलोक और द्युलोक मिलकर त्रिलोकी होती है [पृ. १६७ देखिये] यह व्यक्तिमे भी है और जगत्‌में भी है।

मन्त्र २४ में पूछा है कि, पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्युलोकोंको अपने अपने स्थानमें किसने रखा है? उत्तरमें निवेदन किया है, कि उक्त तीनों लोकोंको ब्रह्मने अपने अपने स्थानमें रख दिया है। उक्त कोष्टकसे तीनों लोक व्यक्तिमें, राष्ट्रमें और जगत्‌में कहां रहते हैं, इसका पता लग सकता है। व्यक्तिमें सिर, हृदय और नाभिके निचला भाग ये तीन लोक हैं, इनका धारण आत्मा कर रहा है। शरीरमें अधिष्ठाता जो अमूर्त आत्मा है, वह शरीरस्थ इन तीनों केंद्रोंको धारण करता है और वहाका सब कार्य चलाता है। अमूर्त राजशक्ति राष्ट्रीय त्रिलोकीकी सुरक्षितता करती है, तथा अमूर्त व्यापक ब्रह्म जगत्‌की त्रिलोकीकी धारणा कर रहा है।

इस २४ वे मन्त्रके प्रश्नमें पूर्व मन्त्रोंमें किये सबही प्रश्न संगृहीत हो गये हैं। यह बात यहां विशेष रीतिसे ध्यानमें धरनी चाहिये कि पहिले दो मन्त्रोंमें नाभिके निचले भागोंके विषयमें प्रश्न हैं, मन्त्र ३ से ५ तक मध्यभाग और छातीके संबंधके प्रश्न हैं, मन्त्र ६ से ८ तक सिरके विषयमें प्रश्न हैं। इस प्रकार ये प्रश्न व्यक्तिकी त्रिलोकीके विषयमें स्थूल शरीरके संबंधमें है। मन्त्र ९, १० में मनकी शक्ति और भावनाके प्रश्न है, मन्त्र ११ में सर्व शरीरमें व्यापक रक्तके विषयका प्रश्न है, मन्त्र १२ में नाम, रूप, यश, ज्ञान और चारित्र्यके प्रश्न हैं, मन्त्र १३ में प्राणके संबंधके प्रश्न हैं, मन्त्र १४ और १५ में जन्म, मृत्यु आदिके विषयमें प्रश्न हैं। मन्त्र १७ में संतति, वीर्य आदिके प्रश्न है। ये सब मन्त्र व्यक्तिके शरीरमें जो त्रिलोकी है, उसके संबंधमें हैं। उक्त मन्त्रोंका विचार करनेसे उक्त बात स्पष्ट हो जाती है। इन मन्त्रोंके प्रश्नोंका क्रम देखनेसे पता लग जायगा कि, वेदने स्थूलसे स्थूल पावसे प्रारंभ करके कैसे सूक्ष्म आत्मशक्तिके विचार पाठकोंके मनमें उत्तम रीतिसे जमा दिये हैं। जड शरीरके मोटे भागसे प्रारंभ करके

चेतन आत्मातक अनायाससे पाठक पहुँच गये हैं !! केवल प्रश्न पूछनेसेही पाठकोंमें इतना अद्‌भुत्‌ ज्ञान उत्पन्न हुआ है। यह खूबी केवल प्रश्न पूछनेकी और प्रश्नोंके क्रमकी है।

चोवीसवें मंत्रमें प्रश्न किये हैं कि, यह त्रिलोकी किसने धारण की है ? इसका उत्तर २५ वें मंत्रमें है कि "ब्रह्मही इस त्रिलोकीका धारण करता है।" अर्थात्‌ शरीरकी त्रिलोकी शरीरके अधिष्ठाता आत्माने धारण की है, यह "आध्यात्मिक भाव" यहां स्पष्ट हो गया है। इस प्रकार पचास प्रश्नोंका उत्तर इस एकही मंत्रने दिया है।

अन्य मंत्रोंमें (मंत्र १६, १८ से २४ तक) जितने प्रश्न पूछे हैं, उनके "आधिभौतिक" और "आधिदैविक" ऐसे दोही विभाग होते हैं, इनका वैयक्तिक भाग पूर्व विभागमें आ गया है। इनका उत्तर भी २५ वा मंत्रही दे रहा है। अर्थात्‌ सबका धारण "ब्रह्म" ही कर रहा है। तात्पर्य संपूर्ण ७१ प्रश्नोंका उत्तर एकही "ब्रह्म" शब्दमें समाया है। प्रश्नके अनुसार "ब्रह्म" शब्दके अर्थ "ज्ञान, आत्मा, परमात्मा, परब्रह्म" आदि हो सकते हैं। इसका संबंध पूर्व स्थानमें बतायाही है।

व्यक्तिमें और जगत्‌में जो "प्रेरक" शक्ति है, उसका "ब्रह्म" शब्दसे इस प्रकार बोध हो गया। परंतु यह केवल शब्दकाही बोध है, प्रत्यक्ष अनुभव नहीं। शब्दसे बोध होनेपर मनमें चिंता उत्पन्न होती है कि, इसका प्रत्यक्ष ज्ञान किस रीतिसे प्राप्त किया जा सकता है ? हमें शरीरका ज्ञान होता है और बाह्य जगत्‌को भी प्रत्यक्ष करते हैं, परंतु उसके अंतर्यामी प्रेरकको नहीं जानते ! उसको जाननेका उपाय अगले मंत्रमें कहा है—

(८) ब्रह्म-प्राप्तिका उपाय।

इस २६ वें मंत्रमें अनुष्ठानकी विद्या कही है। यही अनुष्ठान है जो कि, आत्मरूपका दर्शन कराता है। सबसे पहिली बात है "अथर्वा" बननेकी। "अ-थर्वा" का अर्थ है निश्चल। थर्वका अर्थ है गति अथवा चंचलता।

चचलता सब प्राणियोंमें होती है। शरीर चचल है, उससे इन्द्रिया चचल हैं, वे किसी एक स्थानपर नहीं ठहरतीं। उनसे भी मन चचल है, इस मनकी चचलताकी तो कोई सीमाही नहीं है। इस प्रकार जो चचलता है, उसके कारण आत्मशक्तिका आविर्भाव नहीं होता। जब मन, इन्द्रियां और शरीर स्थिर होता है, तब आत्माकी शक्ति विकसित होकर प्रकट होती है।

आसनोंके अभ्याससे शरीरकी स्थिरता होती है और शारीरिक आरोग्य प्राप्त होनेके कारण सुख मिलता है। ध्यानसे इन्द्रियोंकी स्थिरता होती है और भक्तिसे मन शांत होता है। इस प्रकार योगी अपनी चचलताका निरोध करता है। इसलिये इस योगीको "अ-थर्वा" अर्थात् 'निश्चल' कहते हैं। यह निश्चलता प्राप्त करना बडेही अभ्यासका कार्य है। यह सुगमतासे साध्य नहीं होती। वर्षांनुवर्ष निरंतर और एकनिष्ठासे प्रयत्न करनेपर मनुष्य "अ-थर्वा" बन सकता है। इस अथर्वाका जो वेद है, वह अथर्ववेद कहलाता है। प्रत्येक मनुष्य योगी नहीं होता, इसलिये प्रत्येकके कामका अथर्ववेद नहीं है। परतु अन्य तीन वेद "सद्बोध-सत्कर्म सदुपासना" रूप होनेसे सब लोगोंके लियेही हैं। इसलिये वेदको "त्रयी विद्या" कहते हैं। चतुर्थ "अथर्ववेद" किंवा "ब्रह्मवेद" विशिष्ट अवस्थामें पहुचनेका प्रयत्न करनेवाले विशेष पुरुषोंके लिये होनेसे उसको "त्रयी" में नहीं गिनते। तात्पर्य, इस दृष्टिसे देखनेपर भी "अथर्वा" की विशेषता स्पष्ट दिखाई देती है।

इस प्रकार "अ-थर्वा" अर्थात् निश्चल बननेके पश्चात् सिर और हृदयको सीना चाहिये। सीनेका तात्पर्य एक करना अथवा एकही कार्यमें लगाना है। सिर विचारका कार्य करता है और हृदय भक्तिमें तल्लीन होता है। सिरके तर्क जब चलते हैं, तब वहा हृदयकी भक्ति नहीं रहती, तथा जब हृदय भक्तिमें परिपूर्ण हो जाता है, तब वहा तर्क बद हो जाता है। केवल तर्क बढनेपर नास्तिकता और केवल भक्ति बढनेपर अध विश्वास होना स्वाभाविक है। इसलिये वेदने इस मत्रमें कहा है कि, सिर और हृदयको सी दो। ऐसा करनेसे सिर अपने तर्क भक्तिके साथ रहते हुए कोगा और नास्तिक नहीं बनेगा, तथा भक्ति करते करते हृदय

अंधा बनने लगेगा, तो सिर उसको ज्ञानके नेत्र देगा। इस प्रकार दोनोंका लाभ है। सिरमें ज्ञान नेत्र है और हृदयकी भक्तिमें बडा बल है। इसलिये दोनोंके एकत्रित होनेसे बडाही लाभ है।

राष्ट्रीय शिक्षाका विचार करनेवालोंको इस मंत्रसे महत्त्वपूर्ण बोध मिल सकता है। **शिक्षाकी व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये कि जिससे पढनेवालोंके सिरकी विचार-शक्ति बढे और साथ साथ हृदयकी भक्ति भी बढे।** जिस शिक्षा-प्रणालीसे केवल तर्कना-शक्ति बढती है, अथवा केवल भक्ति बढती है, वह बडी घातक शिक्षा है।

सिर और हृदयको एक मार्गमें लाकर उनको साथ साथ चलानेका जो स्पष्ट उपदेश इस मंत्रमें है, वह किसी अन्य ग्रंथोंमें नहीं है। किसी अन्य शास्त्रमें यह बात नहीं है। वेदके ज्ञानकी विशेषता इस मंत्रसेही सिद्ध होती है। उपासनाकी सिद्धि इसीसे होती है। पाठक इस मंत्रमें वेदके ज्ञानकी सत्यता देख सकते हैं।

पहिली अवस्था " अ-थर्वा " बनना है, तत्पश्चात् सिर और हृदयको सीकर एक करना चाहिये। जब दोनों एकही मार्गसे चलने लगेंगे तब बडी प्रगति होती है। इतनी योग्यता आनेके लिये बडे दृढ अभ्यासकी आवश्यकता है। इसके पश्चात् प्राणको सिरके अंदर परंतु मस्तिष्कके पर प्रेरित करना है। सिरमें मस्तिष्कके उच्चतम भागमें ब्रह्मलोक है। इस ब्रह्मलोकमें प्राणके साथ आत्मा जाता है। यह योगसे साध्य अंतिम उच्चतम अवस्था है। यहां प्राण कैसा जाता है? ऐसा प्रश्न यहां पूछा जा सकता है। गुदाके पास मूलाधार-स्थान है, वहांसे प्राण पृष्ठवंशके बीचमेंसे ऊपर चढने लगता है। मूलाधार, स्वाधिष्ठान आदि आठ चक्र इसी पृष्ठवंश किंवा मेरुदंडके साथ लगे हुए हैं। इनमेंसे होता हुआ, जैसा जैसा अभ्यास होता है वैसा वैसा, प्राण ऊपर चढता है और अंतमें ब्रह्मलोकमें किंवा सिरमें परंतु मस्तिष्कके ऊपर वह पहुंचता है। यहां जाकर उस उपासकको ब्रह्म-स्वरूपका साक्षात् ज्ञान होता है। तात्पर्य, जो सबका

प्रेरक ब्रह्म है वह यहां पहुंचनेके पश्चात् अनुभवमें आता है। पूर्व पच्चीस मन्त्रोंद्वारा जिसका वर्णन हुआ, उसको जाननेका यह मार्ग है। सिरकी तर्क-शक्तिके परे ब्रह्मका स्थान है, इसलिये जबतक तर्क चलते रहते हैं, तबतक ब्रह्मका अनुभव नहीं होता। परंतु जिस समय तर्कसे परे जाना होता है, उस समय उस तत्त्वका अनुभव आता है। इस अनुष्ठानका फल अगले चार मन्त्रोंमें कहा है।

(९) अथर्वाका सिर।

इस २७ वें मन्त्रमें अथर्वाके सिरकी योग्यता कही है। स्थिरचित्त योगीका नाम " अ-थर्वा " है। इस योगीका सिर देवोंका सुरक्षित भण्डार है। अर्थात् देवोंका जो देवपन है वह इसके सिरमें सुरक्षित होता है। शरीरमें ये सब इन्द्रिय-ज्ञान और कर्म इन्द्रिय-देव हैं, तथा पृथिवी, आप्, तेज, वायु, विद्युत्, सूर्य आदि देवोंके अंश जो शरीरमें अन्य स्थानोंमें हैं, वे भी देव हैं। इन सब देवोंका संबंध सिरमें होता है, मानो सब देवताओंकी मुख्य सभा सिरमें होती है। सब देव अपना सत्त्व सिरमें रख देते हैं। सब देवोंके सत्वांशसे यह सिर बना है और सिरका यह मस्तिष्क-का भाग बडाही सुरक्षित है। इसकी सुरक्षितता " प्राण, अन्न और मन " के कारण होती है। अर्थात् प्राणायामसे, सात्त्विक अन्नके सेवनसे और मनकी शांतिसे देवोंका उक्त खजाना सुरक्षित रहता है। प्राणायामसे सब दोष जल जाते हैं, सात्त्विक अन्नसे शुद्ध परमाणुओंका संचय होता है और मनकी शांतिसे समता रहती है। अर्थात् प्राणायाम न करनेसे मस्तकमें दोष-बीज जैसेके वैसेही रहते हैं, बुरा अन्न सेवन करनेसे रोग बीज बढते हैं और मनकी अशांतिसे पागलपन बढ जाता है। इस कारण देवोंका खजाना नष्टभ्रष्ट हो जाता है।

इस मन्त्रमें योगीके सिरकी योग्यता बताई है और आरोग्यकी कूंजी प्रकट की है- [१] विधिपूर्वक प्राणायाम, [२] शुद्ध सात्त्विक अन्नका सेवन और [३] मनकी परिशुद्ध शांति, ये आरोग्यके मूल कारण हैं। योग

साधनकी सिद्धताके लिये तथा बहुत अंशमें पूर्ण स्वास्थ्यके लिये सदा सर्वदा इनकी आवश्यकता है।

अपना सिर देवोंका कोश बनानेके लिये प्रत्येकको प्रयत्न करना चाहिये। अन्यथा वह राक्षसोंका निवास-स्थान बनेगा और फिर कष्टोंकी कोई सीमाही नहीं रहेगी। राक्षस सदा हमला करनेके लिये तत्पर रहते हैं, उनका बल भी बडा होता है। इसलिये सदा तत्परताके साथ दक्षता धारण करके स्वसंरक्षण करना चाहिये। तथा दैवी भावनाका विकास करके राक्षसी भावनाको समूल हटाना चाहिये। ऐसी दैवी भावनाकी स्थिति होनेके पश्चात् जो अनुभव होता है, वह अगले मंत्रमें लिखा है

(१०) सर्वत्र पुरुष।

जब मंत्र २६ के अनुसार अनुष्ठान किया जाता है और मंत्र २७ के अनुसार "दैवी संपत्ति" की सुरक्षा की जाती है, तब मंत्र २८का फल अनुभवमें आता है। " ऊपर, नीचे, तिरछा सभी स्थानमें यह पुरुष व्यापक है, " ऐसा अनुभव आता है। इसके बिना कोई स्थान रिक्त नहीं है। परमात्माकी सर्वव्यापकता इस प्रकार ज्ञात होती है। पुरीमें बसनेके कारण [पुरी+वस्; पुर्+उस्= पुरुषः] आत्माको पुरुष कहते हैं। यह पुरुष जैसा बाहर है, वैसा इस शरीरमें भी है। इसलिये बाहर ढूंढनेकी अपेक्षा इसको शरीरमें देखना बडा सुगम है। गोपथ-ब्राह्मणमें "अथर्वा" शब्दकी व्युत्पत्ति इसी दृष्टिसे निम्न प्रकार की है—

" अथ अर्वाक् एनं एतासु अप्सु अन्विच्छ इति ॥ [गो. १।४]

"अब इधरही इसको तू इस जलमें ढूंढ।" तात्पर्य, दूर स्थानमें ढूंढनेसे यह आत्मा प्राप्त नहीं होगा, पास ढूंढनेसेही प्राप्त होगा। यहाँ अथर्ववेदका कार्य बताया है—

अथ+ [अ] र्वा [क्]=अथर्वा।

अपने अंदर आत्माको ढूंढनेकी विद्या जिसने बता दी है, वही अथर्ववेद है। सब अथर्ववेदकी यही विद्या है। अथर्ववेद अन्य वेदोंसे पृथक् और

यह वेदत्रयीसे बाहर क्यों है, इसका पता यहाँ लग सकता है। संपूर्ण जनता अपने अंदर आत्माका अनुभव नहीं कर सकती, इसलिये जो विशेष सज्जन योगमार्गमें प्रगति करना चाहते हैं, उनके लिये तथा जो सिद्ध पुरुष होते हैं, उनके लिये यह वेद है।

जो जहाँ रहता है, उसको वहीं देखना चाहिये। चूँकि यह आत्मा पुरीमें रहता है, इसलिये इसको पुरीमेंही ढूंढना चाहिये। इस शरीरको पुरी कहते हैं, क्योंकि यह सप्त धातुओंसे तथा अन्यान्य उपयोगी शक्तियोंसे परिपूर्ण है। इस पुरीमें जो बसता है, उसको पुरुष कहते हैं। पुरुष किंवा पूरुष ये दोनों शब्द हैं और दोनोंका अर्थ एकही है।

आगे मंत्र ३१ में इस पुरीका वर्णन आ जायगा। पाठक वहीं पुरीका वर्णन देख सकते हैं। इस ब्रह्मपुरी, ब्रह्मनगरी, अमरावती, देवनगरी, अयोध्यानगरी आदिको यथावत् जाननेसे जो फल प्राप्त होता है, उसको इस मंत्र २८ ने बताया है। ब्रह्मनगरीको जो उत्तम प्रकारसे जानता है, उसको सर्वात्मभावका अनुभव आता है। जो पुरुष अपने आत्मामें, अपने हृदयाकाशमें है, वह ऊपर, नीचे, तिरछा सब दिशाओंमें पूर्णतया व्यापक है। वह किसी स्थानपर नहीं, ऐसा एक भी स्थान नहीं है, यह अनुभव उपासकको यहां होता है। " अपने आपको आत्मामें और आत्माको अपनेमें वह देखने लगता है।" [ईश उ० ६]। जो इस प्रकार देखता है, उसको शोक, मोह नहीं होते और उससे कोई अपवित्र कार्य भी नहीं होता।

इस मंत्रमें " सृप्र " शब्द विशेष अर्थमें प्रयुक्त हुआ है। [Poured out, connected, abundant, ornamented] फैला हुआ, संबंधित रहा हुआ, विपुल, सुशोभित ये " सृप्र " शब्दके यहाँ अर्थ हैं। [१] जिस प्रकार झरनेसे बहुत हुआ जल चारों ओर फैलता है, उसी प्रकार आत्मा सर्वत्र फैली है, इससे आत्माको सबका मूल "स्रोत" कहते हैं। स्रोतसे जलका निकलना और फैलना होता है। इसलिये यह अर्थ यहां है। [२] फैलनेसे सबके साथ उसका संबंध आता है [३] वह

ुल होनेके कारणही चतुर्दिक् फैल रहा है। [४] सबकी शोभा उसीके ण होती है, इसलिये वह सुशोभित भी है। ये " सृप्र " शब्दके ं सब कोशोंमें हैं और इस प्रसंगमें बडे योग्य हैं। परंतु इसका विचार करते हुए कइयोंने " उत्पन्न हुआ " ऐसा प्रसिद्ध अर्थ ले कर इस ्रका अर्थ करनेका यत्न किया है। इसका विचार पाठकही कर सकते हैं।

इस मंत्रमें " सृप्रा३: " तथा " बभूवाँ३ " शब्द प्लुत हैं। ुत स्वरका उच्चार तीन गुना लंबा करना चाहिये। प्लुत शब्दका उच्चारण ्यंत आनंदके समय प्रेमातिशयमें होता है। इसके अन्य भी प्रसंग हैं, ंतु यहाँ आनंदातिशयके प्रसंगमें इसका उपयोग किया है। ब्रह्मपुरीको ाननेसे अत्यंत आनंद होता है और परमात्माकी सर्वव्यापकता प्रत्यक्ष ्नुभवमें आनेसे उस आनंदका पारावारही क्या कहना है? इस परम ानंदको शब्दोंमें व्यक्त करनेके लिये प्लुत स्वरका प्रयोग इस मंत्रमें हुआ है।

उक्त प्रकार जिस पुरुषको परमात्म-साक्षात्कारका अनुभव आ जाता है, वह आनंदसे नाचने लगता है, वह उस आनंदमें मग्न हो जाता है, वह प्रेमसे ओतप्रोत भर जाता है, और वह शोक-मोहसे रहित अतएव अत्यंत आनंदमय हो जाता है।

अब ब्रह्मज्ञानका और एक फल देखिये —

(११) ब्रह्मज्ञानका फल ।

ब्रह्मनगरीका थोडासा अधिक वर्णन इस २९ वें मंत्रमें है। " अमृतेन आवृता ब्रह्मणः पूः " अर्थात् " अमृतसे आवृत ब्रह्मकी नगरी है।" यहाँ " अ-मृत " शब्दसे अज, अमर, अजरामर आत्मा लेना उचित है। इस ब्रह्मपुरीमें आत्मा परिपूर्ण है। आत्मा अ-मृत रूप होनेसे जो उसको प्राप्त करता है, वह अमर बन जाता है। इसलिये प्रत्येकको यथाशक्ति इस मार्गमें प्रयत्न करना चाहिये। यह ब्रह्मकी नगरी कहाँ है, उस स्थान-का पता मंत्र ३१ में पाठक देखेंगे।

ब्रह्मनगरीको यथावत् जाननेसे ब्रह्म और ब्राह्म प्रसन्न होते हैं और उपासकको चक्षु, प्राण और प्रजा देते हैं। " ब्रह्म " शब्दसे " आत्मा, परमात्मा, परब्रह्म ' का बोध होता है और ' ब्राह्म ' शब्दसे बने हुए इतर देव, अर्थात् अग्नि, वायु, रवि, विद्युत्, इन्द्र, वरुण आदि देव बोधित होते हैं। ब्रह्मनगरीको जाननेसे ब्रह्मकी प्रसन्नता होती है और संपूर्ण इतर देवोंकी भी प्रसन्नता होती है। प्रसन्न होनेसे ये सब देव और सब देवोंका मूल प्रेरक ब्रह्म इस उपासकको तीन पदार्थोंका अर्पण करते हैं। ये तीन पदार्थ ' चक्षु, प्राण और प्रजा " नामसे इस मन्त्रमें कहे हैं। " चक्षु " शब्दसे इन्द्रियोंका बोध होता है। सब इन्द्रियोंमें चक्षु मुख्य होनेसे' मुख्यका ग्रहण करनेसे गौणोंका बोध स्वयं होता है। " प्राण " शब्दसे आयुका बोध होता है। क्योंकि प्राणही आयु है। " प्रजा ' शब्दसे " अपनी औरस संतति " ली जाती है। तात्पर्य " चक्षु, प्राण और प्रजा " शब्दोंसे क्रमशः- [१] संपूर्ण इन्द्रियोंका स्वास्थ्य, [२] दीर्घ आयुष्य और [३] उत्तम संततिका बोध होता है। उपासनासे प्रसन्न हुए ब्रह्म और देव उक्त तीन बातें अर्पण करते हैं। ब्रह्मज्ञानका यह फल है।

[१] शरीरका उत्तम बल और आरोग्य, [२] अति दीर्घ आयुष्य और [३] सुप्रजानिर्माण की शक्ति ब्रह्म ज्ञानसे प्राप्त होती है। इनमें मनकी शांति, बुद्धिकी समता और आत्मिक बलकी संपन्नता अंतर्भूत है, यह बात पाठक न भूलें। इनके अतिरिक्त उक्त सिद्धि हो नहीं सकती। मानसिक शांतिके अभावमें, बौद्धिक समता न होनेपर तथा आत्मिक निर्बलताकी अवस्थामें, न तो शारीरिक स्वास्थ्य प्राप्त होनेकी संभावना है और न दीर्घायुष्य तथा सुप्रजानिर्माणकी शक्यता। ये सद्गुण तथा इनसे भिन्न अन्य सब शुभ गुण ब्रह्मज्ञानसे सहज प्राप्त होते हैं।

ब्रह्मकी कृपा और देवोंकी प्रसन्नता होनेसे जो उत्तम फल मिल सकता है वह यही है। हमारे आर्यराष्ट्रमें प्राचीन कालके लोग अति दीर्घ आयुष्यसे

संपन्न थे, बलिष्ठ थे और अपनी इच्छानुसार स्त्रीपुरुष संतानकी उत्पत्ति तथा विद्वान्, शूर आदि जिस चाहे उस प्रवृत्तिकी संतति उत्पन्न करते थे। इस विषयमें शतपथ ब्राह्मण के अंतिम अध्यायमें अथवा बृहदारण्यक उपनिषद्के अंतिम विभागमें स्पष्ट शब्दोंमें प्रयोगही लिखे हैं। इतिहास-ग्रंथोंमें इस विषयकी बहुतसी साक्षियाँ हैं। पाठक वहाँ इस बातको देख सकते हैं। उसका यहाँ उद्धरण करनेके लिये स्थान नहीं है। यहाँ इतना ही बताना है कि, ब्रह्मज्ञान होनेसे अपना शारीरिक स्वास्थ्य संपादन करके अति दीर्घ आयुष्य प्राप्त करनेके साथ साथ अपनी इच्छाके अनुसार उत्तम संततिकी उत्पत्ति की जा सकती है; जिस कालमें, जिस देशमें, जिन लोगोंको यह विद्या साध्य होगी, वे लोगही धन्य हो सकते हैं। एक कालमें आर्योंको यह विद्या प्राप्त थी, और आगे भी प्रयत्न करनेपर इस विद्याकी प्राप्ति हो सकती है।

संतान-उत्पत्तिकी संभावना होनेकी आयुमें ही ब्रह्मज्ञान होनेयोग्य शिक्षाप्रणाली होनी चाहिये। आठ वर्षकी आयुमें उपनयन करके उत्तम गुरुके पास योगादि अभ्यासका प्रारंभ करनेसे २०-२५ वर्षकी अवधिमें ब्रह्मसाक्षात्कार होना असंभव नहीं है। अष्टावक्र, शुकाचार्य, सनत्कुमार आदिकोंको बीस वर्षके पूर्वही ब्रह्मज्ञान हुआ था। इससे बडी आयुमें जिनको तत्त्वज्ञान हो गया था, ऐसे सत्पुरुष भरतखंडके इतिहासमें बहुतही हैं। तात्पर्य, विशेष योग्यतावाले पुरुष जो कार्य अल्प आयुमें कर सकते हैं, वही कार्य मध्यम योग्यतावालोंको अधिक कालमें सिद्ध होगा और कनिष्ठ योग्यतावालोंको बहुतही काल लगेगा। इसलिये यहाँ सर्वसाधारण रीतिसे इतनाही कहा जा सकता है कि ब्रह्मचर्य-समाप्तितक उक्त योग्यता प्राप्त हो सकती है और तत्पश्चात् गृहस्थाश्रममें सुयोग्य संतान उत्पन्न करनेकी संभावना कोई अशक्य कोटिकी बात नहीं है।

आजकल ब्रह्मज्ञानका विषय वृद्धोंकाही है, ऐसा समझा जाता है, उनके मतका निराकरण इस मंत्रके कथनसे हो जाता है। ब्रह्मज्ञानका विषय

वास्तविक रीतिसे " ब्रह्म-चारियों " का ही है। वनमें गुरुकुलोंमें रहते हुए ये " ब्रह्म-चारी " ही ब्रह्मप्राप्तिका उपाय कर सकते हैं और ब्रह्मचर्य आश्रमकी समाप्तितक "ब्रह्म पुरी " का पता लगा सकते हैं। तथा इसी आयुमें [१] शारीरिक स्वास्थ्य, [२] दीर्घ आयुष्य और [३] सुप्रजा निर्माणकी शक्ति, आदिकी नींव डाल सकते हैं। इस रीतिसे सच्चे ब्रह्म-चारी ब्रह्मपुरीमें जाकर, ब्रह्मज्ञानी बनकर, ब्रह्मनिष्ठ रहते हुए उत्तर तीनों आश्रमोंमें शांतिके साथ त्यागपूर्वक भोग करते हुए भी कमलपत्रके समान निर्लेप और निर्दोष जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस विषयके आदर्श वसिष्ठ, याज्ञवल्क्य, जनक, श्रीकृष्ण आदि हैं।

हरएक आयुमें ब्रह्मज्ञानके लिये प्रयत्न होनाही चाहिये। यहाँ उक्त बात इसलिये लिखी है कि यदि नवयुवकोंकी प्रवृत्ति इस दिशामें हो गई, तो उनको अपना जीवन पवित्र बनाकर उत्तम नागरिक बननेद्वारा सब जगत्में सच्ची शांति स्थापन करनेके महत्कार्यमें अपना जीवन समर्पण करनेका बडा सौभाग्य प्राप्त हो सकता है। अस्तु। यह मंत्र और भी बहुत बातोंका बोध कर रहा है, परंतु यहाँ स्थान न होनेसे अधिक स्पष्टीकरण नहीं हो सकता। आशा है कि पाठक उक्त दृष्टिसे इस मंत्रका अधिक विचार करेंगे। इसी मंत्रका और स्पष्टीकरण अगले मंत्रमें है, देखिये—

मंत्र २९ में जो कथन है, उसीका स्पष्टीकरण इस मंत्रमें है। ब्रह्मपुरीका ज्ञान प्राप्त होनेपर जो अपूर्व लाभ होता है, उसका वर्णन इस मंत्रमें है। [१] अति वृद्ध अवस्थाके पूर्व उसके चक्षु आदि इंद्रिय उसको छोडते नहीं, और [२] न प्राण उसको उस वृद्ध अवस्थाके पूर्वही छोडता है। प्राण जल्दी चला गया, तो अकालमें मृत्यु होती है और अल्प आयुमें इंद्रिय-शक्तियाँ नष्ट होनेसे अधापन आदि शारीरिक न्यूनता कष्ट देती है। ब्रह्मज्ञानीको ये कष्ट नहीं होते।

आठ	वर्षकी	आयुतक	कुमार-	अवस्था
सोलह	"	"	बाल्य	"
सत्तर	"	"	तारुण्य	"
सौ	"	"	वृद्ध	"
एकसोवीस	"	"	जीर्ण	" ।पश्चात् मृत्यु।

ब्रह्मज्ञानीका प्राण जरा अवस्थाके पूर्व उसे नहीं छोडता। इस अवस्थातक वह आरोग्य और शांतिका उपभोग लेता है और तत्पश्चात् अपनी इच्छासे शरीरका त्याग करता है, जैसा कि भीष्मपितामह आदिकोंने किया था। (इस विषयमें स्वा० मं० का "मानवी आयुष्य" नामक पुस्तक देखिये।)

तात्पर्य, यह ब्रह्मविद्या इस प्रकार लाभदायक है। ये लाभ प्रत्यक्ष हैं। इसके अतिरिक्त जो अभौतिक अमृतका लाभ होता है, तथा आत्मिक शक्तियोंके विकासका अनुभव होता है, वह अलग ही है। पाठक इसका विचार करें। अगले मंत्रमें देवोंकी नगरीका स्वरूप बताया है, देखिये—

(१२) ब्रह्मकी नगरी, अयोध्या-नगरी।

यह मनुष्य-शरीरही "देवोंकी अयोध्या-नगरी" है। इसके नौ द्वार हैं। दो आंख, दो कान, दो नाक, एक मुख, एक मूत्रद्वार और एक गुदद्वार मिलकर नौ दरवाजे हैं। पूर्वद्वार मुख है और पश्चिमद्वार गुदा है। पूर्वद्वारसे अंदर प्रवेश होता है और पश्चिमद्वारसे बाहर गमन होता है। अन्य द्वार छोटे हैं और उनके करनेके कार्य निश्चितही हैं। प्रत्येक द्वारमें रक्षक देव मौजूद हैं और वे कभी अपना नियोजित कार्य छोडकर अन्य कार्य नहीं करते। इन नौ द्वारोंके विषयमें श्रीमद्भगवद्गीतामें निम्न प्रकार कहा है—" जो ब्रह्ममें अर्पण कर आसक्ति-विरहित कर्म करता है, उसको वैसेही पाप नहीं लगता, जैसे कि कमलके पत्तेको पानी नहीं लगता। अतएव कर्मयोगी शरीरसे, मनसे, बुद्धिसे और इंद्रियोंसेभी, आसक्ति छोडकर आत्मशुद्धिके लिये कर्म किया करते हैं। जो योगयुक्त हो गया, वह कर्मफल छोडकर अंतकी पूर्ण शांति पाता है, परंतु जो योगयुक्त नहीं है,

साथ यशका संबंध नहीं होता, परंतु सदा पूर्णताके साथही यशका संबंध होता है।

जो तेजस्वी, दुःखहारक, पूर्ण और यशस्वी होता है, वह कभी पराजित नहीं होता, अर्थात् सदा विजयी होता है। "[१] तेज, [२] निर्दोषता, [३] पूर्णता, [४] यश और [५] विजय" ये पांच गुण एक दूसरेके साथ मिलेजुले रहते हैं। [१] भ्रज, [२] हरण, [३] पुरी, [४] यश, [५] अपराजित ये मंत्रके पांच शब्द उक्त पांच गुणोंके सूचक हैं। पाठक इन शब्दोंका स्मरण रखें और उक्त पांच गुणोंको अपनेमें स्थिर करने और बढानेका यत्न करें। जहां ये पांच गुण होंगे, वहां [हिरण्य] धन रहेगा, इसमें कोई संदेहही नहीं है। धन्यता जिससे मिलती है, वही धन होता है और उक्त पांच गुणोंके साथ धन्यता अवश्य ही मिलेगी।

उक्त पांच गुणोंसे युक्त ब्रह्म-नगरीमें ब्रह्म प्रविष्ट होता है। पाठक प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं कि अपने अंदर व्यापक यह ब्रह्म हृदयाकाशमें है। जब अपना मन बाहरके कामधंधे छोड कर एकाग्र हो जाता है, तब आत्मा का ज्ञान होनेकी संभावना होती है और तभी ब्रह्मका पता लगना संभव है। क्योंकि वेदमें अन्यत्र कहा है कि "जो पुरुषमें ब्रह्मको देखते हैं, वेही परमेष्ठीको जान सकते हैं।" [अथर्व० १०।७।१७] अर्थात् जो अपने हृदयमें ब्रह्मका आवेश अनुभव करते हैं, वेही परमेष्ठी प्रजापतिको जान सकते हैं।

(१४) अयोध्याके मार्गका पता।

प्रिय पाठको! यहाँतक आपका मार्ग है। आप यहाँतक चले आये हैं और आपके स्थानसे यह अयोध्या नगरी कितनी दूर है, इसका विचार कीजिये। इस अयोध्या नगरीमें पहुँचतेही रामराजाका दर्शन नहीं होगा, क्योंकि राजधानीमें जाते ही महाराजाकी मुलाकात नहीं हो सकती। वहाँ रहकर तथा वहाँके स्थानिक अधिकारी सत्य श्रद्धा आदिकोंकी प्रसन्नता संपादन

करके महाराजाके दरबारमें पहुँचना होता है। इसलिये आशा है कि आप जरा शीघ्र गतिसे चलेंगे और वहाँ शीघ्र पहुँचेंगे। आपके साथी ये ईर्ष्या द्वेष आदि हैं, ये आपको जल्दी चलने नहीं देते, प्रति क्षण इनके कारण आपकी शक्ति क्षीण हो रही है, इसका विचार कीजिये और सब झंझटोंको दूर कर एकही उद्देश्यसे अयोध्याजीके मार्गका आक्रमण कीजिये। फिर आपको उसी " यक्ष " का दर्शन होगा कि जिसका दर्शन एक वार इंद्रने किया था। आपको मार्गमें " हैमवती उमादेवी " दिखाई देगी। उसको मिलकर आप आगे वढ जाइये। वह देवी आपको ठीक मार्ग वता देगी। इस प्रकार आप भक्तिकी शांत रोशनीमें सुविचारोंके साथ मार्ग आक्रमण कीजिये, तो वडा दूरका मार्गभी आपके लिये छोटा हो सकता है। आशा है कि आप ऐसाही करेंगे और फिर भूल कर नहीं भटकेंगे।

(१५) केनसूक्त और केनोपनिषद्।

जैसा यह केनसूक्त अथर्ववेदमें है, वैसाही उपनिषदोंमें केनोपनिषद् है। दोनोंका प्रारंभ ' केन ' इस पदसे ही हुआ है। यही ' केन ' पद वडा महत्त्व-पूर्ण है। इसका अर्थ ' किससे ? ' ऐसा होता है। सब तत्त्वज्ञानोंका उगम इसी पदसे होता है। यह जो संसार दीखता है, वह (केन) किसने वनाया और [केन] किससे वनाया, तथा [केन] इसका विचार किया, [केन] किसकी सहायतासे विचार किया, (केन) किस साधनसे विचार किया, किस कारण विचार किया, इसको जो बोध हो रहा है, वह कैसे होता है, इत्यादि अनेक विचार इस ' केन ' शब्दमें हैं।

मनुष्य जो देखता है, उसका हेतु जानना चाहता है। छोटेसे छोटा बालक भी जब आश्चर्यसे किसीकी ओर देखता है तो उसका कारण जानना चाहता है। यह कौन है, क्या करता है, कहाँसे आया, कहाँ जायगा, ऐसे अनेक-विध प्रश्न बालक करता है और प्रत्येक प्रश्नका उत्तर जानना चाहता है। उत्तरसे समाधान हुआ, तो ही वह चुप रहता है; नहीं तो फिर प्रश्न पूछता ही रहता है। इतनी विलक्षण जिज्ञासा मानवके मनमें स्वभावतया होती है।

परन्तु जब मनुष्य बड़ा होता है, तब संसारकी चिन्तामें फँसकर इस जिज्ञासाको खो बैठता है और फिर यह [केन] किससे यह हुआ, ऐसा प्रश्न करना भूल जाता है और जब यह प्रश्न करना भूल जाता है, तबसे इसको ज्ञान प्राप्त होना भी बंद होता है। क्योंकी ज्ञान तो जिज्ञासा रही, तो ही प्राप्त हो सकता है।

इस विश्वमें करोडो मनुष्य हैं, परन्तु उनमेंसे कितने लोग 'मैं कहांसे आया? क्यों यहां आया हूं? किधर मुझे जाना है?' इत्यादि स्वाभाविक उत्पन्न होनेवाले प्रश्नोंको अपने मनमें उत्पन्न होने देते हैं? येही प्रश्न इस 'केन' पदसे यहाँ किये गये हैं। साधारणतः मनुष्य जागता है, खाता है सोता है, फिर जागता है और अन्तमें मर जाता है।

यह जीवन मरणका व्यापार इतना आश्चर्यकारक है कि किसी मननशील मनुष्यके मनमें इस संबंधके प्रश्न आये विना नहीं रह सकते। परन्तु कितने मनुष्य इसका विचार करते हैं? मनन करनेवाला ही मनुष्य कहलायेगा। जो मनुष्य मनन नहीं करता, इसको मनुष्य कहना असंभव है। अतः इस मनुष्यसमाजमें वेही मनुष्य हैं कि जो 'केन' यह प्रश्न करते हैं। यह है 'केन' शब्दका महत्त्व। यह प्रश्न मनुष्यकी मानवता सिद्ध करनेवाला है। पाठक इस शब्दका महत्त्व जानें और अपने जीवनका विचार इससे सीखें।

मैं किस शक्तिसे बोलता हूं? किस शक्तिसे सोचता हूं? किस शक्तिसे जीवित रहता हूं? किस शक्तिसे जन्म मरण तथा प्रजनन हो रहे हैं? इस संपूर्ण संसारके आधारमें कौन है? वह इसका निर्माण क्यों करता है? ये प्रश्न हैं जो प्रत्येक मनुष्यके मनमें उत्पन्न होने चाहिये। परन्तु किन मनुष्योंके अन्तःकरणमें ये प्रश्न उठते हैं? पाठको! विचार तो कीजिये।

अर्थात् मनुष्यजाति अगणित वर्षोंसे इस भूमण्डलपर उत्पन्न हुई है, परन्तु अभीतक सब मनुष्य सच्चे मानव नहीं बने, जो 'केन' इस प्रश्नको कर सकते हैं और उत्तर सुयोग्य गुरुसे प्राप्त होनेतक चुप नहीं रह सकते।

जैसे अन्यान्य कृमिकीटक जन्मते और मरते हैं, वैसेही मनुष्यप्राणी भी जन्मते और मरते हैं और मैं क्यों जन्मको प्राप्त हुआ और क्यों मर गया,

इसका विचारतक नहीं करते। अपने जीवनके विषयमें कैसे प्रश्न करने चाहिये, यह इस सूक्तने स्पष्ट कर दिया है। मानवजीवनके विषयमें कई प्रश्न यहाँ हैं। यदि इतने ही प्रश्न मनुष्य करना सीख जायँगे, तो उनको आत्मज्ञान हो जायगा और उनका जीविन सफल भी हो जायगा।

अतः पाठक इस जिज्ञासा-बुद्धिकी जागृति करनेवाले इस केनसूक्तका मनन करें और विश्वके अंदर जो अद्भुत शक्ति है, उस अद्भुत शक्तिके विषयमें ज्ञान प्राप्त करके अपने जीवनका सार्थक करें। मानवी जीवनकी सफलता करनेवाला यह ज्ञान है। आशा है कि इस केनसूक्तने जो यह जिज्ञासा-जागृतिका साधन बताया है, वह आचरणमें लाकर सब साधक सिद्ध बनेंगे।

शुद्धिकी विधि

(अथर्व० २।१९। १-५)

ऋषिः- अथर्वा। देवता-अग्निः। छन्दः- (एकावसानम्)
१-४ निचृद्विषमा गायत्री; ५ भुरिग्विषमा।

अग्ने यत्ते तपस्तेन तं प्रति तप योऽस्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः ॥१॥
अग्ने यत्ते हरस्तेन तं प्रति हर योऽस्मान्द्वेष्टि० ॥२॥
अग्ने यत्तेऽर्चिस्तेन तं प्रत्यर्च यो० ॥३॥
अग्ने यत्ते शोचिस्तेन तं प्रति शोच यो० ॥४॥
अग्ने यत्ते तेजस्तेन तमतेजसं कृणु यो० ॥५॥

(अथर्व० ३।२०। १-५)

ऋषिः- अथर्वा । देवता- वायुः । छन्दः- (एकावसानम्)
१।४ निचृद्विषमा गायत्री, ५ भुरिग्विषमा ।

वायो यत्ते तपस्तेन तं प्रति तप यो० ॥१॥
वायो यत्ते हरस्तेन तं प्रति हर यो० ॥२॥
वायो यत्तेऽर्चिस्तेन तं प्रत्यर्च यो० ॥३॥
वायो यत्ते शोचिस्तेन तं प्रति शोच यो० ॥४॥
वायो यत्ते तेजस्तेन तमतेजसं कृणु यो० ॥५॥

(अथर्व० २।२१। १-५)

ऋषि - अथर्वा । देवता- सूर्यः । छन्द - (एकावसानम्)
१-४ निचृद्विषमा गायत्री, ५ भुरिग्विषमा ।

सूर्य यत्ते तपस्तेन तं प्रति तप यो० ॥१॥
सूर्य यत्ते हरस्तेन तं प्रति हर यो० ॥२॥
सूर्य यत्तेऽर्चिस्तेन तं प्रत्यर्च यो० ॥३॥
सूर्य यत्ते शोचिस्तेन तं प्रति शोच यो० ॥४॥
सूर्य यत्ते तेजस्तेन तमतेजसं कृणु यो० ॥५॥

(अथर्व० २।२२। १-५)

ऋषि - अथर्वा । देवता- चन्द्र । छन्द - (एकावसानम्)
१-४ निचृद्विषमा गायत्री, ५ भुरिग्विषमा ।

चन्द्र यत्ते तपस्तेन तं प्रति तप यो० ॥१॥
चन्द्र यत्ते हरस्तेन तं प्रति हर यो० ॥२॥
चन्द्र यत्तेऽर्चिस्तेन तं प्रत्यर्च यो० ॥३॥
चन्द्र यत्ते शोचिस्तेन तं प्रति शोच यो० ॥४॥
चन्द्र यत्ते तेजस्तेन तमतेजसं कृणु यो० ॥५॥

(अथर्व० २।२३। १-५)

ऋषिः- अथर्वा। देवता- आपः। छन्दः- (एकावसानम्)
१-४ निचृद्विषमा गायत्री, ५ स्वराड्विषमा।

आपो यद्वस्तपस्तेन तं प्रति तपत यो० ॥१॥
आपो यद्वो हरस्तेन तं प्रति हरत यो० ॥२॥
आपो यद्वोऽर्चिस्तेन तं प्रत्यर्चत यो० ॥३॥
आपो यद्वः शोचिस्तेन तं प्रति शोचत यो० ॥४॥
आपो यद्वस्तेजस्तेन तमतेजसं कृणुत योऽस्मान्द्वेष्टि
यं वयं द्विष्मः ॥५॥

अर्थ- हे अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्र और आप् देवताओ! आपके अन्दर जो [तपः] तपानेकी शक्ति है, उससे [तं प्रति तप] उसको तप्त करो, [यः अस्मान् द्वेष्टि] जो अकेला हम सबका द्वेष करता है और [यं वयं द्विष्मः] जिसका हम सब द्वेष करते हैं ॥ १ ॥ हे देवो! जो आपके अन्दर [हरः] हरण करनेकी शक्ति है, उससे उसका [प्रतिहर] दोष हरण करो, जो हमारा द्वेष करता है और जिसका हम द्वेष करते हैं ॥ २ ॥ हे देवो! जो आपके अंदर [अर्चिः] दीपन शक्ति है, उससे उसका [प्रत्यर्च] संदीपन करो, जो हमारा द्वेष करता है और जिसका हम द्वेष करते हैं ॥ ३ ॥ हे देवो! जो आपके अंदर [शोचिः] शुद्ध करनेकी शक्ति है, उससे उसको [प्रति शोच] शुद्ध करो, जो हमारा द्वेष करता है और जिसका हम द्वेष करते हैं ॥ ४ ॥ हे देवो! जो आपके अन्दर [तेजः] तेज है, उससे उसको [अतेजसं] तेजरहित करो, जो हमारा द्वेष करता है और जिसका हम द्वेष करते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ- हे अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्र और आप् देवो! आपके प्रत्येकके अन्दर तप, हर, अर्चि,, शोचि और तेज ये पांच शक्तियाँ हैं, इसलिये

कृपा करके हमारे द्वेषकोंको इन शक्तियोंसे परिशुद्ध करो, अर्थात् उनको तपा कर, उनके दोषोंको हरा कर, उनमें आंतरिक प्रकाश उत्पन्न करके, उनकी शुद्धि करके और उनको आपके दिव्य तेजसे प्रभावित करके शुद्ध करो, जिससे वे कभी किसीका द्वेष न करेंगे और मिलजुल कर आनन्दसे रहेंगे।

(१) पांच देव।

इन पाच सूक्तोंमें पाच देवताओंकी प्रार्थना की गई है अथवा दुष्टोंके सुधारके कार्यमें उनसे शक्तियोंकी याचना की गई है। ये पाच देवताएँ ये हैं—

"अग्नि॰, वायु॰, सूर्यः, चन्द्र॰, आपः।"

अग्निमें तपानेकी शक्ति, वायुमें हिलानेकी शक्ति, सूर्यमें प्रकाश-शक्ति, चन्द्रमें सौम्यता और आप् [जल] में पूर्ण शांति है। अर्थात् ये देवताएँ इस व्यवस्थासे एकके पश्चात् दूसरी आ गई हैं कि, पहले तपानेसे प्रारम्भ होकर सबको अन्तमें शांति मिल जाय। अतमें दो देव चद्र और आप् पूर्ण शांति देनेवाले हैं। अग्नि और सूर्य तपानेवाले हैं और वायु प्राणगति या जीवन-गतिका दाता है। यदि पाठक यह व्यवस्था देखेंगे, तो उनको दुष्टोंका सुधार करनेकी विधि निश्चयसे ज्ञात होगी।

(२) पंचायतन।

सूर्य ———————> चन्द्र
(उग्र प्रकाश) (सौम्य प्रकाश)

वायु
(गति)

अग्नि (तप) आप् (शांति)

पहले अग्नि तपाता है, वायु उसमें गति करता है और ये दोनों सूर्यके उग्र प्रकाशमें उसे रख देते हैं। उसके पश्चात् चन्द्रमाका सौम्य प्रकाश आता है और पश्चात् जलतत्त्वकी पूर्ण शांति या शांतिमय जीवन उसे प्राप्त होता है। शुद्ध होनेका यह मार्ग है। यह क्रम विशेष महत्त्वपूर्ण है और इसीलिये इन पांचों सूक्तोंका विचार यहाँ इकट्ठा किया है।

(३) पाँच देवोंकी पाँच शक्तियाँ।

पाँच देवोंकी पाँच शक्तियाँ इन सूक्तोंमें वर्णन की हैं। उनके नाम ये हैं।

" तपः, हरः, अर्चिः, शोचिः, तेजः " ये पाँच शक्तियाँ हैं। ये पाँचों शक्तियाँ प्रत्येक देवके पास हैं। इससे पाठक जान सकते हैं कि, प्रत्येककी ये शक्तियाँ भिन्न हैं। अग्निका तेज, सूर्यका तेज और जलका तेज भिन्न होनेमें किसीको भी शंका नहीं हो सकती। इसलिये प्रत्येक देवताके पास ये पाँच शक्तियाँ हैं, परन्तु उनका स्वरूप और कार्य भिन्न भिन्नही है। जैसा " हरः " नामक शक्तिके विषयमें देखिये। 'हरः' का अर्थ है, "हरण करना " हर लेना। यहाँ इस एकही शक्तिका उपयोग पाँच देव किस प्रकार करते हैं, देखिये—

१ अग्नि— शीतताका हरण करता है, तपाता है।
२ वायु— आर्द्रताका हरण करता है, सुखाता है।
३ सूर्य— समयका हरण करता है, आयु घटाता है।
४ चन्द्र— मनस्तापका हरण करता है, मनकी प्रसन्नता देता है।
५ जल— शारीरिक मलका हरण करता है, शुद्धता करता है।

प्रत्येक देव हरण करता है, परन्तु उसके हरण करनेके पदार्थ भिन्न हैं। इसी प्रकार " तपन, हरण, अर्चन, शोचन और तेजन " के द्वारा इन देवोंसे मनुष्यका सुधार होता है। प्रत्येक देवताके ये पाँच गुण हैं और पाँच देवता हैं, इसलिये सुधार होनेके लिये पच्चीस छाननियोंसे छाने जानेकी आवश्यकता है। विचार करनेसे यह बात पाठक सहजहीमें समझ सकेंगे।

यह शुद्धिकी विधि देखनेके लिये हमें यहाँ इन पाँच गुणशक्तियोंका अवश्य विचार करना चाहिये—

१ तप— तपाना, तपना । इसका महत्व बडा भारी है । सुवर्णादि धातु अग्निमें तपनेसेही शुद्ध होते हैं । कायिक, वाचिक, मानसिक तपसेही मनुष्यकी शुद्धि होती है । तपना अनेक प्रकारसे होता है । तप बहुत प्रकारके हैं, उन सबका उद्देश्य शुद्धि करनाही है ।

२ हर – हरण करना, हर लेना । दोषोंका हरण करना, दोषोंको दूर करना । सुवर्णादि धातुओंको अग्निमें तपानेसे दोष दूर होते हैं और उनकी शुद्धता होती है । इसी प्रकार अन्यान्य तप करनेसे दोष दूर होते हैं और शुद्धि होती है ।

३ अर्चि — अर्च् धातुका अर्थ " पूजा और प्रकाश " है । पूर्वोक्त दो विधियों द्वारा शुद्धता होनेके पश्चातही पूजा या उपासनाका प्रकाश उस मनुष्यके अन्दर डाला जाता है। दोष दूर होनेके पश्चातही यह होना है, इससे पूर्व नहीं ।

४ शोचिः— शुच् धातुका अर्थ शोधन करना शुद्धता करना है । तप, दोषहरण और अर्चनके पश्चात् शोधन हुआ करता है । शोधनका अर्थ बारीकसे बारीक दोषोंको हटाना । हरण और शोधनमें जो भेद है, वह पाठक अवश्य देखें । स्थूल दोषोंका हरण होता है और सूक्ष्म दोषोंका शोधन हुआ करता है । इस प्रकार शोधन होनेके पश्चात्—

५ तेज — तेजन करना है । तिज् धातुका अर्थ तेज करना और पालन करना है । शस्त्रकी धारा तेज की जाती है, इस प्रकारका तेजन यहाँ अभीष्ट है । तीखा करना, तेज करना, बुद्धिकी तीव्रता संपादन करना ।

उदाहरणके लिये लोहा लीजिये । पहले [तप] तपाकर उसको गर्म किया जाता है, पश्चात् उसके दोष [हर] दूर किये जाते हैं, पश्चात् उसको किसी आकारमें [अर्चि] डाला जाता है, नतर [शोचि] पानीमें बुझाकर जल पिलाया जाता है और तत्पश्चात् [तेज] उस शस्त्रको ते

किया जाता है। यह एक चक्कू, छुरी आदि बनानेकी साधारण बात है। इसमें भी न्यूनाधिक प्रमाणसे इन विधियोंकी उपयोगिता अन्यान्य रीतियोंसे होगी, इसमें कहनेकी क्या आवश्यकता है? तात्पर्य " तपन, हरण, अर्चन, शोधन और तेजन " यह पाँच प्रकारकी शुद्धिकी विधि है, जिससे दोषी मनुष्यकी शुद्धता हो सकती है। दुष्ट मनुष्यका सुधार करके उसको पवित्र महात्मा बनानेकी यह वैदिक रीति है। पाठक इसका अच्छा मनन करें।

(४) मनुष्यकी शुद्धि।

अब यह विधि मनुष्यमें किस प्रकार प्रयुक्त होती है, इसका विचार करना चाहिये। इस कार्यके लिये पूर्वोक्त देव मनुष्यमें कहाँ और किस रूपमें रहते हैं, इसका विचार करना चाहिये। इसका निश्चय होनेसे इस शुद्धीकरण-विधिका पता स्वयं लग सकता है। इसलिये पूर्वोक्त पाँच देव मनुष्यके अन्दर कहाँ और किस रूपमें विराजमान हैं, यह देखिये—

(५) देवता-पंचायतन।

मनुष्यमें अग्नि, वायु, सूर्य चन्द्र, और आप् ये पांच देवताएँ निम्न लिखित रूपसे रहती हैं—

१ अग्निः (अग्निर्वाक् भूत्वा मुखं प्रविशत्)= अग्नि वाणीका रूप धारण करके मनुष्यके मुखमें प्रविष्ट हुआ है। अर्थात् मनुष्यके अन्दर अग्नि का रूप वाक् है।

२ वायुः (वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्) = वायु प्राणका रूप धारण करके नासिकाद्वारा अन्दर प्रविष्ट हुआ है और यह प्राण एकादशविध होकर सब शरीर व्यापता है।

३ सूर्यः (सूर्यः चक्षुर्भूत्वा अक्षिणी प्राविशत्)= सूर्य नेत्रेन्द्रिय बनकर आँखोंमें प्रविष्ट हुआ है।

४ चन्द्रः (चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशत्) = चन्द्रदेव मनका रूप धारण करके हृदयमें आ बसा है।

५ आपः (आपो रेतो भूत्वा शिस्नं प्राविशन्)=जल रेत बन कर शिस्नके स्थानपर बसा है।

ये पाच देव इन पाच रूपोंमें अपने आपको ढाल कर मनुष्यके देहमें आकर इन स्थानोंमें वसे हैं। यह बात विशेष विस्तारपूर्वक ऐतरेय उपनिषद् में लिखी है, वहीं पाठक देखें। यहाँ जो वाक्य ऊपर लिये हैं, वे ऐतरेय उपनिषद् (ऐ० उ० १।२) मेंसेही लिये हैं। इन वाक्योंके मननसे पता लगेगा कि इन देवोंका शरीरमें निवास कहाँ है। अब ये अर्थ लेकर पूर्वोक्त मन्त्रोंके अर्थ देखिये—

सूक्त १९ = [अग्नि = वाणी] = हे वाणी ! जो तेरे अन्दर तप है, उस तपसे उसको तप कर, जो हमारा द्वेष करता है। तथा जो तेरे अन्दर हरणशक्ति है, उससे उसीके दोषोंको हरण कर। जो तेरे अन्दर दीपनशक्ति है, उससे उसीका अन्तःकरण प्रकाशित कर। जो तेरे अन्दर शोधक गुण है, उससे उसकी शुद्धि कर और जो तेरे अन्दर तेज है, उससे उसीको तेजस्वी बना॥ १–५॥

सूक्त २० = [वायु = प्राण] = हे प्राण ! जो तेरे अन्दर तप, दोप-हरण-शक्ति, दीपन-शक्ति, शोधन-शक्ति और तेजन-शक्ति है, उन शक्तियोंसे उसके दोष दूर कर कि जो हम सबका द्वेष करता है॥ १–५॥

इसी प्रकार अन्यान्य सूक्तोंके विषयमें जानना योग्य है। प्रत्येककी पाच शक्तियाँ हैं और उनमे जो शुद्धता होनी है, उसका मार्ग निश्चित है, वह इस अर्थसे अब स्पष्ट हो चुका है। जो बाह्य देवताएँ हैं, उनके अंश हमारे अन्दर विद्यमान हैं, उन अंशोंकी अनुकूलता प्रतिकूलतासेही मनुष्यका सुधार या असुधार होता है। यह जानकर इस रीतिसे अपनी शुद्धता करनेका यत्न करना चाहिये, तथा जो द्वेप करनेवाले दुर्जन होंगे, उनके सुधारका भी इसी रीतिसे यत्न करना योग्य है।

(६) शुद्धिकी रीति।

शुद्धिकी रीति पचविध है, अर्थात् पाच स्थानोंसे शुद्धि होनी चाहिये,

तभी दोषयुक्त मनुष्यकी शुद्धता हो सकती है। इसका संक्षेपसे वर्णन देखिये—

१. वाणीका तप— सबसे पहिले वाणीका तप करना चाहिये। जो शुद्ध होना चाहता है, या जिसके दोष दूर करने हैं, उसको सबसे प्रथम वाणीका तप करना चाहिये। सत्य भाषण, मौन आदि वाणीका तप प्रसिद्ध है। वाणीके अन्दर जो दोष होंगे, उनको भी दूर करना चाहिये। वाणीमें प्रकाश या प्रसन्नता लानी चाहिये। जो बोलना है, वह सावधानीसे परिशुद्ध विचारोंसे युक्तही बोलना चाहिये। इस प्रकार वाणीकी शुद्धता करनेका यत्न करनेसे वाणीका तेज अर्थात् प्रभाव बहुत बढ जाता है और प्रत्येक मनुष्य उसके शब्द सुननेके लिये उत्सुक हो जाता है। (सूक्त १९)

२. प्राणका तप- प्राणायामसे प्राणका तप होता है। जिस प्रकार धोंकनीसे वायु देनेसे अग्निका दीपन होता है, उसी प्रकार प्राणायामसे शरीरके नसनाडियोंकी शुद्धता होकर तेज बढ जाता है, शरीरके दोष दूर हो जाते हैं, प्रकाश बढता है, शोधन होता है और तेजस्विता भी बढ जाती है। इस अनुष्ठानसे मनुष्य निर्दोष होता है। (सूक्त २०)

३. आँखका तप- आँखद्वारा दुष्ट भावसे किसीकी ओर न देखना और मंगल भावनासेही अपनी दृष्टिका उपयोग करना नेत्रका तप है। पाठक यहाँ विचार करें कि अपनी आँखसे किस प्रकार पाप होते रहते हैं और किस प्रकार पतन होता है। इससे बचनेका यत्न प्रत्येकको करना चाहिये। इसी तरह अन्यान्य इंद्रियोंका संयम करना भी तप है, जो मनुष्यकी शुद्धता कर सकता है। अपने इंद्रियोंको बुरे पथसे हटाना और अच्छे पथपर चलाना बडा महत्त्वपूर्ण तप है। इसीसे दोष हटते हैं, शोधन होता है और तेज भी बढता है। (सूक्त २१)

४. मनका तप-सत्य पालन करना मनका तप है। बुरे विचारोंको मनसे हटाना भी तप है। इस प्रकारके मनके तप करनेसे मनके दोष दूर हो जाते हैं, मन पवित्र होता है और शुद्ध होकर तेजस्वी होता है। (सूक्त २२)

५ वीर्यका तप [ब्रह्मचर्य]-शिश्न इन्द्रियका, वीर्यका अथवा कामका तप ब्रह्मचर्य नामसे प्रसिद्ध है। ब्रह्मचर्यसे सब अपमृत्यु दूर होते हैं और अनन्त प्रकारके लाभ होते हैं, रोगादि भय दूर होते हैं और निसर्गका आरोग्य मिलता है। ब्रह्मचर्यके विषयमें सब लोग जानतेही हैं, इसलिये इसके सम्बन्धमें अधिक लिखनेकी आवश्यकता नहीं है। ब्रह्मचर्य सब प्रकारसे मनुष्यमात्रके उद्धारका हेतु है। (सूक्त २३)

अग्नि (वाणी), वायु (प्राण), सूर्य (नेत्र आदि इन्द्रिय), चन्द्रमा (मन), आप (वीर्य) इन देवोंके आश्रयसे मनुष्यकी शुद्धि होनेका मार्ग यह है। प्रत्येक देवताकी पाँच शक्तियोंसे मनुष्यके दोष दूर जाते और उसमें गुण बढ़ते जाते हैं। इस प्रकार क्रमशः मनुष्य शुद्ध होता हुआ उन्नत होता जाता है।

(७) द्वेष करना।

इन सूक्तोंके प्रत्येक मन्त्रमें कहा है कि, जो [द्वेष्टि] द्वेष करता है, उसकी शुद्धता तप आदि द्वारा करना चाहिये। दूसरोंका द्वेष करना इतना बुरा है! इससे अधिक बुरा और कोई कार्य नहीं है। यह सबसे बड़ा भारी पतनका कारण है।

आजकल अखबारों और मासिकोंमें देखिये, दूसरोंका द्वेष अधिक लिखा जाता है और उन्नतिका सच्चा मार्ग कम लिखा जाता है। दोचार मित्र इकट्ठे बैठे या मिले, तो उनकी जो बातचीत शुरू होती है, वह भी किसी आत्मोन्नतिके विषयपर नहीं होती, परन्तु किसी न किसीकी निन्दाही होती है। पाठक अपने अनुभवका भी विचार करेंगे, तो उनको पता लग जायगा कि मनुष्य जितना कुछ बोलता है, उसमेंसे बहुतसा भाग दूसरेकी निन्दा या दूसरेका द्वेष होता है। मनुष्योंके अवनतिका यह प्रधान कारण है। यदि मनुष्य यह द्वेष करना छोड दें, तो उसका कितना कल्याण हो सकता है! परन्तु दूसरेका द्वेष करना बड़ा प्रिय और रोचक लगता है, इसलिये मनुष्य द्वेषही करता जाता है और गिरता जाता है।

इसलिये इन पांच सूक्तोंके प्रत्येक मन्त्रद्वारा उपदेश किया है कि, " जो द्वेष्टि] द्वेष करता है, उसकी शुद्धि तप आदिसे होनी चाहिये।" क्योंकि वसे अशुद्ध यदि कोई मनुष्य होगा, तो दूसरोंका द्वेष करनेवालाही है। ; स्वयं भी गिरता है और दूसरोंको भी गिराता है।

मन जिसका चिन्तन करता है, वैसा बनता है। यह मनका धर्म है। ठक इसका स्मरण करें। जो लोग दूसरोंका द्वेष करते हैं, वे दूसरोंके गुणोंका निरन्तर मनन करते हैं, इस कारण प्रतिदिन इनके मनमें गुणोंकी संख्या बढती रहती है, किसी कारण भी वह कम नहीं होती। ाठक विचार करें कि मनही मनुष्यकी अवस्था निश्चित करता है। जैसा न वैसा मानव, यह नियम अटल है। अब देखिये, जो मनुष्य दूसरोंके गुणोंका निरन्तर मनन करता है, उसका मन दुर्गुणमय बनता जाता है। तः निन्दक मनुष्य दिन प्रतिदिन गिरता जाता है।

इसीलिये द्वेष करनेवालेको पश्चात्ताप आदि तप अवश्य करना चाहिये और अपनी शुद्धि करनी चाहिये। तथा आगेके लिये निन्दावृत्ति छोडना री चाहिये। अन्यथा धोये हुए कपडोंको फिर कीचडमें फेंकनेके समान रवस्थाका सुधार होही नहीं सकता।

पाठक इन सब बातोंका विचार करके अपनी परीक्षा करें और अपनी गवित्रता करनेद्वारा अपने सुधारका मार्ग आक्रमण करें। जो धर्ममें नव-प्रविष्ट या शुद्ध हुए मनुष्य होंगे, उनकी सचमुच शुद्धि करनेका अनुष्ठान भी इन सूक्तोंके मननसे ज्ञात हो सकता है। नव-प्रविष्टोंकी इस प्रकार अनुष्ठानद्वारा सच्ची शुद्धि करनेका मार्ग उनके लिये खुला होनेसेही उनकी सच्ची उन्नति हो सकती है और वैदिक धर्मकी विशेषता भी उनके मनमें स्थिर हो सकती है। पाठक इन सब बातोंका विशेष विचार करें और इन वैदिक आदेशोंसे लाभ उठावें।

वेदका अध्यात्म-ज्ञान

(१) संहिता और उपनिषद् ।

कई विद्वानोंका कहना है कि, संहिताओंमें अध्यात्मविद्या नहीं है, वह उपनिषदोंमें ही है। इन विद्वानोंमें इस देशके तथा यूरोपदेशके भी विद्वान् सम्मिलित हैं, जो वेदमें अध्यात्मविद्याका होना स्वीकार नहीं करते । कई लोग उदारतासे इतना कहने लगे हैं कि संहितामें अल्प अंशसे बिखरे हुए रूपमें अध्यात्मविद्या है, परन्तु उसकी पूर्ण अवस्था उपनिषदोंमें हुई है। अर्थात् कई थोडेसे मंत्र इधरउधर संहितामें हैं, जिनमें अध्यात्मविद्याका विचार है, परंतु वह पूर्णता उसमें नहीं है, जो उपनिषदोंमें दिखाई देती है।

इसी मतका विचार करनेके लिये इस निबंधका लेखन करनेका विचार है। हमारा मत यह है कि, संहितामें सर्वत्र प्राय अध्यात्म-विद्याही मुख्यतया है और अन्य विद्याएँ गौण रूपसे हैं। वेदकी यह मुख्य विद्या प्रकाशित करनेके लिये ही उपनिषदोंका अवतार हुआ है और इन सब उपनिषदोंने मिलकर वैदिक अध्यात्मविद्याके महासागरसे थोडेसे रत्न अपने अन्दर संगृहीत किये हैं, जिनसे सब विद्वान् चकित हो रहे हैं। इससे पता लग सकता है कि यदि वैदिक अध्यात्म-विद्याका पूर्ण रूपसे प्रकाश हो जायगा, तो विद्वान् लोग कितने आनंदित होंगे और वेद-विद्यामें कितनी श्रद्धा रखने लगेंगे ! इसलिये वेद-प्रेमियोंको उचित है कि, वे वेदमंत्रोंका इस विद्याकी दृष्टिसे विचार करते जायँ और जो प्रकाश मिलेगा, उसे जनतामें प्रकट करें। ऐसा करनेसेही वैदिक अध्यात्म विद्याका शुद्ध ज्ञान प्रकट होना संभव है ।

(२) वेद ।

" वैदिक अध्यात्मविद्या " का विचार करनेके समय " वेद, " " अध्यात्म " और " विद्या " इन तीन शब्दोंका विचार करना चाहिये । इस विचारसे पता लग जायगा कि, इस विद्याके क्षेत्रमें किस ज्ञानका

संबन्ध आता है। अतः यहाँ " वेद " शब्दका विचार पहले करते हैं।

" वेद " एक है और उसके चार विभाग हैं। उन विभागोंके नाम ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद ये हैं। इनका मुख्य कार्यक्षेत्र निम्न स्थानमें दिया है-

१ ऋग्वेद	—सूक्तवेद	—सद्विचार
२ यजुर्वेद	—सत्कर्मवेद	—सत्कर्म
३ सामवेद	—सदुपासनावेद	—सदुपासना
४ अथर्ववेद	—ब्रह्मवेद	—ब्रह्मज्ञान

साधारण रीतिसे प्रत्येक वेदका कार्यक्षेत्र यह है। सूक्ष्म रूपसे देखा जाय, तो इसका विचार अनंत है, परन्तु अति अल्प शब्दोंसे यहाँ यह कहा है। मनुष्यकी उन्नतिके लिये पहली आवश्यकता है सुविचारकी। यह ऋग्वेदसे पूर्ण होती है। ऋग्वेदमें "सूक्त" हैं, सूक्तका अर्थही (सु+उक्त) उत्तम कहा हुआ ज्ञान अर्थात् उत्तम ज्ञान है। यह उत्तम ज्ञान मनुष्यको ऊपर उठाता है। यदि मनुष्यका जीवन बाल्य अवस्थासे वेदके कथनके अनुसार हो जाय, तो उसकी उन्नति होनेमें संदेहही नहीं हो सकता।

ऋग्वेद किस प्रकार मनुष्योंको उठाता है, इसका विचार जितना चाहे उतना विस्तृत हो सकता है। परन्तु इस प्रास्ताविक लेखमें अधिक विस्तार करना नहीं है। यहाँ संक्षेपसेही कहना है; इसलिये यह बात यहाँ अल्प शब्दोंसेही कहते हैं—

अग्निके सूक्त पढते पढते मंत्रोंका प्रकट अर्थ यही प्रतीत होता है कि ज्ञान और वाणीका प्रकाश करनेवाली यह देवता है। पढनेवालेके मनपर पहला बोध यह अंकित होता है कि, " अग्निके समान हम भी ज्ञान और वक्तृत्वद्वारा अपना प्रकाश जगत्में फैलावें।"

इंद्रके सूक्त पढनेसे पता लगता है कि, इंद्र अपने संपूर्ण शत्रुओंको भगा देता है और स्वयं विजय प्राप्त करके सबका अधिराज होता है। ये मंत्र

स्थूल अर्थके पढनेसे भी यह बोध पढनेवालेके मनपर होता है कि, " मैं भी अपने शत्रुओंका नाश करू और विजयी बनू।"

केवल स्थूल अर्थ भी इस प्रकार उन्नताकी ओर प्रेरणा करनेवाला है, फिर गूढ अर्थका विचार होने लगा और उससे लोग बोध लेने लगे, तो उस अवस्थाका विचारही क्या कहना है ? अस्तु। इस प्रकार वैदिक ज्ञान मानवी उन्नतिका साधक होनेमें कोई संदेहही नहीं है। इस ढगसे ऋग्वेद विचारोंकी शुद्धता करता है, यजुर्वेद प्रशस्ततम श्रेष्ठ कर्मोंकी ओर मनुष्योंको झुकाता है, सामवेद सदुपासनाद्वारा मनकी शांति रखनेका हेतु है और अथर्ववेद आत्मिक बल बढाकर ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति करनेमें सहायक होता है। यह [illegible] स्थूल अर्थ लेनेसेही होता है। परन्तु गूढ अर्थ लेनेपर वेदके सभी भाग ब्रह्मविद्याका प्रकाशन करनेद्वारा मनुष्योंकी उन्नतिका [illegible] सुगम करता है। यह किस रीतिसे होता है, यह आगे [illegible] बताया जायगा।

अस्तु। इस प्रकार यहाँ बताया कि वेद एक है और उसके चारो विभाग मानवी उन्नतिके साधक किस ढगसे होते हैं। अब " अध्यात्म " शब्दका विचार करना है।

(३) अध्यात्म।

अब अध्यात्म शब्दका विचार करना चाहिये और देखना चाहिये कि इस शब्दसे किसका ज्ञान होता है ? श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा है—

अक्षरं परमं ब्रह्म, स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते।

(श्री० भ० गीता० ८।३)

" कभी नष्ट न होनेवाला, सबसे श्रेष्ठ तत्व ब्रह्म कहलाता है और स्वभावका नाम अध्यात्म है। " यहाँ " स्व-भाव " शब्दका अर्थ स्वकीय भाव अर्थात् " अपना अस्तित्व " है। " मैं हू " यह जो भाव प्रत्येक प्राणिमात्रके अन्दर है, उस स्वकीय भावका नाम अध्यात्म है। अन्य पदार्थोंका भाव नष्ट होनेपर भी " मैं हू " इस भावका ज्ञान या प्रतीति

नष्ट नहीं होती, इसलिये यह निज भाव है, अतः इसका नाम " स्वभाव " है। इस अपने निज भाव अथवा स्वकीय अस्तित्वके भावका ज्ञान अध्यात्म नामसे प्रसिद्ध है। यही मुख्य विचार है। " मैं कैसा हूं, मैं कौन हूं, मैं कैसा यहाँ आया, कहाँसे मैं यहाँ आया, यहाँसे मैं कहाँ जाऊंगा, मेरा निजधर्म क्या है, मुझमें घटती वढती हो सकती है या नहीं ? " इत्यादि प्रश्नोंका विचार करनेका नाम अपने स्वकीय भावका विचार करना है। यही अध्यात्म-विचार है। अर्थात् यहाँ अध्यात्म शब्दका तात्पर्य अपना भाव, अपना अस्तित्वही है।

बृहदारण्यक उपनिषद्में अध्यात्मका वर्णन निम्नलिखित प्रकार किया है-

> वदिष्याम्येवाहमिति वाग्दध्रे द्रक्ष्याम्यहमिति चक्षुः श्रोष्याम्यहमिति श्रोत्रमेवमन्यानि कर्माणि यथा कर्म तानि मृत्युः श्रमो भूत्वोपयेमे तान्याप्नोत्तान्याप्त्वा मृत्युरवारुन्धत्तस्माच्छ्राम्यत्येव वाक् श्राम्यति चक्षुः श्राम्यति श्रोत्रमथेममेव नाप्नोद्योऽयं मध्यमः प्राणस्तानि ज्ञातुं दध्रिर अयं वै नः श्रेष्ठो यः संचरंश्चासंचरंश्च न व्यथतेऽथो न रिष्यति ... ... इत्यध्यात्मम् ॥
>
> (बृहदारण्यक उप० १।५।२१)

" मैं बोलूंगा ऐसा वाणीने कहा; मैं देखूंगा ऐसा चक्षुने कहा; मैं सुनूंगा, ऐसा कानोंने कहा; इसी प्रकार अन्य इंद्रियोंने अपने अपने कर्मके अनुसार निश्चय किया। तब मृत्यु श्रमका रूप लेकर उनके पास प्राप्त हुआ और उसने उनको घेर लिया। इसीलिये वाणी, चक्षु, श्रोत्र आदि इंद्रियाँ थकती हैं। परन्तु यह मुख्य प्राण अन्दर-बाहर संचार करता हुआ भी थकता नहीं, क्योंकि मृत्यु इन मुख्य प्राणपर अपना प्रभाव चला नहीं सका, इसीलिये यह प्राण सबमें श्रेष्ठ है........ ...... यह अध्यात्म-विचार है। "

अर्थात् अन्तरात्मासे लेकर सब स्थूल सूक्ष्म इंद्रियोंका जो विचार है, वही अध्यात्म-विचार है। और भी प्रमाण देखिये—

अथाध्यात्मम् । अधरा हनुः पूर्वरूपम् । उत्तरा हनुरुत्तररूपम् । वाक् संधि । जिह्वा संधानम् । इत्यध्यात्मम् ॥ (तै० उप० १।३।४)

शिक्षाका अध्यात्म यह है- "नीचली हनु पूर्व रूप, ऊपरली हनु उत्तर रूप, वाणी संधि और जिह्वा संधान है, यही अध्यात्म है।" अर्थात् शिक्षा-का सम्बन्ध अपने शरीरके इन अवयवोंके साथ होता है। तथा और देखिये-

मनो ब्रह्मेत्युपासीतेत्यध्यात्मम् । (छांदोग्य उ० ३।१८।१)
तदेतच्चतुष्पाद्ब्रह्म वाक् पादः प्राणः पादश्चक्षुः पादः श्रोत्रं पाद इत्यध्यात्मम् ॥ (छांदोग्य उ० ३।१८।२)

" मनकी ब्रह्मरूप उपासना करना अध्यात्म है। यह चार विभागोंमें ब्रह्म है। वाचा, प्राण, चक्षु और श्रोत्र यह अध्यात्म है।"

इतने वाक्योंके विचारसे स्पष्ट हो रहा है कि, अध्यात्म वही है, जिससे अपने अन्दरकी शक्तियोंका विचार होता है। आत्मा, बुद्धि, मन, चित्त, ज्ञानेंद्रियाँ, कर्मेंद्रियाँ तथा शरीरके अन्यान्य अवयव इन सबका विचार अध्यात्ममें होता है और इसीका नाम " स्व-भाव " अर्थात् अपना अस्तित्व या अपनी सत्ता किंवा "अपने अधिकारका कार्य-क्षेत्र " है। सबसे पहले यहाँ अध्यात्म शब्दसे ज्ञात होनेवाले क्षेत्रका निश्चित ज्ञान होना चाहिये, इसीलिये ये प्रमाण उद्धृत किये जा रहे हैं। इसलिये पाठक भी इन प्रमाणोंका पूर्ण विचार करें। यहाँ अब निम्नलिखित वचन भी देखिये—

अथाध्यात्म य एवायं मुख्य. प्राणः । [छां० १।५।३]
अथाध्यात्ममिदमेव मूर्तं यदन्यत्प्राणाच्च. ॥४॥
अथामूर्तं प्राणश्च . ॥ ५ ॥ (बृहदारण्यक उ० २।३)

" अब अध्यात्म मुख्य प्राण है। अब अध्यात्ममें प्राणसे भिन्न जो है, वह मूर्त स्थूल स्वरूप . और प्राण अमूर्त है।"

इस प्रमाणमें स्पष्ट कहा है कि, इस मनुष्यमें स्थूल और सूक्ष्म अथवा

मूर्त और अमूर्त किंवा मूर्तिमान् और मूर्तिरहित ऐसे दो भाग हैं। आत्मा-से लेकर प्राणतकका भाग अमूर्त किंवा सूक्ष्म है और प्राणसे लेकर शरीर-तकका भाग मूर्त अथवा स्थूल है। तात्पर्य, यही " अध्यात्म-विचार " है, जो अपने अन्दरकी संपूर्ण शक्तियोंका विचार है।

अथाध्यात्मम् ॥ १५ ॥ यः प्राणे तिष्ठन्... ॥ १६ ॥
यो वाचि तिष्ठन् ... ॥ १७ ॥ यश्चक्षुषि तिष्ठन् ...
॥ १८ ॥ यः श्रोत्रे तिष्ठन् ... ॥ १९ ॥ यो मनसि
तिष्ठन् ... ॥ २० ॥ यस्त्वचि तिष्ठन् ... ॥२१॥
यो विज्ञाने तिष्ठन् ... ॥ २२ ॥ यो रेतसि तिष्ठन्
रेतो अंतरो यं रेतो न वेद यस्य रेतः शरीरं यो
रेतोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मा अंतर्याम्यमृतः...॥२३॥
(बृहदारण्यक उ० ३।७।१५-२३)

" अब अध्यात्म-विचार -जो प्राण ... वाणी, ... चक्षु, ... श्रोत्र, ... मन, ... त्वचा, ... बुद्धि ... तथा रेतमें रहता है, परन्तु प्राणादि पदार्थ जिसको जान नहीं सकते और जिसका शरीर प्राणादि पदार्थ हैं, जो उन प्राणादिमें रहता हुआ उनका नियमन करता है, वही तेरा अन्तर्यामी अमर आत्मा है... ।"

इस वचनसे स्पष्ट सिद्ध हो रहा है कि अन्तरात्मासे अपने शरीरकी त्वचातक जितनी शक्तियाँ अपने अन्दर हैं, उन सबका यथायोग्य विचार करना अध्यात्म-विचारमें आ जाता है। और देखिये—

अथाध्यात्मम्। प्राणो व्यानोऽपान उदानः समानः।
चक्षुः श्रोत्रं मनो वाक् त्वक्। चर्म माँसँ स्नाव्वास्थि
मज्जा ॥ (तैत्ति० उ० १।७।१)

" अध्यात्म यह है- प्राण, व्यान, अपान, उदान, समान, चक्षु, श्रोत्र, मन, वाणी, त्वचा, चमडी, मांस, स्नायु, (अस्थि) हड्डी, मज्जा।"

अध्यात्ममें जिनका विचार होना है, उन स्थूल और सूक्ष्म पदार्थोंकी गिनती यहाँ की गई है और इसी कारण इस वचनसे अध्यात्मका अर्थ अति स्पष्ट हो जाता है। अपने अन्दरकी अन्यान्य छोटीमोटी शक्तियाँ तथा अन्यान्य अवयवोंका भी यहाँ परिगणन किया जा सकता है। यहाँ इस उपनिषद्वचनमें प्राणसे लेकर शरीरकी चमडीतक मुख्य पदार्थोंके नाम दिये हैं। इनका ग्रहण करनेसे ऐसाही समझना योग्य है कि इससे अन्यान्य संपूर्ण पदार्थोंका भी ग्रहण यहाँ हुआ है, अर्थात् आत्मासे लेकर शरीरतककी संपूर्ण शक्तियोंका विचार करना "अध्यात्म-विद्या" में होनेका निश्चय इस प्रकार होता है। इस प्रकार अध्यात्मका अर्थ निश्चय हुआ। अब विद्याका अर्थ देखना है।

(४) विद्या।

"विद्या" का अर्थ ज्ञान है यह सुप्रसिद्ध है। विद्याएँ अनेक प्रकारकी हैं, उनमें यह भी एक विद्या है।

इस रीतिसे हमने देखा कि "वेद, अध्यात्म और विद्या" इन तीनों शब्दोंके अर्थ क्या हैं। इन तीनों शब्दोंका मिलकर जो अर्थ होगा, वही "वैदिक अध्यात्म-विद्या" शब्दका अर्थ है। वेदमें जो अध्यात्म ज्ञान है, वेदमें सर्वत्र जो गुप्त अध्यात्म-विद्या है, उसीका यहाँ विचार करना है। अर्थात् आत्मा, बुद्धि, मन, प्राण, इन्द्रियाँ, शरीर आदिके अन्दरकी विविध शक्तियोंका जो विचार वेदमंत्रोंमें किया है, उसका प्रतिपादन इस लेखमें होगा और इस विचारसे बताया जायगा कि वेदमें यह अध्यात्म विद्या परिपूर्ण है और अन्यान्य ग्रंथोंमें जो दिखाई देती है, वह अंशरूपसे वेदमेंसेही ली गई है। अब इस अध्यात्मविद्याका महत्त्व देखिये—

(५) अध्यात्मविद्याका महत्त्व।

श्रीमद्भगवद्गीतामें जहाँ विभूतियोग कहा है, उसमें भगवान् श्रीकृष्णने कहा है कि—

अध्यात्मविद्या विद्यानाम्।

(भ० गी० १०।३२)

" संपूर्ण विद्याओंमें अध्यात्मविद्या मुख्य है, जो कि मैंही हूं।"

विभूतियोगमें सबसे मुख्योंका वर्णन है और संपूर्ण विद्याओंमें अध्यात्म-विद्या मुख्य होनेसे उस बातका इस ढंगसे यहाँ वर्णन किया है। जिस प्रकार संपूर्ण पर्वतोंमें सबसे श्रेष्ठ और उच्च हिमालय है, इसलिये भगवान् श्रीकृष्णने " सब पर्वतोंमें मैं हिमालय हूं, " ऐसा कहा है। उसी प्रकार अध्यात्म-विद्याकी उच्चता, श्रेष्ठता, मुख्यता और दिव्यता व्यक्त करनेके लियेही उक्त श्लोकमें " संपूर्ण विद्याओंके अन्दर अध्यात्म-विद्या मेरीही विभूति है, " ऐसा कहके सबको बताया है कि संपूर्ण विद्याओंमें अध्यात्मविद्याही श्रेष्ठ और मुख्य है। इसीलिये ज्ञान शब्दका अर्थ बतानेके समय—

अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम्।
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा ॥ ११ ॥
(भ० गीता १३)

" (१) अध्यात्मज्ञानको नित्य समझने, और (२) तत्त्वज्ञानके सिद्धांतोंके परिशीलन करनेको, ज्ञान कहते हैं, इसके अतिरिक्त जो कुछ है, वह सब अज्ञान है।"

अर्थात् कितनी भी अन्यान्य विद्याएँ प्राप्त हुईं और अध्यात्मज्ञान न प्राप्त हुआ, तो वह ज्ञानी नहीं कहा जायगा। ज्ञानी बननेके लिये अध्यात्मज्ञानका होना अत्यावश्यक है। इसीलिये इस अध्यात्मविद्याको परा विद्या अर्थात् श्रेष्ठ विद्या कहते हैं।

(६) परा विद्या।

उपनिषद्में प्रारम्भमेंही कहा है कि—

द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद्ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च ॥ ४ ॥ तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः... ॥ अथ परा यया तदक्षर-मधिगम्यते ॥ ५ ॥ (मुंडक उप० १)

विद्या चाऽविद्यां च यस्तद्वेदोभय सह ।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ॥ ११ ॥
(ईश० उप यजु० अ० ४०)

" जो अविद्याकी उपासना करते हैं, वे अज्ञानमें घुसते हैं और जो केवल विद्यामेंही रमते हैं, वे भी उससे अधिक अज्ञानमें जाते हैं। जो विद्या और अविद्याको साथ साथ उपयोगी समझते हैं, वे अविद्यासे मृत्युको तैर कर विद्यासेही अमृतको प्राप्त करते हैं। "

यहा केवल परा विद्या और केवल अपरा विद्यामें रममाण होनेसे हानि बताई है। परन्तु जिस सीमातक अपरा विद्या सुख दे सकती है, वहातक उसके सहारे पहुचना और पश्चात् परा विद्याका सहारा लेकर आगे बढना चाहिये। हम भी ऐसाही करेंगे कि जहातक हमें वेदोंके शब्दमय मत्र ले जा सकते हैं, वहातक हम उनके साथ साथ चले जायँगे और आगे देखेंगे कि आगेका मार्ग काटनेके लिये किसका सहारा मिलता है, या स्वयही अपनी शक्तिसे ऊपर चढनेकी योग्यता हममें आ सकती है।

यदि इसी समय हम कहेंगे कि शब्द जड है, इसलिये शब्दमय ज्ञान केवल अज्ञानही है, इस कारण वेदका सहारा लेनेसे क्या लाभ होगा? यदि हम ऐसा विचार करके चुप रहेंगे, तो हमारी वह मूर्खताही होगी। वेदका शब्द जड हो, परन्तु उसमें चेतन भाव है, वह आत्माका स्फुरण होनेके कारण और परमात्माका निःश्वसित होनेके कारण उन शब्दोंके अन्दर विद्यमान जो सनातन तथा अटल ज्ञान है, वह सब पाठकोंको निःसंदेह वहीं पहुचायेगा कि जहा हम सबको जाना है। इसलिये अन्य विचार छोडकर दृढ निश्चयसे पाठक इस वैदिक अध्यात्मविद्याका अध्ययन करें और वह अद्भुत आनन्द और शांति अपने अन्दर बढानेका यत्न करें, जो कि प्राचीन ऋषि और मुनियोंको प्राप्त थी और जो इस समयके हलचलमय युगमें किसी भी स्थानपर दिखाई नहीं देती।

(७) मंत्रोंका वर्गीकरण।

यास्काचार्यजीने अपने निरुक्तमें वेदोंका वर्गीकरण करते हुए कहा है कि-

तास्त्रिविधा ऋचः परोक्षकृताः प्रत्यक्षकृताः आध्यात्मिकयश्च। तत्र परोक्षकृताः सर्वाभिर्नामविभक्तिभिर्युज्यन्ते प्रथमपुरुषै-श्चाख्यातस्य ॥१॥... अथ प्रत्यक्षकृता मध्यपुरुषयोगास्त्व-मिति चैतेन सर्वनाम्ना ॥... अथाध्यात्मिक्य उत्तमपुरुष-योगा अहमिति चैतेन सर्वनाम्ना... ॥२॥ [निरुक्त० दै० १।१]

" मन्त्र तीन प्रकारके होते हैं— [१] परोक्षकृत, [२] प्रत्यक्षकृत, और [३] आध्यात्मिक। उनमें परोक्षकृत मंत्र वे हैं, जिनमें नामोंकी सब विभक्तियोंका प्रयोग होता है और " वह " [सः] इस सर्वनामके प्रयोगसे युक्त होते हैं। ... ... प्रत्यक्षकृत मन्त्र वे हैं, जिनमें " तू " [त्वं] इस सर्वनामका प्रयोग हुआ होता है और आध्यात्मिक वे मंत्र हैं, जिनमें " मैं " [अहं] इस सर्वनामका प्रयोग होता है। " जैसा—

[१] परोक्षकृत मंत्र- इंद्रो दिव इंद्र ईशे पृथिव्याः।
[इंद्र द्युलोक और इंद्र पृथिवीका ईश है।]

[२] प्रत्यक्षकृत मंत्र- त्वं इंद्र बलादधि।
[हे इंद्र! तू बलराक्षससे भी विशेष हुआ है।]

[३] आध्यात्मिक मंत्र- अहमिन्द्रो न पराजिग्ये।
[मैं इंद्र हूं, मेरा पराजय नहीं होगा।]

यास्काचार्य लिखते हैं कि—

परोक्षकृताः प्रत्यक्षकृताश्च मंत्रा भूयिष्ठा
अल्पश आध्यात्मिकाः। [निरुक्त दै. १।६]

अर्थात् " परोक्षकृत और प्रत्यक्षकृत मंत्र बहुत हैं और आध्यात्मिक मंत्र बहुतही थोडे हैं।" इस कथनसे यदि कोई यह अनुमान निकाले कि, वेदमें अध्यात्मविद्या बहुतही थोडी है और अन्य विद्याएँ बहुत हैं, तो वह अनुमान सरासर गलत होगा। यद्यपि उक्त वर्गीकरणसे वेदके अन्दर परोक्षकृत और प्रत्यक्षकृत मंत्र अधिक हैं और आध्यात्मिक थोडे हैं, तथापि

वेदमें सर्वत्र अध्यात्मविद्या भरी हुई है, यह बात इसी समय स्पष्ट हो जाती है। उक्त वर्गीकरणका तात्पर्य इतनाही है कि, वेदमें " वह " और " तू " के प्रयोगसे बने हुए मंत्र बहुत हैं और " मैं " शब्दके प्रयोगसे बने मन्त्र बहुतही थोडे हैं। यह वास्तविक बात है, परन्तु ऐसा होनेपर भी अपने प्रकृत विषयके लिये कोई हानि नहीं है। उदाहरणके लिये देखिये—

१ परोक्षकृत मंत्र — वह इन्द्र ... जगत्का प्रभु है।
२ प्रत्यक्षकृत मंत्र — हे इंद्र! तू .. जगत्का प्रभु है।
३ आध्यात्मिक मंत्र — मैं इन्द्र हूं . और जगत्का प्रभु हूं।

पाठक विचार करके इन तीनों वाक्योंसे जान सकते हैं कि, यद्यपि श्री यास्काचार्यजीके वर्गीकरणसे इनके तीन भेद हैं, तथापि " इन्द्रका जगत्प्रभु होना, " इस विषयके प्रतिपादनमें उक्त भेदोंके कारण कोई भी अन्तर नहीं आता है। अर्थात् आध्यात्मिक मन्त्रका जो अर्थ है, वही अन्य मन्त्रोंका भी होता है। " वह, तू अथवा मैं " इन शब्दोंके प्रयोग अवश्य होते रहें, परन्तु उससे उन मन्त्रोंके आध्यात्मिक अर्थ होनेमें कोई भी क्षति नहीं होती है; इसका नियम यह है कि " वह, तू और मैं " ये शब्द बदलकर भी अर्थात् ' पुरुष-व्यत्यय ' करके भी प्रत्येक मन्त्रको आध्यात्मिक भावमें परिणत करके उससे आध्यात्मिक बोध लेना प्राचीन प्रणालीही है। जैसा—

यह रामचन्द्र .. राजा है।
हे रामचन्द्र ! तू राजा है।
मैं रामचन्द्र हू और राजा हू।

इन तीनों वाक्योंमें रामचन्द्रका राजा होनाही मुख्य भाव है और वह सर्वत्र समानही है और यह मुख्य भावही प्रत्येक मंत्रसे लेना आवश्यक है। इस दृष्टिसे पाठकोंके ध्यानमें बात आगई होगी कि वेदमंत्रोंमें किसी भी पुरुषके प्रयोग हों, तो सब मंत्रोंसे आध्यात्मिक बोध लिया जा सकता है। भाष्योंमें इसी प्रकार किया जाता है और प्रत्येक भाष्यमें ऐसाही हुआ करता है। देखिये—

" यदि कोई किसीकी जान लेगा, तो वधके लिये योग्य होगा " इस कानूनके वाक्यमें पुल्लिंगका निर्देश है, अर्थात् " कोई पुरुष किसीकी जान लेगा, तो वह वध्य होगा, " ऐसा पुरुषवाचक भाव है, तथापि यदि किसी स्त्रीसे किसीका वध हुआ, तो वह स्त्री भी पुरुषके समानही दण्डनीय होती है। उसी प्रकार सब भाषाओंमें प्रयोग हैं। सारांशसे मंत्रोंमें भी यही है। पाठक इस कथनका तात्पर्यही समझें और शब्दकी खींचातानी न करें।

सभी व्याकरणाचार्य कहते हैं कि, वेदमें [१] पुरुष व्यत्यय, [२] लिंग-व्यत्यय, [३]विभक्ति विपरिणाम आदि होते हैं; इसका तात्पर्य यही है कि, वेदमंत्रोंके अर्थ आवश्यक परिस्थितिमें पुरुष, लिंग और विभक्ति छोडकर या बदलकर भी मनन किये जा सकते हैं और वैसा करना आर्ष प्रणालीके विरुद्ध नहीं है।

(८) तीन पुरुष।

सभी भाषाओंमें तीन पुरुष होते हैं। " [१] वह, [२]तू और [३] मैं " [सः, त्वं, अहं] ये तीन पुरुष हैं। इन तीनों पुरुषोंने सब जगत् व्याप लिया है। जो कुछ बोला या कहा जाता है, अथवा लिखा जाता है, वह सब इन तीन पुरुषोंमें होता है। सब जानते हैं कि, इनमें सबसे प्रिय " मैं [अहं] " ही है, इसीलिये इसको " उत्तम पुरुष " कहते हैं। संस्कृत-व्याकरणमें " मैं -[अहं] " का नाम " उत्तम पुरुष " है। हरएक प्राणिमात्रकी प्रीति जितनी अपनेपर अर्थात् " मैं " पर होती है, उतनी किसी अन्यपर नहीं होती। अपनेपर प्रीति होनेके कारणही अपने साथ सम्बन्ध रखनेवाले पदार्थों या प्राणियोंपर मनुष्य या अन्य प्राणी प्रीति करता है। ' तू और वह ' इन शब्दोंसे अपनेसे भिन्न सब जगत् बताया जाता है। अर्थात् जगत्के दोही विभाग हैं, एक विभागमें " मैं " का समावेश होता है और दूसरे विभागमें मैंसे भिन्न ' तू और वह ' का समावेश होता है। इसमें ' मैं ' का विचार मुख्य है और अन्योंका विचार

'मैं' के साथ सम्बन्ध माननेसेही करना पडता है। 'मैं' अथवा 'अह' का और इसकी शक्तियोंका विचार करना 'आत्मा' का विचार करनाही है, क्योंकि 'अह' [मैं] और "आत्मा" एकही पदार्थके निदर्शक शब्द हैं, इसी विचारसे उपनिषदोंमें कहा है—

न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति,
आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति।
आत्मा वा अरे द्रष्टव्य. श्रोतव्यो
मन्तव्यो निदिध्यासितव्य ॥ [बृहदारण्यक उप० २।४।५]

"सब (जगत्) के लिये सब (जगत्) प्रिय नहीं होता है, परन्तु आत्माके लियेही सब कुछ प्रिय होता है, इसलिये आत्मा देखना, सुनना और मनन करना चाहिये और उसीका निदिध्यासन करना चाहिये।"

इसमें 'सर्व' और 'आत्मा' ये दो शब्द हैं। आत्मा शब्द यहां "मैं [अह]" के लिये और सर्व शब्द 'वह और तू' के लिये है, अध्यात्म विचार यही है। आत्मा और आत्माके ऊपरकी शक्तियोंका विचार करनेका नामही अध्यात्मविचार है और यही "मैं" का विचार है।

(९) तीनोंका अभिन्नार्थमें प्रयोग।

"मैं, तू और वह [अह, त्व, स]" का वास्तविक प्रयोग विभिन्न अर्थमेंही होता है, परन्तु कई प्रसगोंमें इनके भिन्न प्रयोगसे एकही उद्देश बताया जाता है। कई प्रसग ऐसे होते हैं कि, जिनमें एकही व्यक्ति अपनेही लिये इन तीनों शब्दोंका उपयोग करती है। जैसा —

१ [अपनी छातीको हाथ लगाकर स्वय कहता है]—

यह अर्जुन सदा विजयी है।

२ [अपनेको सबोधन करके स्वय अपने आपसेही कहता है]—

अरे अर्जुन ! तू सदा विजयी है।

३ [स्पष्ट अपने उद्देश्यसे कहना निम्न प्रकार है]—

मैं अर्जुन सदा विजयी हूं।

इन तीनों वाक्योंका उद्देश एकही है, एकही व्यक्तिने एकही पुरुषको उद्देश करके ये वाक्य कहे हैं। यद्यपि इनमेंसे एक वाक्य "वह" शब्दके प्रयोगसे है, दूसरा "तू" शब्दके प्रयोगसे और तीसरा "मैं" शब्दके प्रयोगसे है, तथापि व्यक्ति, उद्देश और तात्पर्य एकही है। लोगोंके व्यवहारोंमें बोलनेमें भी मनुष्य अपने आपसे परोक्षवृत्तिसे और प्रत्यक्षवृत्तिसे भी बोलतेही हैं। यदि पाठक यह बात ठीक प्रकार समझेंगे, तो उनको यास्काचार्यका कथन ठीक रीतिसे समझमें आ जायगा।

पूर्व स्थानमें बताया है कि, मंत्र तीन प्रकारके हैं, परोक्षकृत, प्रत्यक्षकृत और आध्यात्मिक। ये तीन प्रकारके मंत्रोंके वर्ग बताते हुए भी यास्काचार्यजीका यह तात्पर्य नहीं है कि, इन तीनों वर्गोंके मंत्रोंका उद्देश विभिन्न है। यह केवल परोक्षवृत्ति, प्रत्यक्षवृत्ति और अध्यात्मवृत्तिकाही भेद है, अर्थात् कहनेके ढंगका भेद है। कहनेके ढंग बेशक विभिन्न हों; परन्तु उद्दिष्ट भिन्न नहीं होना चाहिये। श्री० यास्काचार्यजीका कहना भी यही है कि, मंत्रोंके ज्ञान बतानेके ये तीन ढंग हैं और इन तीनों ढंगोंसे एकही तत्त्वज्ञान वेदमंत्रोंद्वारा बताया गया है। "एकही सद्वस्तुके विभिन्न नाम होते हैं; एकही आत्मा अनेक प्रकारसे प्रशंसित होता है," इत्यादि कहकर श्री० यास्काचार्यजीने बतायाही है कि, कहनेके किंवा स्तुतिके ढंग अनेक हैं; परन्तु जिसकी प्रशंसा या जिसका वर्णन होता है, वह एकही पदार्थ या एकही तत्त्व है।

इसका तात्पर्य यह है कि, 'मैं, तू और वह' इन शब्दोंके प्रयोगोंसे विभिन्न मंत्रोंमें एकही अभिन्न तत्त्वका ज्ञान प्रतिपादन किया है, यह वेद समझनेके समय रहस्यकी बात स्मरणमें अवश्य रखनी चाहिये। अन्यथा वेदका तात्पर्य समझमेंही नहीं आ सकता।

(१०) कहनेकी सुगमता।

उक्त तीनों ढंग योग्य समयके लिये आवश्यकही हैं। एकही ढंग सर्वत्र

उपयोगी नहीं हो सकता। यदि सभी मन्त्र ' मैं ' शब्दके प्रयोगसे बने होते, या 'तू अथवा वह ' शब्दप्रयोगसे बने होते, तो वह सुगमता नहीं होती, जो आज है।

अपना कथन समझनेके लिये हम आत्मज्ञानकाही उदाहरण लेते हैं। किसीको आत्माके ज्ञानका उपदेश करना है, प्रथम " वह आत्मा इतने गुणोंसे युक्त है। " ऐसा वर्णन ' वह ' शब्दप्रयोगसेही कहना चाहिये। पश्चात् उपासनाका अवसर आता है, तो भक्तिकी जागृति होनेके पश्चात् ' हे आत्मन् ' तेरे ये गुण हैं। इत्यादि प्रकार उपासनाके विधिका उपदेश उसे करना चाहिये। इस प्रकार उपासना-द्वारा चित्त समवृत्तियुक्त होनेके पश्चात् जिस समय वह अपने अन्दर आत्माकी सत्ता अनुभव करने लगता है, उस समय वह कहने लगता है कि, ' मैंही आत्मा हूं। '

इस विचारसे पता लगता है कि, ' वह ' शब्दप्रयोगके मन्त्र सामान्य उपदेशके लिये, ' तू ' शब्दप्रयोगके मन्त्र उपासनाके लिये अथवा ध्यानके लिये और " मैं " शब्दप्रयोगके मन्त्र आत्मानुभवके लिये होते हैं। सदा आत्मानुभवी ज्ञानी कमही होते हैं, इसीलिये ' मैं ' शब्द प्रयोगके आध्यात्मिक मंत्र वेदमें कम हैं और अन्य मन्त्र अधिक हैं।

इस विचारसे तीनों प्रकारके मन्त्रोंका मुख्य उद्देश ध्यानमें आ जायगा। इतना होनेपर भी यह कदापि नहीं मानना चाहिये कि, तीनों ढंगोंसे एकही तत्त्वका कथन वेदमें नहीं हुआ है, अर्थात् सब प्रकारके मन्त्रोंसे एकही अध्यात्मविषयका वर्णन वेद कर रहा है और वह कहते हुएही अन्यान्य विद्याओंका प्रकाश वेद कर रहा है। क्योंकि संपूर्ण विद्याओंमें मुख्य विद्या अध्यात्मविद्याही है और अन्य विद्याएं उसकी अपेक्षासे गौण हैं।

(११) अमृतका पुत्र।

'अमृतस्वरूपी परमेश्वरका पुत्र हूं।' यह हरएक वेदाभ्यासी कहता है और जानता है, क्योंकि यही वेदकी शिक्षा है—

शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः

[ऋ. १०।१३।१; वा. य. ११।५]

"जिनका दिव्य स्थान है, वे अमृतके सब पुत्र सुनें।" इस मंत्रमें अमृतस्वरूप परमात्माके दिव्य पुत्रोंका वर्णन है। संपूर्ण जीवात्मा जो इस जगत्में अपनी उन्नतिके लिये प्रयत्न कर रहे हैं,अथवा जगत्में हैं, वे सब अमृतपुत्रही हैं। ईसाई मजहबमें "ईश्वरके एकही पुत्र" का वर्णन है, परन्तु यहां तो सभी ईश्वरके अमृतपुत्र हैं। सब जीवात्मा स्वयं ईश्वरके पुत्र हैं और इसी कारण परमात्माके जितने नाम हैं, वे सबके सब जिवात्माके लिये भी प्रयुक्त होते हैं। यदि ये जीवात्मागण सबके सब ईश्वरके पुत्र न होते, तो परमात्माके सब नाम जीवात्माके लिये भी कभी वर्ते न जाते। यह एक प्रमाणही वैदिक तत्त्वके अन्वेषणके लिये पर्याप्त है। मनुष्यके सम्बन्धका संपूर्ण "अध्यात्म-ज्ञान" इसमें पूर्ण रूपसे आ गया है। परन्तु जिज्ञासूको उचित है कि, वह इसका विचार अपने मनमें दृढ करनेके लिये आत्मावाचक संपूर्ण नामोंका उत्तम मनन करें। अन्यथा इस विषयका ज्ञान नहीं हो सकेगा।

(१२) पिता और पुत्रका सम्बन्ध।

जीवात्मा और परमात्माके नाम एक हैं, जो जो नाम परमात्माका है, वह जीवात्माका है और जो जीवात्माका है वह परमात्माका है। यह बात इसलिये है कि दोनोंके गुणधर्म कई अंशोंमें समान हैं। परमात्माके गुणधर्मोंकी व्याप्ति और परिमाण बहुतही विस्तृत है और जीवात्माके गुणधर्मोंकी व्याप्ति और परिमाण बहुतही अल्प है। यह बात

अर्थात् यह अल्पता और विस्तार छोड दिया जाय, तो शेष रहा गुणोंका गुणत्व दोनोंमें एक जैसाही है, यह बात यहां हरएकको निश्चित रूपसे ध्यानमें धरनी चाहिये । यह बात पाठकोंके मनपर स्थिर करनेके लिये ही परमात्माके और जीवात्माके एकही प्रकारके अनेक नाम वेदमें आये हैं । जैसा आत्मा, अज, अनादि, अनंत, चित्, सत्, प्राज्ञ आदि नाम दोनोंके समानही हैं । यह सत्य है कि, कई एक नाम परमात्माकी महती सत्ता होनेके कारण खास उसके लियेही प्रयुक्त होते हों, और कई अल्प सत्ता प्रतीत होनेके कारण खास उसीके लिये प्रयुक्त होते हों- यद्यपि ऐसे नाम यदि होंगे, तो अति अल्पही होंगे- इनको छोडकर शेष नाम दोनोंके समानही और एकही हैं । वेदके संपूर्ण नाम गुणधर्मोंके बोधक हैं, यह सब लोग जानते हैं, इससे यह सिद्ध है कि, जीवात्मा परमात्माके गुणधर्म -उनका अल्प और महान् परिणाम छोडनेके पश्चात् समानही हैं और उनमें कोई विशेष भेद नहीं है । इसके लिये एक उदाहरण लिया जाता है —

अग्निसे अनंत चिनगारियां चारों ओर निकलती हैं । वास्तवमें यह एक एक चिनगारी अत्यन्त छोटी होती है और समय समयपर केवल हवा लग जानेसे बिलकुल बुझ भी जाती है, परन्तु यदि यही छोटीसी चिनगारी सूखे घांसपर गिर गई और अनुकूल वायु उसकी सहायता करनेके लिये आ गई, तो वही चिनगारी बढकर बडे दावानल अग्निका स्वरूप लेती है और वनोंके वन जला सकती है, उस समय मूल अग्नि जिसकी कि यह चिनगारी थी- और यह बडा अग्नि इनमें कोई भेद नहीं रह सकता । अग्नि और चिनगारियोंका दृष्टांत उपनिषदोंमें भी आता है और इस दृष्टांतसे एक परमात्मा और अनंत जीवात्माओंका तत्व समझाया जाता है ।

पिता पुत्रके दृष्टांतमें भी यही बात है । पिताका पुत्र पिताके संपूर्ण अंगोंका सत्व अपने अन्दर धारण करता है । पिताके शरीरके अवयवोंके

अंशरूप प्रतिनिधि वीर्यमें इकट्ठे होकर वह वीर्य माताके रजसे संमिलित होकर पुत्रका देह बनता है। शरीरकी सब हड्डियां, रक्त, मांस तथा स्थूल और सूक्ष्म इंद्रियां आदिके अंश पुत्रमें उतरते हैं, यह बात न केवल गर्भोपनिषद्में लिखी है, परन्तु आजकलके योरोपीय शास्त्रसे भी सिद्ध है। तात्पर्य पिता पुत्रका यही सम्बन्ध है, देखिये शतपथमें कहा है-

(१३) पिताका सत्त्व।

अङ्गादङ्गात्संभवासि हृदयादधि जायसे।
स त्वमङ्गकषायोऽसि दिग्धविद्धामिव मादय॥
[बृह. उ. ६।४।९; शत. ब्रा. १४।९।४।८]

आत्मा वै पुत्रनामासि स जीव शरदः शतम्॥
[शत. ब्रा. १४।९।४।२६]

"हे पुत्र! तू पिताके प्रत्येक अंगसे उत्पन्न होता है और हृदयसे उत्पन्न होता है, वास्तवमें तू पिताके अंगोंका (कषायः) सत्त्व है।"
"पिताका आत्माही पुत्ररूपसे आया है।"

इत्यादि उपनिषद्वचन स्पष्टतासे कह रहे हैं कि, "पिताके शरीरका कषाय (सत्त्व) ही पुत्र है।" जिस प्रकार किसी औषधिका कषाय निकाला जाता है, उसमें अंशरूपसे अथवा अल्प प्रमाणसे उस औषधिका सत्त्व होता है, ठीक उसी प्रकार पिताके शरीरका तथा उसके शरीरके हरएक अवयवका सत्त्व पुत्रके शरीरमें होता है। इसी उदाहरणको अधिक स्पष्ट करनेके लिये पूर्वोक्त अग्नि और चिनगारियोंका दृष्टांत दिया है। अग्निका अंशरूप सत्त्व उस चिनगारीमें रहता है। पाठक समझतेही हैं कि, दृष्टांत ऐसे स्थलोंमें परिपूर्ण नहीं होता है, किसी अंशका भाव बतानेके लियेही होता है। तथापि इन सब दृष्टांतोंमें इतनी बात स्पष्ट है कि, जिस प्रकार अग्निका सत्त्व एक चिनगारीमें है और प्राणियोंमें हरएक पिताका सत्त्व उसके पुत्रमें है, उसी प्रकार परमात्माका अंशरूप सत्त्व हम सब जीवात्माओंमेंसे हरएकमें विद्यमान है। और जिस प्रकार

चिनगारी और पुत्रके स्थानमें उस सत्वका बढना भी हम देखते हैं, उसी प्रकार यहां भी बढनेकी सभावना है।

जीवात्मामें जो परमात्माका तत्व या सत्व है, यदि वह वहाँ विद्यमान है, तो बढना चाहिये। क्योंकि वह अदम्य वस्तु है। वह किसी भी प्रकार दबी नहीं रह सकती। अब विचारणीय बात यह है कि, किस हद-तक इसका विकास होता है? इसका उत्तर हम आगे जाकर देंगे, क्योंकि यह बडाभारी महत्वपूर्ण विषय है और इसके अन्यान्य पहलुओंका विचार वैदिक प्रमाणों द्वारा होनेके पूर्व इसका पूर्ण रूपसे निश्चय करना अयोग्य है। परन्तु इतना निश्चय है कि, इसका विकास होता है और इसके विकासकी मर्यादा इस समयतक किसी भी तत्वज्ञानीने निश्चित नहीं की है।

(१४) पुत्रका विकास।

जिस प्रकार चिनगारी बढकर बडे अग्निकी शकलमें परिणत होती है, जिस प्रकार पुत्रका शरीर बढकर पिताके शरीरके समान लंबाचौडा होता है, जिस प्रकार हरएक वृक्षके बीजका विस्तार होकर हरएक बीजसे वैसाही वृक्ष बननेकी सभावना निश्चित है, अर्थात् जहां जहां हम पितापुत्रका सम्बन्ध देखते हैं, वहाँ वहाँ पुत्रका पिताके समान बन जाना हम देखते हैं, तो यहाँ भी जीवात्माके आत्मतत्वकी शक्तिका विकास होना अवश्य समवनीय है। पूर्वोक्त उदाहरणोंमें यह अवश्य है कि, पुत्रका शरीर बढता है, परन्तु बढता बढता वह कभी भी पिता नहीं बन जाता, परन्तु सदा उस अपने पिताका पुत्रही रह जाता है, शरीर बेशक उसके समानही क्यों न बढ जाय, परन्तु अपने पिताकी अपेक्षासे वह पुत्रही कहलायेगा, यद्यपि वह अपने पुत्रोंका भी पिता क्यों न बना हो, तो भी अपने पिताका पुत्रही रहता है, तद्वत् यहां भी यह

परमात्माका अमृतपुत्रही रहेगा, परन्तु इसकी आत्मिक शक्तिका विकास होगा, जिस विकासकी मर्यादा इस समयतक किसीने निश्चित नहीं की है।

पितापुत्रसम्बन्ध परमात्मा-जीवात्मामें माननेसे और उन दोनोंके एक जैसे नाम वेदमें देखनेसे उक्त बात स्पष्ट प्रतीत होती है और उसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं रहता। अब विचार करेंगे कि इनके नामोंका मनन करनेसे किस बातकी सिद्धि होती है और जीवात्मा-परमात्माके एकही नाम रखनेमें वेदका अभीष्ट क्या है। सबसे प्रथम ओंकारका विचार करेंगे।

(१५) ओम् (ॐ) किंवा ओंकार।

यह शब्द "अ+उ+म्" इन तीन अक्षरोंसे बनता है, इनका अर्थ माण्डूक्य-उपनिषद्में निम्न प्रकार दिया है—

सोऽयमात्माऽध्यक्षरमोंकारोऽधिमात्रं पादा मात्रा मात्राश्च पादा अकार उकारो मकार इति॥ ८॥ जागरितस्थानो वैश्वानरोऽकारः प्रथमा मात्रासेराद्मित्वाद्वा॥ ९॥ स्वप्नस्थानस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षादुभयत्वाद्वा० ॥ १०॥ सुषुप्तस्थानः प्राज्ञो मकारस्तृतीया मात्रा मितेरपीतेर्वा० ॥ ११॥ अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोङ्कार आत्मैव संविशत्यात्मनात्मानं य एवं वेद॥ १२॥ (माण्डूक्य उपनिषद्)

"ओंकारकी चार मात्राएं और आत्माके चार पाद परस्पर एक दूसरेसे सम्बन्धित हैं। मात्राओंसे पाद और पादोंसे मात्रा, अकार, उकार और मकार परस्पर सम्बन्धित हैं। अकार पहिली मात्रा है, इसका जागृति-

स्थान वैश्वानर रूप है। यह पहिली मात्रा (ओंकारमें) है। यह अकार सबमें आदि और सबमें व्याप्त है० ॥ दूसरी मात्रा उकार है, इसका स्वप्नस्थान है और तैजस स्वरूप है, यह उत्कर्षका हेतु होती है और उभय स्थानों— अर्थात् एक ओर जागृति और दूसरी ओर सुषुप्तिके साथ सम्बन्ध रखती है० ॥ मकार तीसरी मात्रा है, इसका सुषुप्ति स्थान और प्राज्ञ स्वरूप है, यह सबको मापता है और एक हो जाता है० ॥ चतुर्थ मात्रासे जो दर्शाया जाता है, वह अव्यवहार्य, प्रपंचकी शांति करने-वाला शिव अद्वैत है, इस प्रकार ओंकार आत्माही है, जो यह जानता है, वह स्वयं आत्मामेंही प्रविष्ट होता है।"

"अ, उ, म्, अर्धमात्रा" ये ओंकारके चार पाद हैं और जाग्रत स्वप्न, सुषुप्ति और तुर्या ये चार अवस्थाएं आत्माकी हैं। ओंकारकी चार मात्राओंसे उक्त चार अवस्थाएं जानी जाती हैं, इसलिये ओंकार आत्मा का वाचक है, यह उक्त वचनोंका तात्पर्य है। हरएक जीव जागृतिका अनुभव लेता है, स्वप्न और सुषुप्तिकी स्थिति भी देखता है। इन तीन अवस्थाओंका जो अनुभव लेता है, वह तीनों अवस्थाओंसे भिन्न है, अत उसकी चतुर्थ (तुर्या) अवस्था है और शुद्ध आत्माका वही स्वरूप है। जागृति, स्वप्न और सुषुप्तिका अनुभव प्रतिदिन हरएक जीव लेता है, परन्तु तुर्यावस्थाका अनुभव लानेके लिये नाना प्रकारके योगादि साधन करना आवश्यक है।

समाधि-सुषुप्ति-मोक्षेषु ब्रह्मरूपता। (सांख्यदर्शन ५।११६)

"समाधि, सुषुप्ति और मुक्तिमें ब्रह्मरूपता होती है।" 'यह दर्शनोंका सिद्धांत है। उस सिद्धांतका बोधक वाक्य उक्त उपनिषद्में [अपीते] "एक हो जाता है," अर्थात् परमात्मासे एकरूप हो जाता है, यह है। अब उक्त उपनिषद्के तत्वको कोष्टकके रूपमें नीचे रख देता हूं, जिससे वह विषय पाठकोंके समझमें अति शीघ्र आ जायगा। देखिये—

ओंकारकी मात्रा	आत्माकी अवस्था	विश्वात्माके रूप	फल
अ	जागृति	वैश्वानर	आदि, व्याप्ति
उ	स्वप्न	तैजस	उत्कर्ष, उभय संबन्ध
म्	सुषुप्ति	प्राज्ञ	मापना, एक होना
अर्धमात्रा	तुर्या	शिव	अन्दर लीन होना
	[जीवात्मा]	[परमात्मा]	

इससे पाठकोंको पता लगेगा कि, उक्त चार अवस्थाएं जीवात्माकी हैं, हरएक जीवात्मा इन अवस्थाओंका अनुभव प्रतिदिन लेता है, इसलिये इस विषयमें शंकाही नहीं हो सकती। जिस कारण इन चार अवस्थाओंके निदर्शक चार अक्षर ओंकारमें हैं, उस कारण ओंकार जीवात्माका वाचक भी है। ओंकार विश्वात्माका वाचक है, इस विषयमें सब जानतेही हैं। परन्तु यह "ओं" शब्द केवल परमात्माकाही वाचक है और यह जीवात्माका वाचक है ही नहीं, ऐसा अब कोई नहीं कह सकता, क्योंकि यह माण्डूक्योपनिषद् ओंकारकी व्याख्याही है और उसने इसका भाव जीवात्मा और परमात्मा इन दोनों परक स्पष्ट रीतिसे बतायाही है, अतः इसमें कोई शंका नहीं हो सकती। अस्तु, इस प्रकार ओंकारका अर्थ जीवात्मा और परमात्मा है, यह हमने देखा; तथापि अधिक दृढताके लिये कुछ और भी वचन देखेंगे—

> प्रजापतिर्लोकानभ्यतपत्तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रयी विद्या सं-
> प्रास्रवत्तामभ्यतपत्तस्याऽभितप्ताया एतान्यक्षराणि सं-
> प्रास्रवन्त भूर्भुवः स्वरिति ॥ २ ॥ तान्यभ्यतपत्तेभ्योऽभि-
> तप्तेभ्यः ॐकारः संप्रास्रवत्० ॥ ३ ॥ [छांदोग्य उ० २।२३]

"प्रजापतिने तीनों लोकोंको तपाया, उन तपे हुए तीनों लोकोंसे तीन विद्याएं निकल आयीं; फिर उन विद्याओंको तपाया, उनसे भूः, भुवः, स्वः ये तीन अक्षर निर्माण हुए। फिर उनको तपाया, उनसे ओंकार [अर्थात् अ, उ, म्, ये तीन अक्षर] निर्माण हुए।"

अर्थात् यह ओंकार सब लोकों और सब विद्याओंका सार है। सब

वेदोंका सत्व इसमें है देखिये—

पृथ्वी	अन्तरिक्ष	द्यौः
ऋग्वेद	यजुर्वेद	सामवेद
(अग्नि)	(वायु)	(सूर्य)
भूः	भुवः	स्वः
अ	उ	म्

ओम् ॐ

इस प्रकार यह सारोंका सार किंवा तत्वोंका तत्व है। सत्का भी यह परम सत् है और उसका अर्थ मांडूक्य उपनिषद्में यथायाही है कि, यह जीवात्माकी तीन अवस्थाए बताकर चौथी असली अवस्थाकी ओर इशारा करता है, तथा परमात्माके वैश्वानरादि तीन रूप बताकर चौथे स्वरूपकी ओर पाठकोंको ले जाता है। जीवात्मा और परमात्माके गुणधर्मोंकी समानता यहाँ भी प्रकट हुई है। जीवात्माकी तीन अवस्थाएं अनुभवमें आती हैं और उनसे चौथी अवस्था सूचित होती है, उसी अपने अनुभवसे परमात्माकी रूपावस्थाए अनुमान करनी हैं। अर्थात् वेदका ज्ञान यदि किसी जगह प्रत्यक्ष करना है, तो वह अपने अन्दरही होगा है और परमात्माके अन्दर तो अपने अनुभवसे अनुमान करना है। इतना होनेपर भी किसीको शंका हो सकती है कि, ओंकारसे परमब्रह्म परमात्माकाही बोध केवल हो सकता है और किसी अन्य पदार्थका नहीं, उसको उचित है कि, वह प्रश्नोपनिषद्का निम्नलिखित वाक्य देखें—

एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म य ओंकारः०। [प्रश्न उप ५।२]

"हे सत्यकम! यह ओंकार परमब्रह्म और अपरमब्रह्मका वाचक है।" परमब्रह्म परमात्माका वाचक शब्द प्रसिद्ध है, परन्तु अपरमब्रह्म उससे भिन्न पदार्थका वाचक स्पष्ट है और इस भिन्न, पदार्थमें जीवात्मा भी समिलित है, इसमे शंका नहीं हो सकती।

तात्पर्य यह है कि, सब शब्दोंमें महत्वपूर्ण शब्द ओंकार है और यह भी परमात्माका वाचक होता हुआ, जीवात्माका भी वाचक होता है

और उसने जीवात्माकी चार अवस्थाएं (१) जागृति, (२) स्वप्न, (३) सुषुप्ति और (४) तुर्या बतायीं हैं। ओंकारकी महत्त्वपूर्ण विद्याका प्रत्यक्ष अनुभव करना हो, तो इन चार अवस्थाओंका विचार करके आत्मानुभव करना चाहिये, इन चार अवस्थाओंमें भी तीन विनाशी हैं और चतुर्थ अवस्थाही शुद्ध है, इस विषयमें प्रश्नोपनिषद्का कथन मननीय है-

तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता
अनुविप्रयुक्ताः। [प्रश्न उ० ५।६]

"ओंकारकी तीन मात्राएं [अर्थात् अ-उ-म् ये तीन मात्राएं] मरण-धर्मवाली हैं, ये एक दूसरेके साथ मिली जुली भी हैं।" तीनों अक्षरोंका मेल होनेसेही "ओं" शब्द बनता है और यह ओं शब्द 'जागृति-स्वप्न-सुषुप्ति' के मिश्रित अनुभवका बोधक है। जागृतिमें स्वप्न और सुषुप्तिका भी अनुभव होताही है। अर्थात् तीनों अवस्थाओंका मेल जागृतिमें होता है, स्वप्नका संबंध एक ओर जागृतिके साथ और दूसरी ओर सुषुप्तिके साथ होता है तथा सुषुप्ति-अवस्था उत्तम व्यतीत हो गई, तोही आगे जागृतिमें करनेके कार्य उत्तम हो सकते हैं, इत्यादि विचारसे इन तीनों अवस्थाओंका एक दूसरेके साथ कितना घनिष्ठ संबंध है, यह स्पष्ट हो जाता है और यह घनिष्ठ संबंध व्यक्त करनेके लियेही "अ-उ-म्"का मिश्रित ध्वनि "ओं" बनाया गया है। उक्त अवस्थाओंमें आत्माका अभिन्न संबंध है यह गुप्त बात इस प्रकार व्यक्त की गई है। पाठक इसका विचार करें और जानें कि ओंकार किस प्रकार आत्माका वाचक है और उसकी तीनों अवस्थाएं मरणधर्मवाली होनेपर भी वह तीनों अवस्थाओंका अनुभव करनेवाला होनेके कारण कैसा अज और अमर है। अस्तु, इस प्रकार ओंकार जीवात्माका वाचक निश्चित सिद्ध हुआ, यह परमात्माका वाचक प्रसिद्धही है, इसलिये उसके विषयमें अधिक कहनेकी आवश्यकता नहीं है। यही ओं शब्द यजुर्वेदके अंतिम मन्त्रमें आ गया है—

ओ३म् खं ब्रह्म॥ [वा० य० ४०।१७]

"ओं शब्दसे वाच्य (खं) आकाशरूप (ब्रह्म) ज्ञानपूर्ण ब्रह्म है" तथा यहाँ ओं शब्दका "रक्षक" अर्थ भी हो सकता है। अर्थात्

" रक्षक , आकाशरूप ज्ञानपूर्ण ब्रह्म " है। यहाँका ओम् शब्द और ब्रह्म शब्द भी परमात्मवाचक और साथ साथ जीवात्मवाचक होनेमें कोई शंका नहीं है। संपूर्ण ईशोपनिषद् दोनोंका वर्णन कर रहा है और यहाँ ये तीनों शब्द दोनोंके वाचक हो सकते हैं। ओंकारके जीवात्म-परमात्मपरक अर्थ पूर्वस्थलमें बतायेही हैं। ब्रह्म शब्द " पर और अपर ब्रह्म " नामसे प्रश्नोपनिषद्में प्रयुक्त होनेसे जीवात्मा-परमात्माका दर्शक निःसंदेह है और इस विषयमें अभी थोडी देरके पश्चात् विस्तारसे लिखनाही है। इसके अतिरिक्त " ब्रह्म " शब्दका मूल अर्थ " ज्ञान " है। वेदमंत्रोंमें प्रायः यह "ब्रह्म" शब्द ज्ञान अर्थमेंही आता है। ज्ञान और चित् एकही गुण है। जीवात्मा परमात्माका स्वरूप ज्ञानरूप किंवा चिद्रूप सुप्रसिद्ध है। जड प्रकृतिसे आत्मतत्त्वका जो भेद है वह इसी कारण है। इसलिये ज्ञानरूप होनेके कारण ब्रह्म शब्दका अर्थ जीवात्मा भी निःसंदेह है। इस प्रकार "ओं और ब्रह्म" शब्दोंका अर्थ जीवात्मपरक हुआ, अब रहा " ख " शब्द, यह " आकाश " वाचक है। जिस समय इसका परमात्मपरक संबंध देखना होता है, उस समय "महत् आकाश " ऐसा इसका अर्थ लिया जाता है, तथा जिस समय उसका जीवात्मासे संबंध देखना होता है, उस समय उसी " ख " का अर्थ " हृदयाकाश " लिया जाता है, देखिये—

" खं " (आकाश)

अयं वाव स योऽयमन्तःपुरुष आकाशः० ॥ ८ ॥
अयं वाव स योऽयमन्तर्हृदय आकाशस्तदेतत्पूर्ण० ॥ ९ ॥

(छांदोग्य उप० ३।१२)

यावान्वा अयमाकाशस्तावानेषोऽन्तर्हृदय आकाश
उभे अस्मिन् द्यावापृथिवी अन्तरेव समाहिते उभा-
वग्निश्च वायुश्च सूर्याचन्द्रमसावुभौ विद्युन्नक्षत्राणि
यच्चास्येहास्ति यच्च नास्ति सर्वं तदस्मिन्समाहितम् ॥ ३ ॥

(छांदोग्य उप० ८।१)

" यही है यह हृदयके अन्दरका आकाश० ॥ " " जितना आकाश बाहरके विश्वमें है उतनाही गहरा आकाश हृदयके अन्दर है, और इस

हृदयाकाशमें द्युलोक और पृथ्वीलोक अन्दरही अन्दर समाये हैं; अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्र, विद्युत्, नक्षत्र आदि सब जो कुछ है। वह सब इसमें समाया है।"

यह अन्दरके आकाशके विषयमें ऋषिका अनुभव है, ध्यानधारणा करनेवाला मनुष्य इस बातका अनुभव स्वयं ले सकता है। मनुष्यके हृदयमें जो आकाश है, उसमें अंशरूपसे उतनेही तेजस्वी पदार्थ हैं, जोकि, बाह्य आकाशमें हैं; क्योंकि परमात्माका अमृतपुत्रही यह है, इसलिये जो सम्पत्ति परमात्मा की है, वही इसकी अंशरूपसे है ही। हृदयाकाशमें यह रहता है और बाह्य विस्तृत आकाशमें वह रहता है। बाहर सूर्यादि बडे बडे तेजस्वी तारे जैसे हैं, वैसेही उन सबके अंशरूप प्रतिनिधि अपने अन्दर हृदयाकाशमें हैं। तात्पर्य आकाश जीवात्माके देहरूपी क्षेत्रमें भी है। तथा और देखिये—

य एष विज्ञानमयः पुरुषस्तदेषां प्राणानां विज्ञानेन
विज्ञानमादाय य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिन्
शेते तानि यदा गृह्णात्यथ हैतत्पुरुषः स्वपिति
नाम तद् गृहीत एव प्राणो भवति गृहीता वाक्
गृहीतं चक्षुर्गृहीतं श्रोत्रं गृहीतं मनः॥ (बृहदारण्यक० २।१।१७)
स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु
य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते० ॥

(बृहदारण्यक उप० ४।२।२२)

"यह विज्ञानमय पुरुष आत्मा प्राणों (और इंद्रियों) से विज्ञान प्राप्त कर हृदयके अन्दरके आकाशमें रहता है, तब उसको गाढ निद्रा होती है, उस समय प्राण, वाणी, चक्षु, श्रोत्र आदि यहाँही उसके साथ रहते हैं।"

इन विचारोंसे स्पष्ट हो रहा है, कि जीवात्माके रहनेका स्थान यह हृदयाकाश है, उसमें यह रहता है, इसीका नाम "खं" है। महदाकाश जो विश्वमें व्याप्त है, वह परमात्माका स्थान है और उसका भी नाम 'खं' है।

अब यजुर्वेदका मन्त्र पाठकोंको स्पष्ट हुआ होगा और उनको पता लगा होगा कि, "ओं खं ब्रह्म" ये तीनों शब्द जीवात्माके विषयमें

देहमें किस प्रकार घटते हैं और परमात्माके विषयमें कैसे पूर्ण रूपसे सार्थ होते हैं। जब यह ज्ञान ठीक ठीक होगा, तब अपने आत्माकी शक्तिका भी ज्ञान होगा और उस शक्तिके विकासका मार्ग खुल जायगा।

" वैदिक अध्यात्मविद्या " से यही लाभ है। यह विद्या अपनी आत्मिक शक्तिका विकास करनेका सीधा मार्ग बताती है और अपने अन्दर जो गुप्त शक्तियां गुप्तरूपसे हैं, उनका भी सत्य ज्ञान प्रकट करती है।

ओं—सुख।

" ओं " शब्द इस रीतिसे " आत्मा " किंवा जीवात्माका वाचक है और यही आत्मा अमृत, प्रिय, सुखमय व आनन्दमय है, इसीलिये वेदमें " ओमान्, ओमास " ये शब्द कि, जिनके अन्दर " ओम् " है, सुख विशेषकेही वाचक हैं, देखिये—

(१) ओमानं शयोर्ममकाय सूनवे त्रिधातु शर्म वहतं शुभस्पती॥
तथा— [ऋ० १।३४।६]

(२) ओमानमापो मानुषीरमृक्तं धात तोकाय तनयाय शं योः॥
[ऋ० ६।५०।७]

(३) ओमासश्चर्षणीधृतो विश्वे देवास आ गत॥ [ऋ० १।३।७]

"[१] हे [शुभस्पती] कल्याणके स्वामियो! [शं यो] शांतिसे पूर्ण और [ओमान] रक्षक सुखसे युक्त [त्रिधातु शर्म] कफपित्तवातकी समतासे उत्पन्न होनेवाला कल्याण मेरे पुत्रके लिये [वहत] ला दीजिये।"

यह मंत्र " अश्विनौ " देवताका है और अध्यात्ममें अश्विनौका स्थान नासिका है, क्योंकि ये दो देव श्वास और उच्छ्वासही हैं। यहां यह मंत्र योग्य प्राणायामद्वारा उत्तम आरोग्यप्राप्तिके यौगिक प्रयोगका सूचक है और उसके सूचक " ओमान, त्रिधातु शर्म " ये शब्द हैं। अब दूसरे मंत्रका अर्थ देखिये—

[२] मनुष्योंके प्रयत्नसे उत्पन्न जल! [तोकाय तनयाय] बाल-बच्चोंके लिये [शं यो] शांतिकी प्राप्ति और दुर्गुणके दूर होनेसे प्राप्त होनेवाले [अमृक्त] अहिंसापूर्ण [ओमान] रक्षक आनन्दको धारण कीजिये।"

जलचिकित्साका सूचक यह मंत्र है। जलके प्रयोगसे शरीरमें सब

धातुओंकी समता स्थिर होती है और विषमता दूर होती है और इससे बालबच्चे भी आरोग्य प्राप्त कर सकते हैं। अब तीसरा मंत्र देखिये—

"[३] [ओमासः] रक्षा करनेवाले, [चर्षणीधृतः] मनुष्योंका धारण-पोषण करनेवाले सब [देवासः] ज्ञानियो ! यहां आओ।"

इन तीनों मंत्रोंमें "ओं" युक्त शब्द "ओमानं, ओमासः" हैं और उनका अर्थ "रक्षक शक्ति, रक्षक सुख, रक्षक आत्मिक बल ही" है। ओम् शब्दही इन शब्दोंमें है और इसलिये इन शब्दोंका ऐसाही अर्थ होता है। मूल 'ओम्' शब्द आत्मा-वाचक है और संपूर्ण रक्षक शक्ति सुखके साथ उसमें रहती है, इसलिये ओं और ओम्से बने हुए शब्दोंमें भी वही अर्थ प्रधान रहता है। अस्तु, इस प्रकार हमने देखा कि, ओम् शब्द आत्मावाचक है और उसका प्रयोग जीवात्मा और परमात्माके लिये उपनिषदोंमें भी है। अब ओम्के विचारके पश्चात् अब फिर प्रश्नोपनिषद्के वाक्यकी ओर आते हैं—

एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म य ओंकारः। [प्रश्न उप० ५।२]

"पर और अपर ब्रह्म इस ओंकारसे बताया जाता है।" ओंकार अपर ब्रह्म अर्थात् छोटा ब्रह्म है और परब्रह्म अर्थात् श्रेष्ठ ब्रह्म भी है। यहां ब्रह्म शब्द भी परमात्माके समानही जीवात्माका वाचक है, ऐसा प्रतीत होता है, इसलिये इसका अब विचार करना चाहिये।

ब्रह्म।

प्रायः लोगोंका ख्याल है कि, "ब्रह्म" शब्द केवल परमात्माकाही वाचक है और जीवात्माका वाचक नहीं है। परन्तु यह उतनीही अशुद्धि है कि, जितनी हमने ओंकारके विषयमें अशुद्धि देखी है।

इस विषयमें पहली बात यह है कि, ब्रह्म शब्द वेदमें ज्ञानवाचक है। इसलिये ज्ञान जहां है, वहां ब्रह्म शब्दका प्रयोग हो सकता है। सद् और चित् (ज्ञान) ये दो गुण जीवात्माके अन्दर प्रत्यक्ष हैं, इसलिये ज्ञानवाचक ब्रह्म शब्द भी जीवात्माका वाचक होना स्वाभाविकही है। ब्रह्म शब्द ज्ञानवाचक है, इसीलिये ज्ञान गुणसे मण्डित ब्राह्मणके लिये

भी वेदमें कई स्थानपर " ब्रह्म " शब्द आ गया है। इससे सिद्ध होता है कि, ब्रह्म शब्द सचमुच ज्ञानवाचक है और इसी कारण वह ज्ञान गुणसे युक्त जीवात्माका भी वाचक हो सकता है।

पूर्वोक्त प्रश्नोपनिषद्‌के वाक्यमें परब्रह्म और अपरब्रह्म ये शब्द आ गये हैं। इनमेंसे एक श्रेष्ठ ब्रह्मका वाचक और दूसरा छोटे ब्रह्मका वाचक है। इन शब्दोंके साथ निम्नलिखित शब्द भी देखिये—

ब्रह्म	परब्रह्म
,,	ज्येष्ठ ब्रह्म
,,	श्रेष्ठ ब्रह्म
इन्द्र	महेन्द्र
आत्मा	परमात्मा

इन शब्दोंके विचारसे पता चल सकता है कि, ब्रह्म शब्दके दोनों अर्थ हैं। इस विषयमें अब निम्न मन्त्र देखिये—

> अस्थि कृत्वा समिधं तदष्टापो असादयन्। रेतः कृत्वा आज्यं देवा पुरुषमाविशन् ॥ २९ ॥ या आपो याश्च देवता या विराड् ब्रह्मणा सह। शरीरं ब्रह्म प्राविशच्छरीरेऽधि प्रजापतिः ॥ ३० ॥ [अथर्व० ११।८]

" हड्डियोंकी समिधायें बनाकर (रेत आज्य कृत्वा) और रेतका घी बनाकर (अष्ट आपः) आठ प्रकारके रसोंको लेकर [देवा पुरुष आविशन्) सब देव पुरुषमें अर्थात् मनुष्यके शरीरमें घुस गये हैं। जो (आप) रस और जो अन्य देवताएं हैं और ब्रह्मके साथ जो विराट् है, उन सबके साथ ब्रह्म (शरीर प्राविशत्) शरीरमें प्रविष्ट हुआ है और शरीरके ऊपर वह प्रजापति निश्चित हुआ है। "

उक्त मन्त्रोंमें एक महत्त्वपूर्ण बात कही है, वह यह है कि, " वीर्यका घी बनाया और उसका हवन किया गया और उस यज्ञके लिये सब देव मनुष्यशरीरमें प्रविष्ट हुए और सब देवोंके साथ ब्रह्म भी प्रविष्ट हुआ। "

गर्भाधान भी एक बडा भारी यज्ञ है, उसमें गर्भस्थानकी अग्निमें वीर्यरूपी आज्य हवन किया जाता है। जहां यजमान गर्भाधान करता है, वहाँ

वेद सूचना दे रहा है कि, यह एक स्थूल सुख भोगनेका साधन मनुष्य न समझे, परन्तु देवोंके प्रवेशके लिये वह बडा भारी यज्ञ रचनेका एक अमूल्य अवसर है, ऐसा समझें और जहां देव प्रविष्ट होते हैं, वहाँ बडी सावधानीके साथ व्यवहार करना चाहिये, इतना विचार तो कमसे कम मनमें धारणा करें। यदि यह विचार वैदिक धर्मी लोगोंके मनमें स्थिर हो जायगा, तो उनके जीवनमेंही परिवर्तन आ जायगा। भोगतृष्णा हट जायगी और कर्तव्यपालनकी महत्त्वपूर्ण इच्छा कार्य करेगी। अस्तु।

उक्त मंत्रमें 'ब्रह्मका शरीरमें प्रवेश हुआ है और उस ब्रह्मके साथ अन्यान्य देव भी आ गये हैं।' यह बात असंदिग्ध शब्दोंद्वारा कही है। इस मनुष्यके शरीरमें ब्रह्म और अन्यान्य देवताएं निवास करती हैं, तो तैंतीस देव भी यहांही हैं, यह बात सिद्ध हुई और निश्चय हुआ कि जिस प्रकार परमात्माके ब्रह्माण्ड देहमें महान् तैंतीस देव हैं, इसी प्रकार हमारे छोटे शरीरमें भी छोटे तैंतीस देवोंके अंश विद्यमान हैं। यही समानता परम पिता परमात्मामें और हममें देखनी चाहिये। यह देखनेसे पता लगेगा कि निम्न मंत्रका अर्थ क्या है—

यस्य त्रयस्त्रिंशद्देवा अङ्गे गात्रा विभेजिरे।
तान्वै त्रयस्त्रिंशद्देवानेके ब्रह्मविदो विदुः॥ २७॥
यस्य त्रयस्त्रिंशद्देवा निधिं रक्षन्ति सर्वदा।
निधिं तमद्य को वेद यं देवा अभिरक्षथ॥ २३॥

[अथर्व० १०।७]

'जिसके गात्रोंमें [त्रयः त्रिंशत् देवाः] तैंतीस देव विशेष सेवा कर रहे हैं; अंगोंके उन तैंतीस देवोंको अकेले ब्रह्मज्ञानीही जानते हैं। तैंतीस देव जिसका निधि सुरक्षित रखते हैं, उसको आज कौन जानता है?'

इन मंत्रोंका अर्थ केवल परमात्मपरक समझा जाता है, परन्तु यह उसी प्रकार जीवात्मपरक भी है, क्योंकि जीवात्माके शरीरमें भी ब्रह्मके साथ अन्यान्य तैंतीस देव अंशरूपसे रहेही हैं, इसलिये जिस प्रकार ब्रह्माण्ड देहमें विशाल तैंतीस देव परब्रह्मकी सेवा कर रहे हैं, ठीक उसी प्रकार इस छोटे देहमें छोटे ब्रह्मके साथ तैंतीस देवोंके छोटे छोटे अंश आकर सेवा कर

रहे हैं। यह जीवात्मा और परमात्माके वर्णनोंकी समानताही यहां देखनी चाहिये और इन मन्त्रोंद्वारा परमात्माकी विशाल शक्तिके वर्णनके साथ साथ हम जीवात्माओंकी अनन्त, गुप्त और अविकसित शक्तियोंका भी वर्णन कैसा है, यह भी देखना और उसका अपने अन्दर अनुभव करना चाहिये।

उक्त मन्त्रमें कहा है कि, 'यह गूढ ब्रह्मज्ञानी लोग जानते हैं।' यहाँका "ब्रह्मवित्" शब्द "आत्मवित्" किंवा आत्मज्ञानीके अर्थमें यहां प्रयुक्त हुआ है, यह भूलना नहीं चाहिये। अर्थात् 'ब्रह्मवित्' अथवा आत्मवित् का अर्थ अपने जीवात्मा और उसकी शक्तियोंको यथावत् जाननेवाला है। केवल जाननेवाला नहीं प्रत्युत उन शक्तियोंको अपने वशमें रखकर उनको योग्य रीतिसे वर्तनेवालाही आत्मज्ञानी कहलाता है। क्योंकि—

ये पुरुषे ब्रह्म विदुस्ते विदु परमेष्ठिनम्। [अथर्व० १०।७।१७]

"जो ज्ञानी पुरुषके अन्दर ब्रह्मका अनुभव करते हैं, वेही परमेष्ठीको जानते हैं।" अर्थात् जो अपने जीवात्मा और उसके साथवाली शक्तियोंको यथावत् जानते हैं, उनकोही "ब्रह्मवित्, ब्रह्मज्ञानी, आत्मवित्, आत्मज्ञानी" कहते हैं, इस मन्त्रमें "ब्रह्म विदु" शब्द हैं, यही "ब्रह्मवित्" है। इस प्रकार ज्येष्ठ ब्रह्म परमात्माका नाम है और केवल ब्रह्म शब्द जीवात्मा परमात्माका भी समानतया बोधक होता है। इस विषयमें निम्नलिखित मन्त्र यहाँ देखिये—

तस्माद्वै विद्वान् पुरुषमिदं ब्रह्मेति मन्यते।
सर्वा ह्यस्मिन्देवता गावो गोष्ठ इवासते॥ [अथर्व० ११।८।३२]

"इसीलिये ज्ञानी इस पुरुषको ब्रह्म मानता है, क्योंकि जैसी गौवें गोशालामें इकट्ठी रहती हैं, उसी प्रकार इसमें सब देव इकट्ठे रहते हैं।"

अर्थात् इस पुरुषके शरीरमें सब देव हैं और उनके ऊपर अधिष्ठाता जीवात्मा है, इस आत्माका नाम ब्रह्म है और परमात्मा ज्येष्ठ ब्रह्म कहलाता है।

इतने मन्त्रोंका मनन होनेसे ब्रह्म शब्दका अर्थ स्पष्ट हो जाता है। जिस प्रकार आत्मा शब्द जीवात्मा और परमात्माका वाचक है, उसी प्रकार

ब्रह्म शब्द भी उन दोनोंका वाचक है और वेदके भी कई मंत्र दोनोंका समानतया वर्णन करनेवाले हैं। यदि पाठक इस रीतिसे मनन करेंगे, तो उनको वेदमंत्रोंमें अपनी आत्मिक शक्तियोंका वर्णन दिखाई देगा और उन शक्तियोंका ज्ञान होनेसे वेद-मंत्रोंद्वाराही शक्तियोंका विकास करनेका ज्ञान हो जायगा। अध्यात्म-विद्याका यही प्रत्यक्ष लाभ है। अब उपनिषदोंमें ब्रह्म शब्दका जीवात्मपरक अर्थ हैं वा नहीं, इसका विचार करेंगे—

यद्वाचाऽनभ्युदितं येन वागभ्युद्यते।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥ ४ ॥
यन्मनसा न मनुते येन आहुर्मनो मतम्।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥ ५ ॥
यच्चक्षुषा न पश्यति येन चक्षूंषि पश्यति।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥ ६ ॥
यच्छ्रोत्रेण न शृणोति येन श्रोत्रमिदं श्रुतम्।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥ ७ ॥
यत्प्राणेन न प्राणिति येन प्राणः प्रणीयते।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥ ८ ॥ [केन उप० १]

जो वाणीसे प्रकाशित नहीं होता, जिसका मनसे विचार नहीं किया जाता, जो आंखोंसे नहीं देखता, जो कानोंसे नहीं सुनता और जिसका जीवन प्राणसे नहीं होता; परन्तु जिससे वाणी स्फुरित होती है, जिसकी प्रेरणासे मन मनन करता है, जिसकी शक्तिसे आंखें देखती हैं, कान सुनते हैं और प्राण संचार करता रहता है, वह ब्रह्म है।"

इससे पूर्व प्रश्न उठाया था कि, "किसकी प्रेरणासे वाणी, मन, आंख, कान और प्राण अपना कार्य करते हैं?" उत्तरमें यहाँ कहा गया कि, वाणी, मन, आंख, कान और प्राण आदिकोंका प्रेरक इस शरीरमें ब्रह्म है। इस ब्रह्मकी प्रेरणासे ये सब इंद्रियाँ अपना कार्य करनेमें समर्थ हो रही हैं।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि, यहाँ ब्रह्म शब्दका अर्थ क्या है? कई लोग समझते हैं कि, यहां ब्रह्म शब्द परब्रह्मके अर्थमें हैं, परन्तु पूर्वापर

सम्बन्धसे विचार करनेपर पता लग जायगा कि, यह देह-व्यापारका वर्णन है और इसलिये यहाँका ब्रह्म शरीरधारी जीवात्माकाही वाचक है।

यदि यहाँका ब्रह्म शब्द परमात्माका वाचक माना जाय, तो मन वाणी आदिका प्रेरक परमात्मा होगा और प्रेरक होनेके कारण इनके कर्मोंसे प्राप्त होनेवाले सुखदु:खका भोक्ता भी वही होगा!! इस अनर्थको हटानेके लिये उचित है कि, प्रकरणानुकूलही यहां "ब्रह्म" शब्दका जीवात्मा अर्थही मानना योग्य है, क्योंकि शरीरावयवोंके प्रेरकको बतानेका उपदेश यहां है। इस विषयमें छान्दोग्योपनिषद्का प्रमाण देखिये—

तदेतच्चतुष्पाद्ब्रह्म वाक् पादः प्राणः पादश्चक्षुः पादः श्रोत्रं पाद इत्यध्यात्मं ॥२॥ वागेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः ॥३॥ प्राण एव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः ॥४॥ चक्षुरेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः ॥५॥ श्रोत्रमेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः ॥६॥ [छांदोग्य० ३।१८]

" उस ब्रह्मके चार पाद हैं, वाक्, प्राण, चक्षु और श्रोत्र, ये अध्यात्ममें ब्रह्मके चार पाद हैं।"

पाठकोंको स्मरण रहे कि, इसी उपनिषद्वाक्यमें आधिदैवतमें परब्रह्मके चार पाद अग्नि, वायु, आदित्य और दिशाएँ कहे हैं। इससे स्पष्ट है कि, अध्यात्म-पक्षमें अपने शरीरके अन्दर आत्माही ब्रह्म नाम पाता है और उसके वाक्, प्राण, चक्षु और श्रोत्र ये चार पाद हैं। इससे सिद्ध है कि, यहाँ जीवात्माका नामही ब्रह्म है। और प्रमाण देखिये—

ब्रह्म तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनो ब्रह्म वेद।

[बृहदारण्यक उप २।४।६]

" ब्रह्म उसे दूर करता है, जो अपने आत्मासे भिन्न ब्रह्मको जानता है।" अर्थात् सबसे पहिले अपने आत्माको ब्रह्म मानकर ब्रह्मसत्ताका यहाँ अनुभव करना चाहिये, इस विषयमें पहिले जो अथर्ववेदके मंत्र आये हैं, उनका यहाँ फिर मनन कीजिये (अथर्व ११।८।३२ तथा अथर्व १०।७।१७)। इन मंत्रोंकाही भाव इस उपनिषद्वचनमें है। (पृष्ठ २२८ देखिये)

कई यहाँ प्रश्न करेंगे कि, यदि जीवात्माका नाम ब्रह्म हुआ और परमात्मा

का नाम भी ब्रह्म हुआ, तो दोनोंका भेद नष्ट हो जायगा। इत्यादि आशंकाएँ व्यर्थ हैं, क्योंकि जीवात्मा परमात्माका भेद जाग्रत अवस्थामें अनुभवसिद्ध है और सुषुप्ति तथा तुर्यामें जीवात्माको भी ब्रह्मरूपताके अभेदका अनुभव सदासे सिद्ध है। अर्थात् यहाँ जाग्रत आदि अवस्था-भेदसे भिन्नरूपता और अभिन्नरूपता इन दोनोंका अनुभव है और यह होते हुए भी "अज, आत्मा, सत्" आदि अनेक नाम दोनोंके लिये एकही हैं। नामोंके एक होनेसे भेदवादियों और अभेदवादियोंके लिये कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि भेदाभेदका विचार अनुभव तथा अवस्थाओं-परही निर्भर है और उसका नामोंके एक होने या न होनेसे कोई सम्बन्ध नहीं है। तात्पर्य जीवात्माका नाम ब्रह्म सिद्ध होनेसे भी कोई आपत्ति नहीं होती है, जैसा "आत्मा" नाम दोनोंके लिये एकही है, उसी प्रकार "ब्रह्म" भी नाम दोनोंके लिये एकही है। अब ब्रह्मपुरीका वर्णन देखिये, यह देखनेसे भी ब्रह्मका पता स्पष्ट रीतिसे लग सकता है—

यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुः प्राणं प्रजां ददुः ॥२९॥
न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते ॥३०॥
अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः ॥३१॥
तस्मिन्हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते।
तस्मिन्यद्यक्षमात्मन्वत्तद्वै ब्रह्मविदो विदुः ॥३२॥
प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा संपरीवृताम्।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम् ॥३३॥ [अथर्व. १०।२]

"जो अमृतसे वेष्टित (ब्रह्मणः पुरं) ब्रह्मकी नगरीको (वेद) जानता है, उसके लिये स्वयं ब्रह्म और (ब्राह्माः) ब्रह्मसे उत्पन्न सब देव चक्षु, प्राण और प्रजा देते हैं। (जरसः पुरा) वृद्धावस्थाके पूर्व प्राण अथवा चक्षु उसे छोडता नहीं, (यः) जो (ब्रह्मणः पुरं) ब्रह्मकी नगरीको

(वेद) जानता है। आठ चक्रों और नौ द्वारोंसे युक्त यह (देवानां अयोध्या) देवोंकी अयोध्या नगरी है, इसमें सुवर्णमय कोश तेजसे युक्त स्वर्गही है। उस सुवर्ण कोशके तीन आरे हैं और तीन आधार हैं, उसमें जो (यक्ष) पूज्य देव है उसको ब्रह्मज्ञानीही जानते हैं। तेजस्वी दुःखोंका हरण करनेवाली और यशसे युक्त सुवर्णमयी इस अपराजित नगरीमें ब्रह्म प्रविष्ट हुआ है। '

यहां ब्रह्मपुरीका वर्णन पाठक देख सकते हैं। इस ब्रह्मपुरीके वर्णनमें पाठकोंको निम्न बातें ध्यानसे देखना चाहियें— (१) इस नगरीके नौ द्वार हैं (२) इसमें आठ चक्र हैं (३) इसके अन्दर सुवर्णसे परिपूर्ण तेजस्वी कोश (खजाना) है (४) इस कोशके तीन आरे हैं और तीन आधारोंसे यह रहा है, (५) इसी नगरीमें ब्रह्म प्रवेश करता है और (६) इस नगरीमें रहनेके कारण उसको पुरुष कहते हैं।

पाठक विचार करें कि यह वर्णन किसका है इस वर्णनसे हम ब्रह्म नगरीके स्थानका पता निश्चयसे लगा सकते हैं। देखिये- (१) इस ब्रह्मनगरीके नौ दरवाजे हैं दो आंख, दो कान, दो नाक, एक मुख गुदद्वार और एक मूत्रद्वार ये इस नगरीके नौ द्वार हैं, (२) मूलाधार, स्वाधिष्ठान मणिपूरक, अनाहत विशुद्धि, आज्ञा, सहस्रार आदि आठ चक्र पृष्ठवंशमें और मस्तिष्कमें कार्य कर रहे हैं, (३) यही हृदयही सुवर्ण कोश है जहांसे सब अंगों और अवयवोंका पोषण होता है, (४) इस हृदय-कोशके तीन आधार स्पष्टही हैं, (५) इसीमें जीवात्माका प्रवेश होता है और (६) इसमें रहनेके कारणही अर्थात् इस पुरीमें बसनेके कारणही इसको पुरुष (पुरि वस्=पुर वस्) कहते हैं। यह सब वर्णन इस शरीरकाही नि संदेह है और यह ब्रह्मनगरी यदि शरीरही है, तो शरीरी अथवा देही जो आत्मा है, वही यहांका अधिष्ठाता स्पष्ट है। और उसीका नाम ब्रह्म है, अतः इस नगरीको भी ब्रह्मनगरी कहते हैं। ब्रह्मकी यह शरीर नगरी है और इस ब्रह्मनगरी (शरीर) में रहनेवाला शरीरी किंवा देही आत्माही ब्रह्म है। अस्तु। इस प्रकार हमें ब्रह्म नगरीके वर्णनसे भी पता लगा कि, जीवात्माका नाम ब्रह्म है और ज्येष्ठ ब्रह्म इससे

भिन्न है, जिसका नाम परब्रह्म भी है। जिस प्रकार—

आत्मा	परमात्मा
इंद्र	महेन्द्र
ईश	महेश, ईश्वर, परमेश्वर
देव	महादेव
क्रतु	महाक्रतु
पुरुष	विराट् पुरुष, पुरुषोत्तम
रुद्र	महारुद्र

ये शब्द हैं। उसी प्रकार—

ब्रह्म	परब्रह्म
,,	ज्येष्ठब्रह्म
,,	श्रेष्ठब्रह्म

ये शब्द भी हैं। यदि पाठक इन शब्दोंका ठीक ठीक मनन करेंगे और साथ साथ ऊपर दिया हुआ 'ब्रह्मनगरी' का भी उत्तम विचार करेंगे और उसमें प्रविष्ट होनेवाले ब्रह्मकी ठीक ठीक कल्पना मनमें खडी करेंगे, तो उनको इस विषयका उत्तम निश्चय हो सकता है, कि यहांके आत्माका नाम ब्रह्म है और विश्वव्यापक आत्माका नाम परब्रह्म है, जिनका जाग्रतिमें भेद औ सुषुप्ति समाधि मुक्तिकी स्थिति अभेद है, तथा—

१ अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशस्तस्मिन्यदन्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यमिति
[छांदोग्य उप. ८।१।१]

२ दिव्ये ब्रह्मपुरे ह्येष व्योम्न्यात्मा प्रतिष्ठितः।
मनोमयः प्राणशरीरनेता प्रतिष्ठितोऽन्ने हृदयं संनिधाय।
[मुंडक उप. २।२।७]

"[१] इस ब्रह्मनगरीमें एक उत्तम कमल है, उसमें उत्तम आकाश है; उसमें जो ढूंढनेयोग्य है वही जाननेयोग्य है। [२] इस दिव्य ब्रह्मपुरीमें जो आकाश है उसमें आत्मा रहता है, वह मनोमय और प्राणरूप शरीरका चलानेवाला है।"

इस वर्णनसे भी पता लगता है कि, इस शरीररूपी ब्रह्म-पुरीमें हृदय कमलही सबसे उत्तम कमल है। इसमें आत्मा है और यही आत्मा मनकी शक्तिके साथ प्राणयुक्त इस शरीरमें कार्य कर रहा है। क्या यह वर्णन अपने शरीरमेंही अनुभव लेनेयोग्य नहीं है? पाठक-गण! यही तो आपके लिये ढूंढना है और वहां पहुंचकर अपनी सत्ताका अनुभव करना है। यदि आप इस विषयका प्रयत्न न करेंगे तो देखिये वेदही आपसे क्या पूछना चाहता है—

यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति? [ऋग्वेद १।१६४।३९]

"जो उसे नहीं जानता वह [ऋचा] वेदके मन्त्रोंसे क्या करेगा?" अर्थात् जो उस अपने हृदयमें रहनेवाली वस्तुको नहीं जानता, जो अपने आत्माका अन्यान्य देवताओंसे सम्बन्ध ठीक प्रकार नहीं जानता, जो परमात्मतत्वको नहीं जानता उसके लिये वेदमन्त्रोंसे कौनसा लाभ होना है? अर्थात् कोई लाभ नहीं होगा। इसलिये वेदमन्त्रोंके द्वारा प्रतिपादित इस तत्वको अवश्यही जानना चाहिये, उसका मनन करना चाहिये और उसका अनुभव प्राप्त होनेतक अनुष्ठान भी करना चाहिये।

ज्ञान।

ब्रह्मका अर्थ ज्ञान है, यह पूर्व स्थलमें बतायाही है। यह ज्ञानस्वरूपही आत्माका है। परमात्माकी ज्ञानरूपताका पता हमें लगना कठिन है, यह बात हमें तर्कसेही जाननी है, परन्तु अपना आत्मा ज्ञान लेनेमें समर्थ है, इसका अनुभव हरएकको है, क्योंकि किसी भी प्रमाणांतरके विना अपने अस्तित्वका ज्ञान और अपने ज्ञाता होनेका भान हरएकको है। "मैं हूं, मैं देखता हूं, मैं अनुभव कर रहा हूं" यह हरएक कहताही है। इससे जीवात्माकी ज्ञानशक्ति स्पष्ट हो रही है। इस तरह पाठक वेदमन्त्रोंके अध्यात्मज्ञानका विचार करें।

समाप्त

‘ वेद्--परिचय ’ परीक्षाके नियम।

---

१ ‘ वेदपरिचय ’ परीक्षाके पाठ्य-पुस्तकोंमें ३०० वेदमन्त्र आ चुके हैं। इन ३०० मन्त्रोंका विवरणसहित अर्थ ३ विभागोंमें [वेदपरिचय प्रथम, द्वितीय, तृतीय विभाग नामसे] मुद्रित हुआ है। इन्हीं पाठ्य पुस्तकोंके अध्ययनकी परीक्षा ली जायगी। इन तीनों विभागोंका मूल्य ५) है और डा० व्य० ॥) है।

२ [१] परीक्षापत्र भेजना, [२] उत्तरपत्रकी परीक्षा करना तथा [३] परीक्षाका परिणाम सूचित करना आदि व्ययके लिये ३) परीक्षार्थी अपने ‘ प्रार्थनापत्र ’ के साथ भेज दें।

३ जो उत्तीर्ण होंगे, वे “ प्रशस्तिपत्र ” १) रु. भेजनेसे पा सकते हैं।

४ परीक्षार्थी अपने स्थानपरही अध्ययन करके परीक्षाके लिये बैठ सकते हैं। किसी उत्तरदायी सज्जनकी निगरानीमें उत्तरपत्र लिखकर भेज सकते हैं। पाठशालाके मुख्य शिक्षक, धार्मिक-संस्थाके अध्यक्ष अथवा अन्य सज्जनके निरीक्षणमें परीक्षापत्रके उत्तर लिखे जा सकते हैं।

५ प्रश्नपत्रके पूर्णांक १०० होंगे। जिनमेंसे ४० अंक पानेसे तृतीय श्रेणी, ६० पानेसे द्वितीय श्रेणी और इनसे अधिक अंक मिलनेसे प्रथम श्रेणी मिलेगी।

६ जो पाठक इस परीक्षाके लिये बैठना चाहेंगे, वे निम्नलिखित प्रकार ‘ प्रार्थनापत्र ’ श्री० मन्त्री, स्वाध्याय-मण्डल, ‘ आनन्दाश्रम ’ पारडी, [जि० सूरत] के पास भेज सकते हैं।

प्रार्थना-पत्रका नमूना।

श्री० मन्त्री, स्वाध्याय-मण्डल 'आनन्दाश्रम,' पारडी [जि० सूरत]

नमस्ते। निवेदन है कि, मैं 'वेद-परिचय' की परीक्षा देना चाहता हूं। मेरा वेद परिचयके तीनों विभागोंका अध्ययन हुआ है। इस पत्रके साथ आजकी डाकसे २) भेजे हैं। कृपया प्रश्नपत्र भेज दीजिये।

परीक्षाके निरीक्षणका कार्य श्री० म० . . .

... . ने स्वीकार किया है। भवदीय

नाम . ... .

पता ..

ग्राम तथा पोष्ट .

जिला . .

निरीक्षणके कार्यके लिये नियुक्त हुए सज्जनकी सम्मति।

श्री० मन्त्री, स्वाध्याय-मण्डल आनन्दाश्रम, पारडी [जि० सूरत]

नमस्ते। "वेद-परिचय" परीक्षाका निरीक्षण करना मैंने स्वीकार किया है। परीक्षाका निरीक्षण मैं आपके नियमानुसार करूंगा और परीक्षा समाप्त होतेही उत्तरपत्र गुप्तताके साथ रजिष्ट्री डाकसे भेज दूंगा।

भवदीय

नाम

पता .

पोष्ट

जिला

वेद--परिचय---परीक्षाके
प्रश्नोंका नमूना ।

१. ऋग्वेदके 'संज्ञानसूक्तम्' और अथर्ववेदके 'सांमनस्यम्' सूक्तमें जो उपदेश दिया है, उसे अपनी भाषामें संक्षेपमें लिखिए। दोनों सूक्तोंमें पाये जानेवाले भावसादृश्यका उल्लेख करते हुए सूक्तोंकी परस्पर तुलना कीजिए। [१५]

अथवा

संज्ञानसूक्तके तीसरे तथा चौथे मन्त्रको और 'सांमनस्यम्' के पाँचवें तथा सातवें मन्त्रको (अस्वर) पदपाठ और अन्वयके साथ लिखकर उनका स्पष्टीकरण कीजिए।

२ रोगोंसे छुटकारा पानेके लिए वेदमें क्या कहा है, सो अवतरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। [१०]

अथवा

राष्ट्रके निवासियोंकी समितिका वेदप्रतिपादित स्वरूप बतलाइये।

३ मनकी दूरगामिताके बारेमें वेदमें क्या कहा है ?

या

श्रद्धाका वर्णन वेदके शब्दोंमें कीजिए। [१०]

४. आत्मविद्याके अथर्ववेद तथा ऋग्वेदमें उपलब्ध सूक्तोंकी तुलना कीजिए अथवा 'देव' के बारेमें क्या कहा है, सो अवतरण देकर बतलाइए। [१०]

५ यम और यमीका संवाद वेदकेही शब्द लेकर लिखिए।

या

निम्नलिखित शब्दोंपर टिप्पणियाँ लिखिए—

१ स्वधा- २ अथर्वा ३ परिपाण ४ चितिन् ५. वसु ६. सधुराः

७ सह ८ स्वाहा [८]

६ पुरुषसूक्तमें परमात्माका स्वरूप कैसे वर्णित है, सो लिखिए। [१५]

७ मातृभूमिसूक्तमें देशभक्तिका वर्णन किस तरह किया है, सो स्पष्ट कीजिए। साथमें अवतरण दीजिए।

या

वैदिक-राष्ट्रीयता या राष्ट्रभक्तिपर एक छोटासा निबंध लिखिए।[१५]

८ अवतरण देकर समझाइए कि प्राणका महत्त्व वेदमें कैसे वर्णित है ?

अथवा

वैदिक अध्यात्मका वर्णन कीजिए। [९]

९ ब्रह्मचारीका कर्तव्य ' ब्रह्मचर्यसूक्त ' के अवतरण देकर स्पष्ट कीजिए।

या

' केनसूक्त ' का महत्त्व क्या है ? उसका स्पष्टीकरण कीजिए। [८]



वेद-परिचय

(भाग १-२-३)

' वेदपरिचय ' परीक्षाके लिये ये पुस्तक तैयार किये हैं। ये ग्रन्थ इतने सुबोध, सुपाठ्य और आसान बनाये हैं कि इनसे अधिक सुबोध पाठविधि होही नहीं सकती। सर्वसाधारण स्त्रीपुरुष भी अपना थोडासा नियत समय इस कार्यके लिये प्रतिदिन देंगे, तो ४-५ वर्षोंमें वे वेदज्ञ हो सकते हैं। इन तीन भागोंमें ३०० वेद-मन्त्र हैं।

इनमें मन्त्र, उसके पद, अन्वय, अर्थ, प्रत्येक पदका अर्थ, भावार्थ, मन्त्रका बोध, प्रत्येक पदके विशेष अर्थ, मन्त्रके पाठभेद, उनका अर्थ यह दिया है। प्रथम भाग मू. १॥); द्वितीय भाग मू. १॥); तृतीय भा. २)रु.

ऋग्वेदका सुबोध भाष्य

ऋग्वेदमें अनेक ऋषियोंके दर्शन हैं। इसके प्रत्येक पुस्तकमें उस ऋषिका तत्त्वज्ञान, संहिता-मन्त्र, अन्वय, अर्थ और टिप्पणी है। निम्नलिखित ग्रन्थ तैयार हुए हैं। आगे छपाई चल रही है—

१ मधुच्छन्दा	ऋषिका	दर्शन	मू. १) रु.
२ मेधातिथि	,,	,,	२) रु.
३ शुनःशेप	,,	,,	१) रु.
४ हिरण्यस्तूप	,,	,,	१) रु
५ कण्व	,,	,,	२) रु.
६ सव्य	,,	,,	१) रु.
७ नोधा	,,	,,	१) रु.
८ पराशर	,,	,,	१) रु.
९ गोतम	,,	,,	२) रु.
१० कुत्स	,,	,,	२) रु.
११ त्रित	,,	,,	१॥) रु.

यजुर्वेदका सुबोध भाष्य

१ प्रथम अध्याय- श्रेष्ठतम कर्मका आदेश १॥)

आगम-निबंध-माला

वेद अनंत विद्याओंका समुद्र है। इस वेद समुद्रका मथन करनेसे अनेक 'ज्ञानरत्न' प्राप्त होते हैं, इन रत्नोंकी यह माला है।

	मू.	डा० व्य०
१ वैदिक राज्यपद्धति।	।=)	-)
२ मानवी आयुष्य।	।)	-)
३ वैदिक सभ्यता।	।।।)	=)
४ वैदिक स्वराज्यकी महिमा।	।।।)	=)
५ वैदिक सर्पविद्या।	।।=)	=)
६ वेदमें चर्खा।	।।=)	=)
७ शिवसंकल्पका विजय।	।।=)	=)
८ वेदमें रोगजन्तुशास्त्र।	।)	-)
९ वेदमें लोहेके कारखाने।	।।)	-)
१० इन्द्रशक्तिका विकास।	।।।)	=)

देवता-परिचय-ग्रन्थमाला

१ ऋग्वेदमें रुद्रदेवता।	मू० ।।=)	डा व्य =)
२ देवता विचार।	,, ।)	,, ,, -)
३ वैदिक अग्निविद्या।	,, १)	,, ,, ।=)

वेद-प्रवेश

(मरुद्देवताका मन्त्रसंग्रह)

'वेद प्रवेश' परीक्षाकी पाठविधि, ५०० मन्त्रोंकी पढाई। इस भी उपर्युक्त प्रकार मन्त्र, अन्वय, अर्थ, भावार्थ और टिप्पणी है। मू० ५ रु. डा० व्य० ।।।)